विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र की भूमिका

भूमिका

१ सूत्र का सामान्य परिचय

'**विमलकीर्तिनिर्देश**' बौद्ध धम दशन का एक अतिप्राचीन, प्रसिद्ध एव प्रामाणिक ग्र थ है। यह वपुल्य (विस्तृत) कोटि का एक महायान सूत्र है। विमलकीर्ति एक पुरुष का नाम है निर्देश का अर्थ है उपदेश अथवा शिक्षा। सूत्र के अनुसार भगवान् शाक्यमुनि बुद्ध के समय मे वशाली नगरी मे विमलकीर्ति नामक एक धनी एव धर्मात्मा महापुरुष रहते थे। वह एक उपासक अर्थात बौद्ध गहस्थ थे, जो बोधिसत्वयान के अनुयायी और आचाय थे। इस सूत्र मे अधिकाशत उ ही का उपदेश है, अतएव इसे **विमलकीर्तिनिदशसूत्र** कहा जाता है। अनेक दृष्टियो से यह एक असाधारण ग्र थ है। यह कहना उचित होगा कि **विमलकीर्तिनिर्देश** न केवल बौद्ध धार्मिक साहित्य का एक अनमोल रत्न है, वरन् यह सम्पूण विश्व के धार्मिक व दाशनिक साहित्य मे एक अद्वितीय ग्रन्थ रत्न है।

विमलकीर्तिनिर्देश मूलरूप मे भारत मे बौद्ध सस्कृत में लिखा गया था। परन्तु इसका सस्कृत मूल काला तर मे भारत मे नष्ट हो गया। चीनी, तिब्बती (भोटीय) तथा एशिया की अ य भाषाओ मे इसके अनुवाद सुरक्षित हैं। प्रस्तुत सस्करण सूत्र के तिब्बती अनुवाद पर आधारित है। **विमलकीर्तिनिर्देश** के साहित्य व उसके इतिहास की विस्तृत चर्चा आगे के पृष्ठो मे की जायेगी। लगभग बारह शताब्दियों से यह सूत्र भारत मे अज्ञात रहा है। इसलिये इसका कुछ सामा य परिचय यहाँ पर दिया जा रहा है।

विमलकीर्तिनिर्देश के तिब्बती अनुवाद मे बारह अध्याय है जि हे परिवत कहा गया है। एक बार तथागत शाक्यमुनि वशाली नगर के आम्रपालीवन मे एक विशाल परिषद् में धर्मोपदेश कर रहे थे। रत्नाकर नामक एक लिच्छवि कुमार ५०० अ य लिच्छवि युवको के साथ तथागत के पास आते हैं और श्रद्धापूवक उनका अभिन दन करने के पश्चात् बुद्धक्षेत्र की विशुद्धि के विषय मे भगवान् की शिक्षा सुनते हैं। उसी समय वशाली में रहने वाले महान बौद्ध उपासक बोधिसत्व विमलकीर्ति ने अपने घर पर अपने रुग्ण होने

का उपाय कौशल्य दर्शाया था। भगवान् बुद्ध अपने प्रमुख शिष्यो–शारिपुत्र, मौद्गल्यायन, महाकाश्यप, सुभूति, उपालि, आनन्द इत्यादि महाश्रावको–को विमलकीर्ति के पास उनके स्वास्थ्य का समाचार पूछने के लिये जाने का आदेश देते हैं। परन्तु कोई भी महाश्रावक विमलकीर्ति के पास जाने को उद्यत नही होता है। इसी प्रकार बोधिसत्त्व मैत्रेय, लिच्छविकुमार प्रभाव्यूह, बोधिसत्त्व जगतीधर तथा दानवीर अनाथपिण्डद भी विमलकीर्ति के सामने जाने मे असमर्थता प्रकट करते हैं। ये सभी महापुरुष विमलकीर्ति के पास क्यो नही जाना चाहते हैं? इस प्रश्न का उत्तर तृतीय परिवर्त मे विस्तारपूर्वक दिया गया है जहाँ पर इन महापुरुषो व विमलकीर्ति के मध्य हुई पहले की धर्म चर्चा का वर्णन है। यह वर्णन अत्यन्त रोचक व आकर्षक है।

तत्पश्चात भगवान् बुद्ध विख्यात बोधिसत्त्व मंजुश्री को विमलकीर्ति के पास भेजते हैं। मंजुश्री एक अपार परिवार–बोधिसत्त्वो, अर्हतो, लिच्छविकुमारो, देवताओ आदि–के साथ विमलकीर्ति की कोठी में प्रवेश करते हैं। विमलकीर्ति जानबूझ कर अपने घर को उपस्करहीन (फर्नीचर रहित) बनाकर स्वयं एक चारपाई मे बीमार की तरह पड़े रहते हैं। ऐसी स्थिति मे उस घर मे हुई बोधिसत्त्व मंजुश्री व बोधिसत्त्व विमलकीर्ति के बीच गम्भीर धर्म चर्चा चौथे परिवर्त में पठनीय है। पाँचवें परिवर्त मे विमलकीर्ति अपनी रुग्णशय्या मे से एक अचिन्तनीय ऋद्धिविधि के प्रयोग से मेरुध्वजप्रदीप नामक तथागत के लोकधातु से असाधारण सिंहासनो को मंगवाकर अतिथियो को बैठाते हैं। गम्भीर धर्मचर्चा चलती रहती है। छठे व सातवें परिवर्तों मे विमलकीर्ति व मंजुश्री, शारिपुत्र व देवी के मध्य तथा अन्य श्रावको व बोधिसत्त्वो के धार्मिक व दार्शनिक प्रश्नोत्तर होते हैं। आठवें परिवर्त मे अद्वयपरमार्थ विषयक गम्भीर चर्चा है। इस चर्चा का समापन तब होता है जब मंजुश्री अद्वयधर्म मुखप्रवेश के बारे मे विमलकीर्ति से प्रश्न करते हैं और विमलकीर्ति मौन हो जाते हैं। नवें परिवर्त मे सर्वगन्धसुगन्धा लोकधातु से एक निर्मित बोधिसत्त्व द्वारा अतिथियों के लिये भोजनादान होता है। और इस असाधारण भोज के समय भी बोधिसत्त्व विमलकीर्ति का माध्यमिक दर्शन विवेचन महाश्रावको को सुनना पड़ता है। दशवें परिवर्त मे महापरिषद् के सभी सदस्य विमलकीर्ति की कोठी से साथ आम्रपालीवन मे भगवान के दर्शन करने के लिये जाते हैं। यहाँ पर भी श्रावकों व विमलकीर्ति के प्रश्नोत्तर होते हैं और भगवान् तथागत द्वारा क्षयाक्षय विषयक असाधारण उपदेश होता है। ग्यारहवें परिवर्त मे धर्मकाय की गम्भीरता पर प्रकाश डाला गया है और सम्पूर्ण परिषद् को तथागत अक्षोभ्य व अभिरति लोकधातु के दर्शन होते हैं। अंतिम परिवर्त मे इस सूत्र

के पठन, प्रकाशन व सरक्षण का महत्त्व दर्शाया गया है। धमपूजा की विस्तृत चर्चा और बोधिसत्त्वपिटका तगत निबद्ध सूत्रो के महत्त्व पर भी समुचित प्रकाश डाला गया है।

उपर्युक्त पक्तियो मे प्रस्तुत साराश अत्यल्प है। हास्य, न्यग, नाटकीय स्थिति व गम्भीर चिन्तन का, श्रावको तथा बोधिसत्त्वो के विचारादर्शों के स्वरूप व अन्तर का, माध्यमिक दृष्टि से परमाथ सत्य के विवेचन का, तथा वोधिसत्त्व के धमदशन का जो अनुत्तर वणन **विमलकीर्तिनिर्देश** मे मिलता है वह इसे पढने से ही ज्ञात हो सकता है। यह सूत्र पाठको के सामने है—तिब्बती, सस्कृत व हिन्दी भाषाओ मे—इसका परिचय इसको पढने से ही हो सकता है।

२. बौद्ध सस्कृत शास्त्रों में सुरक्षित अंश

प्राचीन भारत मे **विमलकीर्तिनिर्देश** की प्रामाणिकता तथा लोकप्रियता इस तथ्य से ज्ञात होती है कि लगभग दस बौद्ध शास्त्रकारो ने अपने शास्त्रो मे इस सूत्र के अश उद्धृत किये थे। उपलब्ध बौद्ध शास्त्रो मे सुरक्षित **विमलकीर्तिनिर्देश** के अश मूल बौद्ध सस्कृत म है। यहाँ पर प्रकाशित सस्कृत पुनरुद्धार एव हिन्दी अनुवाद की पाद टिप्पणियो म उपलब्ध सस्कृत ग्रन्थों के उन स्थलो की सूचना दे दी गई है जहा पर इस सूत्र के उद्धरण मिलते हैं। कुछ बौद्ध शास्त्र, जिनमे हमारे इस सूत्र के उद्धरण हैं, अब मूलरूप मे अनुपलब्ध है। परन्तु ऐसे शास्त्रो की और उनमे उद्धृत अशो की सूचना हमे उनके चीनी व भोटीय अनुवादो से प्राप्त होती है।

सूत्रसमुच्चय नामक एक बौद्ध शास्त्र में **विमलकीर्तिनिर्देश** से तीन उद्धरण दिये गये हैं। यह शास्त्र मूल सस्कृत मे अप्राप्य है। इसके चीनी तथा भोटीय अनुवाद सुरक्षित हैं। श्रद्धेय भिक्षु थिच हुयेन वी जी ने इसका चीनी से फ्रान्सीसी भाषा मे तथा श्रद्धेय भिक्षु प्रासादिक जी ने तिब्बती से अग्रजी भाषा में अनुवाद करना प्रारम्भ कर दिया है।[1] हमारा विश्वास है कि **सूत्रसमुच्चय** के लखक व सकलनकर्ता आचाय नागाजुन थ। तिब्बती परम्परा इस विश्वास का समथन करती है और **बोधिचर्यावतार** (५ १०५–१०६) तथा **बोधिचर्यावतार पजिका** (पृ० ८०) में भी नागाजुन को

1 (a) Bhikkhu Pāsadika, 'Nagarjuna's Sūtrasamuccaya' in *The Journal of Religious Studies* Vol VII, no 1 (1979),
(b) Thich Huyen-Vi "Le Sūtrasamuccaya" in *Linh-Son Publication d etudes Bouddhologiques* nos 2-7 (1977-78)

सूत्रसमुच्चय का रचयिता कहा गया है। आचार्य कमलशील ने **तृतीयभावनाक्रम** (पृ० २७) में स्पष्ट कहा है कि उनके **सूत्रसमुच्चय** में प्रज्ञा एवं उपाय दोनों की समान महत्ता का विचार **विमलकीर्तिनिर्देश** से लिया गया है, अर्थात् आचार्य नागार्जुन ने इस सूत्र से उद्धरण प्रस्तुत किया है। इस प्रकार आचार्य कमलशील भी **सूत्रसमुच्चय** को आचार्य नागार्जुन की कृति मानते थे। चीनी बौद्ध परम्परा से ऐसा प्रतीत होता है कि 'धर्मकीर्ति' अथवा 'शान्तिदेव' ने **सूत्रसमुच्चय** की रचना की थी। परन्तु यह परम्परा सन्दिग्ध है।

आचार्य शान्तिदेव द्वारा रचित प्रसिद्ध ग्रन्थ **शिक्षासमुच्चय** में **विमलकीर्ति निर्देशसूत्र** के लगभग नौ अंश सुरक्षित हैं। देखिये **शिक्षासमुच्चय** पृ० ७,८०,८५,१४०, १४३, १४४ (दो बार), १४५, तथा १७२। पृ० १७२-१७३ में उद्धृत अंश बौद्ध संस्कृत गाथाओं में है। इन गाथाओं में बोधिसत्त्व के गुणों का वर्णन किया गया है।

आचार्य चन्द्रकीर्तिविरचित **प्रसन्नपदामध्यमकवृत्ति** (पृ० १४८) में **विमलकीर्तिनिर्देश** का एक गद्यांश सुरक्षित है जिसमें गन्धसुगन्धा लोकधातु से प्राप्त सुगन्धित भोजन का वर्णन है।

रत्नगोत्रविभागमहायानोत्तरतन्त्रशास्त्र (पृ० ६७) में एक संक्षिप्त कथन सूत्र का नाम दिये बिना ही उल्लिखित है—"तत उच्यते। चित्तसंक्लेशात् सत्त्वाः संक्लिश्यन्ते चित्तव्यवदानाद्विशुध्यन्त इति।" कुछ वर्ष पूर्व डॉ० अकिरा यूयामा ने इस कथन की पहचान की थी और कहा था कि यह **विमलकीर्तिनिर्देश** से उद्धृत है। इसके पहले डॉ० जिकिडो ताकासाकी ने सूचित किया था कि उक्त कथन से साम्य रखने वाला एक वाक्य **विमलकीर्तिनिर्देश** के चीनी अनुवाद में मिलता है।[1]

---

1 Akira Yuyama, The *Vimalakirtinirdeśa* quoted by Kamalaśila in his *Bhāvanākrama* (in Japanese) in *Tohogaku* no 38 Tokyo, 1969 pp 105-90 This information was based on facimiles of the ms of the Third *Bhāvanākrama* which was published by Professor Giuseppe Tucci in 1971 which we have cited above See also Jikido Takasaki, *A Study on the Ratnagotravibhāga* Rome, 1966, p 272, fn 77-'The source of this quotation is unknown, but we have a similar expression in the *Vimalakirti-nirdeśa* (Taisho, XV, 563 b)'

श्री र्यूशो सोइदा ने सूचित किया है कि हमारे इस सूत्र का एक उद्धरण **सर्व तथागततत्त्वसंग्रह** नामक तन्त्र में उपलब्ध है[1]।

आचार्य कमलशील द्वारा भोटदेश में जाकर लिखे गये भावनाक्रमो मे भी **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** के कुछ महत्त्वपूर्ण उल्लेख मिलते हैं। **प्रथमभावनाक्रम** (पृ० १९४ १९५) मे प्रज्ञा एव उपाय की समान महत्ता दिखाने के लिये **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** की साक्षी प्रस्तुत की गई है। इसी उद्देश्य से इसी विषय पर **तृतीयभावनाक्रम** (पृ० २२ एव २७) मे भी दो बार हमारे सूत्र का उल्लेख किया गया है। एक और स्थान पर कमलशील **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** का उद्धरण देते हैं। यहाँ पर (**तृतीय भावनाक्रम**, पृ० १३) का वह अश उद्धृत है जिसमें कहा गया है कि तथागतकाय अप्रमेय पुण्यो से प्राप्त होती है। आचार्य अद्वयवज्र ने अपने लघु ग्र थ **कुदृष्टिनिर्घातन** (**अद्वय वज्र सग्रह**, पृ० २) मे **विमलकीर्तिनिर्देश** का एक कथन उदधृत किया है जो प्रज्ञा एव उपाय दोनो के सहयोग की आवश्यकता विषयक है।

प्रोफेसर लामात[2] ने सूचित किया है कि **विमलकीर्तिनिदश** का उल्लेख तथा इसके कुछ वाक्याश उन अनेक भारतीय मूल के बौद्ध शास्त्रो के चीनी व तिब्बती अनुवादो मे मिलते हैं जो अब सस्कृत मे अप्राप्य हैं। इन शास्त्रो के नाम हैं—आचार्य सारमति विरचित **महायानावतारशास्त्र**, आचार्य वसुब धु कृत **रत्नकूटचतुर्धर्मोपदेश**, आचार्य बोधिरुचि द्वारा चीनी मे अनूदित **मैत्रेयपरिपृच्छोपदेश**, आचार्य श्वान च्वाङ् द्वारा अनूदित **विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि**, आचार्य श्वान-च्वाङ द्वारा अनूदित **नन्दिमित्रावदान** तथा आचार्य नागार्जुन द्वारा लिखी गई और चीनी भाषा मे आचार्य कुमारजीव द्वारा अनूदित **महाप्रज्ञापारमितोपदेशशास्त्र** (तशो इस्सक्यो, क्र० स० १५०९) नामक **पञ्चविंशति साहस्रिका प्रज्ञापारमिता** की विस्तृत टीका। इस विशालकाय ग्रन्थ मे नौ बार **विमलकीर्तिनिर्देश** से छोटे बडे उद्धरण दिये गये है। प्रोफेसर लामौत ने इस ग्र थ के चीनी अनुवाद का फ्रासीसी भाषा मे उत्तम अनुवाद किया है जो २०५१ पृष्ठो मे चार

---

1 Ryusho Soeda, 'A Quotation of the *Vimalakirtinirdeśa Sutra* in the *Tattavasamgraha sutra* in *Journal of Indian and Buddhist Studies* vol XXVI no 2 (1978), pp 674–675

2 Etienne Lamotte, *L Enseignement de Vimalakirti* Louvain, 1962, pp 91–93 The quotation in the *Ratnagotravibhaga* is not noted, though

खण्डो मे प्रकाशित होने पर भी अभी अधूरा है।[1] इस असाधारण शास्त्र को देखने से ही ज्ञात हो जाता है कि यह बौद्ध धम, दशन, योग व पुराकथाओ का सम्भवत सबसे बडा कोश है।

३. विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र की साहित्यिक परम्परा

यह सम्भव है कि प्राचीन भारत म **विमलकीर्तिनिर्देश** के एक से अधिक सस्करण प्रचलित थे। इस सूत्र के चीनी व भोटीय अनुवादो के तुलनात्मक अध्ययन से तथा तिब्बती अनुवाद के उन अशो से जो बौद्ध सस्कृत शास्त्रो म अब उपलब्ध है, ऐसा प्रतीत होता है कि इस सूत्र के अनेक सस्करण प्राचीन युग मे प्रचलित थे।

एशिया तथा यूरोप की अनेक भाषाओ मे **विमलकीर्तिनिर्देश** के अनुवादो एव इससे सम्बन्धित अध्ययन कार्यों के प्रकाशन से सम्बन्धित सक्षिप्त सूचना इस स्थान पर देना आवश्यक है।

यह सूत्र चीन मे इतना अधिक लोकप्रिय था कि आठ बार इसको चीनी भाषा मे अनूदित किया गया था।

पहला चीनी अनुवाद १८८ ईस्वी मे लो यग नगर मे येन-फो तिआओ नामक चीनी विद्वान ने किया था। यह प्राचीन अनुवाद अब अप्राप्य है।

दूसरा चीनी अनुवाद २२२ व २२९ ईस्वी के मध्य में नानकिंग नगर में त्चे कीन नामक विद्वान ने किया था। यह अनुवाद वेइ मो की किंग (**विमलकीर्तिसूत्र**) नाम से अभी सुरक्षित है। (तशो इस्सक्यो, क्र स ४७४)।

तीसरा चीनी अनुवाद त्चो चौ-लुन नामक व्यक्ति ने २९१ या २९६ ईस्वी मे किया था। यह अनुवाद भी अब लुप्त है।

चौथा चीनी अनुवाद तुचैग इन नगर मे ३०३ ईस्वी मे भारतीय बौद्ध विद्वान धमरक्ष ने किया था। यह अनुवाद भी अब अप्राप्य है। एक और अनुवाद (संक्षिप्त रूप) भी उसी आचाय धमरक्ष द्वारा किया गया था। यह भी लुप्त है।

---

1 Ftienne Lamotte, *La Traité de la Grand Veitu de Sagesse de Nāgār juna (Mahāpıajñāpāramitāśāstıa)* Louvain, tomes I & II (1949) tome III (1970), tome IV (1976)

पाँचवी बार त्चे मिन तौ नामक व्यक्ति ने इस सूत्र को २९० व ३०७ ईस्वी क बीच अनूदित किया था। यह अनुवाद भी काला तर मे लुप्त हो गया।

छठी बार की तो मी (गीतमित्र) नामक एक (भारतीय ?) विद्वान ने जो अनुवाद किया था वह भी अब नही मिलता है।

वेइ–मो–की–किंग (**विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र**) का सर्वाधिक प्रचलित अनुवाद आचाय कुमारजीव ने त्च गन (त्चग इन) नगर मे ४०६ ईस्वी मे किया था। यह अनुवाद सुरक्षित है (तैशो इस्सैक्यो, क्र स ४७५, नान्जियोकृत कटलॉग, क्र स १४६)।[1]

विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र का आठवाँ और अतिम चीनी अनुवाद स्वनामधन्य आचाय श्वान च्वाङ ने ६५० ईस्वी मे त्चग–इन नगर मे किया था। यह अनुवाद भी सुरक्षित है (तशो इस्सक्यो, क्र स ४७६, नाजियोकृत कटलाग, क्र स १४९)।

आर्यविमलकीर्तिनिर्देशनाममहायानसूत्र का भोटीय भाषा मे अनुवाद नवी शती ईस्वी मे आचाय धमताशील (छोस–जिद–त्शुल रिन्नम्स = छायनिद छुल्टिम) नामक विद्वान ने किया था। यह अनुवाद क जुर (कह्–ग्युर) मे सुरक्षित है। और भोटीय बौद्ध धमग्र थो के सभी सस्करणो–ल्हासा, नाथग, देर्गे तथा पीकिंग–मे उपलब्ध है। कन्जुर की ल्हासा सस्करण की पोथियो मे 'म्दो–मड'–फ (१४) के अ तगत इस सूत्र की क्रम सख्या १७७ है।[2] कन्जुर के पीकिंग सस्करण के चौतीसवें खण्ड मे इसकी क्रम सख्या ८४३ है।[3]

विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र का एक अ य भोटीय अनुवाद भी हुआ था जिसके चार खण्डाश मध्यएशिया मे तुन–हुआंग से प्राप्त हुये भोटीय भाषा के ग्रन्थो के सग्रह मे मिले थे। ये खण्डाश अब पेरिस के राष्ट्रीय पुस्तकालय में सुरक्षित हैं। इस तिब्बती अनुवाद तथा ल्हासा पीकिंग आदि सस्करणो मे उपलब्ध अनुवाद में कुछ अ तर हैं।[4]

---

1 Bunyiu Nanjio, *A Catalogue of the Chinese Translation of the Buddhist Tripitaka* Oxford, 1883 pp pp 48 and 56,

2 R Tokuoka *A Catalogue of the Lhasa Edition of the Bkah-hgyur of the Tibetan Tripitaka* Nalanda, 1968 p 140

3 D T Suzuki (ed) *The Tibetan Tripiṭaka Peking Edition, Catalogue and Index* Tokyo, 1962, p 129

4 J W de Jong, 'Fonds Pelliot tibetain Nos 610 et 611" in *Studies in Indology and Buddhology in Honour of Prof S Yamaguchi*, Kyoto,

मध्यएशिया की मरुभूमि मे नीचे उत्खनन करने के पश्चात अनेक प्राचीन बौद्ध अव शेष प्रकाश मे आए थ। इन अवशेषो मे कुछ खण्डित पाण्डुलिपियाँ भी थी। इ ही खण्डित बौद्ध ग्र थो मे **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** के कुछ पृष्ठ सोग्दियन भाषा तथा कुछ पृष्ठ खोतानी भाषा मे अनूदित मिले हैं। ये खण्डाश भी प्रकाशित हो चुके हैं।[1]

इस प्रकार ऊपर दी गई सूचनाओ से ज्ञात होता है कि **विमलकीर्तिनिर्देश** प्राचीन एशिया मे सस्कृत, चीनी, खोतानी, सोग्दियन, तिब्बती आदि भाषाओ म अनेक सस्करणो में प्रकाशित किया गया था। प्रोफेसर लामोँत ने इस सूत्र के फ्रा सीसी अनुवाद में (पृ० २१–३०) बडे परिश्रम के साथ इन सभी सस्करणों का तुलनात्मक अध्ययन तालिकाओं मे सकेतात्मक रूप से प्रस्तुत किया है।

प्राचीन चीन एव जापान मे इस सूत्र के अध्ययन तथा अध्यापन मे बडी रुचि थी। कुमारजीव द्वारा किया गया अनुवाद चीन मे बहुत प्रभावशाली व लोकप्रिय था। सुविदित है कि **विमलकीर्तिनिर्देश** को पढ़ने के पश्चात् से ग–चाओ (चतुथ शती ईस्वी) ने बौद्ध धर्म स्वीकार किया था। कुमारजीव ने इस सूत्र पर एक विस्तृत एव प्रामाणिक टीका की रचना की थी (तशो इस्सैक्यो क्र स १७७५)। यह टीका चीन में मध्यमक चिन्तन पद्धति का महत्त्वपूण ग्र थ था।[2]

क फ्यूशियन विचारादर्शों से प्रभावित चीनी समाज के सम्भ्रा त एव शिक्षित वर्ग के लोगों के लिये गृहस्थ–उपासक–आचाय विमलकीर्ति के व्यक्तित्व, उसके वाक्चातुर्य, एव गम्भीर दर्शन–चि तन का प्रभावशाली आकषण था। यही कारण था कि इस सूत्र के आठ विभिन्न चीनी अनुवाद किये गये थे और अनेक चीनी बौद्ध विद्वानों ने इसकी टीकाएँ व इसके सक्षेप लिखे थे। चीनी भाषा मे **विमलकीर्तिनिर्देश** की विस्तृत व्याख्यात्मक टिप्पणियो

1955 pp 58–67, F Lamotte, *L Enseignement de Vimalakirti* pp 15–20

1 H Reichelt, *Die Sogdischen Handschriftenreste des Britischen Museums* I Teil *Die Buddhistischen Texte*, Heidelberg, 1928 pp 1–13, F Weller, 'Bemerkungen zum Sogdischen Vimalakīrtinirdeśasūtra" in *Asia Major* vol X 1935, pp 314–367, H W Bailey, *Khotanese Buddhist Texts* London, 1951, pp 104–113

2 Richard H Robinson, *Early Mādhyamika in India and China* Madison, 1967, pp 88, 123, Kenneth K S Chen, *Buddhism in China* Princeton, 1964, pp 209, 382–385,

मे से गचाओ कृत टीका (तशो क्र स १७७५), हुई–युआन कृत टीका (तैशो क्र स १७७६), त्चे–यि कृत टीका (तशो क स १७७७), कि–त्सग कृत टीका (तशो क्र स १७८० व १७८१) त्चन–जन कृत टीका (तैशो क्र स १७७८) तथा त्चे–युआन कृत टीका (तैशो क्र स १७७९) अति प्रसिद्ध है।

कोरिया, जापान तथा वियतनाम के बौद्धो मे भी **विमलकीर्तिनिर्देश** बहुत प्रामाणिक एव लोकप्रिय शास्त्र था। जापान के प्रथम महान शासक एव बौद्ध नेता शोतोकु (छठी शती ईस्वी) ने इस सूत्र की एक टीका[1] लिखी थी जिसने कुलीन जापानी परिवारो मे बौद्ध धम–दशन का प्रसार करके असाधारण सफलता प्राप्त की थी। तब से आज तक जापान मे बौद्ध भिक्षुओं तथा गहस्थ बौद्धो मे इस सूत्र के अध्ययन की परम्परा बनी हुई है। स्वनामधय प्रोफेसर दसेत्ज तेइतरो सुजुकी[2] की कृतियो से ज्ञात होता है कि जेन (चान, ध्यान) सम्प्रदाय तथा सामायरूपेण सारे महायान बौद्ध सम्प्रदायो की चि तन एव साधना पद्धतियो मे विमलकीर्ति की विचारधारा का गहरा प्रभाव पडा था। विमलकीर्ति का धर्मोपदेश सावभौम एव सवजनहिताय था।

आधुनिक युग में भी **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** एशिया, यूरोप व अमेरिका के बौद्ध विद्या‍यसनियो का प्रिय ग्र थ है। जो विद्वान शू यता, प्रज्ञापारमिता, जेन, त त्र, बोधिसत्त्व तथा मध्यमक दशन मे रुचि रखते हैं वे सभी इस सूत्र का महत्त्व जानते हैं। प्रोफेसर टी आर वी मूर्ति को यदि यह सूत्र सुलभ होता तो वह अपने ग्र थ मे सम्भवत परिवतन एव सुधार करना आवश्यक समझते।

विमलकीर्तिनिर्देश के कुमारजीवकृत चीनी अनुवाद के आधार पर आधुनिक विद्वानो ने पर्याप्त एव महत्त्वपूण काय प्रकाशित किया है। अनेक भाषाओ मे प्रकाशित विमलकीर्ति–साहित्य की सूचना हमने ग्र थ के अ त मे सहायक पुस्तको व लेखो की

---

1 *The Prince Shotoku s Commentary on the Wei mo ching* 2 vols edited by J Saeki Tokyo, 1937

2 Masaharu Anesaki, *History of Japanese Religion* London, 1930, Vermont 1963 pp 60–63 Daisetz Teitaro Suzuki, *Essays in Zen Buddhism* First Series pp 1–388 (1949) Second Series pp 1 367 (1953) Third Series pp 1–396 (1953), *Zen and Japanese Culture (1959)* Heinrich Dumoulin S J *A History of Zen Buddhism* New York, 1963, pp 42–44

सूची मे दे दी है। यहाँ पर केवल कुछ विशेष महत्त्व के कार्यों का सक्षिप्त उल्लेख करना उपयुक्त होगा।

जापानी विद्वान के० ओहारा ने कुमारजीव के चीनी अनुवाद का अग्रजी अनुवाद १८९८ व १८९९ मे जापान में प्रकाशित किया था। एच० इद्जुमी नामक जापानी पण्डित ने भी कुमारजीव कृत चीनी से अग्रेजी में इस सूत्र का अनुवाद १९२४ व १९२५–१९२८ में 'इस्टन बुद्धिस्ट' नामक पत्रिका में प्रकाशित किया था। जे० फिशर एव टी० योकोटा नामक दो विद्वानो ने इस सूत्र का जमन भाषानुवाद (**वास सूत्र विमलकीर्ति**) टोक्यो से १९४४ म प्रकाशित किया था। कनाडा के प्रसिद्ध बौद्ध शास्त्री रिचड हुफ रॉबि सन ने इन पक्तियो के लखक को १९७० मे हावड विश्वविद्यालय म सूचित किया था कि उनके द्वारा कुछ वष पूव तयार किया हुआ अग्रजी अनुवाद कोलम्बिया विश्वविद्यालय मे यन्त्रस्थ है। यह अनुवाद भी कुमारजीव के चीनी सस्करण पर आधारित है और अभी तक अप्रकाशित है। रॉबि सन का एक लेख ('दि रिलीजन ऑफ दि हाउसहोल्डर बोधिसत्त्व') हिंदू विश्वविद्यालय की पत्रिका **भारती** म १९६६ मे छपा था। यह लेख विमलकीर्ति की शिक्षा पर आधारित है। जापानी बौद्ध शास्त्री सुसुमु यामागुची ने **विमलकीर्तिनिर्देश** सूत्र के बुद्धक्षेत्रपरिवत (प्रथम परिवत) की व्याख्या को १९५० व १९५१ में ओतानी विश्वविद्यालय की एक पत्रिका म प्रकाशित किया था। यह अत्यन्त पाण्डित्यपूर्ण लेख है।

अनेक जापानी लेखकों ने चीनी सस्करणो के आधार पर **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** के विविध पहलुओ पर छुट पुट लेख लिख हैं जो जापानी भाषा मे टोक्यो विश्वविद्यालय से प्रकाशित होने वाली पत्रिका **"इण्डोगकु बुक्योगकु केंक्यु"**[1] के विभिन्न अको मे प्रकाशित हुये हैं। जापानी व चीनी भाषाओ का ज्ञान न होने के कारण इस भूमिका का लेखक उन जापानी लेखों की सामग्री का प्रयोग नही कर सका है।

---

1 *Journal of Indian and Buddhist Studies (Indogaku Bukkyogaku Kenkyu)*—see vol I, no 1 (1952), vol II, no 1 (1953), vol II, no 2 (1954), vol V, no 1 (1957), vol VI, no 2 (1957), vol VII, no 1 (1959), vol VIII, no 1 (1960), vol IX, no 2 (1961), vol XVIII, no, 1 (1969), vol XVIII, no 2 (1970), vol XIX, no 2 (1971), vol XXI, no 2 (1973), vol XXII, no 2 (1974), vol XXIV, no 1 (1975), vol XXIV, no 2 (1976), vol XXVI, no 1 (1977), vol XXVII, no 1 (1978)

विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र का एक जापानी भाषानुवाद यामादा मुमोन रोशी ने तीन भागो मे १९५५, १९५७ व १९५९ ईस्वी मे कोबे तथा क्योटो से प्रकाशित किया था। दूसरा जापानी अनुवाद चीनी सस्करण के साथ फुकउर शोबुन नामक जापानी लेखक ने क्योटो से १९६४ मे प्रकाशित किया था। एस० पोतीना ता नामक लेखक ने थाई भाषा मे इस सूत्र का अनुवाद बगकौक से १९६३ ईस्वी मे प्रकाशित किया था। उक्त सभी अनुवाद सूत्र के चीनी सस्करण से किये गये हैं। चार्ल्स लुक (लु कुआन यु) नामक एक चीनी बौद्ध विद्वान ने **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** के कुमारजीव कृत चीनी अनुवाद का अग्रजी रूपान्तर भी प्रकाशित किया है। यह अग्रजी अनुवाद श्री लका से प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका **वर्ल्ड बुद्धिज्म** के १४ अको मे (अप्रैल १९७१ से मई १९७२ तक) क्रमश प्रकाशित हुआ था। पुस्तक के रूप मे भी यह अनुवाद प्रकाशित हो चुका है।[1]

विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र के तिब्बती अनुवाद का भी अध्ययन कुछ विद्वानो ने किया है। जसा कि पहले कहा जा चुका है, प्रोफसर लामात महाशय ने इस सूत्र का जो उत्कृष्ट फ्रासीसी अनुवाद प्रकाशित किया है वह मूलत तो तिब्बती (भोटीय) सस्करण पर ही आधारित है, परन्तु उन्होने बहुधा श्वान च्वाङ द्वारा किये गये चीनी अनुवाद से महत्त्वपूर्ण अन्तर वाले अशो का फ्रासीसी अनुवाद भी किया है। प्रथम बार सूत्र के तिब्बती सस्करण का किसी आधुनिक भाषा मे अनुवाद करने का श्रेय प्रोफेसर लामात को है। यह अनुवाद लुवें विश्वविद्यालय के प्राच्यविद्या सस्थान से १९६२ ईस्वी मे प्रकाशित हुआ था। चार सौ अठासी पृष्ठो के इस महान एव महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ मे लामात महाशय ने अधिकतम सूचना का सकलन किया है। इस ग्रन्थ की जर्मनभाषा मे समीक्षा करते हुये गौटिंगन विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध बौद्ध–विद्याचार्य हाइन्ज़ बेशर्ट महाशय ने इसकी समुचित श्लाघा की है। लामात कृत फ्रासीसी अनुवाद का अंग्रेजी अनुवाद भी हुआ है जो प्रकाशित हो चुका है।[2]

---

1 Charles Luk (Lu K'uan yu) *The Vimalakirti Nirdesa Sutra* Berkeley, 1972, *World Buddhism* vol XIX, no 9 (1971) to vol XX no 10 (1972)

2 See Heinz Bechert's review of Lamotte's *L Enseignement de Vimalakirti* in *Zeitschrift der Deutschen Morgelandischen Gesellschaft* Band 131–Heft 2 (1971), Gadjin Nagao's review of

जापानी विद्वान जिस्शु ओशिका[1] महाशय ने **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** के तिब्बती (भोटीय) अनुवादो का वज्ञानिक ढग से अध्ययन करके एक प्रामाणिक सस्करण प्रकाशित किया है। यह सस्करण नाथग, देर्गे तथा पीकिंग के सस्करणो के तुलनात्मक पाठ पर आधारित है। यह रोमन लिपि मे है। हाल ही मे ओशिका ने सूत्र के चारो तिब्बती सस्करणो की एक समनुक्रमणिका (कौकॉर्डे स) भी प्रकाशित की है। इस समनुक्रमणिका के साथ उन्होने सूत्र की भोट शब्द सूची भी प्रस्तुत की है।[2]

जर्मनी के सुविदित बौद्ध भिक्षु तथा बौद्ध आगमो के कुशल पण्डित प्रासादिक (पासादिक) जी ने **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** के तिब्बती अनुवादो का स्वतन्त्र रूप से तुलनात्मक अध्ययन करने के पश्चात् १९७१ मे रोमनाक्षरो मे एक सुन्दर भोटीय सस्करण तैयार किया था। १९७२–१९७३ ईस्वी मे उन्होने इस सूत्र का तिब्बती से सस्कृत में भी उद्धार कर दिया था। परन्तु रोमन लिपि मे लिखा गया यह भोटीय सस्करण तथा सस्कृत उद्धार अभी तक अप्रकाशित रहे हैं। इसमे कोई सन्देह नहीं कि श्रद्धेय भिक्षु प्रासादिक जी ने इस महान सूत्ररत्न का सस्कृत मे पुनरुद्धार करके हम सभी को अपना ऋणी बना दिया है। जब प्रासादिक जी ने भोटीय संस्करण तथा सस्कृत पुनरुद्धार का कार्य लगभग पूरा कर लिया था, तब हमे जापान से रोमन लिपि मे प्रकाशित ओशिका के भोटीय संस्करण की सूचना प्राप्त हुई थी। प्रासादिक जी का सस्करण प्रमुखत ल्हासा की पोथी पर आधारित है जब कि ओशिका का सस्करण प्रमुखत देर्गे की पोथी पर आधारित है, तथापि दोनो ने अपने अपने स्वतन्त्र सस्करणो मे पीकिंग व नार्थंग

Lamotte s *L Enseignement de Vimalakirti* rendered into English by Sara Boin, The *Teaching of Vimalakirti* (London, Pali Text Society, 1976) in *The Eastern Buddhist* new series vol XI no 1 (1978) pp 109 111 wherein Robert Thurman's English Translation (see next page note 1) is also reviewed

1 *Tibetan Text of Vimalakirtinirdeśa* edited by Jisshu Oshika in *Acta Indologica*, Vol I, Naritasan Shinshoji, 1970, pp 145 240

2 'Appendices to the Tibetan Translation of the Vimalakirtini rdeśa ', "Concordance of Four Translations and Corrigenda", pp 164–195, and "An Index to the Tibetan Translation of the Vimala kirtinirdeśa ', pp 201–352, all these published in *Acta Indologica* vol III, 1973–1975

की पोथियो मे उपलब्ध पाठ भेदो को ध्यान मे रखकर सूत्र के तिब्बती पाठ निर्धारित किये हैं।

अमरीकी बौद्ध विद्वान रौबट थमन[1] महाशय ने भी **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** का तिब्बती से अग्रजी मे अनुवाद १९७६ में प्रकाशित करके विमलकीर्ति साहित्य की अभिवृद्धि की है। उनका अनुवाद सिफ ९३ पृष्ठो मे है यद्यपि सम्पूर्ण ग्र थ का विस्तार १६६ पृष्ठो में है। ओशिका महाशय तथा प्रासादिक जी द्वारा सम्पादित भोटीय सस्करणो के साथ तुलना करने पर ज्ञात होता है कि थमन महाशय का अनुवाद अनेक स्थलो पर मनमाना है और कुछ स्थलो पर लामात के फ्रासीसी अनुवाद व कुमारजीव के चीनी अनुवाद के निकट है। चार्ल्स लुक द्वारा प्रकाशित चीनी से अंग्रेजी मे अनूदित सूत्र के सस्करण की प्रासादिक जी द्वारा पुनर्निर्मित सस्कृत सस्करण के साथ तुलना करने से स्पष्ट हो जाता है कि चीनी तथा भोटीय अनुवादो मे ध्यान देने योग्य अनेक अ तर हैं।

विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र की साहित्यिक परम्परा के अब तक के दीघकालीन इतिहास के अन्त में प्रस्तुत हमारा यह त्रिभाषिक सस्करण प्रकाशित हो रहा है। भिक्षु प्रासादिक द्वारा रोमन लिपि में सम्पादित भोटीय सस्करण तथा उन्हीं का किया हुआ सस्कृत उद्धार मेरे पास १९७६ से सुरक्षित रहा है। प्रासादिक जी की इच्छा थी कि मैं इसका हिन्दी अनुवाद करूँ और आवश्यक टिप्पणियो व विस्तृत भूमिका के साथ तीनो भाषाओं में इसका प्रकाशन भारत मे ही करने का दायित्व अपने ऊपर ले लू। मैंने यह काय करने की जिम्मेदारी लेने के पश्चात् अनुभव किया कि यह एक अत्यन्त कठिन काय है। इस सस्करण का महत्त्व अभी तक प्रकाशित विमलकीर्ति साहित्य के अध्ययन से स्वय सिद्ध है। भोटीय लिपि मे भोट सस्करण, नागरी लिपि मे पुनर्निर्मित सस्कृत सस्करण, भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी मे इसका सटीक अनुवाद, तथा किसी आधुनिक भारतीय भाषा मे इसकी समीक्षा का प्रथम बार इन पृष्ठो मे प्रकाशन हो रहा है। भारत और विश्वभर मे बौद्धविद्याध्ययन के क्षेत्र मे इस सूत्ररत्न के अद्वितीय महत्त्व को

---

1 *The Holy Teaching of Vimalakirti A Mahāyāna Scripture* translated by Robert A F Thurman, University Park and London, 1976.

ध्यान मे रखते हुये मैंने यह् काय यथाशक्ति अप्रमादपूवक सम्पन्न करने का प्रयत्न किया है। इस सस्करण मे जो दोप रह गये हो उनका दायित्व मेरे ऊपर है इसमे जो अच्छाइयाँ हैं उनका श्रेय उन सभी प्राचीन व अर्वाचीन विद्वानो व लेखको को प्राप्त है जिन्होने **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** क अध्ययन अनुवाद व्याख्या तथा प्रकाशन करने मे सहयोग दिया है।

४ विमलकीर्तिनिर्देश की परिवर्तव्यवस्था एवं शैली

प्राचीन भारतीय बौद्धाचार्यों—शान्तिदेव चन्द्रकीर्ति तथा कमलशील ने अपने शास्त्रो में हमारे इस सूत्र को 'आयविमलकीर्तिनिर्देश' नाम से उल्लिखित एव उद्धृत किया है। सूत्र के अन्त मे इसके तीन नामो का उल्लेख है—"विमलकीर्तिनिर्देश' "यमकव्य त्यस्ताभिनिर्हार" तथा "अचिन्त्यविमोक्षपरिवत"। तिब्बती अनुवाद मे इसे "आयविमल-कीर्तिनिर्देशनाममहायानसूत्र" (फापा टिमा-मेपर-ठगपे-तम्पा शेच्यावा थेग्पाछे पोइ दो = अफगस-पा द्रिमा मेद-पर ग्रग्स-पम् बस्तन-पा शेस-ब्या-वा थेग-पा छेन-पोई म्दो) कहा गया है। चीनी अनुवादो व टीकाओ मे यह् सूत्र अनेक नामो से विदित था—"विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र" (वेइ-मो-की सो-चोउओ), "अचिन्त्यधर्मपर्याय" (पोउ को स्सेउ यि फा मेन), "अचिन्त्यविमोक्षधमपर्याय "(पोउ-को-स्सेउ यि किअइ-तो फा-मेन) तथा "अचिन्त्यविकुर्वणविमोक्षधर्मपर्याय "(पोउ-को स्सेउ-यि त्सेउ-त्सी-चेन-पीन किअइ-तो फा-मेन)।

विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र के तिब्बती अनुवाद में द्वादश परिवर्त अथवा अध्याय हैं। अतएव यहाँ प्रकाशित तीनो सस्करणो में यही सख्या-व्यवस्था रखी गई है। चीनी भाषा मे उपलब्ध सभी सस्करणो में इन परिवर्तो की सख्या चतुदश (चौदह्) है। त्चे-कीं'न, कुमारजीव तथा ह्वान-च्वाङ्ग क अनुवादों में तृतीय परिवत को दो स्वतन्त्र परिवर्तों में विभाजित किया गया है। 'श्रावको को विमलकीर्ति के पास भेजने की समस्या' तृतीय परिवत मे तथा 'बोधिसत्वों को विमलकीर्ति के पास भेजने की समस्या' चतुर्थ परिवर्त मे वर्णित है। इसी प्रकार बारहवें परिवत को भी दो स्वतन्त्र परिवर्तों मे विभक्त किया गया है। 'धर्मपूजा' तेरहवें तथा 'मैत्रेय परीन्दना' चौदहवें परिवर्त के अन्तर्गत हैं। कन्जुर मे तथा चीनी अनुवादों मे परिवर्तव्यवस्था विषयक अन्तर[1] नीचे की तालिका स्पष्ट करती है—

---

1 F Lamotte L Enseignement de Vimalakirti p 79

भोटीय संस्करण में	चीनी सस्करण में
१ बुद्धक्षेत्रपरिशुद्धि निदानम्	१ बुद्धक्षेत्रम् (अथवा निदानम)
२ अचिन्त्योपायकौशल्यम	२ उपायकौशल्यम् (अथवा उपाया)
३ श्रावकबोधिसत्त्वप्रोषणोक्तम	३ श्रावका
४ ग्लानसम्मोदनकथा	४ बोधिसत्वा
५ अचि त्यविमोक्षनिर्देश	५ धमवचनम् (अथवा मजुश्रीग्लानपृच्छा)
६ देवी	६ अचि त्यम्
७ तथागतगोत्रम्	७ सत्वस दर्शन
८ अद्वयधममुखप्रवेश	८ तथागतगोत्रम (अथवा बोध्यगानि)
९ निर्माणभोज्याऽदानम	९ अद्वयधममुखप्रवेश (अथवा अद्वयप्रवेश)
१० क्षयाक्षयन्नाम धमयौतकम	१० सुगन्धकूटस्तथागत
११ अभिरतिलोकधात्वादानम तथागता क्षोभ्यस दशनञ्च	११ बोधिसत्त्वचर्या
	१२ अक्षोभ्यस्तथागत
१२ पूवयोग सद्धमपरीन्दना च	१३ धमपूजा
	१४ मत्रयपरी दना (अथवा परी दना)

इस प्रकार यद्यपि भोटीय सस्करण की तुलना मे चीनी सस्करणो में परिवर्तों की सख्या अधिक एवं उनके शीषक कुछ भिन्न हैं, तथापि सामा यरूपेण दोनों अनुवादों में विषय वस्तु की दृष्टि से मूलभूत अ तर नही है। भाषा एव अनुवाद की दृष्टियो से अवश्य कुछ ध्यान देने योग्य अन्तर हैं। यह कहना समीचीन होगा कि कुमारजीव तथा ह्वान–च्वांङ ने अपने चीनी अनुवादो मे सस्कृत सूत्र की भाषा पर अधिक ध्यान न देकर पारिभाषिक शब्दो के अथ की तथा धम–दशन की महायानी व्याख्या की दृष्टि से कुछ स्वतत्रता दिखाई है। भोट अनुवाद सस्कृत मूल के प्रति श्रद्धाबद्ध प्रतीत होता है।

ऊपर कहा गया है कि इस सूत्र का एक विशिष्ट नाम "यमकव्यत्यस्ताभिनिर्हार" है। इस प्रकार के नाम का क्या अभिप्राय हो सकता है ? इस नाम मे तीन शब्दो का गठजोड है—'यमक', 'व्यत्यस्त' तथा 'अभिनिर्हार' (निर्हार अथवा आहार)। हि दी अनुवाद मे मैंने 'यमकव्यत्यस्ताभिनिर्हार' को परस्पर विरोधी रहस्यों के समवाय की सिद्धि कहा है। यह बहुत स तोषप्रद अनुवाद नही कहा जा सकता है। अतएव इस पेचीदे नाम की साथकता यहाँ पर विचारणीय है।

आहार' का सामा य अथ 'भोजन' या 'खाद्य' है। परन्तु यह अर्थ प्रस्तुत प्रसंग मे अविचारणीय है। 'आहार' यहाँ पर 'अभिनिर्हार' का पर्याय समझना चाहिये।

महायानसूत्रो मे बोधिसत्त्वो के अठारह आवेणिक (असाधारण, विशिष्ट) धर्मों या गुणो मे से एक गुण यह भी है कि वे 'यमकव्यत्यस्ताहारकुशल' होते है। **महाव्युत्पत्ति**, ७९८ (पृ० ६१) मे दिये गये भोटानुवाद मे 'आहार' का समानार्थक भोटीय शब्द 'र्ग्युद' अर्थात तन्त्र है। एडजर्टन महाशय का कहना है कि यहाँ पर आहार का अर्थ 'तन्त्र' अथवा 'रहस्यमय पद्धति' ('मिस्टिक टैकनीक') अथवा 'एक साथ उत्पन्न करना'[1] हो सकता है। हमारे वर्तमान मन्त्र के भोटीय अनुवाद के अनुसार 'अभिनिर्हार' (म्डोन-पर स्ग्रुब-पा) का अर्थ 'उत्पन्न करना' होता है। 'यमक' शब्द सुविदित है— 'दो बातो का जोडा' अथवा दो शब्दो या विचारो या वस्तुओ को एक साथ करना या रखना। इस प्रकार 'यमकप्रातिहार्य' का अर्थ है दो परस्पर विरोधी चीजो को एक साथ उत्पन्न करने वाली ऋद्धि विधि। 'यमक' एक प्रकार की योगविधि अथवा रहस्यमयविधि को भी कहते हैं जिसका प्रयोग तान्त्रिक साधना मे होता है। परन्तु यह अर्थ स्पष्ट नहीं है।

'व्यत्यस्त' का प्रयोग अनेक अर्थों मे हुआ है। इसका शाब्दिक अर्थ 'उल्टा', 'विरोधी' अथवा 'प्रतिकूल' है। महायान ग्रन्थों मे व्यत्यस्त एक समाधि का, एक लोकधातु का, तथा एक प्रकार की योगविधि का नाम भी है। **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** मे प्रयुक्त 'व्यत्यस्त' का अर्थ विरुद्ध, उल्टे, प्रतिकूल, अथवा प्रतिद्वन्दी के रूप म समझना चाहिये। उपरियुक्त चर्चा से स्पष्ट हो जाता है कि 'यमकव्यत्यस्ताभिनिर्हार' का अर्थ है दो परस्पर प्रतिकूल शब्दो को प्रस्तुत करना, दो विरोधी विचारो अथवा आदर्शों को उत्पन्न करना, द्वयभाव सिद्ध करना, अथवा कि ही दो परस्पर विपरीत धारणाओ का प्रसग दिखाकर द्वय का निषेध करके अद्वय धर्म का प्रकाशन करना। इस क्रिया मे उपायकौशल्य मे निष्णात् बोधिसत्त्व कुशल एव सफल होते हैं। अत उन्हे 'यमकव्यत्यस्ताहारकुशला' कहा जाता है। ऐसे श्रेष्ठ बोधिसत्त्वो की कोटि मे विमलकीर्ति अग्रणी हैं। अतएव उनके निर्देश अथवा उपदेश का नाम 'यमकव्यत्यस्ताभिनिर्हार' बहुत सार्थक है। क्योकि **विमलकीर्तिनिर्देश** मे प्रारम्भ से लेकर अन्त तक द्वयभाव का निराकरण किया गया है, चुन-चुन कर दो परस्पर उल्टी और एक दूसरे की विरोधी धारणाओ को आमने सामने रखकर विमलकीर्ति अपने श्रोताओ को हास्यास्पद स्थिति मे ला कर रख देते हैं। धर्म

1 Franklin Edgerton *Buddhist Hybrid Sanskrit Dictionary* pp 112 (*āhāra*) 444 (*yamaka*) 514 (*vyatyasta*)

के साथ अधम, भिक्षु के साथ गृहस्थ, ससार के साथ निर्वाण, नरक के साथ स्वर्ग, स्त्री के साथ पुरुष, शाति के साथ उपद्रव, दु ख के साथ सुख, अर्हत् के साथ पृथग्जन, शील के साथ दु शील, प्रज्ञा के साथ अविद्या, इत्यादि परस्पर विपरीत धर्मों (= बातो) को प्रस्तुत करना, उनका समवाय दिखाना व उनके अतिक्रमण का मार्ग प्रशस्त करना इस सूत्र की शैली की एक प्रमुख विशेषता है। लामात महाशय ने चीनी बौद्ध शास्त्रो की साक्षी के आधार पर 'व्यत्यस्त' शब्द के अर्थ पर पर्याप्त प्रकाश डाला है जो पठनीय है।[1]

विमलकीर्तिनिर्देश न केवल वैचारिक गम्भीरता एव यमक-व्यत्यस्तता की दृष्टि से असाधारण सूत्र है, अपितु यह हास्य एव व्यग से भी भरपूर है। महाज्ञानी, विनयधर एव बुद्धशासन के चोटी के नेताओ—यथा शारिपुत्र, महाकाश्यप, महामौद्गल्यायन, उपालि, सुभूति पूर्णमैत्रायणीपुत्र, आनन्द आदि को विमलकीर्ति पुन पुन हास्य और व्यग की स्थिति मे डाल देते है। जिस बात की श्रद्धालु श्रोतागण आशा नही करते और जिस बात को लज्जा व सकोच के कारण हम कह नही सकते, उसी बात को एक चारपाई पर पडा हुआ गृहस्थ उपासक अभिज्ञाप्राप्त और कृतकृत्य महाश्रावको के सामने कह देता है। आधुनिक काल का कोई स्थविरवादी बौद्ध भिक्षु अथवा पालितिपिटकाचरिय जब **विमलकीर्तिनिर्देश** को पढ़ेगा तो वह अवश्य अप्रसन्न एव क्रुद्ध होकर यह निष्कर्ष निकालेगा कि इस सूत्र मे अर्हतो का अपमान किया गया है। वास्तव मे इस सूत्र के अनुसार यह कहा जायगा कि 'अपमान' एव 'मान' समान है, अपमान करने वाला तथा अपमानित होने वाला दोनो ही वन्ध्यापुत्र अथवा मायाजन्य पुरुष के समान असत् हैं। आचार्य नागार्जुन के द्वारा लिखे गये शास्त्रो में तथा प्रज्ञापारमितासूत्रो मे जो विचार विश्लेषण पद्धति एव दृष्टिमीमासा का ढग मिलता है लगभग उसी शैली मे यह सूत्र रचा गया है।

५. विमलकीर्ति की ऐतिहासिकता का प्रश्न

इस सूत्र के पाठक पूछ सकते है— विमलकीर्ति कौन है? क्या वह एक ऐतिहासिक पुरुष हुए है? उनका स्थान कहाँ और उनका समय क्या है?

इन प्रश्नो के उत्तर भारतीय मूल की बौद्ध परम्पराओ मे ढूढने पर मिल सकते हैं। यहाँ पर यह कहना उपयुक्त होगा कि किसी व्यक्ति विशेष अथवा मानवजाति का

---

1 See Fr Lamotte, *L Enseignement de Vimalakirti*, pp 33-37

भौतिक व लौकिक इतिहास एक चीज है, मानवजाति में विकसित श्रद्धामूलक विचारादर्शों का इतिहास दूसरी चीज है। यीसु मसीह (जिसस क्राइस्ट) का सृष्टिकर्ता ईश्वर के इकलौते पुत्र के रूप में दुनियाँ मे अवतार लेना, क्रास पर आत्मोत्सग करना, भूमि के भीतर गाड दिया जाना और पुन जीवित होकर अपने पिता सृष्टिकर्ता ईश्वर मे लीन हो जाना, साधारण मानव इतिहास की दृष्टि से "अविश्वसनीय" घटनायें है। परन्तु पश्चिमी देशो की प्रमुख सभ्यता व सस्कृति का पिछली दो सहस्राब्दियो का भौतिक व मानवीय इतिहास इन्ही "अविश्वसनीय" घटनाओ पर आधारित है। अनतिहासिक होते हुये भी जिस व्यक्ति, घटना, अथवा विचार का परिणाम ठोस ऐतिहासिक हो क्या उसको हम ऐतिहासिक *'सत्य'* एव *वास्तविक घटना नही कहेंगे ?*

विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र मे बुद्धवचन की जो व्याख्या प्रकाशित हुई थी उससे प्रभावित होकर जो नर नारी पाप का माग छोड़ कर पुण्य के मार्ग पर अग्रसर हुये थे, एशिया की सभ्यता के स्थायी स्वरो की दुन्दुभी बजाने का जो कार्य विमलकीर्ति के निर्देश ने सफलतापूवक किया था, अज्ञान के अ धकार को समाप्त करके प्रज्ञारश्मियो को विकीण करने की दिशा मे इस लिच्छवि उपासक के सिंहनाद को जो सफलता प्राप्त हुई थी, परात्मसमता और सर्वजनहिताय धर्मचर्या के उनके आदर्शों ने दान, शील, क्षान्ति, करुणा, वैराग्य एव पवित्रता के विकास में जो महत्त्वपूर्ण भूमिका एशिया के देशो के इतिहास में निभाई थी, नागार्जुन, च द्रकीर्ति, शा तिदेव, कमलशील, कुमारजीव, हुइ युआन, सेन्ग-जुई, सेन्ग-चाओ, श्वान-च्वाङ, शोतोकु आदि महान विचारकों ने जिस ग्रथ को अपने जीवन-दर्शन का आधार बनाया था, और महाकारुणिक तथागत के धर्म से उत्पन्न हुये बोधिसत्त्वो की बहुजनहिताय बहुजनसुखाय बोधिचर्या का क्षेत्र जिस सूत्र ने इस पीड़ित एवं सतप्त प्राणिजगत को निश्चित किया था, क्या हम ऐसे विमलकीर्ति को अनैतिहासिक कह कर मृषावाक का समर्थन कर सकते हैं ? विमलकीर्ति के जीवन व व्यक्तित्व का चित्रण करने वाली चीन व जापान की मूर्तिकला व चित्रकला क्या ऐति हासिक नहीं है ?

विमलकीर्ति नामक एक लिच्छवि उपासक बौद्ध वस्तुत ऐतिहासिक पुरुष थे अथवा वह एक काल्पनिक और अनैतिहासिक निर्माण मात्र थे, यह विशेष महत्त्व का प्रश्न नहीं है। **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** एक ऐतिहासिक धर्मग्रन्थ है और इसमे प्रति पादित विचारादर्शों का समूह धर्मकाय का मानवीय एव ऐतिहासिक प्रतिनिधित्व करके वास्तविक बौद्ध इतिहास व सस्कृति का विकास करने मे सफल रहा है। इसलिये सच्चे

अथ मे विमलकीर्ति एक ऐतिहासिक पुरुष थे, और आज भी वह जीवित हैं। उनकी ऐतिहासिक सत्ता उनके नाम से प्रसिद्ध धर्मोपदेश की महत्ता से सिद्ध होती है। विमल कीर्ति एक व्यक्ति नही अपितु सद्धम की विचारतरगिणी है, हाड मास का बना व्यक्ति नश्वर होता है एव अनित्यता के बहाव मे बहकर लुप्त हो जाता है। विमलकीर्ति का व्यक्तित्व धमज और धममय था, उन्होने जो धमकाय किया है वही उनकी ऐतिहासिक सत्ता व महत्ता की कसौटी है।

विमलकीर्तिनिर्देश के अनुसार विमलकीर्ति का समय वही है जो गौतमबुद्ध का समय है। सवमान्य तथ्य है कि शाक्यमुनि गौतमबुद्ध ने आज से दो हजार छ सौ वष पूव छठी शती ईसा से पूव पूर्वोत्तर भारत मे धर्मोपदेश किया था। इस निर्देश मे ऐतिहासिक स्थलो व व्यक्तियो के प्रसग भी आए हैं।

तथागत शाक्यमुनि वैशाली नगर की बाह्य सीमा पर स्थित आम्रपालीवन मे एक विशाल भिक्षु परिषद् के साथ विराजमान थे। वशाली लिच्छवि गणराज्य की राजधानी थी। यह प्राचीन भारत की एक प्रमुख नगरी थी। आजकल जिसे बसाढ़ कहते हैं वही प्राचीन वशाली का क्षेत्र था। यह स्थान बिहार प्रदेश के मुजफ्फरपुर जनपद मे है। आम्रपाली वशाली की एक प्रसिद्ध महिला थी। वेश्यावृत्ति का परित्याग करके, बुद्ध, धम, एव सघ की शरण में जाकर के उसने पवित्र व सदाचारी जीवन प्रारम्भ करते समय अपना विशाल एव सुदर उद्यान भगवान् तथागत के सघ को सादर भेंट किया था। इस उद्यान को आम्रपालीवन कहते थे।

लिच्छवि जाति उस युग मे ख्यातिप्राप्त थी। इस समुदाय के नर नारी स्वतत्रता के प्रेमी, शूर वीर, दानी, समृद्ध एव श्रमणो की धार्मिक शिक्षाओ को मानते थे। लिच्छवि गणराज्य को वृजिगण भी कहा जाता था। विमलकीर्ति एक लिच्छवि वशीय बौद्ध उपासक थे जो वैशाली नगर मे बुद्ध काल में रहते थे। वह धनसम्पन्न, वभवशाली, ज्ञानवान, भाषण करने व तक करने में कुशल, दान देने व धार्मिक काय करने में अग्रणी थे। वह अवदातवसन अर्थात्, श्वेतवस्त्र धारण करने वाले, त्रिरत्न के प्रति प्रगाढ़ श्रद्धा रखने वाले गृहपति थे। सूत्र के अनुसार उनकी एक पत्नी थी और एक पुत्र था। सवगुणसम्पन्न विमलकीर्ति की शील, समाधि एव प्रज्ञा रूपी सम्पदा सभी अर्हतो व बोधिसत्त्वो की सवप्रकार की सम्पदाओ से कही अधिक मूल्यवान् एव श्रेष्ठ थी। सूत्र में वर्णित प्रसिद्ध धमचर्चा वैशाली महानगर में स्थित विमलकीर्ति के निवासगृह में हुई थी।

वह भगवान् बुद्ध के साथ भेंट करने और उनको प्रणाम करने के लिये आम्रपालीवन में भी गये थे।

विमलकीर्तिनिर्देश में जिन सुविदित ऐतिहासिक व्यक्तियों के साथ विमलकीर्ति का वार्तालाप, प्रश्नोत्तर और बुद्धविद्या के रहस्यों का विवेचन हुआ था उनमें निम्नलिखित नाम इस सूत्र में गिनाये गये हैं —

तथागत गौतमबुद्ध, महास्थविर शारिपुत्र, महास्थविर मौद्गल्यायन, महास्थविर महाकाश्यप, महास्थविर सुभूति महास्थविर अनिरुद्ध, महास्थविर उपालि, आयुष्मन्त राहुल, भदन्त आनन्द, महासत्त्व बोधिसत्त्व मैत्रेय, लिच्छविकुमार प्रभाव्यूह तथा सुदत्त अनाथपिण्डद।

महासत्त्व बोधिसत्त्व मैत्रेय (मेत्तेय्यो) **दीघनिकाय** (खण्ड ३ पृ० ६०) में उल्लिखित है। शाक्यमुनि बुद्ध मैत्रेय के भविष्य में तथागत होने की भविष्यवाणी करते हैं। **सुत्त निपात** (गाथा १००७) में एक शिष्य मैत्रेय (तिस्स मेत्तेय्य) का नाम आया है। यह सम्भव है कि बोधिसत्त्व मैत्रेय का सम्बन्ध बुद्ध के शिष्य मेत्तेय्य से है। प्रभाव्यूह भी एक ऐतिहासिक लिच्छवि युवक का नाम प्रतीत होता है। अन्य सभी महास्थविर व भिक्षु भगवान् शाक्यमुनि के समकालीन शिष्य थे। इनके संक्षिप्त जीवन परिचय के लिये मललसेकर महाशय कृत **पालि व्यक्तिवाचक नामों का कोश** द्रष्टव्य है। श्रीमती रीजडेविड्स ने भी कुछ स्थविरों का संक्षिप्त परिचय एक ग्रन्थ में प्रस्तुत किया है।[1]

प्राचीन भारत, भोटदेश (तिब्बत), मध्यएशिया, चीन, मंगोलिया, वियतनाम, कोरिया तथा जापान के श्रद्धालु बौद्धों की दृष्टि में विमलकीर्ति एक ऐतिहासिक व्यक्ति थे। वह बुद्ध के समकालीन थे और वैशाली नगर में रहते थे। उनको महासत्त्व, बोधिसत्त्व, कुलपुत्र, सत्पुरुष, लिच्छवि, गृहपति एवं उपासक कहा गया है। चीनी भाषा में सुरक्षित बौद्ध ग्रन्थों में विमलकीर्ति के घर व परिवार के विषय में कुछ सूचनाएँ उपलब्ध हैं।

पंचम शती ईस्वी के प्रथम दशक में चीनी बौद्ध परिव्राजक फा हियान (फा श्यान) भारत आया था। उसने वैशाली का, वहाँ के आम्रपालीवन का, तथा आम्रपालीवन में

1 G P Malalasekera *Dictionary of Pali Proper Names* 2 vols, London, 1960 (reprint), C A F Rhys Davids, *Psalms of the Brethren (Theragatha)*, London, 1964 (reprint)

निर्मित बौद्धविहार का वणन किया है। ईस्वी सन् ५२७ मे ली दाओ युआन नामक चीनी बौद्ध लेखक ने अपने ग्रन्थ **शुइ चिंग चु** मे वशाली नगर का और वहाँ पर स्थित विमलकीर्ति के घर का उल्लेख किया है। सातवी शती ईस्वी के उत्तरार्द्ध मे चीनी बौद्ध शास्त्रकार एव तीथयात्री श्वान् च्वाँङ ने भारत में बहुत वप बिताए थे। उसने वशाली की भी यात्रा की थी। वह उस स्थान का उल्लेख करता है जहाँ पर रत्नाकर के साथ सैकडो लिच्छवियो ने तथागत को बहुमूल्य छत्र रत्न भेंट किये थे और जहाँ पर पि मो लो कि किंग' (**विमलकीर्तिनिर्देश**) का प्रकाशन हुआ था। उसने विमलकीर्ति के निवासगृह के खण्डहर और वहाँ पर निर्मित स्तूप का भी वर्णन किया है।[1] शीलादित्य हषवद्धन के समय (सातवीं शती ईस्वी के मध्य) मे भारत मे चीनी राजदूत वाग हुइयेन त्से ने भी वशाली की यात्रा की थी और विमलकीर्ति की कोठी मे उस कक्ष की माप की थी जिसमे विमलकीति ने धर्मोपदेश किया था। उसके अनुसार विमलकीति का कमरा १० क्युबिट लम्बा और १० क्युबिट चौडा था। चीनी मे इस दस क्युबिट लम्बे व चौड कक्ष को 'फन चग' कहा गया है। एक क्युबिट की लम्बाई मनुष्य की एक बाँह की पूरी लम्बाई, कन्धे के जोड से उङ्गलियो तक, लगभग २० २२ इच के बराबर होती है। सातवीं शती के अन्तिम वर्षों मे प्रसिद्ध चीनी बौद्ध विनयशास्त्री एव तीथयात्री ई त्सिङ्ग ने भी वैशाली नगर मे स्थित उस कक्ष के दशन किये थे जिसको 'फन चग' अथवा 'दस भुजा वर्गाकार' कक्ष कहा जाता था।[2] चीन मे प्रमुख बौद्ध भिक्षुओ के लिये कोठरियो के निर्माण के समय विमलकीर्ति का 'फन चग' प्रामाणिक माना जाता था।

प्रोफेसर लामात ने सूचित किया है कि चीनी अनुवादो मे सुरक्षित **महासन्निपात, मूर्धाभिषिक्तराजसूत्र, महायानमूर्धाभिषिक्तराजसूत्र, विमलकीर्तिपुत्रसूत्र, क्षीर प्रभबुद्धसूत्र, सुचिन्तकुमारसूत्र,** तथा **चन्द्रोत्तरादारिकापरिपृच्छा** आदि ग्रन्थो से

---

1 James Legge, *A Record of Buddhist Kingdoms* New York 1965 (reprint) p 72, Luciano Petech *Northern India According to the Shui ching chu* Rome, 1950 pp 28 30, Thomas Watters, *On Yuan Chwang s Travels in India* Delhi, 1961 (reprint), vol II, pp 63-68, Samuel Beal, *Si yu ki* or *Buddhist Records of the Western World* Calcutta 1958 (reprint) pp 308-309

2 J Takakusu, *A Record of the Buddhist Religion by I tsing* Delhi, 1966 (reprint), p XXXIII, note 2

विमलकीर्ति के विषय मे सूचना मिलती है।[1] भारतीय मूल से चीनी अनुवादो मे बचे हुये इन ग्र थो से ज्ञात होता है कि विमलकीर्ति की पत्नी का नाम विमला था। उनके पुत्र का नाम भद्रचि त अथवा सुचि तकुमार तथा उनकी लडकी का नाम च द्रोत्तरादारिका था। यहाँ पर यह उल्लेख्य है कि **चन्द्रोत्तरादारिकापरिपृच्छा** नाम के एक महायानसूत्र से चौदह श्लोक शा तिदेव ने **शिक्षासमुच्चय** (पृ० ४७ ४८) मे उद्धृत किये हैं। जिस्शु ओशिका महाशय ने इस ग्र थ तथा विमलकीर्तिनिर्देश के बीच के सम्ब ध को अपने एक लेख का विषय बनाया है। यह लेख जापानी मे प्रकाशित है।[2] पिता, पुत्र तथा पुत्री, तीनो के नाम से तीन सूत्र—**विमलकीर्तिनिर्देश, सुचिन्तकुमारसूत्र** तथा **चन्द्रोत्तरादारिकापरिपृच्छासूत्र**—प्राचीन भारत म प्रकाशित होकर चीनी म अनूदित हुये थे।

६. विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र की तिथि

महायानसूत्रो की तिथियाँ निश्चित करना एक कठिन काय है। **विमलकीर्तिनिर्देश** का मूल सस्कृत रूप अप्राप्य होने के कारण कठिनाई और भी बढ गई है। बौद्ध परम्परा का विश्वास है कि यह सूत्र उतना ही प्राचीन है जितना कि गौतमबुद्ध। इस सूत्र मे स्वय तथागत शाक्यमुनि के कुछ "वचन" हैं, उनके प्रमुख शिष्यों के "विचार" हैं, और उनके "समकालीन" गृहपति बोधिसत्त्व विमलकीर्ति के भी उपदेश हैं। परन्तु बौद्ध इतिहास के हम विद्यार्थी इस परम्परागत तिथि को स्वीकार नहीं कर सकते हैं। इसका अर्थ यह नही है कि बोधिसत्त्वयान के विचारादर्श तथागत शाक्यमुनि की प्रज्ञापूर्ण सर्वजनहिताय देशना से नि सृत नही हुये थे। महायानसूत्रो में प्रतिपादित धर्म दर्शन महाकारुणिक बुद्ध भगवन्त के ही उपदेशों की नवीन एव गम्भीर व्याख्या का परिणाम है। इस व्याख्या की परम्परा का विकास शनै शनै महापरिनिर्वाण की शताब्दी से ही प्रारम्भ हो गया प्रतीत होता है। बोधिसत्त्वचर्या ही बौद्धमत का हृदय है और इसकी सिद्धि प्रज्ञा एव करुणा की सम्यक पूर्णता से होती है—इस परम निष्कर्ष तक पहुँचने मे प्राचीन बौद्ध मनीषियों को लगभग तीन सौ वर्ष लग गये होगे। इस प्रकार प्राचीनतम महायानसूत्र ईसा से पूर्व दूसरी शती में लिपिबद्ध होकर भारतीय विहारो के पुस्तकालयों मे पहुँच गये प्रतीत होते हैं। (१) बौद्ध सम्प्रदायों के विकास क्रम, (२) सम्राट अशोक के प्रयत्नों

---

1 Etienne Lamotte, *L Enseignement de Vimalakīrti* pp 85 89

2 Jisshu Oshika, "The Candrottarā-dārikā-paripṛccha-sūtra" in *Journal of Indian and Buddhist Studies,* vol XVIII, no 2, March 1970 pp 966–977

के फलस्वरूप सम्पूण भारत मे बौद्धधम का प्रसार (३) अभिलेखो तथा मूर्तिकलाकृतियो से ज्ञात बौद्ध पूजा व भक्ति का विकास, (४) महासाघिक लोकोत्तरवादी एव सर्वास्तिवादी आगमखण्डो मे प्रस्तुत विचारादर्शों तथा (५) चीनी भाषा मे सबसे पहले अनदित होने वाले महायानसूत्रो पर विचार करने से हम इस निष्कष पर पहुचने के लिये बाध्य हो जाते हैं कि बोधिसत्त्वयान के कुछ प्रमुख सूत्रो की रचना "बौद्ध सस्कृत' भाषा तथा मागधी किस्म की "बौद्ध प्राकृत' भाषा मे ईसापूव की दूसरी शता दी में हो चुकी थी। ईसापूव प्रथम शताब्दी मे अनेक महायानसूत्र "बोधिसत्त्वपिटक" के अन्तगत सकलित "धमपर्याय" के रूप मे सम्पूण भारत के बौद्ध विहारो के पुस्तकालयो में पहुँच गये प्रतीत होते हैं। दक्षिणापथ (विशेष रूप से आन्ध्रप्रदेश) प्राच्यदेश (विशेष रूप से मगध का क्षेत्र), तथा उत्तरापथ (विशेष रूप से गान्धार प्रदेश) के बौद्ध पुस्तकालयो मे इस साहित्य का अधिक सग्रह हुआ था।

विमलकीर्तिनिर्देश एक अति प्राचीन महायानसूत्र है। इसमे सन्देह नही प्रतीत होता है कि यह प्राचीनतम बौद्ध सस्कृत धमपर्यायो म से एक धमपर्याय है। मेरा अपना विश्वास है कि इसकी रचना १०० ईस्वी पूव मे हो गई होगी। इस विश्वास के मूल मे निम्नलिखित बातें विचारणीय हैं—

१ प्राचीनतम एव प्राचीनतर महायानसूत्रो की एक प्रमुख विशेषता यह है कि उनमें 'श्रावकयान' व 'प्रत्येकबुद्धयान' की 'बोधिसत्त्वयान' के साथ इस प्रकार की तुलनात्मक चर्चा बडे उत्साह और प्रबल तक के साथ की गई है जिससे 'बोधिसत्त्वयान की श्रेष्ठता सिद्ध होती है। ज्यो ज्यो समय बीता और महायान का प्रभाव बढ़ा इस प्रकार की तुलनात्मक साम्प्रदायिक चर्चा कम होती गई। **विमलकीर्तिनिर्देश** में श्रावकों अर्हतों व विनयशील महानस्थविरो को बोधिसत्त्वो की तुलना मे अपूर्ण सन्त एव प्रादेशिक धमचारी के रूप मे चित्रित किया गया है। बोधिचित्तोत्पाद का महत्त्व, उपायकौशल्य की गरिमा, और सवधमस्वभावशून्यता की प्रभुता इस चर्चा के मुख्य विषय हैं जो स्थविरों के अभिधम चिन्तन एव प्रव्रजित भिक्षु जीवन को तुलनात्मक दृष्टि से दरिद्र साबित करते दिखाई देते हैं। बोधिसत्त्वयान की श्रेष्ठता स्थापित करने के प्रयत्न **विमलकीर्तिनिर्देश** की प्राचीनता के द्योतक हैं।

२ **सूत्रसमुच्चय** नामक एक महायानशास्त्र मे **विमलकीर्तिनिर्देश** के कुछ कथन वचन उद्धृत हैं। भारतीय तथा भोटदेशीय साहित्यिक प्रमाणो के अनुसार **सूत्रसमुच्चय**

की रचना आचार्य नागार्जुन ने की थी।[1] आचार्य नागार्जुन का समय विवादास्पद होने पर भी उनका जीवनकाल प्रथम शताब्दी ईस्वी के पश्चात् कदाचित् नहीं माना जा सकता है। जिस सूत्र के उद्धरण प्रथम शताब्दी ईस्वी में नागार्जुन द्वारा रचित **सूत्रसमुच्चय** में समाविष्ट हों, उसकी रचना का समय नागार्जुन के समय से सौ पचास वर्ष पूर्व माना जाना चाहिये। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि **विमलकीर्तिनिर्देश** का रचना काल नागार्जुन के जीवनकाल से पहले, लगभग १०० वर्ष ईसापूर्व है। जो आधुनिक लेखक नागार्जुन को दूसरी शती ईस्वी का आचार्य मानते हैं उन्हें भी **विमलकीर्तिनिर्देश** का समय पहली शती ईस्वी स्वीकार करना होगा।

३ भाषा, शैली एवं शब्दावली की दृष्टि से **विमलकीर्तिनिर्देश, सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, अष्टसाहस्रिकाप्रज्ञापारमितासूत्र** तथा **काश्यपपरिवर्त** जैसे धर्मपर्यायों के बहुत निकट है। अपने मूल रूप में ये तीनों महायानसूत्र दूसरी शती ईसापूर्व की रचनाएँ प्रतीत होती हैं। **सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र** के प्रक्षिप्त परिवर्त पहली व दूसरी शती ईस्वी के हो सकते हैं। यह साधारणतया सभी आधुनिक विद्वान स्वीकार करते हैं कि **अष्टसाहस्रिकाप्रज्ञापारमितासूत्र** प्राचीनतम प्रज्ञापारमितासूत्र है। प्रज्ञापारमिता साहित्य के विकास क्रम का विस्तृत विवेचन हमने अपने **वज्रच्छेदिकाप्रज्ञापारमितासूत्र** के नवीन **द्विभाषिक** संस्करण की 'भूमिका' में किया है। अतः उसकी यहाँ पर पुनरावृत्ति नहीं हो सकती है।[2]

विमलकीर्तिनिर्देश के प्रकाशन का स्थान वैशाली नगर (आम्रपालीवन तथा विमलकीर्ति के घर में उसका कक्ष) था। भगवान् के उपदेश को श्रवण करने वाली परिषद् में, अन्य सत्त्वों के अतिरिक्त "आठ हजार भिक्षु" और 'बत्तीस हजार बोधिसत्त्व" उपस्थित थे।

अष्टसाहस्रिकाप्रज्ञापारमितासूत्र का प्रकाशन राजगृह में गृध्रकूट पर्वत पर हुआ

---

1 *Bodhicaryāvatāra* v 105 106 and *Pañjikā* p 80, Third *Bhāvanā krama* p 13, D T Suzuki (ed), *The Tibetan Tripiṭaka Peking Edition Catalogue and Index* Tokyo, 1962, p 650, text no 5330, "*Mdokun las btus-pa* (*Sūtrasamuccaya*) A Nāgārjuna"

2 *Vajracchedikā Prajñāpāramitā-sūtra with the commentary of Asaṃga* edited and translated into Hindi by L M Joshi, Sarnath, 1978, pp. 1–25

था। भगवान् की इस परिषद् मे अन्य श्रोताओ के अतिरिक्त "साढ़े बारह सौ भिक्षु" उपस्थित थे।

काश्यपपरिवर्त[1] का प्रकाशन भी राजगृह मे गृध्रकूट पवत पर हुआ था। यहाँ पर इस परिषद् मे अन्य श्रोताओ के अतिरिक्त 'आठ हजार भिक्ष तथा सोलह हजार बोधिसत्त्व" उपस्थित थे।

सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र के प्रकाशन का स्थान भी राजगृह मे गृध्रकूट पवत था। इस सूत्र के श्रोताओ की परिषद् में अन्य प्राणियो के अतिरिक्त ' एक हजार दो सौ भिक्षु ' जो सभी अर्हत थे दो हजार अन्य भिक्षु शक्षाशक्ष सहित" छ हजार भिक्षुणियाँ," तथा 'अस्सी हजार बोधिसत्त्व" उपस्थित थे।

उपर्युक्त चारों सूत्रो मे परिषदो के सदस्यो की सख्या पर विचार करने से ज्ञात होगा कि **अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमितासूत्र** की देशना वाली परिषद् मे भिक्षुओ की सख्या केवल एक हजार दो सौ पचास" कही गई है। यह सख्या विश्वसनीय मानी गई है। **अष्टसाहस्रिका** निःस देह सबसे प्राचीन महायानसूत्र है। विषय वस्तु की चर्चा की दृष्टि से इस सूत्र ने विमलकीर्ति को अशत प्रभावित किया था ऐसा कहा जा सकता है। दूसरी ओर **काश्यपपरिवर्त, सद्धर्मपुण्डरीक** तथा **विमलकीर्तिनिर्देश** का श्रावको के प्रति एकसा रुख है। **सद्धर्मपुण्डरीक** मे उपदेशपरक कथाओ व दृष्टान्तो का जो रोचक समागम है, बुद्धभक्ति, श्रद्धा तथा पूजा की जो महत्वपूण चर्चा मिलती है, वे इस सूत्र की विशेषताएँ हैं। **विमलकीर्तिनिर्देश** तथा **काश्यपपरिवर्त** मे स्पष्टवादिता, हास्य एव व्यग हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं जब कि **सद्धर्मपुण्डरीक** मे बुद्धमाहात्म्य की प्रबलता एव उपायकौशल की महत्ता पाठक को प्रभावित करती है। कहने का तात्पर्य यह है कि **काश्यपपरिवर्त** तथा **विमलकीर्तिनिर्देश** समकालीन ग्रन्थ हो सकते हैं और **सद्धर्मपुण्डरीक** उनके शीघ्र पश्चात् की रचना प्रतीत होती है।

इन सूत्रो का समय निश्चित करने मे इनके चीनी भाषानुवाद बहुत सहायक सिद्ध होते हैं। अनुवाद की तिथियाँ लगभग निश्चित हैं। किसी भारतीय बौद्ध ग्रन्थ का चीन मे पहुँचना और उसका चीनी में अनूदित होना तब सम्भव है जब वह ग्रन्थ कम से कम दो

---

1 *The Kāśyapaparivarta A Mahāyāna sūtra of the Ratnakūta Class* edited in the original Sanskrit, in Tibetan and in Chinese, by Baron A v Stäel Holstein, Shanghai, 1926

सौ वर्ष पहले से लिखित रूप मे भारत के विभिन्न बौद्ध पुस्तकालयो म प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका हो। मुद्रण क्रिया के अभाव मे एव सचार साधनो की कमी व धीमी गति के कारण इस प्रकार का कार्य बहुत समय लेता था।

अष्टसाहस्रिकाप्रज्ञापारमितासूत्र का प्रथम चीनी अनुवाद १७९–१८० ईस्वी मे और दूसरा अनुवाद २२५ ईस्वी म हुआ था। प्रोफसर नलिनाक्ष दत्त, प्रोफेसर एडवर्ड कॉंज आदि विद्वानो न इस सूत्र को प्रथम शती ईस्वीपूर्व का माना है। हमारा विश्वास है कि यह सूत्र ईस्वीपूर्व दूसरी शती का हो सकता है। **काश्यपपरिवर्त** का पहला चीनी अनुवाद १७८ व १८४ ईस्वी के मध्यकाल म सम्पन्न हो गया था। **सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र** का प्रथम चीनी अनुवाद २२५ ईस्वी म हुआ था जो अब अप्राप्य है, इसका दूसरा अनुवाद २८६ ईस्वी मे हुआ था। प्रोफसर विण्टरनित्स ने इस सूत्र के मूल रूप को प्रथम शती ईस्वी का स्वीकार किया है। **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** का पहला चीनी अनुवाद २२२ व २२९ ईस्वी के मध्यकाल म सम्पन्न हुआ था। परन्तु जैसा कि सुविदित है नागार्जुन के सूत्रसमुच्चय मे सद्धर्मपुण्डरीक तथा विमलकीर्तिनिर्देश दोनो के कुछ अश उद्धृत किये गये हैं।[1] अतएव यह निष्कर्ष तर्कसगत प्रतीत होता है कि **विमलकीर्तिनिर्देश** की रचना प्रथम शती ईस्वीपूर्व मे हुई होगी।

७. विमलकीर्तिनिर्देश और पालि त्रिपिटक

यद्यपि थेरवाद अथवा स्थविरवाद की दृष्टि से **विमलकीर्तिनिर्देश** में प्रतिपादित अनेक विचार क्रान्तिकारी हैं तथापि इस सूत्र की कुछ महत्त्वपूर्ण सामग्री पालि त्रिपिटक के ग्रन्थो में उपलब्ध विचारो एव आस्थाओ के साथ समानता रखती है। इस महायानसूत्र का मूल सस्कृत सस्करण सम्भवत सदा के लिये समाप्त हो गया है, इसलिये इसके भोटीय अनुवाद तथा उस पर आधारित सस्कृत पुनरुद्धार एवं हिन्दी व्याख्या की प्रामाणिकता की दृष्टि से मैंने अपने अनुवाद की पादटिप्पणियों में यथाशक्ति

---

1 Bunyiu Nanjio *A Catalogue of the Chinese Translation of the Buddhist Tripitaka* pp 27, 44, 47-48, Maurice Winternitz *History of Indian Literature* vol II, pp 303 and 314 Edward Conze, *Thirty Years of Buddhist Studies* London 1967, pp 168 169, Baron A v Stael Holstein (ed), *Kāśyapaparivarta* Introduction, p vii, Nalinaksha Dutt, *Aspects of Mahāyāna Buddhism* London 1930, p 323

यह प्रयत्न किया है कि पालि ग्र थो से सम्बद्ध अथवा तुलनीय सामग्री की सूचना दे दी जाय।

अनुवाद की पादटिप्पणियो को पढ़ने से ज्ञात होगा कि हमारे सूत्र का सकलनकर्ता व लेखक प्राचीन बौद्ध निकायो अथवा आगमो से सुपरिचित था। इन पादटिप्पणियो मे त्रिपिटकान्तगत चौदह पालि ग्र थो से पचहत्तर से अधिक तुलनीय उद्धरण व सूचनाए एकत्रित की गई हैं। लामौत महाशय ने अपने **विमलकीर्तिनिर्देश** के फ्रेंच अनुवाद की भूमिका मे पालि त्रिपिटक के पाच ग्र थो से बाईस तुलनीय स्थलो की सूची प्रस्तुत की है जिनकी पूण सूचना उनके ग्र थ की पादटिप्पणियो मे प्रकाशित हैं। लामात द्वारा एकत्रित स दभ विवरण त्रिपिटक के पालि टेक्स्ट सोसाइटी द्वारा प्रकाशित रोमन सस्करण मे द्रष्टव्य हैं। हमारे स दभ उल्लेख नाल दा नागरी सस्करण के पृष्ठो के अनुसार हैं। उनके काय से प्रेरणा लेकर हमने इस प्रकार की और अधिक तुलनीय सामग्री के सकलन का विशेष प्रयत्न किया है जिसका परिणाम नीचे की तालिका से स्पष्ट हो जाता है। पालि ग्र थो के उल्लेखो की पूण सूचना तथा उल्लेख का विषय सक्षप मे दिखाया गया है। **विमलकीर्तिनिर्देश** मे तुलनीय स दभ ढूढने के लिये परिवत की सख्या तथा पादटिप्पणी की क्रम सख्या भी साथ दे दी गई हैं।

पालि ग्रन्थ विषय	विमलकीर्तिनिर्देश
१ दीघनिकाय	
खण्ड १ पृ० १२ खण्ड २ पृ ३०—धम की गम्भीरता	=परिवत १२ टिप्पणी १०।
खण्ड १ ब्रह्मजालसुत्त—६२ दृष्टियाँ	=परिवत ४ टिप्पणी ४।
खण्ड १ पृ० ४५—५१—छ तीर्थिक आचाय	=परिवत ३ टिप्पणी २०।
खण्ड १ पृ० ६३—पाँच नीवरण	=परिवत ७ टिप्पणी ८।
खण्ड १ पृ० ६८—६९—ऋद्धिविधियाँ	=परिवत ३ टिप्पणी ७२।
खण्ड १ पृ० १०९—१२७—धमयज्ञ	=परिवत ३ टिप्पणी ८२।
खण्ड १ पृ० १८७—स तुषित देवपुत्र	=परिवत ३ टिप्पणी ५१।
खण्ड २ पृ० ४—पूवप्रादुभूत बुद्ध	=परिवत १२ टिप्पणी १७।
खण्ड २ पृ० ८०—आचायमुष्टि का अभाव	=परिवत ६ टिप्पणी ७।
खण्ड २ पृ० ८१—आन द के लिये गम्भीर बुद्धवचन समझना कठिन	=परिवत १० टिप्पणी ८ ब।
खण्ड २ पृ० ९५—शील, समाधि, प्रज्ञा, विमुक्ति	=परिवत २ टिप्पणी १०।

खण्ड २ पृ० १०९–स्त्रियो के प्रति दृष्टिकोण = परिवत ६ टिप्पणी २२ ।
खण्ड २ पृ० १२०–सस्कार अनित्य हैं = परिवत १ टिप्पणी २७ ।
खण्ड २ पृ० २१७–एकायन माग = परिवत ३ टिप्पणी १६ ।
खण्ड ३ पृ० ६०–मत्रेय भावी बुद्ध = परिवत ३ टिप्पणी ५२ ।
खण्ड पृ० १२६–सप्तविध धमधन = परिवत ७ टिप्पणी १७ ।
खण्ड ३ पृ० १९४–१९५–विज्ञान की सात स्थितियाँ = परिवत ७ टिप्पणी ९ ।
खण्ड ३ पृ० २०२–आठ प्रकार के विमोक्ष = परिवत ३ टिप्पणी ११ ।
खण्ड ३ पृ० २०३–नौ प्रकार की आघात वस्तुएँ = परिवर्त ७ टिप्पणी ११ ।

२ मज्झिमनिकाय

खण्ड १ पृ० ७–निर्वाण की अकथनीयता = परिवत ५ टिप्पणी ४ ।
खण्ड १ पृ० ३०–३१–तीन विद्याएँ = परिवत टिप्पणी ७० ।
खण्ड १ पृ० ११९–पाँच कामगुण = परिवर्त ७ टिप्पणी १४ ।
खण्ड ५ पृ० २४१–धर्म और प्रतीत्यसमुत्पाद समानार्थक = परिवर्त १२ टिप्पणी १३ ।
खण्ड २ पृ० १८१–१८२–तथागत विज्ञानमुक्त हैं = परिवत ११ टिप्पणी १ ।

३ संयुत्तनिकाय

खण्ड १ पृ० ३७–चित्त की महत्ता = परिवर्त ३ टिप्पणी ३६ ।
खण्ड २ पृ० १५९–अखण्ड श्रद्धा = परिवर्त ३ टिप्पणी ७३ ।
खण्ड २ पृ० २६२–राग, द्वेष, मोह का क्षय निर्वाण = परिवर्त ६ टिप्पणी १६ ।
खण्ड २ पृ० ३४०–३४१–बुद्ध एव धर्म की एकता = परिवत ३ टिप्पणी ३६ ।
खण्ड २ पृ० ३६०–शरीर फेनपिण्ड के समान है = परिवर्त २ टिप्पणी ६ ।
खण्ड ३ पृ० १५६–१५९–आसीविसोपमसुत्त स्कन्धक्षय = परिवर्त २ टिप्पणी ९ ।

४ अंगुत्तरनिकाय

खण्ड १ पृ० १०–आगन्तुक मलों से चित्त क्लिष्ट = परिवर्त ३ टिप्पणी ३६ ।
खण्ड १ पृ० २३–दिव्यचक्षुवन्तों में अनिरुद्ध श्रेष्ठ = परिवर्त ३ टिप्पणी ३५ ।
खण्ड १ पृ० २३–प्रज्ञावन्तो में शारिपुत्र श्रेष्ठ = परिवर्त ६ टिप्पणी १३ ।
खण्ड १ पृ० २६–दायकों मे अनाथपिण्डद श्रेष्ठ = परिवर्त ३ टिप्पणी ८१ ।
खण्ड १ पृ० २७–२८–असम्भव बातें = परिवर्त ४ टिप्पणी ८ ।
खण्ड १ पृ० २९–स्त्रियों के प्रति दृष्टिकोण = परिवत ६ टिप्पणी २२ ।

खण्ड १ पृ० ६० अशैक्ष भी समादरणीय = परिवत ११ टिप्पणी ४ ।
खण्ड १ पृ० ५७ ५८ नेयाथ नीतार्थ = परिवत १२ टिप्पणी १५ ।
खण्ड १ पृ० ६८ सूत्रो की गम्भीरता शून्यता विषयक सूत्र = परिवत १२ टिप्पणी ९ ।
खण्ड १ पृ० १२५ १२६–श्रावकयानी सडे बीज की तरह = परिवत ५ टिप्पणी १० ।
खण्ड १ पृ० १५१–१५२–तीन बौद्ध विद्याए (तीन वेद) = परिवत ३ टिप्पणी ७० ।
खण्ड २ पृ० ४१–बुद्ध पुण्डरीक के समान हैं = परिवत १ टिप्पणी १८ ।
खण्ड २ पृ० ५४–५५–विपरियास (विपर्यास) = परिवत ७ टिप्पणी ७ ।
खण्ड २ पृ० ५४–ऋषि (बुद्ध) की ध्वजा धम है = परिवत ७ टिप्पणी १८ ।
खण्ड २ पृ० ७५–धम और बुद्ध की एकता = परिवत ११ टिप्पणी १ ।
खण्ड २ पृ० ८४–बुद्ध अचिन्तनीय है = परिवत १० टिप्पणी ९ ।
खण्ड २ पृ० २७४–धम की शरण अन्य की शरण नही = परिवत ५ टिप्पणी १ ।
खण्ड ३ पृ० १८४–विज्ञान की सात स्थितियाँ = परिवत ७ टिप्पणी ९ ।
खण्ड ४ पृ० ३२–शरीर अपवित्र एवं नश्वर है = परिवत २ टिप्पणी ७ ।

५ धम्मपद

गाथा ५०–दूसरे के दोष नही, अपने कृताकृत देखो = परिवत ९ टिप्पणी ११ ।
गाथा ९० निर्वाण (तथागत) सर्वग्रन्थिप्रहीण है = परिवत ११ टिप्पणी ११ ।
गाथा १४२–अलकृत होने पर भी यथार्थ भिक्षु = परिवत २ टिप्पणी ३ ।
गाथा १४८–शरीर अशुभ एव मरणधर्मा है = परिवत २ टिप्पणी ५ ।
गाथा १८३–अपुण्य व पुण्य कार्यों के भेद = परिवत ८ टिप्पणी १५ ।
गाथा २००–प्रीतिभक्षण = परिवत २ टिप्पणी २ ।
गाथा २०४ विश्वास (श्रद्धा) का महत्त्व = परिवत ३ टिप्पणी ७३ ।
गाथा २०७–मूख व पापी मित्रो का साथ वजन = परिवत ३ टिप्पणी ८० ।
गाथा २७७–२७९–अनित्य, दुःख व अनात्म = परिवत ३ टिप्पणी ३२ तथा परिवत १० टिप्पणी १७ ।
गाथा ३५४–धर्मदान, धमयज्ञ की श्रेष्ठता = परिवत ३ टिप्पणी ८२ ।
गाथा ३५४–धमदान, धर्मपूजा की श्रेष्ठता = परिवर्त १२ टिप्पणी ७ ।
गाथा ३६१–काय, वाक, चित का सवर = परिवत ८ टिप्पणी १४ ।

६ सुत्तनिपात

गाथा १४९–सभी प्राणियो के प्रति असीम मैत्री = परिवर्त ६ टिप्पणी ४ ।

गाथा ८८४ सत्य एक ही है, दूसरा नहीं, अद्वय = परिवर्त १० टिप्पणी ८( )।

गाथा १०७६–निर्वाण प्राप्त करने वाले के विषय में अभिलाप नहीं हो सकता = परिवर्त ६ टिप्पणी १४।

७ उदान

८ २ ६–(खुद्दकनिकाय खण्ड १ पृ० १६२)–तथागत (निर्वाण) असंस्कृत, अजात, अभूत, अकृत है = परिवर्त ११ टिप्पणी १५।

८ मङ्गलसुत्त

गाथा २–मूर्खों का साथ न करना मङ्गल है = परिवर्त ३ टिप्पणी ८०।

९ खुद्दकपाठ

शिक्षापद ८–माला गन्ध आदि वर्जन = परिवर्त ६ टिप्पणी ११।

१० महावग्ग

पृ० ६–धर्म गम्भीर तथा तर्क से परे = परिवर्त ३ टिप्पणी ६।
परिवर्त ३ टिप्पणी ५८
परिवर्त १२ टिप्पणी १०।

पृ० १५–धर्मचक्षु उत्पन्न हुआ = परिवर्त ५ टिप्पणी ७।

पृ० २३–धर्म सबके हित के लिये है = परिवर्त ६ टिप्पणी ७।

११ महानिद्देस

पृ० २७१–सद्धर्म पूजा का वर्णन = परिवर्त १२ टिप्पणी ८।

१२ थेरगाथा

गाथा ३६३–सदोष एवं सड़ा हुआ बीज नहीं उगता = परिवर्त ५ टिप्पणी १०(ब)।

गाथा ४६९–बुद्ध रूप एवं घोष में नहीं है = परिवर्त ११ टिप्पणी १ (ब)।

गाथा १०१४–शारिपुत्र प्रज्ञावन्तों में अग्रणी = परिवर्त ६ टिप्पणी १३(ब)।

१३. चुल्लवग्ग

पृ० ४०९–आनन्द को सूत्रपिटक कण्ठस्थ = परिवर्त १० टिप्पणी १०।

१४ अपदान(बुद्ध अपदान)

गाथा ८२–बुद्ध अचिन्तनीय है = परिवर्त १० टिप्पणी ९।

इन त्रिपिटकान्तर्गत पालि ग्रन्थों के अतिरिक्त हमारी टिप्पणियों में मिलिन्दप्रश्न, महावंश तथा विशुद्धिमार्ग से भी यत्र-तत्र कुछ सूचनाएं समाविष्ट हैं। पालि निकायों में परिश्रमपूर्वक गवेषणा करने पर और भी अधिक ऐसी सामग्री मिल सकती है जिसका

समथन अथवा खण्डन **विमलकीर्तिनिर्देश** में हुआ है। ऊपर के पृष्ठो मे यह कहा जा चुका है कि सूत्र के तीसरे परिवत में जिन दस महाश्रावको के साथ विमलकीर्ति का समय समय पर सम्वाद हुआ था वे पालि त्रिपिटक तथा त्रिपिटकेतर साहित्य से सुविदित हैं।

चित्त गहपति विमलकीर्ति का पूर्वगामी ?

भिक्षु प्रासादिक जी ने यह मत व्यक्त किया है कि विमलकीर्ति के बहुत से तथा कथित 'असाधारण एव अचानक' रूप से कहे गये उपदश 'नवीन शीशी में पुरानी सुरा की तरह' हैं। श्री पोतीना ता त **विमलकीर्तिनिर्देश** के अपने थाई भाषानुवाद की भूमिका में तथा श्री प्रासादिक जी ने[1] अपने एक लेख म यह सुझाव रखा है कि पालि त्रिपिटक के कुछ ग्र थो से सुविदित चित्त नामक एक उपासक बौद्ध गृहपति को विमलकीर्ति का पूवगामी कहा जा सकता है।

अगुत्तरनिकाय (खण्ड १ पृ० २६) में कहा गया है कि मच्छिकासण्ड का रहने वाला चित्त गहपति (चित्र गृहपति) उपासक धर्मोपदेशको में प्रमुख था। इसी आगम में दूसरे स्थान पर कहा गया है कि श्रद्धालु उपासक श्रावको को चित्र गृहपति की तरह का श्रेष्ठ उपासक होना चाहिये (वही पृ० ८१)। **चुल्लवग्ग** (पृ० ३२ ३५) में भी इस महान उपासक का वणन हुआ है। सुधम नामक एक भिक्षु चित्र के साथ जब ईर्ष्या की भावना करने लगा था और क्रोध करने लगा था तो सघ ने सुधम को दोषी घोषित किया था और उसको चित्र गृहपति से क्षमायाचना करनी पडी थी।

संयुत्तनिकाय (खण्ड ३ पृ० २५२ २७०) में **चित्तसयुत्त** के अ तगत चित्र गृहपति के दस उपदेश सकलित है। इन लघु सूत्रो में यह उपासक बौद्धाचाय धम के गम्भीर पहलुओ पर कुशलता के साथ चर्चा करता है। कुछ स्थविर उसके प्रश्नो का उत्तर नही दे पाते, निग्र न्थ श्रमण भगवान महावीर उसके प्रश्नो का उत्तर सुनकर चिढ़ जाते हैं, कस्सप (काश्यप) नामक एक श्रमण तीस वष तक नग्न परिव्राजक रहने के

1 *Wi ma la gear ti nittesa sut* translated into Thai by S Potinanta, Bangkok, 1963, Introduction, Bhikkhu Pasadika, "Some Notes on the *Vimalaki timirdesa sutra* in *Jagajjyoti A Buddha Jayanti Annual*, Calcutta, 1972, pp 23–26

पश्चात् चित्र का उपदेश सुनकर बौद्ध भिक्षु हो जाता है। भिक्षु ऋषिदत्त (इसिदत्त) व चित्र गृहपति के बीच हुआ सम्वाद पर्याप्त गम्भीर प्रश्नो पर केन्द्रित था। चित्र भी अपनी मृत्यु से पहले देवताओ और अपने मित्रो बान्धवो को धर्मोपदेश करता है। अट्ठकथाओ से ज्ञात होता है कि उपासक चित्र गृहपति श्रावस्ती के निकट मच्छिकासण्ड नामक ग्राम का एक धार्मिक, दानशील एव धनी व्यक्ति था[1]। वह तथागत शाक्यमुनि का समकालीन था।

८. विमलकीर्तिनिर्देश और बौद्ध संस्कृत साहित्य

विमलकीर्तिनिर्देश की विषय वस्तु का सस्कृत म लिखे गये बौद्ध धार्मिक साहित्य के साथ गहरा सम्बन्ध है। बौद्ध सस्कृत साहित्य के अन्तर्गत सस्कृत त्रिपिटक, महायानसूत्र, महायानशास्त्र, बौद्ध स्तोत्र ग्रथ, महासाघिक विनय ग्रन्थ, सर्वास्तिवाद सम्प्रदाय के शास्त्र, तथा बौद्ध तन्त्र ग्रन्थ सम्मिलित हैं। अनुवाद की पाद टिप्पणियो मे हमने साम्प्रदायिकता का अतिक्रमण करके बौद्ध परिवार की विविध परम्पराओ के ग्रन्थो से यत्र तत्र तुलनीय अथवा प्रसगानुकूल ध्यान देने योग्य वाक्यांशों की सूचना प्रस्तुत की है। नागार्जुन, सारमति, चन्द्रकीर्ति, शान्तिदेव, तथा कमलशील द्वारा रचित बौद्ध शास्त्रो मे **विमलकीर्तिनिर्देश** के अनेक अंश उद्धृत हैं। इस तथ्य का सक्षिप्त उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। इनके अतिरिक्त अन्य बहुत से सूत्रो एव शास्त्रों मे उपलब्ध सम्बद्ध विचारों व कथनो की सूचना भी पादटिप्पणियो मे बिखरी हुई है। यहाँ पर इन तुलनीय एव सम्बन्धित बातो का **विमलकीर्तिनिर्देश** के विभिन्न परिवर्तों मे आये हुये वाक्यो की टिप्पणियो के साथ तालमेल दिखाने का विशेष प्रयत्न किया गया है जिससे इस सूत्र के समन्वित अध्ययन में कुछ सरलता और सहायता होगी। चूंकि अभी अप्रकाशित अवस्था में यह तालिका बनाई जा रही है, पृष्ठों की सख्या न देकर हिन्दी अनुवाद के प्रत्येक परिवर्त की पादटिप्पणियो की क्रमसख्या दी गई है। इस विधि से **विमलकीर्तिनिर्देश** के सस्कृत एव हिन्दी अनुवादो में वे स्थल आसानी से ढूंढे जा सकेंगे जिनसे तुलनीय अश अन्य शास्त्रों मे नीचे दी गई तालिका में विस्तृत सूचना के साथ दिये गये हैं।

---

1 For some more details about Citra Gṛhapati (Citta Gahapati) see G P Malalasekera, *Dictionary of Pali Proper Names*, London 1960 (reprint) pp 865 866.

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
परिवर्त १		
टिप्पणी ४-५	लक्षण और अनुव्यंजन-	१ अर्थविनिश्चयसूत्र, २६-२७
		२ धर्मसंग्रह, ८३-८४
टिप्पणी ६	बोधिसत्त्व के दस बल-	धर्मसंग्रह, ७५
टिप्पणी ७	चार वशारद्य-	१ धर्मसंग्रह, ७७
		२ अर्थविनिश्चय, २३
टिप्पणी ८	अठारह आवेणिक धर्म-	१ अर्थविनिश्चय, २५
		२ धर्मसंग्रह, ७९
टिप्पणी ९	पाँच (अथवा छ गतियाँ)-	धर्मसंग्रह, ५७
टिप्पणी ११ श्लोक ७	अस्ति नास्ति का निषध-	१ समाधिराजसूत्र, ९ २७
		२ मूलमध्यमककारिका, १५ १० ११
		३ कात्यायनाववादसूत्र- प्रसन्नपदा, पृ० ११८
		४ रत्नावली, १ ६२
टिप्पणी १२ श्लोक १२	त्रिविधधर्मचक्र प्रवतन-	सेकोद्देशटीका, पृ० ३-४
टिप्पणी १३	बुद्ध वद्यराज के रूप मे-	१ ललितविस्तर, १ १-५
		२ बुद्धचरित, १३-६१
टिप्पणी १४	बुद्ध का समताचित्त-	१ शतपञ्चाशत्कस्तोत्र, ४७
टिप्पणी १५	बुद्ध के दस बल-	१ धर्मसंग्रह, ७६
		२ अर्थविनिश्चयसूत्र, २२
टिप्पणी २१	दान की महिमा-	रत्नमेघसूत्र शिक्षासमुच्चय, पृ० २२
टिप्पणी २२	दस कुशलकर्मपथ- द्र० दस अकुशलकमपथो की सूची-	धर्मसंग्रह, ५६
टिप्पणी २४	चार सग्रह वस्तुए-	धर्मसंग्रह, १९
टिप्पणी २५	सतीस बोधिपाक्षिक धम-	१ धर्मसंग्रह, ४३-५०
		२ अर्थविनिश्चय, १३-१९

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
टिप्पणी २६	आठ अक्षण–	१ गण्डव्यूहसूत्र, पृ० ६०
		२ धर्मसंग्रह, १३४
		३ शिक्षासमुच्चय, पृ० ८
		४ बोधिचर्यावतार पञ्जिका, पृ० ४-५
टिप्पणी २७	संस्कारों की अनित्यता–	संस्कृत महापरिनिर्वाणसूत्र, पृ० ३६८
टिप्पणी २८	धर्मों की सत्ताहीनता–	वज्रमण्डाधारणी प्रसन्नपदा, पृ० १७

परिवर्त २

टिप्पणी १	धारणियाँ	१ धर्मसंग्रह, ५२
		२ महाव्युत्पत्ति, ७४७–७५८
टिप्पणी ६	पाँच स्कन्धों का मिथ्यात्व–	प्रसन्नपदा, पृ० १३ (सूत्रवचन)
टिप्पणी ७	शरीर की नश्वरता–	महावस्तु, खण्ड २ पृ० ४६६
टिप्पणी)	चार सौ चार व्याधियाँ–	बोधिचर्यावतार पञ्जिका, २ /५
टिप्पणी ६	स्कन्ध धातु आयतन का स्वरूप–	प्रथमभावनाक्रम, पृ० २२२
टिप्पणी १०	तथागतकाय के कारणभूत तत्त्व– (धर्मकाय बुद्ध)	१ रत्नकूट प्रसन्नपदा, पृ० १६
		२ धर्मसंग्रह, २३
		३ महाव्युत्पत्ति, १०४–१०८
		४ वज्रच्छेदिका, अध्याय २६
		५ समाधिराजसूत्र, २२ २२, २४ ७ १०
		६ अष्टसाहस्रिका, पृ० ४८
		७ सुवर्णप्रभाससूत्र, पृ० ६
टिप्पणी ११	तथागतकाय असंख्यपुण्यज है–	तृतीयभावनाक्रम, पृ० १३

परिवर्त ३

टिप्पणी ५	धर्मों की नैरात्म्यता–	वज्रच्छेदिका, पृ० ३८
टिप्पणी ६	निर्वाणधर्म अनभिलाप्य है–	१ ललितविस्तर, पृ० २८६
		२ प्रसन्नपदा, पृ० २१७
		३ वज्रच्छेदिका, पृ० ३१
		४ बोधिचर्यावतार पंजिका, पृ० १७५

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध सस्कृत सूत्र एव शास्त्र
टिप्पणी ७	धम की यथाथ स्थिति–	पचविंशतिसाहस्रिका, पृ० १६८
टिप्पणी ८	धमता अचल है–	१ अष्टसाहस्रिका, पृ० २५३ २ अष्टादशसाहस्रिका, पृ० १०६–१०७
टिप्पणी ९	धम देशना व श्रवण से परे है–	वज्रच्छेदिका, पृ० ४०
टिप्पणी १०	पिण्डदान व पिण्डग्रहण की शून्यता–	१ वज्रच्छेदिका, पृ० ४३ २ बोधिचर्यावतार, पृ० ९ १६८ ३ पंचविंशतिसाहस्रिका, पृ० १८

परिवर्त ३

टिप्पणी ११	आठ विमोक्ष–	१ पचविंशतिसाहस्रिका, पृ० १६६–१६७ २ धर्मसग्रह, ५९ ३ महाव्युत्पत्ति, १५११–१५१८
टिप्पणी १२	बुद्ध ससार व निर्वाण से परे हैं–	१ धर्मसंगीतिसूत्र–शिक्षासमुच्चय, पृ० ७१ २ मूलमध्यमककारिका, २५ २० ३ प्रसन्नपदा, पृ० २२८
टिप्पणी १४	बुद्ध की तथता सवधमतथता है–	अष्टसाहस्रिका, पृ० २५३
टिप्पणी १६	एकायन अथवा एकयान–	सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० २८, ३१
टिप्पणी १७	विद्या एव मुक्ति–	१ सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० ९१ २ प्रमाणवार्त्तिक, १ २५३ ३ चतु शतक, १२ २३
टिप्पणी १८	पाँच जघ य अपराध–	धर्मसग्रह, ६०
टिप्पणी २३	विविध मार–	धर्मसग्रह, ८०
टिप्पणी २४	छ क्लेश–	धर्मसंग्रह, ६७
टिप्पणी २६	धम माया के समान है–	अष्टसाहस्रिका, पृ० २०

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
टिप्पणी २७	अक्षर एवं अनक्षर अभिन्न हैं–	१ सत्यद्वयावतारसूत्र–प्रसन्नपदा, पृ० १५६
		२ शिक्षासमुच्चय, पृ० १३७ (सूत्रवचन)
		३ वज्रच्छेदिका, पृ० ३२
टिप्पणी ३१	अववादकसूत्र (?)	१ मूलमध्यमककारिका, १५ ७
		२ प्रसन्नपदा, पृ० ११७–११८
टिप्पणी ३२	चार महावाक्य–	धर्मसंग्रह, ५५
टिप्पणी ३३	अनित्यता उत्पत्ति–च्युति रहित है–	मूलमध्यमककारिका, १८ ७
टिप्पणी ३४	शान्ति का अर्थ–	तथागतगुह्यसूत्र–प्रसन्नपदा, पृ० १५४

परिवर्त ३

टिप्पणी ३६	चित्तक्लेश एवं चित्तशुद्धि–	रत्नगोत्रविभागशास्त्र, पृ० ६७
	चित्त की प्रभास्वरता–	पंचविंशतिसाहस्रिका, पृ० १२१–१२२
टिप्पणी ३७	चित्त शून्यतालक्षण है–	बोधिचर्यावतार–पंजिका, पृ० १८८
टिप्पणी ३८	विपर्यास संकल्प की उपज है–	मूलमध्यमककारिका, २३ १
टिप्पणी ३९	धर्मों की सत्ता स्वप्नवत है–	१ वज्रच्छेदिका, अन्तिम श्लोक
		२ लंकावतारसूत्र, २ १६४
		३ प्रसन्नपदा, पृ० १३, २४०
		४ बोधिचर्यावतार, ९ १५०–१५४
टिप्पणी ४६	मनुष्य जीवन की दुर्लभता व बुद्धोत्पाद की दुर्लभता	१ ललितविस्तर, पृ० ७४
		२ गण्डव्यूहसूत्र, पृ० ९०
		३ सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० २७
		४ बोधिचर्यावतार पंजिका, पृ० ४ ५
		५ शिक्षासमुच्चय, पृ० ५
		६ सूत्रसमुच्चय, प्रथम परिवर्त

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
टिप्पणी ४७	धर्मकाय बुद्ध–	१ अष्टसाहस्रिका, पृ० ४८, २५३
		२ समाधिराजसूत्र, २२ २२
		३ सुवर्णप्रभाससूत्र, पृ० ९
		४ वज्रच्छेदिका, पृ० ४१ अध्याय २६
		५ मूलमध्यमककारिका, २२ १५
		६ दृढाध्याशयपरिवर्त–रत्नगोत्रविभाग, पृ० २
		७ अनूनत्वापूर्णत्वनिर्देश–रत्नगोत्रविभाग, पृ० ३
टिप्पणी ४८	पाँच कषाय–	धर्मसंग्रह ९१
टिप्पणी ४९	बुद्ध का लोकानुवर्तन–	१ सुवर्णप्रभास १ ३०–३१
		२ महावस्तु, खण्ड १, पृ० १२९
		३ सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० २८, १९०–१९१
टिप्पणी ५२	मैत्रेय भावी बुद्ध–	सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० १८४
टिप्पणी ५३	समय विषयक धारणा मिथ्या–	१ मूलमध्यमककारिका, कालपरीक्षा
		२ तत्त्वसंग्रहकारिका, १७८५–१८५५
टिप्पणी ५५	तथता न उत्पाद है न निरोध है–	१ अष्टसाहस्रिका, पृ० २५३
		२ लंकावतारसूत्र, १० १७४
टिप्पणी ५६	धर्मों की अनुत्पादता, अजातिवाद–	१ रत्नमेघसूत्र–प्रसन्नपदा, पृ० ९८
		२ वैपुल्यसूत्र–अभिधर्मसमुच्चय, पृ० ८४
		३ बोधिचर्यावतार, ९ १५१
		४ मूलमध्यमककारिका, प्रकरण २१
		५ प्रसन्नपदा, पृ० १८६
टिप्पणी ५७	बोधि की परमार्थता–	१ पञ्चविंशतिसाहस्रिका, पृ० १९८
		२ बोधिचर्यावतार पंजिका, पृ० १७१

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
टिप्पणी ५८	धर्म की सूक्ष्मता—	ललितविस्तर, पृ० २८६
टिप्पणी ६५	द्वादशांग प्रतीत्यसमुत्पाद—	१ अर्थविनिश्चय, ५
		२ शालिस्तम्बसूत्र, पृ० १००
		३ प्रतीत्यसमुत्पादविभंगनिर्देश, पृ० ११७
		४ मध्यमकशालिस्तम्बसूत्र, १०८–११६
टिप्पणी ७१	पारमिताएँ—	१ धर्मसंग्रह, १७–१८
		२ महाव्युत्पत्ति, ६१४–९२०
टिप्पणी ७२	सिद्धियाँ—	गुह्यसमाजतन्त्र, १८ १२७–१३६
टिप्पणी ७३	श्रद्धा का महत्त्व—	१ दशधर्मसूत्र शिक्षासमुच्चय, पृ० ६
		२ सूत्रसमुच्चय, प्रथम परिवर्त
		३ शिक्षासमुच्चयकारिका, २
टिप्पणी ७५, ७६, ७७	स्कन्ध, धातु, आयतन—	१ अर्थविनिश्चय, २, ३, ४
		२ धर्मसंग्रह, २२, २४, २५
टिप्पणी ७८	महापुरुष लक्षण–अनुव्यंजन—	१ धर्मसंग्रह, ८३–८४
		२ अर्थविनिश्चय, २६–२७
टिप्पणी ८३	सभी प्राणियों की सेवा—	बोधिचर्यावतार, ३ १८

परिवर्त ४

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
टिप्पणी २	तथागत गमनागमनरहित है—	१ अष्टसाहस्रिका, पृ० २५३
		२ मूलमध्यमककारिका, प्रकरण २, २२
टिप्पणी ३–४	शून्यता, निर्विकल्पता एवं दृष्टि—	१ अष्टसाहस्रिका, पृ० १७७
		२ मूलमध्यमककारिका, १३ ८
टिप्पणी ७	धर्मों की अनित्यता—	महापरिनिर्वाणसूत्र, पृ० ३९८
टिप्पणी ९	प्रज्ञा एवं उपाय दोनों आवश्यक—	१ प्रथमभावनाक्रम, पृ० १९४
		२ तृतीयभावनाक्रम, पृ० २२, २०
		३ अद्वयवज्रसंग्रह, पृ० २

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
परिवर्त ५		
टिप्पणी २	धर्म अनक्षर एवं अप्रपंच है–	१ मूलमध्यमककारिका, २५ २४ २ प्रसन्नपदा, पृ० २३६ (बुद्धवचन)
टिप्पणी ३	सत्यचतुष्टय का रहस्य–	अध्यायितमुष्टिसूत्र प्रसन्नपदा, पृ० २२५
टिप्पणी ४	धर्म की अग्राह्यता–	वज्रच्छेदिका, पृ० ३१, ३६
टिप्पणी ५	धर्म न देशना का विषय है न श्रवण का–	१ प्रसन्नपदा, पृ० ११५ (भगवद्वचन) २ बोधिचर्यावतार पंजिका, पृ० १७७
टिप्पणी ६	धर्म न संस्कृत है न असंस्कृत–	बोधिचर्यावतार पंजिका, पृ० १७५
टिप्पणी ८	बोधिसत्त्व का अतितनीय विमोक्ष–	गण्डव्यूहसूत्र, पृ० ८२–८६
परिवर्त ६		
टिप्पणी १	सभी प्राणी फेनपिण्डवत् हैं–	१ प्रसन्नपदा, पृ० १३, २४० (भगवद्वचन) २ ललितविस्तर, १३ ९७–९८ ३ बोधिचर्यावतार, ९ १५०–१५४
टिप्पणी ५	अर्हत का अर्थ–	१ आलोकव्याख्या, पृ० २७३ २ लङ्कावतारसूत्र, पृ० ४९
टिप्पणी ६	स्वयम्भू–	१ सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, १ ६७ २ ललितविस्तर, पृ० ३०७
टिप्पणी ७	बुद्ध एवं बोधिसत्त्व आचार्यमुष्टिरहित हैं–	१ ललितविस्तर, पृ० १३० २ काश्यपपरिवर्त, पृ० २ ३ बोधिसत्त्वभूमि, पृ० २८
टिप्पणी ८	बोधिसत्त्व की चर्या–	शिक्षासमुच्चय, पृ० ८०–८१ (विमलकीर्तिनिर्देश)
टिप्पणी ९	राग का मूल–	मूलमध्यमककारिका, १८ ५

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
टिप्पणी १०	अभूतपरिकल्प और अप्रतिष्ठान का मूल-	शिक्षासमुच्चय, पृ० १४० (विमलकीर्तिनिर्देश)
टिप्पणी १२	निर्विकल्प-	१ अष्टसाहस्रिका, पृ० १७७ २ तथागतगुह्यसूत्र प्रसन्नपदा, पृ० २३६ ३ वज्रच्छेदिका, पृ० ३५
टिप्पणी १५	विमोक्ष धर्मों की समता है-	सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० ९१
टिप्पणी १७	यानत्रय-	१ सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० २७ २ प्रज्ञापारमितास्तुति, १६
टिप्पणी १८	वस्तुत एक ही यान है-	१ सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, २ ५४-५५ २ लंकावतारसूत्र, २ २०१-२०३ ३ शिक्षासमुच्चय, पृ० ५६
टिप्पणी १९	आश्चर्यमय गुण-	शिक्षासमुच्चय, पृ० १४३ (विमलकीर्तिनिर्देश)
टिप्पणी २०	चार अक्षयनिधियाँ-	१ दिव्यावदान, पृ० ३७ २ महावस्तु, खण्ड ३, पृ० ३८३
टिप्पणी २१	तथागतगुह्यसूत्र अथवा तथागतगुह्यधर्ममुखप्रवेश	१ प्रसन्नपदा, पृ० १५३-१५४, २३६ २ शिक्षासमुच्चय, पृ० ८, ७१, ८९, १३०, १४६, १६८, १९१ ३ बोधिचर्यावतार पंजिका, पृ० ६३, २३१
टिप्पणी २२	स्त्री का इन्द्रिय परिवर्तन-	सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० १६१
टिप्पणी २३	सभी धर्म प्रपञ्चरहित हैं-	महायानकरतलरत्नशास्त्र, पृ० ९९
टिप्पणी २४	धर्मों की धर्मता उत्पत्ति-च्युतिरहित है-	१ प्रसन्नपदा, पृ० १८६ (भगवद्वचन) २ मूलमध्यमककारिका, १८ ७
टिप्पणी २५	अभिसंबोधि का स्वरूप-	वज्रच्छेदिका, पृ० ३१-३२

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
परिवर्त ७		
टिप्पणी १	धूतगुण–	१ धर्मसंग्रह, ६३
		२ महाव्युत्पत्ति, ११२८–११३९
टिप्पणी ६	महाबली नारायण	१ ललितविस्तर, ७ ६१, ६६
		२ महाव्युत्पत्ति, ८२१४
टिप्पणी ७	चतुर्विध विपर्यास–	शिक्षासमुच्चय, पृ० १०९
टिप्पणी १३	सुमेरुसमान सत्कायदृष्टि–	१ शिक्षासमुच्चय, पृ० ७ (विमलकीर्तिनिर्देश)
		२ रत्नकूटसूत्र प्रसन्नपदा, पृ० १०८
टिप्पणी १५	प्रज्ञापारमिता बुद्धो व बोधिसत्वो की मा है–	प्रज्ञापारमितास्तुति, ६–७
टिप्पणी १६	छै पारमिताए–	१ बोधिसत्त्वभूमि, पटल ९–१४
		२ बोधिचर्यावतार, परिच्छेद १–९
टिप्पणी १९	बोधिसत्वो की जीवनचर्या–	शिक्षासमुच्चय, पृ० १७२–१७४ (विमलकीर्तिनिर्देश)
टिप्पणी २०	बोधिसत्त्व सब प्राणियो के दास–	बोधिचर्यावतार, ३ १८
परिवर्त ८		
टिप्पणी ३	सास्रव व अनास्रव का भेद द्वय है–	तुल० अभिधर्मकोश, १ ४
टिप्पणी ४	आकाश की तरह निर्लिप्त–	१ प्रज्ञापारमितास्तुति, २
		२ गुह्यसमाजतन्त्र, २ ६–७
टिप्पणी ५	ससार व निर्वाण का भेद द्वय है–	१ मूलमध्यमककारिका, २५ १९–२०
		२ हेवज्रतन्त्र, खण्ड २, पृ० ३८
टिप्पणी ६	आत्मवाद व अनात्मवाद द्वयग्रस्त है–	१ मूलमध्यमककारिका, १८ ६
		२ रत्नावली, २ ३
टिप्पणी ७	विद्या व अविद्या का भेद द्वय है–	१ हेवज्रतन्त्र, खण्ड २, पृ० २८
		२ मूलमध्यमककारिका, प्रकरण ४

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
टिप्पणी ११	दान ही बोधि है–	रत्नमेघसूत्र शिक्षासमुच्चय, पृ० २२
टिप्पणी १२	बुद्ध धर्म व संघ अभिन्न है–	१ वज्रच्छेदिका, अध्याय २६
		२ प्रज्ञापारमितापिण्डार्थ, १
		३ आलोकव्याख्या, पृ० २८२
		४ शालिस्तम्बसूत्र, १
टिप्पणी १३	अद्वय न उत्पन्न होता है न नष्ट	१ मूलमध्यमककारिका, मंगलश्लोक
		२ चतुःशतक, १२ १३
परिवर्त ८		
टिप्पणी १७	अद्वय में न बंधन है न मोक्ष–	मूलमध्यमककारिका, १६ ५, १०
टिप्पणी १८	अद्वय न सत्य है न मृषा–	वज्रच्छेदिका, पृ० २६
टिप्पणी १९	अद्वयज्ञान वस्तुतः शून्यता है–	महायानविंशिका, १
टिप्पणी २०	अद्वय प्रपञ्चातीत है–	१ अष्टसाहस्रिका, पृ० २१
		२ मूलमध्यमककारिका, २५ २४
टिप्पणी २१	विमलकीर्ति का मौन होना– (अद्वय की मौन व्याख्या)	१ प्रसन्नपदा, पृ० १९
		२ तथागतगुह्यसूत्र प्रसन्नपदा, पृ० २३६
		३ पितापुत्रसमागमसूत्र बोधिचर्यावतार पंजिका, पृ० १७७
परिवर्त ९		
टिप्पणी ६	सर्वगंधसुगंधा लोकधातु से लाया हुआ अक्षय भोजन	१ प्रसन्नपदा, पृ० १४३ (विमलकीर्तिनिर्देश)
		२ शिक्षासमुच्चय, पृ० १४४ (विमलकीर्तिनिर्देश)
टिप्पणी ७	तथागत शब्द द्वारा उपदेश नहीं करते–	१ तथागतगुह्यसूत्र प्रसन्नपदा, पृ० २३६
		२ तथागतगुह्यसूत्र बोधिचर्यावतार पंजिका, पृ० १९९

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
टिप्पणी १०	बोधिसत्त्व द्वारा पुण्यदान–	१ बोधिचर्यावतार, ९ ६
		२ प्रथमभावनाक्रम, पृ० १९३
परिवर्त १०		
टिप्पणी १	बोधिसत्त्वो की असाधारण घ्राणेन्द्रिय–	सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० २१३
टिप्पणी २–३	सुगंधित भोजन पचाने की योग्यता–	शिक्षासमुच्चय, पृ० १४४ (विमलकीर्तिनिर्देश)
टिप्पणी ४	सुगन्धित भोजन क्लेश नष्ट होने पर पचता है–	रत्नकूटसूत्र प्रसन्नपदा, पृ० १०८–१०९
टिप्पणी ६	बुद्ध के एक घोष से अनेक घोष–	दशभूमिकसूत्र, पृ० ५२
टिप्पणी ७	अभिलाप द्वारा बुद्धक्षेत्रो म उपदेश नही होता है–	लकावतारसूत्र, पृ० ४३
परिवर्त १०		
टिप्पणी ८	सभी बुद्धो का बुद्धत्व एक समान है–	१ सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० ९१
		२ दशभूमिकसूत्र, पृ० ५३
		३ रत्नगोत्रविभाग, १ ८७
		४ प्रज्ञापारमितापिण्डार्थं १
		५ रत्नावली, १ ८७
		६ चतुःशतक, १२ १३
टिप्पणी ९	बुद्ध एव धम अचिन्तनीय हैं–	१ वज्रच्छेदिका, पृ० ३७
		२ प्रसन्नपदा, पृ० १८६ (सूत्रवचन)
टिप्पणी ११	धमयौतक–	रत्नावली, १ ६२
टिप्पणी १२	बोधिसत्त्व के विमोक्ष का पथ–	मूलमध्यमककारिका, २५ ३
टिप्पणी १३	बोधिसत्त्व द्वारा सवस्व का त्याग–	१ बोधिसत्त्वप्रातिमोक्ष तथा

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
		२ नारायणपरिपृच्छा बोधिचर्यावतार पंजिका, पृ० ४१-४२
टिप्पणी १६	असंख्य कल्पों तक ब्रह्मचर्या-	१ बुद्धचरित, १३ ५८ २ तत्त्वसंग्रहकारिका, ५ ३ सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० २६८
परिवर्त ११		
टिप्पणी १	तथागत की तथता एवं अकथनीयता –	१ अष्टसाहस्रिका, पृ० ४८ २ पञ्चविंशतिसाहस्रिका, पृ० १४६ ३ वज्रच्छेदिका, पृ० ४१ ४ समाधिराजसूत्र, २२ ११, १८ ५ मूलमध्यमककारिका, परिवर्त २२ ६ बोधिचर्यावतार-पंजिका, पृ० २००
टिप्पणी ५	तथागत हेतु-प्रत्यय के क्षेत्र के बाहर है–	मूलमध्यमककारिका, १८ ९
टिप्पणी ६	तथागत लक्षण रहित है–	अष्टादशसाहस्रिका, पृ० १५१
टिप्पणी ७	तथागत अविकल्पित है–	१ अष्टसाहस्रिका, पृ० १७७ २ प्रसन्नपदा, पृ० २३६
टिप्पणी ८	तथागत चर्चा का विषय नहीं–	१ प्रसन्नपदा, पृ० १५९ २ पितापुत्रसमागमसूत्र बोधिचर्यावतार पंजिका, पृ० १७७ ३ बोधिचर्यावतार-पंजिका, पृ० १७५
परिवर्त ११		
टिप्पणी १०	बुद्ध गमनागमनरहित है–	अष्टसाहस्रिका, पृ० २५३
टिप्पणी १२	बुद्ध और सर्वज्ञ समानार्थक हैं–	अभिसमयालंकारवृत्ति, पृ० ३७

विमलकीतिनिर्देश	विषय	बौद्ध सस्कृत सूत्र एव शास्त्र
टिप्पणी १३	बुद्ध का कोई प्रिय या अप्रिय नही-	अष्टादशसाहस्रिका, पृ० ५५
टिप्पणी १४	बुद्ध मे दोषों का सवथा अभाव है-	शतपञ्चाशत्कस्तोत्र, १
टिप्पणी १५	तथागत अजात, असम्भूत, अकृत है	चतु शतकवृत्ति, पृ० ५६
टिप्पणी १६	बुद्धत्व (अभिसमय) निष्प्रपञ्च है-	अष्टादशसाहस्रिका, पृ० १७९
टिप्पणी १७	सभी धम मायोपम हैं-	१ अष्टसाहस्रिका, पृ० २०
		२ अष्टादशसाहस्रिका, पृ० १४३
		३ पञ्चविंशतिसाहस्रिका, पृ० ४-५
टिप्पणी १९-२०	सूत्रपाठ का माहात्म्य-	१ वज्रच्छेदिका, पृ० ३६, ५८
		२ सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० १७२, २३३

परिवर्त १२

टिप्पणी ६	आयुप्रमाण की दीघता-	सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० ९७
टिप्पणी ९	सवलोकविप्रत्यनीक धम-	१ अष्टसाहस्रिका, पृ० १५२
		२ सद्धर्मपुण्डरीक, पृ० १४५
		३ ललितविस्तर, पृ० २८९
टिप्पणी १०	धर्म गम्भीर एव अतर्कावचर है-	१ ललितविस्तर, पृ० २८९
		२ प्रसन्नपदा, पृ० २१७
		३ आलोकव्याख्या, पृ० ४५५
टिप्पणी १४	धर्मपूजा दृष्टिग्राहरहित है-	१ चतु स्तव, २ २१
		२ मूलमध्यमककारिका, १३ ८, २७ ३०
टिप्पणी १५	प्रतिशरण और अनुसरण नेयार्थ और नीतार्थ- सन्धाभाषा और अभिसन्धिविनिश्चय-	१ धर्मसंग्रह, ५३
		२ महाव्युत्पत्ति, १५४६-१५४९
		३ अक्षयमतिनिर्देशसूत्र प्रसन्नपदा, पृ० १४
		४ अभिधर्मसमुच्चय, पृ० १०७
टिप्पणी १६	रत्नार्चि तथागत-	पञ्चविंशतिसाहस्रिका, पृ०१५
टिप्पणी १७	भद्रकल्प के बुद्ध-	१ सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० १२८
		२ भद्रकल्पिकसूत्र
		३ महावस्तु, खण्ड १, पृ० १-२, २४०

विमलकीर्तिनिर्देश	विषय	बौद्ध संस्कृत सूत्र एवं शास्त्र
टिप्पणी १८	तथागत का आयु प्रमाण–	१ सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० १८६–१९०
		२ सुवर्णप्रभाससूत्र, पृ० ६५
टिप्पणी २०	मैत्रेय और सूत्रों का प्रसार–	अध्याशयसञ्चोदनसूत्र– शिक्षासमुच्चय, पृ० १२
टिप्पणी २२	सूत्रों और धर्म की गम्भीरता–	आलोकव्याख्या, पृ० ४५५
टिप्पणी २३	सम्यकसंबोधि की प्राप्ति का अन्तसमय–	सद्धर्मपुण्डरीक, पृ० २७८

९ विमलकीर्तिनिर्देश, 'चान', 'जेन' एवं तन्त्र

इसमे कोई सन्देह नही कि भारतभूमि पर तथागत की शिक्षाओ की जो अनेक व्याख्याए प्राचीन बौद्धाचार्यों ने की थीं उनमे महायानी व्याख्या गम्भीरतर थी और इसका सम्पूर्ण प्राचीन विश्व मे सामान्यरूपेण परन्तु एशिया के देशो मे विशेषरूपेण गहरा प्रभाव पड़ा था। चीन देश मे और कोरिया व जापान मे ध्यान (पालि 'झान' चीनी 'चा'न', जापानी 'जेन') पर आधारित बोधिपथ का जो विकास हुआ वह शतप्रतिशत भारतीय मूल का था परन्तु उसकी व्यावहारिक तकनीक व व्याख्या चीन व जापान के बौद्ध सन्तो ने अपने ढंग से की थी। 'चा'न' व 'जेन' परम्परा के बौद्ध विहारो एव विद्यालयो में जो सूत्र विशेषरूप से प्रामाणिक, लोकप्रिय तथा पठनीय थे उनमें **प्रज्ञापारमिताहृदयसूत्र, वज्रच्छेदिकाप्रज्ञापारमितासूत्र, सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, (महायानी) महापरिनिर्वाणसूत्र, लंकावतारसूत्र, अवतंसकसूत्र, रत्नकूटसूत्र** तथा **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र**, सम्मिलित थे। प्रोफेसर डी टी सुजुकी ने जो विस्तृत साहित्य अंग्रेजी भाषा में जेन परम्परा की व्याख्या की दृष्टि से प्रकाशित किया है उससे ज्ञात होता है कि **विमलकीर्तिनिर्देश** में प्रतिपादित विचारो एव विमलकीर्ति के व्यक्तित्व का जेन मनीषियों की जीवन–चर्या पर गहरा प्रभाव पड़ा था। चीन व जापान में विमलकीर्ति के प्रभाव की विस्तृत चर्चा प्रोफेसर पॉल देमियविल् ने अपने एक लेख में की है।[1]

---

1 Paul Demiéville, "Vimalakirti en Chine" in *L Enseignement de Vimalakirti* pp 438–455

चा'न एव जेन में न केवल प्रमुख महायानसूत्रों का अपितु बौद्ध तन्त्रों का भी गहरा प्रभाव परिलक्षित होता है। डा० रिचर्ड रॉबिन्सन ने चा'न सम्प्रदाय के द्वितीय आचार्य हुइ-को (ई ४८७ ५९३) की शिक्षाओं पर टिप्पणी करते हुये लिखा है "ये सभी विचार हमने भारतीय शून्यवाद तथा वज्रयान में देखे हैं—ससार एव निर्वाण का तादात्म्य, तथागतगर्भ को बुद्धत्व का नसर्गिक रत्न मानना, इस शरीर को बुद्धकाय समझना, तथा अन्य वस्तुओं में से एक वस्तु के रूप मे निर्वाण की गवेषणा करने की निष्फलता। ध्यान सम्प्रदाय के आचार्यों ने तान्त्रिक कवियों की भाँति ही, कोई नवीन विचारों को जन्म नहीं दिया, अपितु उन्होंने एक व्यापक रूप से प्रचलित साहित्य से सर्वाधिक शक्तिशाली धार्मिक विचारों को सकलित करके उनका निचोड़ प्रस्तुत किया।"[1]

भिक्षु प्रासादिक ने दो भिन्न-भिन्न लेखों में सन्तोषजनक रूप से और प्रामाणिक सामग्री की तुलनात्मक समीक्षा करके यह दर्शाया है कि **विमलकीर्तिनिर्देश** में प्रगट विचारों से चा'न, जेन व तान्त्रिक सम्प्रदायों के अनेक मूलभूत विचार असन्दिग्ध रूप से प्रभावित हुये थे।[2] डॉ० रॉबर्ट थर्मन ने भी **विमलकीर्तिनिर्देश** में तान्त्रिक विचारों व पद्धतियों को देखने व दिखाने का यत्न किया है।[3] यह कहना उचित है कि **विमलकीर्तिनिर्देश** में प्रतिपादित अनेक क्रान्तिकारी विचारों का जेन आचार्यों तथा वज्रयान के सिद्धों की शिक्षाओं पर स्थाई प्रभाव पड़ा था। परन्तु डा० थर्मन का यह मत कि "विमलकीर्ति वास्तव मे गुह्यसमाज की ही भाँति का तान्त्रिक मार्ग प्रतिपादित करता है", अतिशयोक्तिपूर्ण है।

विमलकीर्तिनिर्देश के कुछ वाक्यांशों की तुलना बौद्ध तान्त्रिक ग्रन्थों के कुछ अंशों से की जा सकती है। इस दिशा मे अभी तक किसी लेखक ने कोई प्रयत्न नहीं किया है। अतएव यहाँ पर कुछ तुलनीय अंश उद्धृत करना उचित जान पड़ता है।

---

1 Richard H. Robinson, *The Buddhist Religion* Belmont 1970, p 89

2 Bhikkhu Pāsādika, (i) "Some Remarks on the Origins of the Zen School" in *The Journal of Religious Studies* vol IV, no 1 (1972) pp 115–124, (ii) *The Vimalakīrtinirdeśa sūtra* and Tantra" in *Jagajjyoti, A Buddha Jayanti Annual* Calcutta, 1976 pp 33–42

3. Robert A F Thurman, *The Holy Teaching of Vimalakīrti* (1976), Introduction, pp 1–8.

विमलकीर्तिनिर्देश के चौथे परिवर्त मे कहा गया है कि उपाय के बिना प्रज्ञा बन्धन का कारण है और उपाय के साथ प्रज्ञा मुक्तिदात्री है। उपाय का अर्थ करुणा है। करुणा की भावना करना बोधिसत्त्व का प्रमुख कार्य है। दान, शील, प्रेम, अहिंसा, त्याग, क्षान्ति, नम्रता, परात्मसमता तथा परात्मपरिवर्तन आदि सभी कार्य करुणा से ही सम्भव है। उपायकौशल्य का व्यापार करुणा पर आधारित है। अत कोरी प्रज्ञा को अपूर्ण मार्ग कहा गया है। प्रज्ञा का अर्थ शून्यता है। शून्यता ज्ञान की पराकाष्ठा है। इसे पारगता प्रज्ञा अथवा प्रज्ञापारमिता कहा जाता है। सर्वधर्मसमता का ज्ञान प्रज्ञा है। सभी धर्मों का स्वभाव नि स्वभावता है। इसी को धर्मता और तथता कहा जाता है। प्रज्ञा एव उपाय का सामजस्य बोधिचर्या का हृदय है। यह विमलकीर्ति का एक महत्वपूर्ण उपदेश है।

तान्त्रिक आचार्यों अथवा सिद्धो की रचनाओ मे इस उपदेश को साधना दर्शन का केन्द्र बिन्दु माना गया है। निर्वाण को 'प्रज्ञोपाय' एव 'युगनद्ध' की सज्ञा देकर सिद्धों ने वस्तुत लिच्छवि उपासक के विचार को आगे बढ़ाया था। 'प्रज्ञोपाय' की तान्त्रिक बौद्ध ग्रन्थों में पुन पुन व्याख्या हुई है। इस विषय पर निम्नलिखित पंक्तियाँ ध्यान देने योग्य हैं—"प्रज्ञोपायात्मको धर्मात्मा योग इत्युच्यते।" (सेकोद्देशटीका पृ० ५)। 'कालचक्र' का विचार प्रज्ञा (शून्यता) तथा उपाय (करुणा) की एकता पर ही आधारित है—

> अनादिनिधनो बुद्ध आदिबुद्धो निरन्वय ।
> करुणाशून्यतामूर्ति काल सवृत्तिरूपिणी ।
> शून्यताचक्रमित्युक्तं कालचक्रोऽद्वयोऽक्षर ॥
>
> — नामसंगीति-सेकोद्देशटीका पृ० ७८

'बोधिचित्त', 'प्रज्ञोपाय', 'अक्षर', 'कालचक्र', 'सहज' समानार्थक हैं।

'शून्यताकरुणाभिन्नं बोधिचित्त यदक्षरम्।" वही पृ० २४। अद्वयवज्र ने प्रज्ञोपाय को त्रिकाय का मूर्तरूप मानकर उसे प्रणाम किया है—

> प्रज्ञोपायात्मकं वन्दे बुद्धत्रिकायरूपिणम्।
> प्रभावात् ज्ञायते यस्य भवनिर्वाणमुत्तमम् ॥
>
> —अद्वयवज्रसंग्रह पृ० ४६

निम्नलिखित श्लोको मे भी विमलकीर्ति की पुष्टि की गई है—

भूतकोटिं ततो विष्द्वा युगनद्धपद गत ।
युगनद्धस्थितो योगी सत्त्वार्थैकपरो भवेत् ॥

—**वही** पृ० ५०

सिद्ध नडपाद (नारोप) ने पुण्डरीकपाद (सम्भवत कम्बलपाद) का निम्न लिखित श्लोक भी उद्धृत किया है—

शू यताकरुणाभिन्नो रागारागविवर्जित ।
न प्रज्ञा नाप्युपायोऽसौ काय स्वाभाविकोऽपर ॥

—**सेकोद्देशटीका** पृ० ७१

जिस प्रकार **विमलकीर्तिनिर्देश** मे प्रज्ञा को माता और उपाय को पिता कहा गया है (सातवा परिवत), उसी प्रकार त त्रो मे प्रज्ञोपाय व युगनद्ध अथवा भोटीय भाषा में 'यवयुम को माता-पिता का 'योग' अथवा सहजावस्था कहा गया है । तथापि महासुख अथवा परमाथ न स्त्री है न पुरुष- 'अकारसम्भव सम्यक्सम्बुद्ध प्रज्ञोपायात्मको वज्रसत्त्वो नपुसकपद सहजकाय इत्युच्यते । ज्ञानज्ञेयात्मको हेतुफलयोरभेदत्वात । स च कालचक्रो भगवान् परमाक्षर सुखपदम् ।" **सेकोद्देशटीका** पृष्ठ ६६ ।

विमलकीर्तिनिर्देश मे ससार की महत्ता प्रकाशित की गई है क्योकि बोधिसत्त्व की धमचर्या ससार पर निभर करती है । परमाथत न ससार है और न निर्वाण क्योकि परमाथ अद्वय है, निष्प्रपञ्च है । ससार व निर्वाण के विचार द्वयग्रस्त हैं । अत दोनो मे कोई अ तर नही है । त त्रों में इस विचार ने बडा जोर पकडा और सिद्धो ने भी विमल कीर्ति एव नागार्जुन से प्रेरणा लेकर ससार-निर्वाण की यमक यत्यस्तता को अपने दशन का आधार माना । ससार को स्वीकार कर लेने पर ससार के सभी तत्त्वो को अपनाना पडेगा-अविद्या, राग, द्वेष, मोह, अहकार, सत्काय-दृष्टि, तृष्णा, पाप, क्लेश, नरक, तियगगति, और निर तर ज म-मरण की परम्परा— सभी बोधिचर्या के सम्बल हैं । विमलकीर्ति धक्कामार भाषा का प्रयोग करते हैं—सिद्धो की भाषा भी धक्कामारने वाली है—और कहते हैं कि तथागत का गोत्र अविद्या, भवतृष्णा, सत्कायदृष्टि, राग, द्वेष, मोह, विपर्यास, नीवरण, सयोजन, सक्षेप मे बासठ दृष्टियाँ, तथागतगोत्र हैं । ससार ही तथागत का कायक्षेत्र है । ससार नही होगा तो निर्वाण की आवश्यकता ही क्या होगी ?

इस विचार को त त्रो और सिद्धों ने प्रभावशाली ढग से अपनाया और व्यक्त किया है—

त्रैधातुकमहासत्त्व पूज्यमान स पश्यति ।
बुद्धैश्च बोधिसत्त्वैश्च पञ्चकामगुणैरपि ॥

—गुह्यसमाजतन्त्र १५ १२२

येन येन हि बध्यन्ते जन्तवो रौद्रकर्मणा ।
सोपायेन तु तेनैव मुच्यन्ते भवबन्धनात् ॥

—चित्तविशुद्धिप्रकरण ६

× × ×

वज्रामितमहाराज निर्विकल्प खवज्रधृक ।
रागपारमिताप्राप्त भाष वज्र नमोऽस्तु ॥

—गुह्यसमाजतन्त्र १७ ४

× × ×

ससार चैव निर्वाणं मन्यन्तेऽतत्त्वदर्शिन ।
न ससार न निर्वाणं मन्यन्ते तत्त्वदर्शिन ॥

—चित्तविशुद्धिप्रकरण २४

× × ×

तद्वत्पात्रीकृत चित्तं प्रज्ञोपायविधानत ।
भुञ्जानो मुच्यते कामो मोचयत्यपरानपि ॥

—चित्तविशुद्धिप्रकरण ४१

तस्मात्सहज जगत्सर्वं सहजं स्वरूपमुच्यते ।
स्वरूपमेव निर्वाण विशुद्धाकारचेतसा ॥

—हेवज्रतन्त्र २ २ ४४

एवमेव तु संसार निर्वाणमेवमेव तु ।
ससाराद् ऋते नान्यन्निर्वाणमिति कथ्यते ॥

—हेवज्रतन्त्र २ ४ ३२

वरं हि भावसकल्पो न स्वभावप्रकल्पना ।
निर्वाति ज्वलितो दीपो निर्वृत का गतिं व्रजेत् ॥

× × ×

न द्वय नाद्वयं शान्तं शिव सर्वत्र संस्थितम् ।
प्रत्यात्मवेद्यमचलं प्रज्ञोपायमनाकुलम् ॥

—प्रज्ञोपायविनिश्चयसिद्धि १ ९, १०

निरालम्बपदे प्रज्ञा निरालम्बा महाकृपा ।
एकीभूता धिया सार्द्धं गगने गगनं यथा ॥

—प्रज्ञोपायविनिश्चयसिद्धि ४ ११

सम्भोगार्थमिदं सर्वं त्रैधातुकमशेषतः ।
निर्मितं वज्रनाथेन साधकानां हिताय च ॥

—प्रज्ञोपायविनिश्चयसिद्धि ५ ३१

कर्मणा येन वै सत्त्वाः कल्पकोटिशतान्यपि ।
पच्यन्ते नरके घोरे तेन योगी विमुच्यते ॥
महोपायसमायुक्तो योगी लोकार्थकारकः ।
नाकार्यं विद्यते तस्य सर्वसत्त्वजुगुप्सितम् ॥
× × ×
भक्ष्याभक्ष्यविनिर्मुक्तः पेयापेयविवर्जितः ।
गम्यागम्यविनिर्मुक्तो भवेद् योगी समाहितः ॥

—ज्ञानसिद्धि १ १५–१६, १८

रागतुल्यं सुखं नास्ति तज्जिनेभ्यः समाददन् ।
भुञ्जीत सर्वकामांश्च जुगुप्सां नैव कारयेत् ॥

—ज्ञानसिद्धि ७ ५

अप्रतिष्ठितनिर्वाणं निर्निमित्तं निरालयम् ।
व्यापकं सर्वसत्त्वेषु सम्बोधिं परमं पदम् ॥

—अद्वयसिद्धि २९

छडगइ सअल सहावे सूध ।
भावाभाव वलाग न छुध ॥

—कान्हुपाद, चर्यागीतिकोश पृ० ३०

राग द्वेष मोह लाइअ छार ।
परम मोख लवए मुत्तिहार ॥

—कृष्णाचार्यपाद, चर्यागीतिकोश पृ० ३८

भवेयं भवखिन्नानां शरणं सर्वदेहिनां ।
संसरामि भवे यावत्तावत्सुगतिजः पुमान् ॥

—चण्डमहारोषणतन्त्र ३ २४–२५, पृ० २१

ऊपर लगभग एक दजन तान्त्रिक ग्रन्थो से कुछ चुने हुये उद्धरण इस अभिप्राय से दिये गये हैं कि पाठको को तान्त्रिक बौद्ध दर्शन एव साधना के चरम लक्ष का कुछ परिचय मिल सके। उपयुक्त श्लोको की भाषा द्वारा भ्रान्ति होने का डर है, ये सभी कथन परमार्थ के दृष्टिकोण से समझ जाने चाहिये। इनका शाब्दिक अर्थ मात्र पकडने से अनर्थ होगा। तात्पर्य यह है कि अन्तिम योग अथवा परममुक्ति मे शुभाशुभ या पुण्यपाप या बन्धमोक्ष की तरह का कोई द्वत अथवा प्रपञ्च नही होता है। और जब तक परममुक्ति प्राप्त नही होती, तब तक सभी प्राणियो को अपने समान समझ कर उनको सुखी, शुद्ध एव मुक्त करने का उपायकौशल्य जारी रखना है। इसी अर्थ मे 'बोधिचर्या' को 'रागचर्या' कहा गया है।

यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि सिद्धो व तन्त्रो के "मैथुनयोग" अथवा "शक्तिसाहचर्य" का लेशमात्र भी संकेत विमलकीर्ति के उपदेशों में नही मिलता है। यह तो विशुद्ध तान्त्रिक विशेषता है। विमलकीर्तिनिर्देश एक तान्त्रिक पुस्तक नही है यह तो प्रथम श्रेणी का महायानसूत्र है। तन्त्रों की एक अन्य विशेषता मन्त्रविद्या है। यह विशेषता भी हमारे सूत्र में अनुपलब्ध है। परमार्थसाधन मे गृहस्थ व भिक्षु का भेद महत्त्वपूर्ण नही है, निर्वाण सर्वत्र, सब के द्वारा, और सभी अवस्थाओं में प्राप्त हो सकता है यदि चित्त शोधन द्वारा परिनिष्पन्नता का साक्षात्कार हो गया हो और प्रज्ञा द्वारा अहंकार-ममकार का विनाश हो चुका हो। विमलकीर्तिनिर्देश का यह उपदेश सिद्धों एवं मध्यकालीन वैष्णव सन्तो के जीवन दर्शन का आधार था।

१०. विमलकीर्तिनिर्देश का धर्म एवं दर्शन

(क) बुद्ध

बौद्ध धर्म-दर्शन के विस्तृत साहित्य में जिस गम्भीर 'बुद्धविद्या' का विकास एव प्रतिपादन हुआ है उसका अध्ययन आधुनिक काल में अभी तक हुआ नहीं है। 'बुद्धविद्या' बौद्धविद्या का एक भाग अथवा पहलू है। बौद्धविद्या के अन्तर्गत बौद्ध धर्म, दर्शन, आचार-प्रणाली, पूजा, भक्ति, मन्त्र, ध्यान, योगाभ्यास, तन्त्र, तर्कशास्त्र, शिल्पकलाएँ, मूर्तिकला, चित्रकला, ज्योतिष, चिकित्साशास्त्र पालि, सस्कृत, प्राकृत, बौद्ध संस्कृत, भोटीय, चीनी, जापानी, सिंहली, स्यामी, बर्मी, नेवाड़ी आदि अनेक अन्य भाषाओं में बौद्ध साहित्य, बौद्ध जगत के पुरातत्त्वावशेष, बौद्ध धर्म-दर्शन का अन्य धार्मिक व दार्शनिक परम्पराओ के साथ तुलनात्मिक परिशीलन, समाजशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र की दृष्टियों से बौद्ध

समाज व्यवस्थाओ का अध्ययन तथा अ य सम्बधित विद्याएँ सम्मिलित है। परन्तु 'बुद्ध विद्या' का विषय बुद्ध के बुद्धत्व का वैज्ञानिक अध्ययन करना है। बुद्ध के विषय मे विचारों, विश्वासो, धारणाओं आस्थाओ, पुराकथाओ, तथा श्रद्धा सस्कृति मूलक मूल्यो का विधिवत विश्लेषण एव अध्ययन करना 'बुद्धविद्या' का प्रमुख विषयक्षेत्र है। इस अथ मे बुद्धविद्या आधुनिक बौद्धविद्वानों मे अभी लोकप्रिय नही हुई है।[1]

विमलकीर्तिनिर्देश सूत्र बुद्धविद्या का एक अमूल्य स्रोत है। यह सुविदित है कि शाक्यमुनि गौतम बुद्ध का भगवत्, अर्हत, सम्यक्सबुद्ध, सुगत लोकवित् तथागत, देवताओ व मनुष्यो के गुरु, महाश्रमण, देवातिदेव महावैद्य, धर्मस्वामी, महाकारुणिक, आदि नामो से प्राचीन ग्र थो मे अभिन दन किया गया है। बौद्ध सस्कृत साहित्य मे, विशेषरूप से महायानी सूत्रो व शास्त्रो मे बुद्ध के और अनेक ऐसे नामो का प्रयोग किया गया है जो बद्धत्व के किसी न किसी पहलू पर प्रकाश डालते हैं। यहाँ पर इन नामो की चर्चा करना सम्भव नही है। यहाँ पर **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** मे प्रस्तुत बुद्ध के स्वरूप का कुछ अश उल्लेखनीय है। यह स्वरूप इसी सूत्र की विशेषता नही है, सभी महायानसूत्रो मे यह न्यूनाधिक रूप मे मिलता है और बहुताश मे यह पालि निकायो के पृष्ठो मे भी देखा जा सकता है।

बुद्ध रूपकाय, सम्भोगकाय, तथा धर्मकाय इन तीनो रूपो मे प्रकट होते हैं, परन्तु धमकाय ही परमार्थत बुद्धकाय है। बुद्ध अनेक हुये हैं और भविष्य में भी होगे, बुद्धो की सख्या गङ्गानदी के वालुकणों के समान असख्य है। परन्तु सभी बुद्धो का बुद्धत्व अथवा बोधि एक ही है। बुद्धत्व की एकता को अद्वयज्ञान, तथता, धमधातु भूतकोटि परमार्थ, निर्वाणधम, अचिन्त्यविमोक्ष, सर्वज्ञता आदि नामों से सकेतित किया गया है। परमाथत बुद्ध अवाच्य, अनभिलाप्य, अतर्कावचर अकल्पनीय एव मन वाणी के कार्य क्षेत्र के बाहर, निराकार एव सर्वव्यापी तत्त्व है। परन्तु बुद्ध का स्वरूप सृष्टिकर्ता ईश्वर अथवा ब्रह्म का जैसा नही है। बुद्ध के स्वरूप मे शील, समाधि, प्रज्ञा, मुक्ति, मुक्तिज्ञानदशन का, महापुरुष के बत्तीस लक्षणो एव अस्सी अनुव्यजनो का, छ अभिज्ञाओं का चार सत्यो के ज्ञान का, प्रतीत्यसमुत्पाद, दु ख, अनित्य एव अनात्म के ज्ञान का चार वैशारद्यो दस बलो, एव अठारह आवेणिक (खास विशिष्ट) बुद्धगुणो का, सर्वज्ञता, अनन्त उपायकौशल्य, अनन्त

1 See L M Joshi, "Prolegomena on Buddhology" in *Papers of International Seminars on Buddhism and Jainism* Cuttack, Institute of Oriental and Orissan Studies, 1976, pp 121-124

महामैत्री एवं तीनों लोकों मे निरन्तर क्रियाशील महाकरुणा का, ज्ञानसम्भार एवं पुण्य-सम्भार का, ऐसा अनुत्तर एवं परिपूर्ण विकास सन्निहित होता है कि बुद्ध के स्वरूप की व्याख्या स्वयं बुद्ध भी नहीं कर सकते हैं। देखिये लिच्छविकुमार रत्नाकर की बुद्धस्तुति, प्रथम परिवर्त, गाथाएँ १—३१।

(ख) धर्म

बौद्ध परम्परा में बुद्ध, धर्म, एवं संघ को त्रिरत्न कहा गया है। बुद्धरत्न की झलक ऊपर दिखाई पड़ गई। धर्मरत्न क्या है ? धर्म शब्द के इस परम्परा में तीन प्रमुख अर्थ हैं। (१) प्रत्येक प्राणी, पदार्थ, वस्तु अथवा घटना को धर्म कहा गया है। स्वलक्षण धारण करने के कारण कोई वस्तु धर्म कहलाती है। अभिधर्मदर्शन के विशाल साहित्य में धर्मों का विश्लेषण, वर्गीकरण तथा अध्ययन मिलता है। सभी धर्म अनित्य हैं, दुःख हैं, अनात्म हैं, प्रत्ययाधीन होने से निःस्वभाव हैं, शून्य हैं। (२) धर्म शब्द का दूसरा अर्थ बुद्ध की वह शिक्षा है जो सुखप्राप्ति का मार्ग है। दुर्गतियों (पशुगति, प्रेतगति तथा नरकगति) में जाने से जो रोकता है वह धर्म है। दसकुशलकर्मपथ कुगतिगमन का निवारण करता है अतः समस्त शीलसम्पदा को धर्म कहा जाता है। पञ्चशील, दसशील, पारमिताएँ, करुणा, मैत्री, मुदिता, उपेक्षा, संग्रहवस्तुएँ आदि धर्म के अङ्ग-प्रत्यङ्ग हैं। (३) संसार की पाँचों गतियों सुगतियों (देवगति व मनुष्यगति) तथा दुर्गतियों में जाने से जो रोकता है उसे भी धर्म कहा जाता है। जन्म मरण व्यवस्था का विधारण करने के कारण, संसार को निराधार करने के कारण, और संसार को समाप्त करके मोक्ष की प्राप्ति से उपलब्ध होने के कारण निर्वाण को भी धर्म कहा जाता है। 'धर्मं शरणं गच्छामि' कहने वाला इसी परमधर्म अथवा निर्वाणधर्म की शरण में जाता है। इस अर्थ में बुद्ध और धर्म एक ही हैं। बुद्ध ही धर्म है, धर्म ही बुद्ध है। विमलकीर्ति भदन्त शारिपुत्र से जिस धर्म की व्याख्या करते हैं वह यही धर्म है जो अतर्कावचर, सूक्ष्म, अनभिलाप्य, गम्भीर तथा कालातीत है।

(ग) संघ

तीसरा रत्न संघ है। संघ केवल भिक्षुओं का समुदाय नहीं है। भिक्षुसंघ बौद्ध संघ का और संघरत्न का एक पहलू या अंग है। चतुर्भुज संघ में भिक्षु, भिक्षुणी, उपासक एवं उपासिका इन चार कोटियों के सदस्य शामिल हैं। इसे श्रावकसंघ भी कहा जाता है, भगवान् तथागत के श्रावक भिक्षु एवं गृहस्थ दोनों ही हैं। परन्तु जो सर्वोत्तम अथवा

परमार्थत संघ है वह तो बुद्धों का संघ है। जो निर्वाणप्राप्त कर चुके हैं कृतकृत्य हैं, मुक्त एवं विशुद्ध हो चुके हैं, वे वास्तविक संघ के सदस्य हैं।[1]

बौद्ध संघ का जो स्वरूप अधिकांश बौद्ध ग्रन्थों में मिलता है उसमें मनुष्यों के अतिरिक्त अन्य प्रकार के प्राणी भी सम्मिलित हैं। पालि निकायों में भी इन्द्र, ब्रह्मा, अन्य देवता, नाग, यक्ष, गन्धर्व, अप्सराएँ देवकन्याएं, मार और उसके परिवार के सदस्य, बुद्ध के पास आते हैं, उनसे शिक्षा लेते हैं, उनका सत्कार करते हैं। महायान सूत्रों में जब बुद्ध धर्मोपदेश करते हैं तो उनकी परिषद् में न केवल स्त्रियों एवं पुरुषों, भिक्षुणियों एवं भिक्षुओं, अर्हतों एवं महाश्रावकों की ही अपार संख्या एकत्रित होती है, अपितु बड़ी संख्या में अनेक लोकधातुओं के बोधिसत्त्वों, अनेक देवलोकों के देवतागणों, नागों, यक्षों, गन्धर्वों, किन्नरों, किम्पुरुषों, महोरगों, असुरों तथा दिग्पालों के विशाल समूह भी सम्मिलित होते हैं। बहुधा एक से अधिक बुद्ध भी एकसाथ एक परिषद् में मिलते हैं। बौद्ध संघ राष्ट्रीयता, जातिवाद अथवा मनुष्यवाद का अतिक्रमण करता है। यह प्राणिमात्र का संघ है, सभी राष्ट्रों, देशों लोकों एवं लोकधातुओं के सब प्रकार के प्राणी इस विश्व संघ के सदस्य होते हैं।

(घ) बोधिसत्त्व का धर्म

बोधिसत्त्व कौन है? सभी प्राणियों के हित एवं कल्याण के लिये बुद्धत्वप्राप्ति का निश्चय करने के पश्चात् जो व्यक्ति बोधि की प्राप्ति के लिये निरन्तर प्रयत्न करता है उसको बोधिसत्त्व कहते हैं। सर्वजनहिताय बोधि की प्राप्ति का प्रणिधान करना बोधिचित्तोत्पाद कहलाता है, बोधिचित्त का विकास करना और उसकी पूर्णता के लिये प्रस्थान करना अर्थात् बोधिचित्त की रक्षा एवं पुष्टि करना बोधिसत्त्व का धर्म है। उसका अभिप्राय बोधि है, उसका अध्याशय बोधि है, उसकी अधिमुक्ति बोधि है। बोधिसत्त्व को महासत्त्व भी कहा जाता है। उसका मार्ग महायान और बुद्धयान कहलाता है। "सकल जगतो हिताय बुद्धो भवेयम"—यह बोधिसत्त्व की महान महत्त्वाकांक्षा है। दस पार

---

1 An excellent discussion of Buddha, Dharma and Sangha will be found in Sangharakshita's *The Three Jewels* London, Rider & Company, 1967 My own discussion of Buddhology in *God's Alternative* chapter vi, pp 208 268, written in 1974, is unfortunately still unpublished

मिताओ का अनुगमन करते रहना, दस भूमियो मे उत्तरोत्तर अग्रसर होते रहना,[1] निरन्तर असख्य प्राणियो का अनुत्तर सम्यक्सबोधि के लिये परिपाचन करते रहना, और स्वय अपनी परममुक्ति को तब तक स्थगित करते रहना जब तक संसार की व्यवस्था समाप्त नही हो जाती है, यह है बोधिचर्या का कार्यक्रम।

जो बोधि चाहता है वह सब के लिये सब कुछ चाहता है, क्योकि बोधि ही सब कुछ है। बोधिसत्त्व सभी प्राणियों को बुद्धत्व मे स्थापित करना चाहता है अतएव वह सभी प्राणियो के सुख के लिये काय करता है, क्योकि परमसुख ही बुद्धत्व है। उसका प्रथम एव अन्तिम लक्ष्य दूसरो को सुख पहुँचाना है, अतएव दूसरो की सेवा एव सहायता करना बोधिसत्त्व का परम धम है।

बोधिसत्त्वो का कार्यक्षेत्र ससार है। जिस प्रकार आकाश मे बीज नही उगते हैं परन्तु भूमि पर उगते हैं, उसी प्रकार असस्कृत (निर्वाण) की प्राप्ति में नियत प्राणियो में बुद्धगुणो का विकास नहीं होता है। बोधिसत्त्वो का मार्ग क्लेशो का मार्ग है। महासागर में प्रवेश किये बिना अमूल्य रत्न प्राप्त नहीं हो सकते हैं, इसी प्रकार क्लेशो के सागर मे प्रवेश किये बिना बुद्धत्व रूपी रत्न प्राप्त नहीं हो सकता है। संसार क्लेशों का सागर है। इसी सागर में प्रवेश करके बोधिसत्त्व बोधिचित्त रूपी चिन्तामणि को प्राप्त करके बुद्धकाय सम्पन्न करता है।[2]

---

1 See Har Dayal, *The Bodhisattva Doctrine in Buddhist Sanskrit Literature* Delhi, 1970, chapters v and vi, pp 165 ff and 270; *Bodhisattvabhūmi* edited by Nalinaksha Dutt Patna 1966, *Daśabhūmikasūtra* edited by P L Vaidya, Darbhanga, 1967 The *Bodhicaryāvatāra* and the *Śikṣāsamuccaya* of Śāntideva and the *Bhāvanākramas* of Kamalaśila are well known manuals of Bodhisattva career A comprehensive summary of the religion and philosophy of the Bodhisattvas will be found in my *Studies in the Buddhistic Culture of India*, second revised edition, Delhi, 1977, chapter V, pp 91 120, and in Edward Conze, *Thirty Years of Buddhist Studies*, Oxford, 1967 pp 48-86

2 Cf D. T. Suzuki, *Studies in the Lankāvatāra Sūtra* London Routledge and Kegan Paul, 1930, section entitled "Life and Works of a Bodhisattva", pp 202-236,

सातवें परिवत की गाथाओं मे विमलकीर्ति बोधिसत्त्व सवरुपस दशन से इस प्रकार अपने परिवार एव बधु बान्धवो का वर्णन करते हैं—

बोधिसत्त्वो की माता प्रज्ञापारमिता और पिता उपायकौशल्य है, उनकी पत्नी धमप्रीति है, उनकी पुत्रियाँ करुणा एव मत्री हैं धम एव सत्य उनके पुत्र हैं। शून्यतार्थ चि तन उनका घर है, सारे क्लेश उनके शिष्य हैं, बोध्यग उनके मित्र हैं पारमिताएँ उनकी सहेलियाँ हैं, सग्रहवस्तुएँ उनके अत पुर अथवा नारीभवन हैं धर्मोपदेश उनका सगीत है। उनका रथ महायान, सारथि बोधिचित्त, वाहक अभिज्ञाए, माग शान्ति, लक्षण एव अनुव्यजन उनके आभूषण, कुशलाशय एव लज्जा उनके वस्त्र हैं, सद्धम उनका धन है जिसका व्यापार उनका व्यवसाय है, पवित्र प्रतिपत्ति उनका लाभ है, बोधिप्राप्ति उनका परिणाम। वे अमृत का भोजन और निर्वाणरस का पान करते है। शील उनका इत्र विलेपन है और शुद्धाशय उनका स्नान है। मार के साथ युद्ध मे विजयी होकर बोधि की ध्वजा फहराने वाले ये बोधिसत्त्व स्वेच्छा से ससार मे ज म लेते हैं और सभी बुद्धक्षेत्रो में सूय के समान प्रकाशित होते हैं।

(ङ) बोधिसत्त्व का चिन्तन—नैरात्म्य

बोधिसत्त्व का दशन चिन्तन किस प्रकार का होता है ? बोधिसत्त्व के धम का दाशनिक आधार क्या है ? इस प्रश्न का उत्तर इस सूत्र का एक प्रमुख विषय है।

बोधिसत्त्व के दर्शन चिन्तन को एक शब्द द्वारा यक्त किया जा सकता है और वह शब्द है 'प्रज्ञा'। प्राणियो एव वस्तुओ के विषय मे यथाभत ज्ञान को प्रज्ञा कहते हैं। प्रज्ञा दु ख का नाश करके सुख प्रदान करती है, यह बोधिदात्री एव मुक्तिदायिनी है। प्रज्ञा के अर्थ एव प्रज्ञापारमिता वाङ्मय की विस्तृत चर्चा हमने अ यत्र की है।[1] यहाँ पर **विमलकीर्तिनिर्देश** के कथनो का कुछ स्पष्टीकरण मात्र करेंगे।

अनित्यता का ज्ञान होना प्रज्ञा का प्रथम लक्षण है। ससार परिवर्तनशील है, इसके सभी प्राणी एव सारी वस्तुएँ अनित्य हैं। इस तथ्य का बोध प्रज्ञा की पहचान है। दूसरे परिवर्त मे शरीर की अनित्यता, नश्वरता एव परमाथत शरीर के मिथ्यात्त्व का स्पष्ट

---

1 *Vajracchedikā Prajñāpāramitāsūtra* edited and translated into Hindi by L M Joshi, Bhūmikā, pp 1-25

वणन किया गया है। यह शरीर आत्मारहित है। सभी प्राणी और सभी धर्म अनात्मक एव निरात्मक हैं। यहाँ कोई चीज ऐसी नही है जिसको कोई व्यक्ति 'अपना', 'मेरा' अथवा 'मैं' कह सकता है। आत्मा की सत्ता का विचार एक भयकर भ्रान्ति है, एक महामारी है, जिससे प्राणी पीडित एव परेशान रहते हैं। यही विचार अहङ्कार एव ममकार का मूल स्रोत है और सारे क्लेश इसी विचार से उत्पन्न होते हैं। निर्वाण अथवा मोक्ष की प्राप्ति के लिये आत्मवाद से छुटकारा होना परमावश्यक है। आपके सामने दो विकल्प हैं आत्मा और मोक्ष। दोनो मे से आप एक को चुन सकते हैं। ससार मे भ्रमण करना और दुःख सुख भोगना पसन्द है तो आत्मवाद अपनाइये, अकथनीय, अचिन्तनीय एव निर्विकल्प शान्ति का साक्षात्कार करना पसन्द है तो मोक्ष की गवेषणा कीजिये। मोक्ष मे न तो आत्मा है और न शरीर। जहाँ आत्मा का ही अस्तित्व नही रहता वहाँ परमात्मा का विचार उत्पन्न ही नहीं हो सकता है। अतएव सुख और दुःख, आत्मा और परमात्मा, जीवन और जगत, कर्म और फल, पुण्य और पाप, मैं और आप, ससार और निर्वाण आदि के भेद मोक्ष मे नहीं होते हैं। नैरात्म्यदर्शन ही प्रज्ञा है। यही बोधिसत्त्व के चिन्तन का हृदय है। नैरात्म्य को शून्यता भी कहते हैं क्योंकि वह विकल्पों, प्रपञ्चो, धारणाओ एव गुणो से सर्वथा मुक्त है। नैरात्म्य अथवा शून्य कोई चीज या वस्तु नहीं है, उसमें या उसकी कोई चीज या वस्तु नहीं है। उसको आप 'कुछ' भी नही कह सकते हैं। कुछ भी कहना प्रपञ्च करना है, वह मन व वाणी का विषय नहीं है। सभी मतो, दृष्टियो, विचारों, कल्पनाओ, रूपों एव संकेतो का अतिक्रमण करके यह नैरात्म्य अथवा शून्य अथवा परमार्थ नामो से अभिहित निर्वाण अथवा मोक्ष सिद्ध होता है।

प्रश्न उठता है जब आत्मा की ही सत्ता नही है तो निर्वाण किसका होता है? यह प्रश्न अविद्या, अहङ्कार एवं भय के मिश्रण से हुई स्थिति में उत्पन्न होता है। 'मेरी आत्मा', 'मेरी आत्मा की रक्षा', 'मेरी आत्मा की मुक्ति' आदि इस प्रकार के विचार अविद्या की उपज हैं। आत्मा की सत्ता का लोप होते देखकर हम डर जाते हैं। यही कारण है कि भारत मे, जहाँ आत्मवाद का साम्राज्य प्राचीन काल से पनपता रहा है, अनात्मवाद अथवा नैरात्म्य का विचार एक अजीब, अनहोनी और असहनीय बात के रूप में रह गई। प्रत्येक व्यक्ति, शिक्षित व अनपढ़, धनी व गरीब, योगी व गृहस्थी, पण्डित व मजदूर, दार्शनिक व कवि, प्रोफेसर व बुकसेलर, प्रत्येक को 'आत्मा' चाहिये, 'अपना', 'मैं' और 'मेरा', ये उसके महावाक्य हैं, मनुष्यों को उनका 'आत्मभाव' चाहिये, यहाँ भी और वहाँ भी, ससार में भी, मोक्ष मे भी।

प्रज्ञामूर्ति बुद्ध ने महाकृपा से प्रेरित होकर भारत के और विश्व के विचारको के सामने सिंहनाद करते हुये कहा था कि आत्मवाद अविद्या है और नैरात्म्य विद्या है। लोक में प्रचलित सभी मतो व व्यवहारो के विरुद्ध, नैरात्म्यदर्शन का यह सूक्ष्म एव गम्भीर उपदेश भगवान् तथागत के धम दशन की अद्वितीय विशेषता है। सूत्रो मे ठीक ही कहा है—"सर्वलोकविप्रत्यनीकोऽय धर्मो देश्यते।" नरात्म्य का सिद्धा त इसलिये भी परमावश्यक है कि इसके बिना दान, त्याग, वैराग्य, करुणा, सेवा, क्षान्ति, शील एव सम्पूण धमचर्या अधूरी और थोथी होती है। आत्मवाद के साथ यह सब स्वाथसम्पादन के साधनमात्र होकर रह जाते हैं। आत्मा के लिये अपनी आत्मा के लिये, कल्याण काय करना स्वाथपूण उद्योग करना है। अपनी आत्मा की मुक्ति के लिये बडे से बडा त्याग भी अशुद्ध एव क्षुद्र है क्योकि उसमे आत्मदृष्टि का मल शेष है। शुद्ध एव महान त्याग आत्मभाव का त्याग है। जिसका आत्मस्नेह समाप्त हो गया हो वही बुद्ध है, बोधिसत्त्व है, प्रज्ञावन्त है, एव मुक्त है। यही बोधिसत्त्व के जीवन दशन का रहस्य है। यही बौद्धदशन का निष्णात् विचार है। परन्तु इस विचार का सत्कार करना अधिकाश लोगो के भाग्य मे नही है। आचाय देव ने लिखा है—

> अद्वितीय शिवद्वार कुदृष्टीना भयकरम्।
> विषय सवबुद्धानामिति नैरात्म्यमुच्यते ॥
>
> —चतु शतककारिका २८८।

बोधिसत्त्व दशन अद्वयवादी है। इसके अनुसार नैरात्म्य एकमात्र सत्य है। इसी नरात्म्य को नि स्वभावता शू यता, अद्वयज्ञान, प्रज्ञापारमिता, धमधातु, भूतकोटि, परमाथ एव निर्वाण कहते हैं। यह सत्य निराकार, अन त, सव यापी एव कालातीत है। यही बोधिसत्त्व का आदश एव चरम लक्ष्य है।

"शारिपुत्र, तत् किं मन्यसे ? सूर्यप्रभासाः किमन्धकारसहिताः ?" आह– "नो हीदं, कुलपुत्र"। "ननु तौ न सहितौ ?" आह–"तौ, कुल-पुत्र, असहितौ। सूर्यमण्डल अभ्युद्गतमात्रे, सर्वान्धकारा विगच्छन्ति"। आह—"कस्माज्जम्बुद्वीपे सूर्य उदयति ?" आह—"तथ्यालोककरणार्थं

१ तुलनीय शूरंगमसमाधिसूत्र, पृ० २५।

चान्धकारापकर्षणार्थम्"। आह—"एवमेव, भदन्त शारिपुत्र, बोधिसत्त्वः सत्त्वपरिशोधनार्थं च ज्ञानाऽलोककरणार्थं च महाऽन्धकारापकर्षणार्थं संचिन्त्यापरिशुद्धबुद्धक्षेत्रेषु जायते। क्लेशैः सार्धन्न विरहति, सर्वसत्त्वानां तु क्लेशान्धकारं विनोदयति"।

ततः सर्वासा तासां पर्षदा 'साऽभिरतिलोकधातुश्च सोऽक्षोभ्यस्तथागतश्च ते बोधिसत्त्वाश्च ते महाश्रावका अस्माभिर्द्रष्टव्या' इति भावनाऽभूत्।

अथ भगवान् सर्वासा तासां पर्षदा चेतसैव चेतःपरिवितर्कमाज्ञाय, लिच्छविं (ला० ३६४ख) विमलकीर्तिमेतदवोचत्—"कुलपुत्र, इय हि पर्षत्तामभिरतिलोकधातुं चाक्षोभ्यं तथागतं द्रष्टुमिच्छति, तेन तस्यै पर्षदे देशय"। अथ लिच्छवये विमलकीर्तय एवं भवति स्म—

"अस्मात् सिंहासनाद् अनुत्थाय, तामभिरतिलोकधातु च बोधिसत्त्वानाम् अनेकशतसहस्राणि च सचक्रवाड पर्वतपरिवृतभवनान् देवनागयक्षगन्धर्वासुरांश्च (तां लोकधातुं) सनदीतडागोत्ससरस्समुद्रपरिखां च ससुमेरुगिर्यल्पहर्म्यां च सचन्द्रसूर्यतारकां च सदेवनागयक्षगन्धर्वस्थाना च सब्रह्मभवनपरिवारां च सग्रामनगरनिगमजनपदराष्ट्रनरनरीगृहां च सबोधिसत्त्वश्रावकपर्षदं चाक्षोभ्यस्य तथागतस्य बोधिवृक्ष चापि (ला० ३६५क) पर्षत्सागरे निषण्णं च धर्मं देशयन्तमक्षोभ्यं तथागतं च तानि पद्मानि, दशदिक्षु यानि सत्त्वेषु बुद्धकार्यं कुर्वन्ति, (तत्सर्वम् उपादास्यामि)। (यास्)तिस्रो रत्ननिःश्रेण्यो जम्बुद्वीपाद्यावत् त्रयस्त्रिंशभवनं, तास्वभ्यार्यनिःश्रेणीषु त्रयस्त्रिंशा देवा अक्षोभ्यस्य तथागतस्य दर्शनाय वन्दनाय पर्युपासनाय धर्मश्रवणाय च जम्बुद्वीपम् उपयान्ति, (तासु च) जम्बुद्वीपस्य मनुष्यास्त्रयस्त्रिंशानां देवानां दर्शनाय त्रयस्त्रिंशभवनम् आरोहन्ति, (तांश्च) तामेवंरूपाम् अप्रमाणगुणसञ्चयाम् अभिरतिलोकधातुम् आप्स्क-

न्धाद्यावदकनिष्ठभवन कुम्भकारस्य चक्रमिवोपादाय, केवलं छित्त्वा, दक्षिण पाणिना च पुष्पमालामिव गृहीत्वा, अस्या च सहालोकधातौ प्रक्षेप्स्यामि। प्रक्षिप्य, अस्यै सर्वपर्षदे निर्देक्ष्यामि"।

ततो लिच्छविर्विमलकीर्तिरेतादृश समाधिं समापद्यते स्मैतादृश चद्र्ध्यभिसंस्कारमभिसंस्करोति स्म, (यथा-)ऽभिरतिलोकधातु, तां केवल छित्त्वा, दक्षिणपाणिना गृहीत्वा, (ला० ३६५ख) अस्यां सहालोकधातौ प्रक्षिपति स्म।

तत्र ये श्रावकबोधिसत्त्वदेवमनुष्या दिव्यचक्षुरभिज्ञाप्राप्ताः, ते क्रन्दति स्म—"भगवन्, उपादीयामहे। सुगत, उपादीयामहे। सुगत, अस्मभ्य शरणं कुर्व"—इति याचन्ते स्म।

विनयार्थं भगवान् तानेतदवोचत्—"बोधिसत्त्वेन विमलकीर्तिनोह्यध्वे; स हि मद्गोचरो नास्ति"।

तत्रान्यदेवमनुष्यादिभिः-कुत्रोह्यामहे-ह्यज्ञातमदृष्टम्। साऽभिरतिलोकधातुरस्या सहालोकधातौ प्रक्षिप्यमाणाऽपि, अस्या लोकधातौ पूर्णत्व वोनत्व वा न ज्ञायेते स्म, न च संबाधो वा बन्धनं वा। साऽप्यभिरतिलोकधातुरनूनत्वा यथापूर्वं, पश्चात्तथा दृश्यते स्म।

अथ भगवाञ्शाक्यमुनिस्ताः सर्वाः पर्षद आमन्त्रयते स्म—"हे मित्राणि, पश्यताभिरतिलोकधातु चाक्षोभ्यं तथागतं चेमान् बुद्धक्षेत्रश्रावकबोधि (ला० ३६६क) सत्त्वव्यूहान्"। तेऽवोचन्—"ध्रुवम्, भगवन्, पश्यामः"। आह—"(यो) बोधिसत्त्व एतादृशं बुद्धक्षेत्रं परिग्रहीतुकामः, (तेन) तथागतस्याक्षोभ्यस्य बोधिसत्त्व(-नां) सर्वचर्या अनुशिक्षितव्याः"।

तथा ह्यभिरतिलोकधातुसंदर्शनस्यर्द्धिप्रातिहार्येण चाक्षोभ्यतथागतसदर्शनेनास्याः सहालोकधातोश्चतुर्दशदेवमनुष्यप्रजाऽयुतैरनुत्तरसम्यक्सम्बो-

धिचित्तान्युत्पादितानि। सर्वेऽपि तस्याममिरतिलोकधातौ जनितुं प्रणिधानमकार्षुः, भगवांश्च सर्वेषा तेषाममिरतिलोकधातावुपपत्तिं व्याकरोति स्म।

लिच्छविर्विमलकीर्तिस्तथा हि सर्वांस्तान्, यावत् परिपाचनीयानस्यां सहालोकधातौ, सत्त्वान् विपाच्य, तामभिरतिलोकधातु यथास्थानं पुनः प्रतिष्ठापयति स्म।

ततो भगवानायुष्मन्तं शारिपुत्रमेतदवोचत्—"ननु पश्यसि, शारिपुत्र, तामभिरतिलोकधातु (ला० ३६६ख) चाक्षोभ्य तथागतम्?" आह—

"ध्रुवम्, भगवन् पश्यामि। सर्वसत्त्वेभ्योऽस्तु तादृशो बुद्धक्षेत्रगुणव्यूहः। सर्वे सत्त्वाश्च भवन्तु कुलपुत्रो लिच्छविर्विमलकीर्तिर्यथा तादृशर्द्धिसम्पन्नाः। लाभा नः सुलब्धा[२] यद्वयं तादृश सत्पुरुषं पश्यामः। ये सत्त्वाः प्रत्युत्पन्नस्य वा परिनिर्वृततथागतस्य वेमं धर्मपर्यायं शृण्वन्त्यन्तशः, लाभास्तेषामपि सुलब्धा भवेयुः। कः पुनर्वादो य (इमं धर्मपर्यायं) श्रुत्वा, अधिमुच्यन्ते पत्तीयन्त्युद्ग्रहीष्यन्ति धारयिष्यन्ति वाचयिष्यन्ति पर्यवाप्स्यन्त्यधिमुच्य, देशयिष्यन्ति प्रपटन्ति परेभ्यश्च सप्रकाशयिष्यन्ति भावनाऽधिगमानुयुक्ता (भविष्यन्ति)?[३]

"ये सुलब्धा इमं धर्मपर्यायं, धर्मरत्ननिधिं ते प्रतिलप्स्यन्ते। य इमं धर्मपर्यायं स्वाध्यायन्ति, ते भवन्ति तथागतस्य सहायाः। य एतद्धर्माधिमुक्तान् सत्कुर्वन्ति (ला० ३६७क) पर्युपासन्ति च, ते हि भूता धर्मपालाः। य इमं धर्मपर्यायं सम्यग् लिखन्ति धारयिष्यन्ति मानयिष्यन्ति,

---

२ द्र० दीघनिकाय, खण्ड ३, पृ० १००, समाधिराजसूत्र, पृ० ३०२।

३ वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता, अध्याय १४।

तेषा गृहे तथागतो विहरिष्यति। येऽस्मिन् धर्मपर्यायेऽनुमोदन्ते, ते परिरक्षन्ति सर्वपुण्यानि। ये केचिदितो धर्मपर्यायादन्तशश्चतुष्पादिकामपि गाथामुद्गृह्य, परेभ्यो देशयेयुः,[४] ते हि महाधर्मयज्ञ कुर्युः। ये(षाम्) अस्मिन् धर्मपर्याये क्षान्तिश्च छन्दश्च बुद्धिश्चावबोधनादर्शनाधिमुक्तयः, तेभ्यस्तदेव व्याकरणम्।

अभिरतिलोकधात्वादानस्य तथागताक्षोभ्यसंदर्शनस्य च परिवर्त एकादशः।

---

४ तुलनीय **सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र**, पृ० १४२, २३३, २४०, **वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता**, अध्याय ८, ११, १२, १३।

१२ पूर्वयोगः सद्धर्मपरीन्दना च

अथ भगवन्तं शक्रो देवानामिन्द्र एतदवोचत्—"पुरा, भगवन्, तथागतान्मंजुश्रीकुमारभूताच्च धर्मपर्यायाना बहुशतसहस्राण्यश्रौषम्, पर तु यथाऽस्माद्धर्मपर्यायादीदृशाचिन्त्यविकुर्वणनयप्रवेशनिर्देशः पुरा न कदाचिदश्रौषम् (ला० ३६७ख)।

"ये सत्त्वाः, भगवन्, इम धर्मपर्यायमुद्ग्रहीष्यन्ति धारयिष्यन्ति वाचयिष्यन्ति पर्यवाप्स्यन्ति, तेऽपि निःसंशयमेतादृशधर्मभाजनं भवेयुः। कः पुनर्वादो ये भावनाऽधिगमनानुयुक्ता (भविष्यन्ति)? ते छेत्स्यन्ति सर्वदुर्गति-(मार्गम्), तेभ्यः सर्वसुगतिमार्गो विवृतः; सर्वबुद्धैस्ते दृष्टा भविष्यन्ति; ते सर्वपरप्रवादिघ्ना भविष्यन्ति; सर्वमारास्तैः सुपराजिता भविष्यन्ति; ते विशोधितबोधिसत्त्वमार्गा भविष्यन्ति, बोधिमण्डसमाश्रितास्तथागतगोचरे समवसरन्ति।

"कुलपुत्रो वा कुलदुहिता वा, भगवन् यौ धारयिष्यत इम धर्मपर्यायं, ताभ्यां सर्वपरिवारेण सह सत्कारं पर्युपासनं करिष्यामि। (तेषु) ग्रामनगरनिगमजनपदराष्ट्रराजधानीषु, येऽनयं धर्मपर्यायश्रयते निदिश्यते प्रकाश्यते, तेन धर्मश्रवणाय सपरिवारो गमिष्यामि। अश्रद्धेषु (ला० ३६८क) कुलपुत्रेषु श्रद्धामुत्पादयिष्यामि, श्राद्ध (-नां) धार्मिकेन रक्षा-(वरण-) गुप्तिं[1] करिष्यामि"।

---

१ द्र० चुल्लवग्ग, पृ० २६४, सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० १६३, २३८–२३९।

एवमुक्ते, भगवांशक्रं देवानामिन्द्रमेतदामन्त्रयते स्म—"साधु, देवेन्द्र, साधु। (यत्) त्वया सुभाषितम्, तस्मिंस्तथागतोऽप्यनुमोदते। (या), देवेन्द्र, अतीतानागतप्रत्युत्पन्नाना भगवतां बुद्धाना बोधिः, साऽस्माद्धर्मपर्यायान्निदिष्टा। अतो देवेन्द्र, ये केचित् कुलपुत्रा वा कुलदुहितरो वेमं धर्मपर्यायमुद्ग्रहीष्यन्ति, अन्तशः पुस्तके लिखिष्यन्ति, उद्ग्रहीष्यन्ति वाचयिष्यन्ति पर्यवाप्स्यन्ति, ते ह्यतीतानागतप्रत्युत्पन्नान् भगवतो बुद्धान् पूजयिष्यन्ति।

"अयं, देवेन्द्र, त्रिसाहस्रमहासाहस्रलोकधातुस्तथागतैः परिपूर्णः (स्यात्, परिपूर्णस्) तद्यथापि नामेक्षुवनैर्वा नडवनैर्वा वेणुवनैर्वा तिलवनैर्वा खदिरवनैर्वा, (यैरयं लोकधातुः) परिपूर्णस्तास्तथागतान्, कल्प वा कल्पाधिक वा, कुलपुत्रो वा कुलदुहिता वा मानयेद्गुरुकुर्यात् सत्कुर्यात् (ला० ३६८ख) पूजयेत् सर्वपूजासुखोपधानैः। तेषां परिनिर्वृतानामपि तथागतानामेकैकस्य तथागतस्य पूजनाऽर्थं सर्वरत्नमय विस्तरेण चतुर्महाद्वीपकलोकप्रमाणमारोहे ब्रह्मलोकसम्प्राप्तमुच्छ्रितच्छत्रपताकयष्टिस्तूपशोभितम् एकान्तकठोराकुथितशारीरिकधास्तूप (कुर्यात्)। स एवमेव सर्वतथागताना प्रत्येक स्तूप कृत्वा, तत् कल्पं वा कल्पाधिक वा सर्वपुष्पगन्धध्वजपताकैः पूजयेदुघट्टितदुन्दुभितूर्यैश्च[२]।

"तत् किं मन्यसे, देवेन्द्र, अपि नु स कुलपुत्रो वा कुलदुहिता वा ततो निदानं बहु पुण्यं प्रसवेत्?"[३] आह—"बहु भगवन्, बहु सुगत। कल्पकोटिशतसहस्रैरपि तस्य पुण्यस्कन्धस्य पर्यन्तमनुप्राप्तुमशक्यम्"।

---

२ तुलनीय गद्यांश **सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र**, पृ० १००, १०२, ११६, १५६, २०१।

३ **अष्टसाहस्रिका**, पृ० २१३, **वज्रच्छेदिका**, अध्याय ८।

भगवानामन्त्रयते स्म—"अधिमुच्यस्व, देवेन्द्र, त्वयाऽनुगन्तव्यम् (ला० ३६९क) यः कुलपुत्रो वा कुलदुहिता वेममचिन्त्यविमोक्षनिर्देशस्य धर्मपर्यायमुद्गृह्णीयाद्वाचयेत् पर्यवाप्नुयात्, (सोऽस्माद्-) बहु(तरं) पुण्यं प्रसवेत्। तत् कस्य हेतोः? भगवतां बुद्धाना हि बोधिः, देवेन्द्र, धर्मसम्भवा; सा च धर्मपूजायै शक्या, न परं त्वामिषेण (पूज्या)। अनेने पर्यायेण, देवेन्द्र, त्वयैव वेदितव्यम्"।

"भूतपूर्वं, देवेन्द्र, अतीतेऽध्वन्यसंख्येयैः कल्पैरसंख्येयतरैर्विपुलैर-प्रमेयैरचिन्त्यैस्तेभ्यः परेण परतरेण यदासीत् तेन कालेन तेन समयेन भैषज्य-राजो नाम तथागतोऽर्हन् सम्यक्सम्बुद्धो लोक उदपादि विद्याचरणसम्पन्नः सुगतो लोकविदनुत्तरः पुरुषदम्यसारथिः शास्ता देवाना च मनुष्याणां च बुद्धो भगवान् विचारणे कल्पे महाव्यूहायां लोकधातौ[४]। तस्य भैषज्यराजस्य तथागतस्यार्हतः सम्यक्सम्बुद्धस्य विंशत्यन्तरकल्पानायुष्प्रमाणमभूत्। तस्य षट्त्रिंशत्कोटिनयुताः श्रावक(संनिपातो)ऽभूत् द्वादशकोटिनयुता बोधि-सत्त्व(संनिपातो) (ला० ३६९ख) ऽभूत्।

"तेन खलु पुनः समयेन रत्नच्छत्रो नाम राजोदपादि चक्रवर्ती चातुर्द्वीपः सप्तरत्नसमन्वागतः। पूर्णं चास्याभूत् सहस्र पुत्राणां शूराणा वीराणां वराङ्गरूपिणां परसैन्यप्रमर्दकानाम्[५]।

"स रत्नच्छत्रो राजा पञ्चान्तरकल्पान् सर्वसुखोपधानैर्भगवन्त भैषज्यराजं तथागतं सपरिवारं मानयति स्म। तेषु पञ्चान्तरकल्पेष्वतीतेषु, देवेन्द्र, रत्नच्छत्रो राजा सहस्र पुत्रानेतदवोचत्—'हे, वित्त। अहं तथा-

---

[४] तुलनीय सुखावतीव्यूहसूत्र, पृ० २२२-२२३ (महायानसूत्रसंग्रह खण्ड १), वज्रच्छेदिका, अध्याय १६।

[५] तुलनीय ललितविस्तर, पृ० १३-२२, महावस्तु, खण्ड १, पृ० ५४, १४८।

गतमपूजयम्। अत इदानीं यूयमपि पूजयत तथागतम्'। ततस्ते राजकुमाराः पित्रे रत्नच्छत्राय राज्ञे साधुकारं दत्त्वा, त(स्मै) प्रत्यश्रौषुः। ते च सह गणेन तथागत भैषज्यराजं पञ्चान्तरकल्पान् सर्वसुखोपधानैः सत्करोन्ति स्म।

"तेषु चन्द्रच्छत्रस्य नाम राजपुत्रस्य रहोगतस्यैवं भवति स्म—'तस्याः पूजाया (ला० ३७०क) अन्या विशिष्टतरोदारा पूजा ननु भवती' ति। बुद्धाधिष्ठानेनान्तरीक्षाद्देवा एतदाहुः—'धर्मपूजा हि, सत्पुरुष, सर्वपूजासूत्तमा'। स आह-'सा धर्मपूजा किमस्ति?' देवा आहुः-'तस्य, सत्पुरुष, तथागतस्य भैषज्यराजस्य समीप गत्वा, सा धर्मपूजा किमस्तीति पृच्छ। भगवास्ते व्याकरिष्यति'।

"अथ, देवेन्द्र, चन्द्रच्छत्रो राजकुमारो येन भगवान् भैषज्यराजस्तथागतोऽर्हन् सम्यक्संबुद्धस्तेनोपसक्रान्तः। उपसक्रम्य, भगवत्पादौ शिरसा वन्दित्वा, एकान्तेऽस्थात्। एकान्तस्थितश्चन्द्रच्छत्रो राजपुत्रो भगवन्तं भैषज्यराज तथागतमेतदवोचत्—'धर्मपूजा नाम, भगवन्, सा किमस्ति?'

"स भगवानामन्त्रयते स्म—'कुलपुत्र, धर्मपूजा हि तथागतभाषिता गम्भीरसूत्रान्त(ाः) गम्भीरावभासाः सर्वलोकविप्रत्यनीका दुर्विगाह्या दुर्दृशा दुरवबोधाः सूक्ष्मा निपुणा अतर्कावचराः[५] (ला० ३७०ख)। (ते सूत्रान्ता) बोधिसत्त्वपिटकान्तर्भूता[६] धारणीसूत्रान्तराजमुद्रामुद्रिता अवैवर्तिक (धर्म-) चक्रसंदर्शकाः षट्पारमितासम्भूताः सर्वग्राहापरिगृहीताः[७]।

---

५ तुलनीय महावग्ग, पृ० ६ अष्टसाहस्रिका, पृ० ४५५।

६ द्र० बोधिसत्त्वभूमि, पृ० ६, ६८, ११६, १४३, १४७।

७ द्र० शूरंगमसमाधिसूत्र, पृ० ५१-५५ (अंग्रेजी अनुवाद)।

" '(ते सूत्रान्ता) बोधिपक्ष्यधर्मसमन्वागता बोध्यङ्गनिष्पादना-पर्यापन्नाः सत्त्वमहाकरुणाऽवतारणा महामैत्रीसदर्शकाः सर्वमारदृष्टिगता-पगताः प्रतीत्यसमुत्पादसंदर्शकाः ।

" '(धर्मेषु ते सूत्रान्ता) अनात्मका निःसत्त्वा निर्जीवा निष्पुद्गलाः शून्यताऽनिमित्ताप्रणिहितानभिसंस्कारानुत्पादासम्भवसम्प्रयुक्ताः । (ते) बोधिमण्ड समुदागच्छन्ति धर्मचक्रप्रवर्तकाः । प्रशंसितास्-(ते) वर्णिता देवनागयक्षगन्धर्वासुरगरुडकिन्नरमहोरगाधिपतिभिः । (सूत्रान्तास्ते) सद्धर्म-वंशासंसना धर्मकोशग्राहका धर्मपूजावराऽपन्नाः । सर्वाऽर्यजनैः परिगृहीतास् (ते) सर्वबोधिसत्त्वचर्याः सम्प्रकाशयन्ति (ला० ३७१क) भूतार्थधर्मप्रति-सविदापन्नाः । धर्मसूत्रान्त(ा) अनित्यतादुःखनैरात्म्यशान्ति (-निर्देश-) नैर्यानिकाः ।

" 'मात्सर्यदौःशील्यव्यापादकौसीद्यमुषितस्मृतिदुष्प्रज्ञाऽवसाद पर-प्रवादिकुदृष्टिसर्वोऽलम्बनाभिनिवेशां जहति (ते) सर्वबुद्धस्तोमिताः, संसार-पक्षप्रतिपक्षा निर्वाणसुख सम्प्रकाशयन्ति । ये तादृशसूत्रान्ताः सम्प्रकाशन-धारणप्रत्यवेक्षणसद्धर्मसंग्रहाः, सा हि धर्मपूजा नाम ।

" 'पुनरपरं, कुलपुत्र, धर्मपूजा हि धर्मो-(नु-) धर्मनिध्यप्ति-र्धर्मो-(नु-) धर्मप्रतिपत्तिः प्रतीत्यसमुत्पादसमादानं; (सा) सर्वान्तग्राह-दृष्टिरहिता, अनुत्पादानोपपत्तिक्षान्तिः, नैरात्म्यनिःसत्त्वप्रवेशः, हेतुप्रत्ययो रविरोधोऽविवादोऽकलहः, अहंकारमम(कारा-)पगता ।

' '(धर्मपूजा) ह्यर्थप्रतिसरणञ्च व्यञ्जनप्रतिसरणम्, ज्ञानप्रति-सरणञ्च विज्ञानप्रतिसरणम्, नीतार्थं (ला० ३७१ख) सूत्रप्रतिसरणञ्च नेयार्थसंवृत्यभिनिवेशः, धर्मताप्रतिसरणञ्च पुद्गलदृष्ट्युपलब्धिग्रहणाभिनिवेशः;

यथाबुद्धधर्ममवबोधः, अनालयप्रवेश', अलयसमुद्घातः; प्रतीत्यसमुत्पादस्य द्वादशांगे(षु) तद्यथा—अविद्यानिरोधाद् यावज्जरामरणशोकपरिदेवदुःखदौर्मनस्योपायासा निरुध्यन्त इत्यक्षयसत्त्वदृष्ट्यभिनिर्हारेणाभिसम्पन्नं सर्वदृष्ट्य दर्शनं च—सा हि, कुलपुत्र, अनुत्तरा धर्मपूजा नाम' ।

"ततस्स राजपुत्रश्चन्द्रच्छत्त्रः, देवेन्द्र, भगवतो भैषज्यराजात्तथागताद्धर्मपूजामेवं श्रुत्वा, अनुलोमिकीं धर्मक्षान्तिं प्राप्नोति स्म। सर्ववस्त्रविभूषणेषु तस्मै भगवत उपनामितेषु, एतद्वचनमवोचत्—'भगवति तथागते परिनिर्वृते, सद्धर्मपरिग्रहपूजनार्थं सद्धर्मं परिग्रहीतुम् (ला० ३७२क) उत्सहे। अधितिष्ठतु मामेव भगवान्, यथाऽहं मारपरप्रवादिनो निहत्य, सद्धर्मं परिगृह्णीयाम्' ।

"तथागतस्तस्याध्याशयं बुद्ध्वा, 'पश्चिमकाले पश्चिमसमये सद्धर्मनगरं पालयिष्यसे रक्षिष्यसि परिग्रहीष्यसी'-(ति) व्याकरोति स्म ।

"अथ स राजपुत्रश्चन्द्रच्छत्त्रस्तथा तथागतप्रतिष्ठितश्रद्धयाऽऽगाराद् नागारिकां प्रव्रजितः कुशले(षु) धर्मे(षु) वीर्यमारभते स्म। आरब्धवीर्यः स्थित्वा, कुशलेषु धर्मेषु सुप्रतिष्ठितः सोऽचिरेण धारणीगतिंगतः पञ्चाभिज्ञा उत्पादयति स्म। सोऽनाच्छेद्यप्रतिभानप्रतिलाभी, भगवति भैषज्यराजे तथागते परिनिर्वृते, अभिज्ञाधारणीवशेन धर्मचक्रं प्रवर्तयति स्म। स भगवान् भैषज्यराजस्तथागतो यथा, तथा दशान्तरकल्पान् (धर्मचक्रम्) अनुप्रवर्तयति स्म ।

"तथा हि, देवेन्द्र, चन्द्रच्छत्त्रस्य भिक्षोः सद्धर्मपरिग्रहाभियोगेन (ला० ३७२ख) कोटिदशशत सत्त्वा अनुत्तरसम्यक्संबोधि(मार्ग—) आवैवर्तिका अभूवन्। प्राणिनां चत्वारिंशन्नयुतानि श्रावकप्रत्येकबुद्धयाने विनीतान्य् (अभूवन्)। अप्रमाणसत्त्वाः स्वर्गेषूत्पद्यन्ते स्म ।

"मन्येथाः, देवेन्द्र, अन्यः स तेन कालेन तेन समयेन रत्नच्छत्रो नामाभूद्राजा चक्रवर्ती। न खलु पुनस्त्वयैव द्रष्टव्यम्। तत् कस्य हेतोः? अयमेव स रत्नार्चिस्तथागतस्तेन कालेन तेन समयेन रत्नच्छत्रो नाम राजा चक्रवर्त्यभूत्[8]। (ये) तस्य रत्नच्छत्रस्य राज्ञः पुत्राः सहस्रमभूवन्, ते सन्तीमे वर्तमानस्य भद्रकल्पस्य बोधिसत्त्वाः। अस्मिन् भद्रकल्पे पूर्णबुद्धानां सहस्रमुत्पद्यन्ते। तेषां चत्वारो हि—क्रकुच्छन्दादय उत्पन्नपूर्वाः। अवशिष्टा अपि प्रादुर्भविष्यन्ति—ककुत्सुन्दादयो यावद्रोच। अन्ते रोचो नाम तथागत उत्पद्यते।

"मन्येथाः, देवेन्द्र, अन्यः स तेन कालेन तेन समयेन चन्द्रच्छत्रो नाम राजपुत्रोऽभूत् तस्य भगवतो भैषज्यराजस्य (ला० ३७२क) तथागतस्य सद्धर्मपरिग्राहकः। न खलु पुनस्त्वयैवं द्रष्टव्यम्। तत् कस्य हेतोः? अहमेव स, देवेन्द्र, तेन कालेन तेन समयेन चन्द्रच्छत्रो नाम राजपुत्रोऽभूवम्।

"अनेन पर्यायेण, देवेन्द्र, वेद्यम्—यावत्तथागतपूजाः, (तासु) धर्मपूजा ह्युत्तमा नाम, वरा परमा वराग्रा प्रणीतोत्तरानुत्तरेति। तस्मात्तर्हि, देवेन्द्र, नामिषेण धर्मपूजया पूजा मे कर्तव्या। नामिषेण सत्कारो मे कर्तव्यः, धर्मसत्कारेण मानयितव्यम्"।

अथ भगवान् मैत्रेयं बोधिसत्त्वम्महासत्त्वमामन्त्रयते स्म—"इमामहं मैत्रेयासंख्येयकल्पकोटिसमुदानीतामनुत्तरां सम्यक्संबोधिं त्वयि परीन्दामि[9], यथा पश्चिमे काले पश्चिमे समयेऽयमेवंरूपो धर्मपर्यायस्त्वदधिष्ठानेन

---

८ द्र० राष्ट्रपालपरिपृच्छासूत्र, पृ० १५८ (महायानसूत्रसंग्रह, खण्ड १)।

९ तुलनीय सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० २६८ ।

परिगृहीतो जम्बुद्वीपे वर्धेत न चान्तर्धीयेत,' तत् कस्य हेतोः ? अनागतेऽध्वनि, मैत्रेय, (ये)ऽवरोपितकुशलमूलाः कुलपुत्रकुलदुहितृदेव (ला० ३७३ख) नागयक्षगन्धर्वासुरा अनुत्तरसम्यक्संबोधिसम्प्रस्थिताः, त इमं धर्मपर्यायन्न श्रुत्वा, ध्वंसिष्यन्ते। एवरूप सूत्रान्त श्रुत्वा, प्रहृष्टाः श्रद्धां प्रतिलप्स्यन्ते शिरसा चा– (भिवन्द्य, तं) ग्रहीष्यन्ति। तेषां कुलपुत्रकुलदुहितॄणां रक्षणार्थाय, मैत्रेय, तेन कालेन त्वयाऽयमीदृशः सूत्रान्तः स्फरणीयः।

''इमे हि, मैत्रेय, बोधिसत्त्वानां द्वे मुद्रे। कतमे द्वे ? नानापद व्यञ्जनप्रसन्नस्य मुद्रा गम्भीरेण धर्मनयेनात्रस्तस्य यथाभूत प्रतिपन्नकस्य मुद्रा च। ते, मैत्रेय, बोधिसत्त्वानां द्वे मुद्रे। ततो ये बोधिसत्त्वा नानापद-व्यञ्जनप्रसन्नास्तत्पराः, ते ह्यादिकर्मिका अचिरब्रह्मचारिणो वेदितव्याः। ये, मैत्रेय, बोधिसत्त्वा अस्य गम्भीरस्यानुपलिप्तस्य सूत्रान्तस्य यमकव्यत्यस्ताहारस्य ग्रन्थ वा पटल वा पठन्ति शृण्वन्त्यधिमुच्यन्ते देशयन्ति, (ते) हि चिरब्रह्मचारिणो (ला० ३७४क) वेदितव्याः।

''आदिकर्मिकास्ततः, मैत्रेय, बोधिसत्त्वा द्वाभ्यां कारणाभ्यामात्मानं व्रणयन्ति गम्भीरे च धर्मे न निध्यायन्ति। कतमे द्वे ? अश्रुतपूर्वं गम्भीरं सूत्रान्तं श्रुत्वा, त्रस्ताश्च संशयिता नानुमोदन्ते। स एवमस्माभिरश्रुतपूर्वः कुत आगत इति (पृच्छन्तस्तं) त्यजन्ति। ये कुलपुत्रा गम्भीर सूत्रान्त मुद्गृह्णन्ति गम्भीरधर्मभाजनभूताश्च गम्भीर धर्मं देशयन्ति, तेभ्यो न सेवन्ति चासमागमा न पर्युपासते तां च न सत्कुर्वन्ति। अन्ततस्तेष्ववर्णमपि निश्चारयन्ति। ताभ्यां कारणाभ्यामादिकर्मिकबोधिसत्त्वा आत्मानं व्रणयन्ति गम्भीरे च धर्मे नावकल्पयन्ति।

---

१० अष्टसाहस्रिका, पृ० २२७–२२८, २६०

"ताभ्यां द्वाभ्यां कारणाभ्यां गम्भीराधिमुक्तिक बोधिसत्त्वा आत्मानं व्रणयन्ति चानुत्पत्तिकधर्मक्षान्तिन्न लभन्ते। कतमे द्वे? आदिकर्मिकान- चिरचरितान् बोधिसत्त्वान् अवमन्यन्ते विमानयन्ति, न (समा-) दापयन्ति न (वि-) वरन्ति न देशयन्ति। गम्भीरे (धर्मे)ऽल्पश्रद्धाः शिक्षान्न मानयन्ति, लोकस्य चामिषदानेन (ला० ३७४ख) न तु धर्मदानेन सत्त्वानुपकुर्वन्ति।

"मैत्रेय, गम्भीराधिमुक्तिकबोधिसत्त्वा आभ्यां कारणाभ्यामात्मानं व्रणयन्ति चानुत्पत्तिकधर्मक्षान्तिं शीघ्रन्न लभन्ते"। एवमामन्त्रयते स्म।

भगवन्तं बोधिसत्त्वो मैत्रेय एतदवोचत्—"भगवता यथा सुभाषितम्, भगवन्, (तद्) आश्चर्यम्। साधु, भगवन्। अद्याग्रेण, भगवन्, इमानत्ययान् (वि-) वर्जयेयम्। (या) तथागतेनासंख्येयकोटिनयुतशतसहस्रेभ्यः कल्पेभ्योऽनुत्तरसम्यक्संबोधिः समुदानीता, इमामारक्षिष्यामि धारयिष्यामि।

"(ये)ऽनागते (ऽध्वनि) कुलपुत्रा वा कुलदुहितरो वा भाजनभूताः, तेभ्य ईदृशं सूत्रान्तं हस्तगतं करिष्यामि। (तेषां) स्मृतिमुपसंहरिष्यामि ययेममेवंरूपं सूत्रान्तम् अधिमुच्योद्ग्रहीष्यन्ति धारयिष्यन्ति पर्यवाप्स्यन्ति विवेशयन्ति लिखिष्यन्ति परेभ्यश्च विस्तरेण सम्प्रकाशयिष्यन्ति। तानहं, भगवन्, प्रस्थापयिष्यामि। (ये) भगवन्, (ला० ३७५क) तेन समयेनास्मिनेवंरूपे सूत्रान्तेऽधिमुच्यन्तेऽभिनिविशन्ति च, ते हि, भगवन्, मैत्रेयस्य बोधिसत्त्वस्याधिष्ठानेनाधिष्ठिता वेदितव्याः"।

अथ भगवान् मैत्रेयाय बोधिसत्त्वाय साधुकारमदात्—"साधु, मैत्रेय, साधु। सुभाषितं तत्ते वाक्यम्। तथागतोऽपि तत्ते सुभाषितमनुमोदयति"।

ततस् (सर्वे) ते बोधिसत्त्वा एकनिर्घोषेणैतद्वाक्यमवोचन्—"वय मपि, भगवन्, तथागते परिनिर्वृते, नानाबुद्धक्षेत्रेभ्य आगतास्तथागतस्य बुद्धस्येमां बोधिमुपबृंहयिष्यामः। तेऽपि कुलपुत्रा अधिमोक्षयिष्यन्ति"।

अथ भगवन्तं चतुर्महाराजिका (देवा) अप्येतदवोचन्—"येषु येषु, भगवन्, ग्रामनगरनिगमराष्ट्रराजधानीष्वेवरूपो धर्मपर्यायश्चरितो देशितः सम्प्रकाशितः, तेषु तेषु, भगवन्, वयमपि चतुर्महाराजिका (देवाः) सबलवाहनपरिवारा धर्मश्रवणार्थम् (ला० ३७५ख) एष्यामः। तेषां धर्मभाणक (ानाम् आ) योजनपरिसामन्तकाद्रक्षां करिष्यामो यथा न कश्चित्तेषा धर्मभाणकानामवतारप्रेक्ष्यवतारगवेष्यवतार लप्स्यते"[११]।

अथ भगवानायुष्मन्तमानन्दमेतदवोचत्—"उद्गृह्णीष्व त्वम्, आनन्द, इम धर्मपर्याय, धारय परेषां च विस्तरेण सम्प्रकाशय"[१२]। आह—"अस्मिन् धर्मपर्याय उद्गृहीते, को नामायं भगवन् धर्मपर्यायः, कथ चैनं धारयामि ?"[१३]

भगवानामन्त्रयते स्म—"तस्मादानन्द, इमं धर्मपर्याय 'विमल-कीर्तिनिर्देश' वा 'यमकव्यत्यस्ताभिनिर्हार' वाऽप्य्—'अचिन्त्यविमोक्षपरि-वर्तनाम' धर्मपर्याय धारय"।

इदमवोचद् भगवान्। आत्तमना लिच्छविर्विमलकीर्तिर्मञ्जुश्रीश्च कुमारभूतः स चायुष्मानानन्दस्ते च बोधिसत्त्वास्ते च महाश्रावकाः सा च

---

११ द्र० सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० २३४, २६४।

१२ द्र० समाधिराजसूत्र, पृ० ३०३।

१३ तुलनीय वज्रच्छेदिका, अध्याय १३, भैषज्यगुरुवैडूर्यप्रभराजसूत्र (महायान-सूत्रसग्रह, खण्ड १) पृ० १७३।

सर्वावती पर्षत्सदेवमानुषासुर (ला० ३७६क) गन्धर्वश्च लोको भगवतो भाषितमभ्यनन्दन्निति[१४]।

पूर्वयोगस्य सद्धर्मपरीन्दनायाश्च परिवर्तो नाम द्वादश[१]।

विमलकीर्तिनिर्देशो नाम महायानसूत्र समाप्तम्[१५]।

१४ तुलनीय **समाधिराजसूत्र**, पृ० ३०४, **वज्रच्छेदिका**, अन्तिमाश, **सुखावती व्यूह**, पृ० २५३, **भैषज्यगुरुवैदूर्यप्रभराजसूत्र**, पृ० १७३।

१५ **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** के तिब्बती अनुवाद के अन्त में निम्नलिखित सूचना मिलती है—साष्टशतोत्तरसाहस्रश्लोका षट परिवर्ता लोकचक्षुर्भदन्तो धर्मता-शीलोऽकार्षीद् विवृतिं पृष्टश्च प्रश्ननिर्णयम्।

विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र

(हिन्दी अनुवाद)

विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र

१ बुद्धक्षेत्र की परिशुद्धि

अतीत वर्तमान एव भविष्य के सभी बुद्धो, बोधिसत्त्वों, अर्हतो तथा प्रत्येकबुद्धों को प्रणाम ।

ऐसा मैंने सुना । एक समय भगवान् वैशाली नगरी मे आम्रपाली के उद्यान मे आठ हजार भिक्षुओ के विशाल भिक्षु सघ के साथ ठहरे हुये थे । वे सभी भिक्षु अर्हत, क्षीणास्रव[1], क्लेशरहित और जितेन्द्रिय थे । उनके चित्त सुविमुक्त और उनकी प्रज्ञा भी सुविमुक्त थी, अर्थात् वे क्लेशावरण और ज्ञेयावरण दोनों से मुक्त थे । वे आजानेय महानागो की भाँति सुसयमित थे । वे अपना कार्य सम्पन्न कर चुके थे । जो उनके लिये करणीय था, उसको कर चुके थे, वे जीवन-बन्धन का भार उठा चुके थे, अपने लक्ष्य को प्राप्त कर चुके थे, उनके सभी भव-सयोजन[2] नष्ट हो गयें थे और वे सम्यग्ज्ञान द्वारा सुविमुक्त चित्त होकर चित्त के सवतोमुखी वशित्व की परमपूर्णता प्राप्त कर चुके थे ।

भगवान् के साथ मे बत्तीस हजार बोधिसत्त्व महासत्त्व भी थे । वे अभिज्ञाओ[3] के अभिज्ञाता, महाभिज्ञाओ के परिशीलन मे लगे हुये, बुद्धाधिष्ठान द्वारा अधिष्ठित, धर्मनगर के नगरपालों की तरह थे । वे सद्धर्म के परिग्राहक थे और महासिंहनाद की तरह उनकी देशना का सुगर्जित नाद दशों दिशाओं में ध्वनित होता था । वे बोधिसत्त्व सभी प्राणियो के स्वत ही कल्याणमित्र थे । त्रिरत्न की परम्परा को अविच्छिन्न बनाने वाले मार को पराजित करने वाले, मुक्ति प्राप्त और सभी विरोधी विचारो वाले आलोचको पर विजय प्राप्त कर चुके

---

१ आस्रव चार हैं । १ काम, २ भव, ३ अविद्या, ४ दृष्टि दीघनिकाय, खण्ड २, पृष्ठ ६५ ।

२ संयोजन दस हैं । १ सत्कायदृष्टि, २ विचिकित्सा, ३ शीलव्रतपरामर्श ४ कामराग, ५ रूपराग, ६ अरूपराग, ७ व्यापाद, ८ अविद्या, ९ मान, १० औद्धत्य ।

३ अभिज्ञाएँ छ हैं । १ दिव्यचक्षु, २ दिव्यश्रोत्र, ३ परचित्तज्ञान, ४ पूर्वनिवासानुस्मृति, ५ ऋद्धि, ६ आस्रवक्षयज्ञान महाव्युत्पत्ति, २०२–२ ९ ।

थे। व स्मृति, बुद्धि, अवबोध, समाधि, धारणी तथा प्रतिभान से सम्पन्न थे। सभी आवरणो से ऊपर उठने के पश्चात् वे अनावरणविमोक्ष की अवस्था में पहुँचे हुये थे। वे स्पष्ट और अविरत प्रवचन मे पारगत थे। उनके यक्तित्व का विकास दान दम, नियम, संयम, शील, क्षान्ति वीय, ध्यान, प्रज्ञा, उपाय कौशल्य, प्रणिधान, बल व ज्ञान पारमिताओ के के फलस्वरूप हुआ था। उ होने अनुपलब्धि धर्मक्षान्ति प्राप्त कर ली थी, वे अवैवर्तिक धमचक्र के प्रवतक और अलक्षमुद्रा से मुद्रित थे। सभी प्राणियो की शक्तियो के ज्ञान में कुशल, वे सभी परिषदो मे अपराजित रहने के वशारद्य के कारण पराक्रमी थे पुण्य और ज्ञान के सभार का महान् सचय करने वाले उन बोधिसत्त्वो के शरीर आभूषणा लकारो से परे और सभी (महापुरुष) लक्षणो[४] और अनुव्यजनो[५] से अलकृत वरिष्ठ रूप से सुशोभित थे। उनकी प्रसिद्धि एव कीर्ति सुमेरू पवत क उन्नत शिखर की भाँति उन्नत थी। उनका उच्चकोटि का अध्याशय वज्र की तरह दृढ़ था। बुद्ध, धम और सघ मे उनकी अकाटय श्रद्धा थी। धमरत्न की रश्मि से नि सृत होने वाली अमृतवृष्टि की वे सर्वत्र सुवर्षा करने वाले थे। उनके शब्द स्वर विशुद्ध थे और वह सभी प्राणियों की भाषाओ के वाक्यों, शब्दों व स्वरो में निपुण थ। उन्होने प्रतीत्यसमुत्पाद के गम्भीर धर्म का अवगाहन कर लिया था, और अन्त अनन्त दृष्टि वासनाओ की सन्धि का सर्वथा नाश कर दिया था। वे निर्भीक सिंहों की तरह घोष करते हुये बोलते थ, तथा महाधर्ममेघ के स्वर का निनाद करते थे। वे सम विसम धर्म का अतिक्रमण कर चुके थे, अर्थात् वे

---

४ महापुरुष के बत्तीस लक्षण निम्नलिखित हैं। १ चक्रांकितपाणिपादतलता, २ सुप्रतिष्ठित पाणिपादतलता, ३ जालावनद्धाङ्गुलिपादतलता, ४ मृदुतरुणहस्तपादतलता, ५ सप्तो त्सदता, ६ दीर्घाङ्गुलिता, ७ आयतपार्ष्णिता, ८ ऋजुगात्रता, ९ उत्संगपादता, १० उर्ध्वाग्ररोमता, ११ ऐणेयजंघता, १२ प्रलम्बबाहुता, १३ कोषगतबस्तिगुह्यता, १४ सुवर्णवर्णता, १५ शुक्लच्छविता, १६ प्रदक्षिणवर्तैकरोमता, १७ ऊर्णालंकृतमुखता, १८ सिंहपूर्वान्तकायता, १९ सुसंवृत्तस्कन्धता, २ चितान्तरांसता, २१ रसरसाग्रता, २२ न्यग्रोधपरिमण्डलता, २३ ऊष्णीषशिरस्कता, २४ प्रभूतजिह्वता, २५ सिंहहनुता, २६ शुक्लहनुता, २७ समदन्तता, २८ हसविक्रान्तगामिता, २९ अविरलदन्तता, ३ समचत्वारिंशद्दन्तता, ३१ अभिनीलनेत्रता, ३२ गोपक्षनेत्रता। देखिये धर्मसङ्ग्रह, ३३, अर्थविनिश्चयसूत्र, २६।

५ महापुरुष के अस्सी अनुव्यंजनों की तालिका के लिये देखिये धर्मसङ्ग्रह, ८४, अर्थविनिश्चयसूत्र, २७।

अतुलनीय थे और परिमापन से परे थे। धमरत्न की प्राप्ति और प्रज्ञा-सभार तथा पुण्य सभार के समुदागम के लिए वे महान् साथवाह थे। उस धम के माग के विशेषज्ञ थे जो सीधा उन्नति की ओर ले जाने वाला शान्त, सूक्ष्म, मृदु दुर्दृश, और दुरवगाह्य है। वे सभी प्राणियो के आशय की गति का और उनके जन्म मरण का ज्ञान रखते थे। वे भगवान बुद्ध के असमसम ज्ञान रूपी अभिषेक से अभिषिक्त थे। अपने विशिष्ट और उत्कृष्ट आशय द्वारा उन्होने दश बल[६] चार वशारद्य[७], और अष्टादश आवेणिक बुद्धधर्म[८] प्राप्त कर लिये थे। पतन, भय, तथा दुगति में पतित होने के भय की खाई

---

६ बोधिसत्त्व के दस बल। १ अधिमुक्ति, २ प्रतिसंख्यान, ३ भाव, ४ क्षान्ति, ५ ज्ञान, ६ प्रहाण, ७ समाधि, ८ प्रतिभान, ९ पुण्य, १ प्रतिपत्ति। धमसङ्ग्रह, ७५।

७ चार वैशारद्य। १ अभिसम्बोधि अथवा सर्वज्ञता प्राप्ति के कारण होने वाली निर्भीकता, २ सभी आस्रवों के नष्ट होने से प्राप्त निर्भीकता, ३ निर्वाणगामिनी प्रतिपदा की बाधाओं का सम्यक् प्रकार से वर्णन करने से प्राप्त निर्भीकता, ४ निर्वाण—प्राप्ति के सभी आवश्यक धर्मों [गुणों] का सम्यक् वर्णन करने से प्राप्त निर्भीकता। धर्मसङ्ग्रह, ७७ अर्थविनिश्चय, २३।

८ अठारह आवेणिक बुद्धधर्म।

(१) तथागत को अतीत का पूर्ण एव अप्रतिहत ज्ञान होता है।
(२) तथागत को भविष्य का पूर्ण एवं अप्रतिहत ज्ञान होता है।
(३) तथागत को वर्तमान का पूर्ण एव अप्रतिहत ज्ञान होता है।
(४) उनके सभी शारीरिक कार्य ज्ञानपूवक एव ज्ञानपूण होते हैं।
(५) उनके सभी वाक कर्म ज्ञानपूर्वक एव ज्ञानपूर्ण [ज्ञानमय] होते हैं।
(६) उनके सभी मनस्कर्म ज्ञानपूवक एव ज्ञानपूर्ण होते हैं।
(७) उनके छन्द [आशय] की हानि [परिहाणि] नहीं होती है।
(८) उनके वीय [शक्ति] की हानि नहीं होती है।
(९) उनकी स्मृति की हानि नहीं होती है।
(१) उनकी समाधि की हानि नहीं होती है।
(११) उनकी प्रज्ञा की हानि नहीं होती है।
(१२) उनकी विमुक्ति की हानि नहीं होती है।
(१३) तथागत के द्वारा काय, वाक व मन की त्रुटि नहीं होती है।
(१४) तथागत सहसा वाक् क्रिया नहीं करते हैं।
(१५) उनकी स्मृति कभी मुषित नहीं होती है।
(१६) उनका चित्त सदा समाहित रहता है।

को पार कर लेने के पश्चात् भी वे स्वेच्छा से पाँचों गतियों[9] मे अवतरित होते थे ताकि प्राणियो को शिक्षित कर सकें। महावैद्यराजाओ की तरह सभी विनेयजनो की शिक्षा विधि के जानकार वे बोधिसत्त्व सभी प्राणियो के क्लेशो रोगो का ज्ञान रखते थे और धर्मभैषज्य का यथायोग्य, युक्तिपूर्वक सुप्रयोग करते थे। वे अनन्त गुणो के अनन्त भण्डार स्वरूप थे और अपने गुणव्यूहो से अनन्त बुद्धक्षेत्रो को अलकृत करते थे। उनका दर्शन श्रवण तथा चरण स्पर्श अमोघ फलदायी था। अप्रमेय शत सहस्र कोटि नयुत[10] कल्पो तक भी यदि उनके गुणो का वर्णन किया जाय तब भी उनके गुणो के सागर का अन्त नहीं हो सकता। इन बोधिसत्त्वो के नाम इस प्रकार थे —

समदर्शी, सुमासमदर्शी, समाधिविकुर्वितराज, धर्मेश्वर, धर्मकेतु, प्रभाकेतु, प्रभाव्यूह, रत्नव्यूह, महाव्यूह, प्रतिभानकूट, रत्नकूट रत्नपाणि, रत्नमुद्राहस्त, नित्यप्रलम्बहस्त, नित्योक्षिप्तहस्त, नित्यतप्त, नित्यमुदितेन्द्रिय, प्रामोद्यराज देवराज प्रणिधान यसनानुप्राप्त, प्रतिसंविद्प्रसाधनप्राप्त, गगनगंज, रत्नदीपधर, रत्नवीर, रत्नप्रिय, इन्द्रजाल, जालिनीप्रभ, अनुपलब्धिध्यान, प्रज्ञाकूट रत्नमुक्त, मारहन्ता, विद्युद्देव, विकुर्वणराज, निमित्तकूटसमतिक्रान्त, सिंहगर्जित घोषस्वर, गिरिप्रसमुद्घातराज, गन्धहस्ती, गन्धकुंजरनाग, नित्योद्युक्त, अनिक्षिप्तधुर, प्रमति, सुजात, पद्मश्रीगर्भ, पद्मव्यूह, अवलोकितेश्वर, महास्थामप्राप्त, ब्रह्मजाल, रत्नयष्टिासन, मारकर्मविजेता, समक्षेत्रालकार मणिरत्नच्छत्र, हेमचूड, मणिचूड, मैत्रेय, मंजुश्रीकुमारभूत, इत्यादि सहित बत्तीस सहस्र बोधिसत्त्व।

वहाँ पर उपस्थित और भी अन्य प्राणी थे। अशोक नामक चतुष्कमहाद्वीप लोकधातु से ब्रह्मा शिखी सहित दश सहस्र ब्रह्मा (ब्रह्मा के लोक के देवता गण) भगवान् बुद्ध के दर्शन के लिये, उनकी वन्दना करने के लिये, उनकी उपासना करने के लिये और उनसे धर्मश्रवण करने के लिये वहाँ आये हुये थे। नाना चतुष्क महाद्वीपो से बारह सहस्र शक्र (इन्द्र के लोक के देवता गण) भी वहाँ पर उपस्थित थे। वे सभी देवता उस परिषद मे

---

(१७) उनकी उपेक्षा विचारहीन नहीं होती है।

(१८) उनमें नानात्वसंज्ञा नहीं होती है।

यह तालिका महावस्तु के अनुसार है।

९ पाँच गतियाँ। १ देव, २ मनुष्य, ३ तिर्यक, ४ प्रेत ५ नरक।

१० नयुत अथवा नियुत एक बहुत बड़ी सख्या को सूचित करने वाला शब्द है। बहुधा एक नयुत = १००, ०००, ०००, ०००।

सम्मिलित थे। इसी प्रकार अ य महेशाख्य और ख्यातिप्राप्त ब्रह्मा, कौशिक (शक्र), लोकपाल, देव, नाग, यक्ष, ग धव, असुर गरुड किन्नर और महोरग उस परिषद मे बैठे हुये थे। चतुष्परिषद के सदस्य गण— भिक्षु भिक्षुणियाँ, उपासक, उपासिकाएँ—भी वहाँ पर उस परिषद मे शामिल थे।

इस प्रकार अनेक शतसहस्र प्राणियो की परिषदो से परिवृत एव पुरुष्कृत भगवान् श्रीगर्भसिंहासन मे विराजमान होकर धर्मोपदेश करने लगे थे। जिस प्रकार समुद्र के मध्य में उन्नत पवतराज सुमेरु सर्वत्र दिखाई देता है उसी प्रकार भगवान् बुद्ध समस्त परिषदों के विजेता के रूप मे श्रीगर्भसिंहासन में बैठे हुये प्रकाशमान व देदीप्यमान होकर चतुर्दिक अपना प्रताप विकीण कर रहे थे।

उसी समय लिच्छविकुमार बोधिसत्त्व रत्नाकर, पाच सौ लिच्छविकुमारो के साथ, जो अपने हाथो मे सात रत्नो से जटित छत्र लिये हुये थे महानगरी वशाली से चलकर आम्रपाली के उद्यान मे जहाँ भगवान् बुद्ध थे, वहाँ पहुँचे। वहाँ पहुँचने पर प्रत्येक लिच्छवि युवक ने बुद्ध के निकट जाकर उनके चरणो मे सिर झुकाकर प्रणाम किया भगवान् की सात बार प्रदक्षिणा की और अपने रत्नजटित छत्र भगवान को भेंट करक एक ओर को हो गये।

वहाँ पर रख गये वे सभी रत्नजटित छत्र बुद्धानुभाव के परिणाम से तुर त एकीभूत हो गए और उस एकीभूत रत्नजटित महाछत्र ने सम्पूण त्रिसाहस्रमहासाहस्र लोकधातु को आच्छादित और प्रकाशित कर दिया। त्रिसाहस्रमहासाहस्र लोकधातु का समस्त विस्तार भी उसी महारत्नछत्र क भीतर प्रभासित हो गया था। त्रिसाहस्रमहासाहस्र लोकधातु मे जो भी पवत थे यथा पवतराज सुमेरु, हिमपवत मुचिलिन्द पवत, महामुचिलिन्द पवत, ग धमादनपवत, रत्नपवत, कालपवत, चक्रवाड पवत, और महाचक्रवाड पवत, वे सभी उस महारत्नछत्र के मध्य मे प्रभासित हो गये थे। त्रिसाहस्रमहासाहस्र लोकधातु का सारा जल— सभी महासमुद्र, जलाशय, तडाग, पुष्करणी, नदी, धाराए स्रोत, कुण्ड और लघु सरोवर— सभी उस महारत्नछत्र के मध्य प्रभासित हो गये थे। त्रिसाहस्रमहासाहस्र लोकधातु म जो भी सूर्यविमान, च द्रविमान, तारकारूप विमान, देव भवन, नाग-पुर, यक्षो, ग धर्वों, असुरो, गरुडो और महोरगो के आवास थे, चतुर्महाराजाओ के प्रासाद थे, और जो भी ग्राम, नगर, निगम, राष्ट्र, राजधानियाँ थी, वे सभी उसी एक महारत्नछत्र के आभास से परिपूण थीं। यह सब प्रत्येक प्राणी को दिखाई दे रहा था। दशों दिशाओं के लोको से

तथागतो की धमदेशना से जो श द और नाद उत्पन्न होते थे वे भी उस एकमात्र महारत्न छत्र के घेरे मे सुनाई पडते थ ।

भगवान् बुद्ध द्वारा प्रदर्शित ऐसे महाप्रातिहाय (महान चमत्कार) को देखकर वहाँ पर उपस्थित सम्पूण परिषद् आश्चयचकित होकर, प्रसन्नमना और प्रमुदित हो गई। परिषद् के सभी सदस्यो के मन में प्रीति और सौमनस्य उत्पन्न हो गया। इस प्रकार प्रसन्नता और हर्षोल्लास से परिपूर्ण वे सभी भगवान् तथागत की अभिव दना करके ध्यान पूवक अपने नेत्रो से तथागत की ओर देख रहे थे।

उसी समय लिच्छविकुमार रत्नाकर भगवन्त के इस प्रकार के महाप्रातिहार्य को देखकर, अपने दाहिने घुटने को भूमि पर प्रतिष्ठापित करके, भगवान् को अजलिबद्ध हाथो से प्रणाम करके, गाथाओ द्वारा भगवान् तथागत का इस प्रकार अभिन दन करने लगा —

(१) पवित्र नेत्र आपके, पद्मदलवत् रुचिर और विशाल।
शुभ अभिप्राय आपका, शमथपारगत और परमाथ प्राप्त॥

(२) आपके गुणो का सागर और कुशलकर्मो का सग्रह अपार है।
शान्ति पथ गामी, हे श्रमण-श्रष्ठ आपको नमस्कार है॥

(३) हे नरासभ, हे जननायक, हम आपकी ऋद्धि विधि के साक्षी हैं।
सुगतों के सभी क्षेत्र-प्रवर मनोहर व्यक्त और दृष्टिगोचर हैं॥

(४) अमरता की ओर ले जाने वाली जो आपकी उदार धर्मवाणी है।
वह सवत्र सम्पूर्ण आकाश के नीचे सुनाई देती है॥

(५) हे धर्मराज, आप धम द्वारा अपने धर्मराज्य पर शासन करते हैं।
इस प्रकार के विजेता आप सम्पूण जगत को धेमधन प्रदान करते हैं।

(६) धर्मों के प्रविचय मे विशेषज्ञ आप परमाथ के सन्दर्शक हैं।
हे धर्मेश्वर, हे धर्मराज, आपको हम सिर झुकाते हैं॥

(७) अस्ति और नास्ति से परे हैं सभी धर्म[११]।
हेतुओं और प्रत्ययो से उत्पन्न हैं सभी धर्म॥

---

११ तुलनीय समाधिराजसूत्र, ९ २७ अस्ति एव नास्ति ये दोनों ही अन्त हैं, विवादास्पद हैं रत्नावली, १ ६२ बुद्ध का शासन अस्ति एव नास्ति दोनों मतों का अतिक्रमण करता है कात्यायनाववादसूत्र में भी भगवान् तथागत ने कहा है कि अस्ति एक अन्त है और नास्ति दूसरा अन्त है, देखिये प्रसन्नपदा मध्यमकवृत्ति, पृ० ११८ तथा मूलमध्यमककारिका १५ १०-११।

(८) इनमें आत्मा, वेदक और कारक अविद्यमान हैं।
किसी पुण्य व पाप कम का नाश होता नही है।
ऐसी आपकी देशना है ॥

(९) हे मुनीन्द्र आपने बलशाली मार को स्वबल से जीतकर।
परमशान्ति बोधि, अमृत और क्षेम का किया साक्षात्कार ॥

(१०) सारे तीर्थिक और कुगणि रहे जिससे अनजान।
यद्यपि रुक गया था उनके चित्त और वेदना का व्यापार ॥

(११) हे अद्भुत धर्मराज आपने देवताओ और मनुष्यो के समक्ष।
उस प्रशान्त स्वभाव वाले विशुद्ध धर्मचक्र का प्रवर्तन किया है।

(१२) जो त्रिविध परिवत वाला[१२] बहु आकार का है।
तत्पश्चात् आपने त्रिरत्न का प्रकाशन किया है ॥

(१३) जो धर्मरत्न द्वारा सुविनीत हुये।
वे वितकविहीन और नित्यशान्त हो गये ॥

(१४) हे वैद्यश्रेष्ठ, आपने जन्म, जरा और मृत्यु का अन्त कर दिया है।[१३]
हे अप्रमेय गुणसागर, आपको सिर झुकाकर प्रणाम् ॥

(१५) सुमेरु पर्वत की भाँति आप सत्कार–सुकृत से अप्रकम्पित हैं।
शीलवन्त और दुःशील व्यक्तियो से आपकी समान मैत्री है ॥

(१६) समता मे स्थित आपका मन आकाश के समान है।[१४]
कौन ऐसे सत्त्वरत्न की पूजा नही करेगा ॥

(१७) हे महामुने, यह परिषदें यहाँ पर एकत्रित हैं।
सभी श्रद्धापूण मन से आपके मुख को देखते हैं ॥

---

१२ एक सुविदित बौद्ध परम्परा के अनुसार भगवान् बुद्ध ने तीन बार धर्मचक्रप्रवर्तन किया था–पहली बार ऋषिपत्तन (सारनाथ) में, दूसरी बार गृध्रकूट (राजगृह) में और तीसरी बार श्रीधान्यकटक (आन्ध्रप्रदेश) में। द्र सेकोद्देशटीका, पृ० ३–४

१३ बुद्ध स्तुति की इन पक्तियों की तुलना ललितविस्तर, १ १–५ से करणीय है जहाँ तथागत को धर्मेश्वर, देवातिदेव, शान्तविमोक्षपारग, वैद्यराज, वादिशूर, कुगणिप्रतापक, धर्मबन्धु, तथा परमार्थकोविद कहा गया है।

१४ शतपञ्चाशत्क बुद्धस्तोत्र, श्लोक ४७

(१८) सभी भगवान बुद्ध को अपने ही सामने देखते हैं ।
यह निश्चित रूप से बुद्ध का विशिष्ट बुद्धलक्षण है ॥

(१९) यद्यपि भगवान एक ही वाणी का उच्चारण करते हैं ।
परिषद् मे उपस्थित जन उसी वाणी को विविध जानते हैं ॥

(२०) प्रत्येक उसको अपनी भाषा मे अपनी चाह से समझता है ।
यह निश्चित रूप से बुद्ध का विशिष्ट बुद्धलक्षण है ॥

(२१) बुद्ध द्वारा अपनी वाणी मे एक वाक्य के उच्चारण से ।
कोई (श्रोता) धर्म-वासना का विकास करता है ॥

(२२) कोई धर्म-मार्ग पर प्रतिपन्न हो जाता है ।
कोई अपने सन्देहो-विमतियो का शमन करता है ॥

(२३) कोई उस नायक के पीछे सर्वस्वत्याग करता है ।
यह निश्चित रूप से बुद्ध का विशिष्ट बुद्धलक्षण है ॥

(२४) हे दशबल,[१५] शक्तिसम्पन्न, नायक, आपको नमस्कार ।
हे अभय, भयप्रमुक्त, आपको नमस्कार ॥

(२५) आवेणिक[१६] बुद्धधर्मों को प्रकट करने वाले ।
सम्पूर्ण जगत के नेता, आपको नमस्कार ॥

(२६) संयोजनो[१७] और बन्धनों को काटने वाले, आपको नमस्कार ।
पार पहुँचे हुये, स्थलस्थित, आपको नमस्कार ॥

(२७) दुःखी जनो को तारने वाले, आपको नमस्कार ।
संसार-प्रवृति में अप्रतिष्ठित, आपको नमस्कार ॥

(२८) आप प्राणियों के साथ रहने के लिये सत्वगतियो में जाते हैं ।
यद्यपि आपका मन सभी गतियों से मुक्त है ॥

---

१५ बुद्ध के दश बल निम्नलिखित हैं ।
१ स्थानास्थानज्ञानबल, २ कर्मविपाकज्ञानबल, ३ नानाधातुज्ञानबल, ४ नानाधिमुक्तिज्ञानबल, ५ सत्वेन्द्रियपरापरज्ञानबल, ६ सर्वत्रगामिनीप्रतिपत्तिज्ञानबल, ७ ध्यानविमोक्षसमाधिसमापत्तिसंक्लेशव्यवदानव्युत्थानज्ञानबल, ८ पूर्वनिवासानुस्मृतिज्ञानबल, ९ च्युत्युत्पत्तिज्ञानबल, १० आस्रवक्षयज्ञानबल ।

१६ देखिये ऊपर पादटिप्पणी ८

१७ देखिये ऊपर पादटिप्पणी २

(२९) जिस प्रकार परिशुद्ध कमल जल मे उत्पन्न हो कर भी अलिप्त रहता है।
उसी प्रकार बुद्धरूपी कमल सवदा शून्यता विहार करता है॥ [१८]

(३०) आपने सभी चीजों के सभी निमित्तों का निराकरण किया है।
आप किसी भी चीज के किसी भी रूप के इच्छुक नही हैं॥

(३१) परिशुद्ध बुद्ध का महानुभाव अचिन्तनीय है।
आकाश-समान सवत्र अप्रतिष्ठित आपको प्रणाम है॥

इन गाथाओ द्वारा भगवान बद्ध की स्तुति करने के पश्चात लिच्छविकुमार रत्नाकर भगवान् के प्रति इस प्रकार बोले —

"भगवन्, ये सभी पाँच सौ लिच्छिविकुमार अनुत्तर सम्यक सम्बोधि के मार्ग पर आरुढ हैं। ये पूछते हैं कि 'बोधिसत्त्वो का परिशुद्ध बुद्धक्षेत्र क्या है?' बोधिसत्त्वो के परिशुद्ध बुद्धक्षेत्र के विषय मे इस प्रश्न का उत्तर कृपा करके तथागत भली प्रकार दें।'

ऐसा कहे जाने पर भगवान ने लिच्छिविकुमार रत्नाकर को अपनी स्वीकृति देते हुये कहा 'साधु, साधु, कुमार। परिशुद्ध बुद्धक्षेत्र विषयक आपने तथागत से जो प्रश्न किया है वह ठीक ही है। इसलिये, कुमार, आप अच्छी तरह सुनिये और स्मरण रखिये, बोधि सत्वो के परिशुद्ध बुद्धक्षेत्र का अर्थ आपको बताऊँगा।" "साधु भगवन्"—ऐसा कहकर लिच्छविकुमार रत्नाकर और पाँच सौ लिच्छविकुमार भगवान् को सुनने को उद्यत हो गये।

भगवान् ने उनसे कहा —"कुलपुत्रो, सत्वक्षत्र ही बोधिसत्त्वों का बुद्धक्षेत्र है। ऐसा क्यो? बोधिसत्त्व बुद्धक्षेत्र का परिग्राहक तभी होता है जब वह सत्त्वो का विकास करता है। जैसे सत्त्व विनीत होते हैं वैसे ही वह बुद्धक्षेत्र का परिग्राहक होता है। वह बुद्धक्षत्र का वैसे ही परिग्रहण करता है जसे बुद्धक्षेत्र मे प्रवेश द्वारा सत्त्वो का बुद्धज्ञान मे प्रवेश होता है। वह इस प्रकार से बुद्धक्षेत्र का परिग्रहण करता है जिस प्रकार कि बुद्धक्षेत्र प्रवेश द्वारा सत्त्वो मे श्रेष्ठ एव पवित्र इन्द्रियो की उत्पत्ति होती है। ऐसा क्यो? कुलपुत्रो, बोधिसत्त्वो का बुद्धक्षेत्र सत्त्वो के हितार्थ क्रियाओ के कारण से ही होता है। रत्नाकर उदाहरण के लिये समझिये। यदि कोई व्यक्ति आकाश के समान रिक्त स्थान पर कुछ निर्मित करना चाहता है तो वह प्रयत्न कर सकता है, इस तथ्य के होते हुये भी

---

१८ द्र० अगुत्तरनिकाय, खण्ड २, पृ० ४१—
पुण्डरीक यथा वग्गु तोयेन नुपलिप्पति।
नुपलिप्पामि लोकेन तस्मा बुद्धोस्मि ब्राह्मणा॥

कि आकाश की तरह रिक्त स्थान पर निर्माण अथवा अलकरण काय रचना सम्भव नही है। इसी प्रकार, रत्नाकर, सभी धर्मों को आकाश के समान जानकर यदि बोधिसत्त्व सत्त्वपरिपाचनार्थ बुद्धक्षेत्र का निर्माण करना चाहता है तो वह बुद्धक्षेत्र की रचना करे यह जानते हुये कि कोई भी बुद्धक्षेत्र आकाश मे निर्मित करना अथवा अलकृत करना सम्भव नही है।

"रत्नाकर, बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र वस्तुत आशयक्षेत्र है। जब उसे बोधि की प्राप्ति होगी तब उसके बुद्धक्षेत्र मे शठना और छल कपट से रहित प्राणी उत्पन्न होगे। कुलपुत्र, बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र वास्तव मे अध्याशयक्षेत्र है। जब उसको बोधि की प्राप्ति होगी तब उसके बुद्धक्षेत्र मे ऐसे प्राणी उत्पन्न होगे जिन्होने सर्व प्रकार के कुशलमूलो का रोपण और सम्भारद्वय[19] का सम्पादन किया है।

"बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र प्रयोगक्षेत्र, गुणो के अभ्यास का क्षेत्र है, जब उसको बोधि की प्राप्ति होगी तब उसके बुद्धक्षेत्र में ऐसे प्राणी उत्पन्न होगे जो सभी कुशलधर्मों के अनुकूल जीवन यापन करते हैं। बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र उदारचित्तोत्पाद है। उदारचित्तोत्पाद महाकरुणापूर्ण बोधिचित्तोत्पाद[20] है। जब बोधिसत्त्व को बोधि की प्राप्ति होगी तब उसके बुद्धक्षेत्र मे महायान में सम्प्रस्थित प्राणी उत्पन्न होगे।

"बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र दानक्षेत्र[21] है। उसके बोधि प्राप्ति करने के पश्चात् उसके बुद्धक्षेत्र में वे प्राणी उत्पन्न होगे जो अपना सर्वस्व त्याग देते हैं।

"बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र शीलक्षेत्र है। उसके बोधि प्राप्त करने के पश्चात् उसके बुद्धक्षेत्र में वे प्राणी उत्पन्न होगे जो उदारचित्त के साथ दश कुशलकर्मपथों[22] का अनुगमन करते हैं।

---

१९ सम्भारद्वय—पुण्यसम्भार एव ज्ञानसम्भार।

२० बोधिचित्त पर द्र० मेरा लेख जर्नल ऑफ रिलीजियस स्टडीज, वॉल्यूम ३, नं १ (१९७१), पृ० ७०–७९

२१ रत्नमेघसूत्र में कहा गया है "दान हि बोधिसत्त्वस्य बोधि", द्र० शिक्षासमुच्चय, पृ० २२।

२२ दश कुशलकर्म पथ निम्नलिखित हैं।

१ प्राणातिपात से विरति, २ अदत्तादान से विरति ३ काममिथ्याचार से विरति, ४ मृषावाक् से विरति, ५ पैशुन्य से विरति, ६ पारुष्य से विरति, ७ संभिन्नप्रलाप से विरति, ८ अभिध्या से विरति, ९ व्यापाद से विरति, १० मिथ्यादृष्टि से विरति।

"बोधिसत्त्व का बुद्धक्षत्र क्षान्तिक्षेत्र है। उसके बोधि प्राप्त करने के पश्चात उसके बुद्धक्षेत्र मे क्षान्ति, दम व परमशमथ की पूणता वाले बत्तीस लक्षणो[२३] से अलकृत प्राणी उत्पन्न होंगे।

"बोधिसत्त्व का बुद्धक्षत्र वीयक्षत्र है। उसके बोधि प्राप्त करने के पश्चात उसके बुद्धक्षेत्र मे वे प्राणी उत्पन्न होगे जो सभी कुशलधर्मों के सम्पादन में प्रयत्नशील हैं।

'बोधिसत्त्व का बुद्धक्षत्र ध्यान क्षेत्र है। उसके बोधि प्राप्त करने के पश्चात उसके बुद्धक्षेत्र में स्मृति के सरक्षण मे ध्यानरत प्राणी उत्पन्न होगे।

"बोधिसत्त्व का बुद्धक्षत्र प्रज्ञाक्षेत्र है। उसके बोधि प्राप्त करने पर उसके बुद्धक्षेत्र मे सम्यक्त्व की प्राप्ति मे नियत प्राणी उत्पन्न होंगे

"बोधिसत्त्व का बुद्धक्षत्र चार अपरिमित भावनाए हैं। उसके बोधि प्राप्त करने पर उसके बुद्धक्षेत्र मे मत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा का अभ्यास करने वाले प्राणी उत्पन्न होगे।

"बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र चार सग्रहवस्तुऐं[२४] हैं। उसके बोधि प्राप्त करने पर उसके बुद्धक्षेत्र मे सव प्रकार की मुक्ति से परिगृहीत प्राणी उत्पन्न होगे।

"बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र उपायकौशल्य है। उसके बोधि प्राप्त करने पर उसके बुद्धक्षेत्र मे सभी प्रकार के उपायकौशल्य एव चर्याविधि में कुशल प्राणी उत्पन्न होगे।

"बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र सैंतीस बोधिपाक्षिकधम[२५] हैं। उसके बोधि प्राप्त करने पर उसके बुद्धक्षेत्र मे स्मृत्युपस्थान, सम्यक प्रधान (प्रहाण) ऋद्धिपाद, इन्द्रिय, बल, बोध्यग, और माग पर लगे हुये प्राणी उत्पन्न होगे।

'बोधिसत्त्व का बुद्धक्षत्र परिणामना चित्त है। उसके बोधि प्राप्ति करने पर उसके बुद्धक्षेत्र मे सभी गुणो के अलकार प्रकट होंगे।

---

२३ देखिये ऊपर टिप्पणी ४

२४ चार सग्रह वस्तुयें—१ दान, २ प्रियवचन, ३ अर्थचर्या, ४ समानार्थता।

२५ सैंतीस बोधिपाक्षिक धर्म निम्नलिखित हैं—

(अ) चार स्मृत्युपस्थान—१ कायस्मृत्युपस्थान, २ वेदनास्मृत्युपस्थान, ३ चित्तस्मृत्यु पस्थान, ४ धर्मस्मृत्युपस्थान।

(आ) चार सम्यक् प्रहाण—१ उत्पन्न कुशलमूलों का सरक्षण करना, २ अनुत्पन्न कुशल मूलों को उत्पन्न करना, ३ उत्पन्न अकुशल कर्मों का प्रहाण (परित्याग) करना, ४ अनुत्पन्न अकुशलकर्मों को न उत्पन्न करना।

"बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र आठ अक्षणों[२६] का विनाश करने वाला उपदेश है। उसके बोधि प्राप्ति करने पर उसके बुद्धक्षेत्र मे सभी दुर्गतियाँ पूर्णरूप से नष्ट हो जाएँगी और आठ अक्षण भी समाप्त हो जाएँगे।

"बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र स्वय शिक्षापदों के पालन मे स्थित रहना और अपराधो के लिये दूसरो को दोष न लगाना है। उसको बोधि प्राप्ति होने पर उसके बुद्धक्षेत्र मे आपत्ति (अपराध) शब्द भी नही सुनाई देगा।

'बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र दशकुशलकर्मपथ की परिशुद्धि है। उसको बोधि प्राप्ति होने पर उसके बुद्धक्षेत्र मे ऐसे प्राणी उत्पन्न होंगे जो चिरायु, धनवान पवित्र जीवन वाले सत्य के अनुरूप वचनो से अलकृत, मजुवाक्य बोलने वाले, फूट न डालने वाले और दलो के बीच सन्धि करवाने मे कुशल, ईर्ष्या व द्वेषरहित चित्त वाले और सम्यग्दृष्टि प्राप्त प्राणी उत्पन्न होगे।

'इस प्रकार, कुलपुत्र, जैसा बोधिसत्त्व का बोधिचित्तोत्पाद है, वसा ही उसका आशय है। जसा उसका आशय है वसा ही उसका गुणाभ्यास अथवा गुण प्रयोग है। उसका गुणाभ्यास उसके अध्याशय के समान है। उसका अध्याशय उसकी निष्पत्ति के समान है। उसकी निष्पत्ति उसकी प्रतिपत्ति के समान है। उसकी प्रतिपत्ति उसकी परिणामना

(इ) चार ऋद्धिपाद—१ छन्द समाधि-संस्कार के समन्वित विकास से उत्पन्न ऋद्धिपाद, २ चित्त-समाधि सस्कार के समन्वित विकास से उत्पन्न ऋद्धिपाद, ३ वीर्य समाधि सस्कार के समन्वित विकास से उत्पन्न ऋद्धिपाद, ४ मीमांसा समाधि-सस्कार के समन्वित विकास से उत्पन्न ऋद्धिपाद।

(ई) पाँच इन्द्रियाँ—१ श्रद्धा, २ समाधि, ३ वीर्य, ४ स्मृति, ५ प्रज्ञा।

(उ) पाँच बल—१ श्रद्धा, २ वीर्य, ३ स्मृति, ४ समाधि, ५ प्रज्ञा।

(ऊ) सात बोध्यंग—१ स्मृति, २ धर्मविचय, ३ वीर्य, ४ प्रीति, ५ प्रश्रब्धि, ६ समाधि, ७ उपेक्षा।

(ए) मार्ग के आठ अंग—१ सम्यक् दृष्टि, २ सम्यक् संकल्प, ३ सम्यक वाक् ४ सम्यक् कर्मान्त, ५ सम्यक् आजीव, ६ सम्यक् व्यायाम, ७ सम्यक् स्मृति ८ सम्यक् समाधि।

२६ आठ अक्षण निम्नलिखित हैं—१ नरक में उत्पत्ति, २ पशुयोनि में उत्पत्ति, ३ प्रेतयोनि (यमलोक) में उत्पत्ति, ४ दीर्घायु के देवताओं में उत्पत्ति, ५ प्रत्यन्तजनपदों में उत्पत्ति, ६ विकलेन्द्रिय रूप में उत्पत्ति, ७ मिथ्यादर्शन से ग्रस्त होना और ८ ऐसे युग में उत्पत्ति जब तथागत का आविर्भाव न हुआ हो।

के समान है। उसकी परिणामना उसके उपायकौशल्य के समान है। उसका उपाय कौशल्य उसके सत्त्वपरिशुद्धक्षेत्र के समान है। जसा उसका सत्त्वपरिशुद्धक्षेत्र है वसे उसके परिशुद्ध सत्त्व हैं। जसे उसके परिशुद्ध सत्त्व हैं वसा ही उसका परिशुद्ध ज्ञान है। जैसा उसका परिशुद्धज्ञान है वसा ही उसका परिशुद्ध शासन है। जैसा उसका परिशुद्ध शासन है वसा ही उसका परिशुद्ध ज्ञानसाधन है। जसा उसका परिशुद्ध ज्ञानसाधन है वसा ही उसका परिशुद्ध स्वचित्त है।

'अतएव, कुलपुत्र बोधिसत्त्व को बुद्धक्षेत्र की परिशुद्धि पूर्ण करने की इच्छा से अपने चित्त की परिशुद्धि का प्रयत्न करना चाहिये। ऐसा क्यो ? जसे बोधिसत्त्व का चित्त परिशुद्ध होता है वसे ही बुद्धक्षेत्र की परिशुद्धि होती है।'

उस समय बद्ध के आनुभाव के कारण आयुष्मान शारिपुत्र ने सोचा— 'यदि परिशुद्ध चित्त के समान ही बोधिसत्त्व का बुद्धक्षेत्र पवित्र होता है तो क्या भगवान् शाक्यमुनि का चित्त जब वह बोधिसत्त्वचर्या मे लगे हुए थे परिशद्ध नही था ? अन्यथा यह बुद्धक्षेत्र इतना अपरिशुद्ध क्यो दिखाई देता है ?"

आयुष्मान् शारिपुत्र के मन मे उत्पन्न ऐसा वितक भगवान् ने (स्वय अभिज्ञा द्वारा) जान लिया और उन्होंने आयुष्मान् शारिपुत्र से कहा—

"शारिपुत्र, आप क्या मानते हैं ? क्या सूय और च द्र अपरिशुद्ध हैं क्यो कि जन्मा ध व्यक्ति उन्हे देख नही सकते हैं ?"

शारिपुत्र ने कहा नही भगवन् ऐसा नही है। यहाँ पर दोष जन्मान्धो का है, न कि सूर्य और चन्द्र का।'

भगवान् ने कहा— उसी प्रकार, शारिपुत्र, यदि कुछ सत्त्वो को तथागत के बुद्ध क्षेत्र के अलकृत गुण व्यूह दिखाइ नही देते हैं तो यह सत्त्वो के अज्ञान का दोष है, इसमे तथागत का दोष नही है। तथागत का बुद्धक्षेत्र परिशुद्ध है, परन्तु आपको यह नही दिखाई देता है।"

उस समय शिखी ब्रह्मा ने आयुष्मान् शारिपुत्र से कहा—' भद त शारिपुत्र, 'तथागत का बुद्धक्षेत्र परिशुद्ध नही है' ऐसा मत कहिए। भद त शारिपुत्र, भगवान् का बुद्धक्षेत्र परिशुद्ध है। भद त शारिपुत्र, भगवान् शाक्यमुनि के बुद्धक्षत्र की सुव्यवस्था (व्यूह) मैं वसी ही देखता हू जसी कि परनिर्मितवशवर्ति देवताओ के आवासो की सुव्यवस्था होती है।"

तब स्थविर शारिपुत्र ने शिखी ब्रह्मा से कहा—"ब्रह्मा, मैं तो इस महापृथिवी को ऊची, नीची, कण्टकपूर्ण, प्रपातो वाली, शिखरो वाली, और गड्ढो वाली मानो हीन कदम से भरी हुई हो, ऐसी देखता हू ।

शिखी ब्रह्मा ने कहा—"ऐसा देखने से ही बुद्धक्षेत्र आपको परिशुद्ध नही दिखाई देता । भदन्त शारिपुत्र, आपके ऊचे नीचे चित्त मे बुद्धज्ञान के लिये सीमित आशय होने के कारण (यह बुद्धक्षेत्र) अपरिशुद्ध लगता है । भदन्त शारिपुत्र, जिनके चित्त मे सभी सत्त्वो के प्रति समता होती है और जिनका बुद्धज्ञानाशय परिशुद्ध होता है, उन्हे यह बुद्धक्षेत्र परिशुद्ध दिखाई देता है ।"

तब भगवान् ने अपने पैर मे अँगूठे से इस त्रिसाहस्रमहासाहस्र लोकधातु के धरातल को स्पर्श किया । स्पर्श करते ही यह लोकधातु अनेक रत्नो का पुज हो गया, अनेक शत सहस्र रत्नो का सभार और अनेक शत सहस्र रत्न पुजो का सुव्यवस्थित संग्रह बन गया । यह लोकधातु वैसा ही दिखाई देने लगा जैसा कि रत्नव्यूह तथागत का अनन्तगुण रत्नव्यूह नामक लोकधातु है । तत्पश्चात् सम्पूर्ण परिषद् आश्चर्यान्वित हो गई और प्रत्येक व्यक्ति अपने को रत्नजटित सुव्यवस्थित पद्मासन मे बैठा हुआ समझने लगा ।

तब भगवान् ने आयुष्मान शारिपुत्र से कहा—"शारिपुत्र, आप इस बुद्धक्षेत्र के गुणों के वैभव को देखते हैं ?"

शारिपुत्र ने उत्तर दिया—"अवश्य देखता हूँ, भगवन् ! मेरे सामने वह वैभव है जो पहले कभी न देखा और न सुना था ।"

भगवान् बुद्ध ने कहा—"शारिपुत्र, यह बुद्धक्षेत्र नित्य ही इसी प्रकार का (परिशुद्ध) है । परन्तु हीन कोटि के प्राणियो की आध्यात्मिक व धार्मिक प्रगति करने के लिये तथागत इस बुद्धक्षेत्र को ऐसे अनेक दोषो से दूषित बताते हैं । उदाहरणार्थ, शारिपुत्र, जिस प्रकार देवतागण एक ही रत्नमय पात्र में भोजन भक्षण करते हैं फिर भी, अपने पुण्यो के संचय मे भिन्नता के कारण, दिव्य आहार से प्राप्त होने वाला अमृत (रस) उनका पोषण भिन्न भिन्न मात्रा मे करता है । इसी प्रकार, शारिपुत्र, एक बुद्धक्षेत्र मे उत्पन्न हुये प्राणी अपनी-अपनी परिशुद्धि के अनुसार बुद्धों के बुद्धक्षेत्रों के गुणों का वैभव देखते है ।"

बुद्धक्षेत्र के इस गुणालंकार के वैभव को देखकर चौरासी हजार प्राणियो ने सम्यक्‌सम्बोधि की प्राप्ति का विचार विकसित किया और जो पाँच सौ लिच्छविकुमार रत्नाकर के साथ आये थे, उन्होंने भी अनुलोमिकी (धर्म) क्षान्ति प्राप्त की ।

तब भगवान ने अपनी ऋद्धि विधि समेट ली और तुरन्त ही वह बुद्धक्षेत्र अपने पूववत् स्वभाव का होकर दिखाई दिया।

तब वहाँ पर जो श्रावकयानी देवता और मनुष्य थे उ होने सोचा—"सस्कार अनित्य हैं"[२७] (अनित्या वत सस्कारा)। ऐसा जानकर बत्तीस हजार प्राणियो ने सभी धर्मों के प्रति धर्मचक्षु को निमल विशुद्ध और निर्दोष किया आठ हजार भिक्षुओं ने अपने चित्तो को आस्रवो से विमुक्त किया और चौरासी हजार प्राणियो ने जो बुद्धक्षेत्र की महानता के प्रति श्रद्धाभाव रखते थे सभी धर्मों को मौलिक रुप मे विठपित[२८] (मायोपम) लक्षण वाले जानकर अनुत्तर सम्यक सम्बोधि का चित्त उत्प न किया।

प्रथम परिवर्त समाप्त।

---

२७ द्र० **दीघनिकाय**, खण्ड २, महापरिनिब्बानसुत्त, पृष्ठ १२०, (संस्कृत **महापरिनिर्वाणसूत्र**, पृष्ठ ३९८)—

अनिच्चा वत सखारा उप्पादवयधम्मिनो।

उप्पज्जित्वा निरुज्झन्ति तेस वूपसमो सुखो॥

२८ द्र० **वज्रमण्डाधारणी** (**प्रसन्नपदा**, पृ० १७ पर उद्धृत)—

"असन्त इमे सर्वधर्मा। विठपिता, इमे सवधर्मा। मायोपमा इमे सर्वधर्मा"

२ अचिन्तनीय उपायकौशल्य

उस समय महनगरी वैशाली मे विमलकीर्ति नामक एक लिच्छवि रहता था। उसने पूर्वकाल के तथागतो की सेवा की थी और उनकी उपासना करके कुशलमूलावरोपण किया था। उसने क्षान्ति प्राप्त कर ली थी और प्रतिभान (अविरत भाषण की निपुणता) भी। वह महान अभिज्ञाओ से क्रीडा करता था। उसको धारणियो[1] (मन्त्र शक्तियों) और वैशारद्यो की भी प्राप्ति थी। उसने मार को और विरोधियों को परास्त कर लिया था। वह गम्भीर धर्म के मार्ग पर भली प्रकार चलता था। वह प्रज्ञापारमिता[2] के अनुसार मुक्त था। उपायकौशल्य में पूर्णता प्राप्त और प्रतिभा सम्पन्न होने के कारण वह प्राणियो के विचारों और कार्यों का ज्ञाता था। प्राणियो की इन्द्रियो की शक्तियो और

---

१ धारणी का अर्थ मन्त्र और उसकी क्रान्तिकारी शक्ति है। धारणी से मेल खाती हुई पंक्तियों के समूह को पालि में 'परित्त' कहा गया है। धारणी का अर्थ धारण करके असाधारण कार्य हो सकते हैं। ऐसी मान्यता है। धारणी बौद्ध संस्कृत साहित्य की एक कोटि अथवा प्रकार भी है। इसकी रचना बहुत बड़ी सख्या में महायानसूत्रों व बौद्ध-तन्त्रों की रचना के मध्यकाल में भारत में हुई थी। कुछ धारणियाँ अटपटे से निरर्थक शब्दों का संग्रह मात्र हैं, कुछ धारणियाँ भक्ति से ओत प्रोत हैं (यथा रत्नोल्काधारणी) तो कुछ का विषय शून्यता हैं।

बोधिसत्वों की बारह धारणियाँ होती हैं जिन्हें वे कण्ठस्थ करके बुद्ध कार्य करते हैं— १ अभिषेचनी, २ ज्ञानवती, ३ विशुद्धस्वरनिर्घोषा, ४ अक्षयकरण्डा, ५ अनन्तावर्ता, ६ सागरमुद्रा, ७ पद्मव्यूहा, ८ असंगमुखप्रवेशा, ९ प्रतिसंविन्निश्चयावतारा, १० बुद्धालंकाराधिष्ठिता, ११ अनन्तवर्णा, १२ बुद्धकायवर्णपरिनिष्पत्ति-अभिनिर्हारा। (महाव्युत्पत्ति, ७४७ ७५८)। एक अन्य संक्षिप्त सूची में चतुर्विध धारणी का उल्लेख है— १ आत्मधारणी, २ ग्रन्थधारणी, ३ धर्मधारणी, ४ मन्त्रधारणी (धर्मसंग्रह, ५२)। आचार्य थानूर्वाक् ने लिखा है कि महासांघिक बौद्ध सम्प्रदाय के पवित्र साहित्य में एक संग्रह 'धारणीपिटक' भी था।

२ 'प्रज्ञापारमिता' की विस्तृत चर्चा के लिए देखिये लालमणि जोशी द्वारा सम्पादित एवं अनूदित वज्रच्छेदिकाप्रज्ञापारमिता (सारनाथ, केन्द्रीय तिब्बती उच्चशिक्षा संस्थान, १९७८) की भूमिका पृ० १-३५।

दुर्बलताओं के ज्ञान में निष्णात् वह प्रत्येक प्राणी के योग्य धर्मोपदेश करने वाला था। महायान का अभ्यास करके, उसको भली प्रकार जानकर, सुनिश्चित कार्य करता था। वह बुद्ध की तरह व्यवहार करता था, बुद्ध के ईर्यापथ पर चलता था। उसकी उच्चकोटि की बुद्धि सागर के समान गम्भीर और प्रशस्त थी। सभी बुद्धों द्वारा वह प्रशंसित, सम्मानित और मान्य था। इन्द्र, ब्रह्मा और सभी लोकपाल उसको नमस्कार करते थे।

उपायकौशल्य द्वारा प्राणियों के परिपाचनार्थ (उनकी आध्यात्मिक प्रगति और मुक्ति प्राप्ति के लिए) वह महानगरी वैशाली में रहता था। अनाथों और दरिद्रों के पालन पोषण के लिये उसके पास अक्षय धन सम्पत्ति थी। दुराचारी अथवा दुःशील सत्त्वों की रक्षा के लिए वह पवित्र और शीलवान जीवन बिताता था। द्वेषी, अतिद्वेषी क्रुद्ध, निर्दयी और दुःशील प्राणियों में समवाय के लिये वह क्षान्ति व दम से सम्पन्न था। आलसी प्राणियों को प्रेरित करने के लिये उत्तप्त वीर्य वाला था। विक्षिप्त चित्त वाले प्राणियों की सहायता के लिये वह ध्यान, स्मृति और समाधि का अभ्यास करता था। दुष्प्रज्ञ और मूर्ख प्राणियों के लिये उसने प्रज्ञाविनिश्चय की प्राप्ति की थी।

यद्यपि वह (उपासक की तरह) श्वेतवस्त्र पहनता था तथापि वह श्रमणचरित से सम्पन्न था। यद्यपि वह गृहस्थ था, तथापि वह कामलोक, रूपलोक और अरूपलोक से सर्वथा दूर रहता था। यद्यपि उसके एक पुत्र, एक पत्नी और अन्तःपुर (सहचरियों का कक्ष) था, तथापि वह सदा ब्रह्मचारी था। यद्यपि वह परिवारपरिवृत (साथियों, नौकरों से घिरा हुआ) दिखाई देता था, तथापि वह विवेकचारी अथवा अकेला विचरण करता था। वह आभूषणों से अलंकृत प्रतीत होता था, परन्तु वह (महापुरुष के) लक्षणों से सुशोभित था।[3] यद्यपि वह भोजन करता और पेय पीता हुआ प्रतीत होता था, तथापि वह सदा ध्यान से उत्पन्न प्रीति-भोजन खाता था।[4] यद्यपि वह खेल के मैदान में और जुआ (द्यूत) खेलने के स्थान में दिखाई पड़ता था, तथापि उसका उद्देश्य खेल और जुये में अनुरक्त प्राणियों का नित्य धार्मिक विकास करना ही था। वह

---

३ तुलनीय धम्मपद, गाथा १४२—

"अलंकतो चे पि समं चरेय्य सन्तो दन्तो नियतो ब्रह्मचारी।
सब्बेसु भूतेसु निधाय दण्डं सो ब्राह्मणो सो समणो स भिक्खु॥"

४ तु० धम्मपद, गाथा २००—

"सुसुखं वत जीवाम येसं नो नत्थि किञ्चनं।
पीतिभक्खा भविस्साम देवा आभस्सरा यथा॥"

सब प्रकार के धर्माचार्यों के साथ गवेषणापूर्ण चर्चा करता था, परन्तु बुद्ध के प्रति उसमे अभेद्य आस्था थी। वह लौकिक एव लोकोत्तर मन्त्रो और विद्याओ का ज्ञाता था, तथापि सदा धर्म के सम्मोदन में आनन्द की भावना करता था। वह सब लोगो से ससग रखता था, तथापि सभी लोगो के मध्य वह प्रमुख और सम्मानित था।

लोक मे एकता लाने के लिये वह ज्येष्ठ लोगो से, मध्यम अवस्था के, और कुमारावस्था के लोगों से साथी रूप मे मिलता था, परन्तु सदा धर्म के अनुसार बोलता था। वह सभी प्रकार के व्यवहार व्यापार करता था परन्तु लाभ और सम्पत्ति का इच्छुक नही था। वह सब प्रकार के सत्वों को धर्म की शिक्षा देने के लिये वह सभी चौराहो मे और गलियो के कोनो मे भी दिखाई देता था, और सभी प्राणियो की रक्षा के लिये वह सरकारी राजकीय कार्यों मे भी लगा रहता था। लोगों को हीनयान से हटाने के लिये और उन्हे महायान की ओर अग्रसर करने के लिये वह सब प्रकार के धर्म वाचको और धर्म श्रोताओ के साथ दिखाई देता था। बालको के धार्मिक विकास के लिये वह सभी पाठशालाओ मे भी जाता था। काम विषयक दोषो का प्रकाशन करने के लिये वह गणिकाओ के निवास पर भी जाता था। मद्यपान करने वालो की स्मृति स्थापित करने के लिये वह सभी सुरा विक्रय स्थलो में जा पहुँचता था।

धर्म की श्रेष्ठता का उपदेश करने के कारण वह श्रेष्ठियो मे श्रेष्ठि (सेठों मे सेठ) रूप से सम्मानित था। सब कुछ सग्रह करने और ग्रहण करने की प्रवृत्ति का नाश करने के कारण वह गृहपतियो के मध्य गृहपति के रूप मे सम्मानित था। क्षान्ति, शूरता और बल की प्रतिष्ठा स्थापित करने के कारण वह क्षत्रियो के मध्य क्षत्रिय रुप में सम्मानित था। मान, मद और दर्प का नाश करने के कारण वह ब्राह्मणो के मध्य ब्राह्मण रूप में सम्मानित था। सभी राजकार्यों को धर्मानुरूप करने के कारण वह मन्त्रियो के मध्य मन्त्री रूप मे सम्मानित था। राजकीय भोग व ऐश्वर्य के प्रति आसक्ति का विवर्तन करने (अनासक्ति होने) के कारण वह राजकुमारो के मध्य राजकुमार रूप मे सम्मानित था। कुमारियो को धर्मोपदेश करने के कारण अन्त पुर मे भी वह एक कचुकी के रूप मे सम्मानित था।

प्राकृतिक व सरल पुण्यो की विशेषता समझने के कारण वह साधारण मनुष्यो के समुदाय के साथ समता रखता था। ईश्वरीय (दैवी) आधिपत्य (की अनित्यता) का उपदेश करने के कारण वह इन्द्रो के मध्य इन्द्र रूप मे सम्मानित था। ज्ञान की विशेषता का उपदेश करने के कारण वह ब्रह्माओ के मध्य ब्रह्मा के रूप मे सम्मानित था। और सभी प्राणियो को मोक्ष की ओर अग्रसर करने के कारण वह लोकपालो मे लोकपाल के रूप मे

सम्मानित था। इस प्रकार उपायकौशल्य का अपरिमित ज्ञान रखने वाला वह लिच्छवि विमलकीर्ति महानगरी वशाली मे रहता था।

इसी उपायकौशल्य से प्रेरित होकर विमलकीर्ति ने अपने आपको रोगी के रूप मे दिखाया था। उसके स्वास्थ्य का समाचार पूछने के लिये महानगरी वशाली के राजा, अमात्य अधिकारी, कुमारो के समूह ब्राह्मण गहपति, श्रेष्ठि नगरनिवासी, जनपदवासी, इतने ही नही अपितु कई हजार प्राणी उसके रोग के बारे मे पूछने के लिए उसके पास आए। जब वे वहाँ पहुँच गये तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने चार महाभूतो से निर्मित काय से प्रारभ करते हुए उनको धम का उपदेश दिया—

'मित्रो! यह शरीर इतना अनित्य है, इतना नश्वर है कि विश्वास करने योग्य नही है। यह दुबल सार रहित, और लुप्त होने वाला है सीमित समय का, दुखमय, बहुत से रोगो वाला और परिवतनशील है। मित्रो! इस प्रकार का यह शरीर बहुत से रोगो का भाडा (भाजन) है। मनीषी जन इस पर निभर नही करते हैं।[५]

'मित्रो! यह शरीर (कुछ भी) धारण करने की क्षमता नही रखता है। यह फेनपिण्ड की तरह क्षणिक है। यह शरीर अधिक समय तक स्थित रहने वाला नही है। यह पानी के बुद्बुदे (बुलबुले) की तरह क्षणिक है। यह शरीर क्लेशो और तृष्णाओ से उत्पन्न हुआ है। यह मरीचिका के समान है।[६] यह शरीर असार है, केले के वृक्ष के तने के समान है। यह शरीर एक यन्त्र की तरह है, अस्थियो और नाड़ियो का बन्ध (समूह) मात्र है। यह शरीर विपर्यास की उपज है और मायावत् है। असत्य के

---

५ तु० धम्मपद, गाथा १४८—

"परिजिण्णमिद रूप रोगनीड पभगुर।
भिज्जति पूतिसन्देहो मरणान्त हि जीवित॥"

६ तुलनीय संयुत्तनिकाय, खण्ड २ पृ० ३६०—

"फेणपिण्डूपम रूप वेदना बुब्बुलूपमा।
मरीचिकूपमा सञ्ञा सखारा कदलूपमा।
मायूपमञ्च विञ्ञाणं दीपितादिच्चबन्धुना॥"

इन्हीं पक्तियों का सस्कृत रूपान्तर प्रसन्नपदा, पृ० १३ में एक सस्कृत सूत्र से उद्धृत है—

'फेनपिण्डोपम रूप वेदना बुद्बुदोपमा।
मरीचिसदृशी सज्ञा सस्कारा कदलीनिभा।
मायोपम च विज्ञानमुक्तमादित्यबन्धुना॥"

दशन की भाँति यह शरीर स्वप्न के समान है। यह शरीर प्रतिबिम्ब (छाया) की तरह है। यह पहले किये गये कर्मों का प्रतिबिम्ब दिखाई देता है। यह शरीर प्रत्ययो के अधीन है, आवाज की प्रतिध्वनि के समान है। विक्षिप्त चित्त की तरह यह शरीर पतन के लक्षण वाला है और मेघ के समान विलुप्त होता है। यह शरीर आकाश मे चमकती हुई बिजली की तरह है अस्थिर और प्रतिक्षण नष्ट होने वाला है। यह शरीर स्वामी रहित है और नाना प्रकार के प्रत्ययों से उत्प न हुआ है।

"यह शरीर निष्क्रिय है पृथिवी की तरह निर्व्यापार है। आत्मा रहित यह शरीर पानी के समान है। यह शरीर अग्नि (तेजस) की तरह जीवन रहित (निर्जीव) है। यह शरीर वायु के समान यक्ति रहित है। यह शरीर आकाश की तरह नि स्वभाव है।

"यह शरीर असत् है, चार महाभूतो का स्थान है। यह शरीर आत्मा और आत्मीय से रहित, शू-य है। यह शरीर तृण, काष्ठ दीवार, मिटटी के ढेले और प्रतिभास के समान जड है। यह शरीर हवा से चलने वाले य-त्र के समान वेदनारहित है। यह शरीर मल और पीब का ढर है और तुच्छ है। यह शरीर रिक्त है और नित्य लेप और मालिश करने के पश्चात् भी टूटने और नष्ट होने के स्वभाव का है।[७] यह शरीर चार सौ चार रोगो से ग्रस्त है।[८] यह शरीर पुराने कुए की तरह है और सदा जीणता से परास्त है। इस शरीर का अस्त मृत्यु मे होता है और इसकी स्थिति अनिश्चित है। यह शरीर स्कन्धो, धातुओ और आयतनों मे जकडा हुआ है जो क्रमश हत्यारो विषैले सर्पों और

---

७ तुलनीय **अंगुत्तरनिकाय**, खण्ड ४, पृष्ठ ३२—
"गण्डो ति खो भिक्खवे इमस्सेत चातुमहाभूतिकस्स कायस्स
अधिवचन मातापेत्तिकसम्भवस्स ओदनकुम्मासूपचयस्स
अनिच्चुच्छादनपरिमद्दनभेदनविद्धसनधम्मस्स।"

महावस्तु, खण्ड २, पृष्ठ २६९—
"मातापितृसम्भव कायो ओदनकुल्माषोपचयो।
उच्छादनपरिमर्दनस्वप्नभेदन विकिरणविध्वसनधम

८ चार-सौ-सार प्रकार के रोगों के स्पष्टीकरण के लिये देखिये
बोधिचर्यावतार, २ ५५ तथा **पञ्जिका** —
"इत्वर -याधिभीतोऽपि वैद्यवाक्य न लघयेत्।
किमु -याधिशतैर्ग्रस्तश्चतुर्भिश्चतुरुत्तरै॥"

जनशून्य ग्रामो के समान हैं।[१] इसलिये आपको इस शरीर से निर्वेद (उदासीन) होना चाहिये। आपको इसकी आशा छोडकर तथागतकाय के प्रति अधिमुक्ति का विकास करना चाहिए।

"मित्रो, तथागतकाय ज्ञान से उत्पन्न धर्मकाय है। तथागतकाय पुण्यों से उत्पन्न, दान से उत्पन्न, शील से उत्पन्न, समाधि से उत्पन्न, प्रज्ञा से उत्पन्न, विमुक्ति से उत्पन्न हुई है।[१] यह मत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा से उत्पन्न है। यह दान, दम और सयम से उत्पन्न है। यह दशकुशल कर्मपथ की उपज है। यह क्षान्ति और सौरत्य (सज्जनता) की उपज है। यह स्थिर वीर्य द्वारा रोपे गये कुशलमूलो की उपज है। यह ध्यान, विमोक्ष, समाधि और समापत्तियो की उपज है। यह पाण्डित्य, प्रज्ञा और उपाय कौशल्य की उपज है। यह सैतीस बोधिपाक्षिक धर्मों की उपज है। यह शमथ और विपश्यना की उपज है। यह दश बलो की अठारह आवेणिक बुद्ध धर्मों की और सभी पारमिताओ की उपज है। यह छ अभिज्ञाओ और तीन विद्याओ की उपज है। यह सभी अकुशल धर्मों के प्रहाण (विनाश) से और सभी कुशल धर्मों के सग्रह से उत्पन्न हुई है। यह सत्य से उत्पन्न हुई है। यह सम्यक्त्व से और अप्रमाद से उत्पन्न हुई है।

"मित्रो, तथागतकाय असख्य पुण्यकर्मों की उपज है। अतएव आपको इस प्रकार की काय के प्रति अधिमुक्ति का विकास करना चाहिये, और सभी प्राणियो के

---

१ तुलनीय **प्रथम भावनाक्रम** पृष्ठ २२२—

" स्कन्धेषु मायावत् प्रत्यवेक्षणा धातुष्वाशीविषवत् प्रत्यवेक्षणा आयतनेषु शून्यग्रामवत् प्रत्यवेक्षणा रूपस्य फेनपिण्डवत् प्रत्यवेक्षणा वेदनाया बुद्बुदवत् सज्ञाया मरीचिवत् सस्काराणा कदलीवत् विज्ञानस्य मायावत् प्रत्यवेक्षणा।"

द्र **सयुत्तनिकाय**, खण्ड ३, पृष्ठ १५६–१५९ (**आसीविसोपमसुत्त**)

१ तथागतकाय धर्मकाय, धर्मधातु, निर्वाण सम्यक्-सम्बुद्ध, प्रज्ञापारमिता, अद्वयपरमार्थ तथा महाबोधि समानार्थक हैं।

द्र० **वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमितासूत्र** की भूमिका (पूर्व उल्लिखित ग्रन्थ)। पालि निकायों में तथागत को ब्राणभूत, धम्मभूत, ब्रह्मभूत, ब्रह्मकाय व धम्मकाय कहा गया है।

शील समाधि, प्रज्ञा, विमुक्ति एव विमुक्तिज्ञानदर्शन को धम्मक्खन्ध, लोकोत्तरधर्मस्कन्ध, अनास्रवस्कन्ध, एव असमसमस्कन्ध कहा जाता है।

देखिये **दीघनिकाय**, खण्ड २, पृष्ठ ९५ **महाव्युत्पत्ति**, १०४–१०८ **धर्मसग्रह**, २३ **रत्नकूटसूत्र** के अनुसार ये धर्म निर्वाण के सूचक हैं (**प्रसन्नपदा**, पृ० १६)

क्लेश रूपी रोगो का नाश करने के लिये आप लोगो को अनुत्तर सम्यक्सम्बोधि का विचार विकसित करना चाहिये ।'[११]

इस प्रकार जब लिच्छवि विमलकीर्ति ने रोग के विषय मे पूछने के लिए आये हुए उन लोगो को धम का उपदेश दिया तो अनेको शतसहस्र प्राणिया मे अनुत्तर सम्यक सम्बोधि का चित्त उत्प न हुआ ।

द्वितीय परिवर्त समाप्त ।

---

११ **तृतीयभावनाक्रम**, पृ १३—
'आर्यविमलकीर्तिनिर्देशे चोक्तम । शतपुण्यनिर्जाता सवकुशलधमनिर्जाता अप्रमाण कुशमूलकमनिर्जाता कायास्तथागतस्येति विस्तर ।"
तथागतोत्पत्तिसम्भवसूत्र (**तृतीयभावनाक्रम**, पृ० १३) का कथन भी द्रष्टव्य है—
"समुदागतैस्तावद् भो जिनपुत्रा अप्रमेयशतसहस्रदशकारणैस्तथागता समुदागच्छन्ति । कतमै दशभिर यदुत अप्रमेयपुण्यज्ञानसम्भारात्तृप्तिसमुदागमकारणेनेति विस्तर ।"

३ श्रावकों और बोधिसत्त्वों को भेजने की समस्या[1]

(क) श्रावक विमलकीर्ति के पास नहीं जाना चाहते हैं।

तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने सोचा—'मैं रुग्ण हूँ और शय्या पर पड़ा हुआ दु खित हू, फिर भी तथागत अर्हत् सम्यक सम्बुद्ध ने मेरे बारे मे नही सोचा है मुझ पर अनुकम्पा नही की है और मेरे रोग के विषय म पूछने के लिए किसी को भी नही भेजा है।'

१ शारिपुत्र

भगवान् ने लिच्छवि विमलकीर्ति के मन मे उत्प न इस प्रकार के संकल्प को जानकर आयुष्मान शारिपुत्र से कहा—'शारिपुत्र लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के बारे मे पूछने के लिए जाओ।

ऐसा कहे जाने पर आयुष्मान शारिपुत्र ने भगवान् से कहा,—"भगवन मैं लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के बारे मे पूछने क लिए जाने को उत्साहित नही हूँ। क्योंकि भगवन् मुझे स्मरण है कि एक दिन जब म एक वृक्ष के मूल मे बठा हुआ ध्यानरत था तब लिच्छवि विमलकीर्ति भी उस वृक्ष के नीचे आ पहुचा और उसने मुझसे कहा, 'भद त शारि पुत्र जिस प्रकार आप ध्यानरत हैं उस प्रकार ध्यान मे रत नही होना चाहिये। आपको इस प्रकार से ध्यानरत होना चाहिये जिससे कि सम्पूर्ण त्रिधातुक विश्व (तीनो लोको) में कही भी शरीर और चित्त प्रकट नही होते। आपको इस तरह ध्यानरत होना चाहिए

---

१ **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र** के चीनी अनुवाद में इस परिवत को दो अध्यायों में विभक्त किया गया है। हमारा हि दी अनुवाद सूत्र के ति बती अनुवाद व सस्कृत पुनरुद्धार पर आधारित है और इस अनुवाद में यह एक लम्बा परिवर्त है। पाठकों की सुविधा और विषय वस्तु की दृष्टि से हमने इस परिवत को दो भागो में रखा है। (क) भाग में महाश्रावकों व बोधिसत्त्व विमलकीर्ति के बीच हुई धर्म-वार्ताओं का वर्णन है और (ख) भाग में गृहस्थ बोधिसत्त्व विमलकीर्ति तथा अ य बोधिस वों के मध्य धार्मिक प्रश्नोत्तर हैं।

२ त्रिधातु—१ कामधातु (कामावचर, कामलोक), २ रूपधातु (रूपावचर रूपलोक) तथा ३ अरूपधातु (अरूपावचर, अरूपलोक)।

जिससे कि निरोध की अवस्था से उठे बिना भी आप सब प्रकार का सामान्य व्यवहार (इर्यापथ) प्रकट कर सकें। आपको इस प्रकार ध्यान करना चाहिये जिससे अपनी लोकोत्तर उपलब्धि के लक्षणो को छोडे बिना भी सामान्य व्यक्तियो (पृथग्जनो) के लक्षण को भी प्रकट कर सकें। आपको इस प्रकार ध्यान लगाना चाहिये जिससे कि आपका चित्त न अध्यात्म (भीतर) मे स्थित रहे और न बाह्य वस्तुओ मे विचरण करने लगे। आपको इस प्रकार ध्यान लगाना चाहिये जिससे कि सारे मत मतान्तरो (दृष्टियो) से अविचलित रहते हुए भी सतीस बोधिपाक्षिक धर्मों[3] का अभ्यास हो। आपको इस प्रकार ध्यान लगाना चाहिये जिससे कि ससार क्षेत्र के क्लेशो का प्रहाण किये बिना भी आप निर्वाण और मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं। भदन्त शारिपुत्र इस प्रकार जो ध्यानरत रहते हैं उनको भगवान् ध्यानरत कहते हैं।"

"भगवन्, उसके इस प्रकार के धर्मोपदेश को सुनकर, उसके प्रतिवाद का विसर्जन करने मे असमर्थ होने से मैं चुप हो गया था। यही कारण है कि मैं उस सत्पुरुष के रोग के बारे मे पूछने के लिये जाने को उत्साहित नहीं हूँ।"

२ महामौद्गल्यायन

तब भगवान् ने आयुष्मान् महामौद्गल्यायन[4] से कहा— "मौद्गल्यायन लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के बारे मे पूछने के लिये जाओ।'

मौद्गल्यायन ने उत्तर दिया— 'भगवन, उस सत्पुरुष के रोग के बारे में पूछने के लिये जाने को मैं उत्साहित नही हूँ। क्योकि, भगवन्, मुझे स्मरण है एक दिन मैं महानगरी वैशाली की एक गली के मोड पर गृहपतियो को धर्म का उपदेश दे रहा था। वहाँ पर लिच्छवि विमलकीर्ति आ पहुँचा और उसने मुझसे कहा—भदन्त मौद्गल्यायन, जिस प्रकार आप श्वेतवस्त्र पहने हुये गृहपतियो को धर्मोपदेश करते हैं उस प्रकार धर्म का

---

३ देखिये प्रथम परिवर्त पादटिप्पणी २५

४ यह ध्यान देने योग्य और दिलचस्प बात है कि भगवान् शाक्यमुनि के सर्वश्रेष्ठ कोटि के महाश्रावकों—महास्थविर शारिपुत्र, महास्थविर महामौद्गल्यायन, महास्थविर महाकाश्यप, महास्थविर सुभूति महास्थविर पूर्णमैत्रायणीपुत्र, महास्थविर महाकात्यायन, महास्थविर अनिरुद्ध, महास्थविर उपालि, आयुष्मान राहुल, भदन्त आनन्द की पूरी श्रेणी को गृहस्थ (उपासक) विमलकीर्ति के बोधिसत्त्व स्वरूप का सामना करने में असमर्थ दिखाया गया है। श्रावकयान और बोधिसत्त्वयान के पारस्परिक सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक अन्तरों को स्पष्ट करने की शक्तिशाली पृष्ठभूमि इस परिवर्त में दिखाई देती है।

उपदेश नही हो सकता। भद त मौद्गल्यायन, धम का उपदेश धम (तत्व) के अनुसार होना चाहिये।

"भद त मौद्गल्यायन, धम सत्वरहित (नि सत्व) है क्योकि यह सत्त्व रूपी धूल से मुक्त है। यह निरात्मक (आत्मारहित) है क्योकि यह राग रूपी मल से मुक्त है। यह निर्जीव है क्योकि यह उत्पत्ति और च्युति (विनाश) से मुक्त है।[५] जो अनास्रव हैं वह पूर्वा त और अपरा त रहित है (अथवा जो निष्पुद्गल है वह भूतकाल और भविष्य काल की गतियो से रहित है)। धम का लक्षण शान्ति और उपशम है, क्योकि वह राग रहित है। वह अनालम्बनगामी (बाह्याधार रहित) है, और शब्दाक्षर से रहित है। वह अनभिलाप्य[६] (चर्चा का विषय नही) है क्योकि वह सभी प्रकार की मानसिक तरगों से रहित है। धम सव यापी (सर्वानुगत) है, क्योकि वह आकाश के समान असीमित है। वह बिना रग का, बिना चिह्न का और बिना आकार का है क्योकि वह सभी अवस्थाओ और प्रक्रियाओ से रहित है। उसमे मम (अपनापन) का अभाव है, क्योंकि वह ममकार (ममता के भाव से) रहित है। वह अविज्ञप्तिक (सीमित ज्ञान से रहित) है क्योकि वह चित्त मन, और विज्ञान से रहित है। वह अतुल्य है, क्योंकि उसका प्रतिपक्ष नही है। वह हेतु प्रतिकूल है अर्थात् कार्य कारण की सीमा का अतिक्रमण करता है, क्योकि वह प्रत्ययो (कारणो) की व्यवस्था से मुक्त है।

'वह सभी धर्मों मे समान रूप से विद्यमान है, क्योकि धमधातु मे सभी (धम) एकत्रित हैं। वह किसी का भी अनुगमन न करने के कारण तथता के अनुकूल है। वह अत्य त ही अकम्प्य (अस्थिरता रहित) है अत वह भूतकोटि मे स्थित है। वह अनाकम्प्य (स्थिर) है क्योंकि वह इ द्रियो के छ विषयो पर आश्रित नही है।[७] वह जहाँ तहाँ

---

५ तुल० **वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता**, पृ ३८—

'निरात्मान सर्वधर्मा नि सत्वा निर्जीवा निष्पुद्गला सर्वधर्मा ।" **विमलकीर्तिनिर्देश** के चीनी अनुवाद में 'अनास्रव' के स्थान पर निष्पुद्गल' शब्द है जो अधिक उपयुक्त है।

६ द्र० **महावग्ग**, पृ० ६— "अधिगतो खो म्याय धम्मो गम्भीरो दुद्दसो दुरनुबोधो सन्तो पणीतो अतक्कावचरो निपुणो पण्डितवेदनीयो।" इस महावाक्य के सस्कृत सस्करण देखिये **ललितविस्तर** पृ० २८९ **प्रसन्नपदा** पृ० २१७ **वज्रच्छेदिका**, पृ० ३१— "योऽसौ तथागतेन धर्मोऽभिसम्बुद्धो देशितो वा, अग्राह्य सोऽनभिलप्य।"

७ तुल० **पञ्चविंशतिसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता**, पृ० १६८—

"ऐषा धर्माणान्नोत्पादो न निरोधो ना यथात्व प्रज्ञायते रागक्षयो

आने-जाने (गमनागमन) से मुक्त है क्योंकि वह अप्रतिष्ठित है। वह शून्यता की एकत्रता (समवसरण) है। वह अनिमित्त होने के कारण सुस्फुटित (अच्छी प्रकार प्रकट) है, और अप्रणिहित लक्षणवाला होने के कारण कल्पना और निराकरण से रहित है। वह अपकार रहित और प्रक्षप (विनाश) रहित है क्योंकि वह उत्पाद और व्यय से परे है। वह अनालय है और आँख, कान, नाक, जीभ, काय और मन की सीमा (काय-क्षेत्र) के बाहर (समतिक्रान्त) है। वह न ऊंचा है और न नीचा है। वह अवस्थित और अचल भूत है।[८]

"भदन्त महामौद्गल्यायन सर्वचर्याविगत ऐसे धर्म की देशना किस प्रकार हो सकती है? भदन्त महामौद्गल्यायन, यह 'धर्मदेशना' नाम भी आरोपित वचन मात्र है व्यवहार वचन मात्र है। जो लोग इसे सुनते हैं वे भी केवल आरोपित का श्रवण करते हैं (परमार्थ सत्य का नहीं)। भदन्त मौद्गल्यायन, जहाँ आरोपित वचन नहीं है वहाँ धर्मदेशना नहीं है, श्रवण और ज्ञान भी नहीं है। अर्थात् आरोपित वचनों के बिना न धर्मोपदेशक हो सकता है, न धर्म श्रवण, और न धर्म-ज्ञान। अतएव धर्मदेशना की बात ऐसी है जैसी कि एक मायापुरुष द्वारा अन्य मायापुरुषों को धर्म का उपदेश देने की कथा है, अर्थात् यथार्थ में न तो धर्मोपदेशक है और न धर्म-श्रोता है।[९]

"इसलिये आपको अपने मन में इस बात का ध्यान रखकर धर्म का उपदेश करना चाहिये। आपको प्राणियों की शक्ति-सामर्थ्य (इन्द्रियों) के बारे में कुशल-ज्ञान होना चाहिये। प्रज्ञा चक्षु द्वारा भली प्रकार देखकर महाकरुणा का मूर्तरूप बनकर महायान

दोषक्षयो मोहक्षयश्च। तथता अवितथता अनन्यतथता धर्मता धर्मधातुर्धर्मस्थितिता धर्मनियामता भूतकोटि। इम उच्यन्ते असंस्कृता धर्मा।"

८ द्र० बोधिचर्यावतार-पंजिका, १७५- "सर्वप्रपञ्चविनिर्मुक्त स्वभाव परमार्थसत्यत्वम् अत सर्वोपाधिशून्यत्वात् कथं कयाचित् कल्पनया पठ्येत? कल्पनासमतिक्रान्तस्वरूप च शब्दा नामविषय।"

अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ० २५३- "न तथागता कुतश्चिदागच्छन्ति वा गच्छन्ति वा। अचलिता हि तथता। या च तथता स तथागत"।

अष्टादशसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ० १०६-१०७-"अहो धर्माणा धर्मता न च नामेह कश्चिद्धर्मोऽकोश्यते वा परिभाष्यते वा छिद्यते वा भिद्यते वा हन्यते वा बध्यते वा।"

९ तुल० वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता, पृ० ४०- "धर्मदेशना धर्मदेशना इति सुभूते नास्ति स कश्चिद्धर्मो यो धर्मदेशना नामोपलभ्यते।"

के स्वरूप का वणन करते हुये, बुद्ध के प्रति कृतज्ञता प्रकट करत हुये, विशुद्ध आशय द्वारा धम विषयक वाक्यो का विशिष्ट ज्ञान रखते हुये, त्रिरत्न की वश-परम्परा को अविच्छि न रखते हुये, आपको धर्मोपदेश करना चाहिये।"

"भगवन, विमलकीर्ति के इस प्रकार धर्मोपदेश करने के कारण उस गृहपति-परिषद् में से आठ सौ गृहपतियो ने अनुत्तर सम्यक-सम्बोधि का चित्त उत्पन्न किया। मैं तो, भगवन्, प्रतिभान रहित (वाक्य हीन) होकर रह गया। इसी कारण मे उस सत्पुरुष के रोग के बारे में प्रश्न पूछने के लिये जाने को उत्साहित नहीं हूँ।'

३ महाकाश्यप

तब भगवान् ने आयुष्मान् महाकाश्यप से कहा—'काश्यप लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के बारे मे पूछने के लिये जाओ।' महाकाश्यप ने भी कहा— भगवन्, मैं उस सत्पुरुष के रोग के बारे मे पूछने के लिये जाने को उत्साहित नही हूँ। क्योकि, भगवन्, मुझे स्मरण है, एक दिन मैं दरिद्रो की वीथिका मे पिण्डपात (भोजन ग्रहण) के लिये रुका हुआ था। लिच्छवि विमलकीर्ति ने वहाँ आकर मुझसे इस प्रकार कहा— भदन्त महाकाश्यप इस प्रकार धनी लोगो के घरो को छोडकर दरिद्र लोगो के घरों मे जाना पक्षपातपूण मत्री है।'

"अतएव महाकाश्यप धम-समताकी स्थिति करणीय है। आपको सभी प्रकार के प्राणियो का सवकाल में विचार करके भिक्षा (भोजन सामग्री) मांगनी चाहिये। आपको निराहार रूपी आहार खोजना चाहिये (अर्थात् परमाथ रूपी आहार की पर्येषणा करनी चाहिये)। आपको दूसरों के पिण्डग्राह को दूर करने के लिये पिण्डपात प्राप्त करने की चर्या का पालन करना चाहिये। अर्थात् आपके भिक्षाटन का उद्देश्य लोगों मे प्रचलित भौतिकवादी दृष्टि (पिण्डग्राह = वस्तुआ को सत समझकर उनमे ममत्व की भावना) का निराकरण करना होना चाहिए। भिक्षाटन के लिये आपको ग्राम मे ऐसे प्रवेश करना चाहिये जसे कि शून्य ग्राम मे प्रवेश करते है। ग्राम की शून्यता को ध्यान में रखकर ग्राम मे व्यवहार करना चाहिए।[१] तथापि पुरुषो और स्त्रियों के परिपाचन (बोधि प्राप्ति की

---

१० तुल० वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता पृ० ४३- "सचेत् भगवन् लोकधातुरभविष्यत् स एव पिण्डग्राहोऽभविष्यत्। यश्चैव पिण्डग्राहस्तथागतेन भाषित अग्राह स तथागतेन भाषित।"

दान देते व लेते समय बोधिसत्व का क्या दृष्टिकोण होना चाहिये, इस विषय पर देखिये बोधिचर्यावतार ९ १६८ तथा पञ्जिका पृ २८१। देय, दायक और प्रतिग्राहक इन तीनों की शून्यता भावना के साथ त्रिकोटिपरिशुद्ध पुण्य-सभार का उपचय करणीय है।

दिशा मे विकास) के लिये ग्राम मे प्रवेश करना चाहिये। आपको इस प्रकार घरो के भीतर जाना चाहिये जसे कि बुदध के परिवार मे प्रवेश करते हैं।

'कुछ भी न लेकर पिण्डपात स्वीकार करना चाहिये। ज मा ध की तरह रूपो (साकार वस्तुओ) को देखना चाहिये। श दो को ऐसे सुनना चाहिये मानो कि वह प्रतिध्वनियाँ मात्र हो। ग धो को वायु के समान सूधना चाहिये। अविज्ञप्तिपूवक रसो का अनुभव करना चाहिये। अर्थात रसो का अनुभव करते समय उनके बारे मे ज्ञान चर्चा नही करनी चाहिये। स्पृष्ट य वस्तुओ का स्पश करते समय ज्ञान के साथ स्पश के अभाव की स्मृति होनी चाहिये। मायापुरुष (काल्पनिक पुरुष) के विज्ञान से धर्मों को जानना चाहिए। जो न स्वभाव है और न पर भाव वह जलता नही है। जो जलता नही है, वह बुझता नही है।

' स्थविर महाकाश्यप, यदि आप मिथ्या माग के आठ अगो (अष्टाग माग के ठीक प्रतिकूल आठ अगो) का यतिक्रमण किये बिना ही अष्टविध विमोक्ष[11] (आठ प्रकार के विमोक्षो की समापत्ति) मे प्रवेश कर सकते हैं, मिथ्यात्व की समता द्वारा सम्यक्त्व की समता मे प्रवेश कर सकते हैं और यदि आप एक पिण्डपात मे से भी सारे प्राणियो को दे सकते हैं सभी बुद्धो को और सभी अहतो को दे सकते है, तो आप स्वय भी भोजन खा सकते हैं। इस प्रकार सब को देने के पश्चात् जब आप स्वय खाए तो ऐसे खाएं जिससे आप न क्लेशो से सम्प्रयुक्त हो और न क्लेशो से विप्रमुक्त हो, न समाधि मे

पञ्चविंशतिसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता (पृ० १८) में भगवान् शारिपुत्र से कहते हैं—'इह शारिपुत्र बोधिसत्त्वेन महासत्त्वन प्रज्ञापारमिताया स्थित्वा ऽस्थानयोगेन दानपरमिता परिपूरयितव्या अपरित्यागेन देयदायकप्रतिग्राहकानुपलब्धितामुपादाय।"

११ अष्टा विमोक्षा (अट्ठ विमोक्खा) की सूची बहुत्र मिलती है। द्र० दीघनिकाय, खण्ड ३, पृ० २०२ धमसग्रह ५९ (वैद्य के सस्करण में सात ही गिनाए गये हैं) महाव्युत्पत्ति १५११ १५१८ पञ्चविंशतिसाहस्रिका (पृ १६६–१६७) की सूची इस प्रकार है। १ रूपी रूपाणि पश्यति २ अध्यात्ममरूपसंज्ञी बहिर्धा रूपाणि पश्यति ३ शू यतायामधिमुक्तो भवति ४ सवशो रूपसंज्ञाना समतिक्रमात् प्रतिघसंज्ञानामस्तगमात् नानात्वसंज्ञानाममनसिकारात् अन तमाकाशमित्याकाशन त्यातनमुपसपद्य विहरति ५ सवश आकाशान त्यायतनसमतिक्रमादनन्त विज्ञानानमिति विज्ञाननान त्यायतनमुपसपद्य विहरति, ६ सर्वशो विज्ञानन्त्यातनसमतिक्रमात् नास्ति किञ्चिदित्याकिञ्च यायतनमुपसपद्य विहरति, ७ सवश आकिञ्च यायतनसमतिक्रमात् नैव संज्ञानासंज्ञायतनमुपसपद्य विहरति ८ सवशो नैव संज्ञानासंज्ञायतनसमतिक्रमात् संज्ञावदयितनिरोधमुपसपद्य विहरति। ये आठ विमोक्ष ध्यानरत बौद्ध योगी को निर्वाण प्राप्ति की दिशा में उत्तरोत्तर होने वाली उपलब्धियों के सूचक हैं।

समाहित हो और न समाधि से उठें, न ससार में प्रतिष्ठित हो और न निर्वाण मे प्रति ष्ठित हो ।[12]

"भद त, जो कोई आपको भोजन दान देते हैं, उनको न महत्फल होता हैं, न अल्पफल न मध्यफल और न विशेष फल होता है। वे बुद्ध प्रवृत्ति के साथ जाते है, न कि श्रावक गति के साथ। स्थविर महाकाश्यप, इस प्रकार पिण्डपात करके आप अमोघराष्ट्र पिण्ड[13] का भोजन करेंगे, अर्थात् यथाथ में पिण्डपात करेंगे।'

"भगवन् इस प्रकार दिए गये धर्मोपदेश को सुनकर मैं आश्चयचकित हो गया सभी बोधिसत्वो को प्रणाम। यदि एक गृहस्थी (बोधिसत्व) भी इस प्रकार से प्रतिभान सम्पन्न है, तो यहाँ कौन ऐसा व्यक्ति है जो अनुत्तर सम्यक सम्बोधि के लिये चित्तोत्पाद नहीं करेगा? ऐसा सोचकर, उस समय से महायान को न जानने वाले किसी भी प्राणी को मैं श्रावकयान व प्रत्येकबुद्धयान की ओर नही ले जाता हूँ। भगवन् इसी कारण मैं उस सत्पुरुष के रोग के बारे मे पूछने के लिये जाने को उत्साहित नही हूँ।"

४ सुभूति

तब भगवान् ने आयुष्मान सुभूति से कहा—"सुभूति, लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के बारे मे पूछने के लिए जाओ।"

सुभूति ने भी उत्तर दिया- "भगवन् मैं उस सत्पुरुष के रोग के बारे मे पूछने के लिये जाने को उत्साहित नही हूँ। क्योकि, भगवन् मुझे स्मरण है, एक दिन मैं महा नगरी वैशाली मे लिच्छवि विमलकीर्ति के घर पर पिण्डपात के लिये गया था। उसने मेरा भिक्षा पात्र लिया और उसको प्रणीत (उत्तम) आहार से भर कर मुझसे कहा—

भदन्त सुभूति, यदि आप इस आमिष (भोज्य पदाथ) की समता से सवधर्म समता समझते हैं और सवधमसमता से सभी बुद्ध गुणों की समता (सवबुद्धधमस

---

१२ द्र० धर्मसंगीतिसूत्र (शिक्षासमुच्चय, पृ० १७१)—

"बुद्धा भगवन्तो ससारनिर्वाणविमुक्ता ।"

मूलमध्यमककारिका, २५ २

निर्वाणस्य च या कोटि कोटि ससरणस्य च।
न तयोरन्तर किंचित्सुसूक्ष्ममपि विद्यत॥"

प्रसन्नपदा, पृ० २२८ - "निर्वाण न कस्यचित् प्रहाण नापि कस्यचिन्निरोध इति विज्ञेयम्। ततश्च निरवशेषकल्पनाक्षयरूपमेव निर्वाणम्।"

१३ अमोघराष्ट्रपिण्ड अर्थात् धर्मधातु (निर्वाण रूपी) भोजन।

मता) समझते हैं तो इस भोजन को खाइये[१४]। भदन्त सुभूति इस भोजन को खाइये यदि आप लोभ द्वेष और मोह का परित्याग किये बिना ही उनके साथ अप्रतिष्ठित रह सकते हैं,[१५] यदि आप सत्काय दृष्टि को हिलाये (उच्चालित किये) बिना एकायन[१६] मार्ग पर चल सकते हैं। यदि आप अविद्या और भवतृष्णा को समाप्त किये बिना भी विद्या और मुक्ति[१७] प्राप्त कर सकते हैं, यदि पाँच आनन्तर्य कोटि के अपराध[१८] और आप की मुक्ति समान है, यदि आप न विमुक्त हैं और न बन्धन मे हैं, यदि आपने चार आर्य सत्यो को नही देखा है और फिर भी आप उस जैसे नही हैं जिसने सत्य नहीं देखा है, यदि

---

१४ द्र० **अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता** पृ० २५३ – "न अन्यत्र एभ्यो धर्मेभ्यस्तथागत । या च एषामेव धर्माणां तथता या च सर्वधर्मतथता, या च तथागततथता एकैवैषा तथता।"

१५ स्थविरवादी श्रावकयानी कुछ ग्रन्थों में तीन 'अकुशल मूलों' —लोभ, द्वेष, मोह—के सर्वथा विनाश द्वारा निर्वाण लाभ की सम्भावना मानी गई है।

१६ एकायन का अर्थ है एकमात्र मार्ग। यह मार्ग नैरात्म्य का है जो सत्कायदृष्टि का प्रतिपक्ष है। **सतिपट्ठानसुत्त** में स्मृत्युपस्थानचतुष्टय के मार्ग को "एकायनो मग्गो" कहा गया है। **सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र** (पृ० २८, ३१) में बुद्धयान को एकयान कहा गया है।

१७ विद्या एवं मुक्ति निर्वाण के अधिवचन हैं। निर्वाण की कुछ संक्षिप्त झाँकियाँ इस प्रकार हैं—

सुत्तनिपात, गाथा २०–"सब्बसोक अतिक्कन्तो असोको होति निब्बुतो।"

संयुत्तनिकाय, खण्ड २, पृ० २३१–"निब्बान सब्बदुक्खप्पमोचन।"

गान्धारीधम्मपद, गाथा १६२–"निवण परमो सुह।"

धम्मपद, गाथा २०३–२०४ 'निब्बान परमं सुख।"

इतिवुत्तक (**खुद्दकनिकाय**, खण्ड १, पृ० २६४)–"परमा सन्ति निब्बान अकुतोभय।"

थेरीगाथा, ४७८–"निब्बान सुखा परमं नत्थि।"

धम्मपद, गाथा २३–"निब्बान योगक्खेम अनुत्तर।"

सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० ९३–"क्लेशबन्धनाद्विमुक्त प्रमुच्यते षड्गतिकात् त्रैधातुकात्।" **वही** पृ० ९१– सर्वधर्मसमतावबोधाद्धि निर्वाणम्। तच्चैकम् नद्वे न त्रीणि।"

रत्नावली (**प्रसन्नपदा**, पृ० २२९)–"भावाभावपरामर्शक्षयो निर्वाणमुच्यते।"

मूलमध्यमककारिका, १८ ५–"कर्मक्लेशक्षयान्मोक्ष।"

चतु शतक, १२ २३–"शून्यतामेव निर्वाणम्।"

प्रमाणवार्तिक, १ २५३–"मुक्तिस्तु शून्यतादृष्टेस्तदर्था शेष भावना।"

१८ पाँच आनन्तर्य (जघन्य) अपराध–१ मातृघात, २ पितृघात ३ अर्हद्घात, ४ संघभेद, ५ तथागतस्यान्तिके दुष्टचित्तरुधिरोत्पादन।

आपने फल (निर्वाण) नही प्राप्त किया है और फिर भी आप पृथग्जन नही हैं यदि आप मे साधारण व्यक्ति (पृथग्जन) के गुण हैं और फिर भी आप साधारण व्यक्ति नही हैं, यदि आप न स त (पवित्र आय) हैं और न असन्त (अपवित्र, अनाय), यदि आप सवधम प्रतिसयुक्त होते हुये भी सवधम सज्ञा से विप्रमुक्त हैं[19] तो इस भोजन को खाइये।

"इस भोजन को खाइये, भद त सुभूति, यदि बुद्ध (शास्ता) को देखे बिना, धर्म को सुने बिना और सघ की उपासना किये बिना आप ये जो छ (अ य तीर्थिक आचाय) शास्ता हैं यथा—पूरण काश्यप मस्करी गोशालिपुत्र सजयी वराडिपुत्र, ककुद कात्यायन अजित केशकम्बल तथा निर्ग्र थ ज्ञातिपुत्र[20] —उ हें अपना गुरु बनाकर उनके शासन मे प्रव्रजित हो सकते हैं।

'जिस माग से यह छ शास्तागण जाते हैं यदि उसी माग से जाने वाले स त (आय) सुभूति भी हैं, सव प्रकार के मतो (मिथ्यादृष्टियो) को अपना कर यदि आप न अन्त और न मध्य पर पहुँचते हैं यदि अष्ट अक्षणो[21] से ग्रस्त होने पर आप (शुभकर) क्षण नही प्राप्त करते हैं यदि क्लेशो से परिपूर्ण होकर आप विशुद्धि की प्राप्ति नहीं करते हैं यदि सभी प्राणियो की शुद्धि (अरण) भदन्त (सुभूति) की शुद्धि (अरण, क्लेश रहित स्थिति) है,[22] यदि आप को दान देने वाले (उस दान से) विशुद्ध नहीं होते यदि वे लोग जो आपको भोजन दान देते हैं और फिर भी दुर्गतियों मे पडते हैं यदि आप सभी मारों[23] के साथ रहते है और सभी क्लेशो[24] के मित्र हो जाते हैं, यदि जो क्लेश का स्वभाव है वही भदन्त (सुभूति) का स्वभाव है यदि सभी प्राणियो के प्रति आपका घातकचित्त है (अर्थात् आप सभी प्राणियो का हनन करना चाहते हैं) यदि आप सभी बुद्धो से घृणा करते हैं यदि आप बुद्ध की सभी शिक्षाओ की बुराई करते हैं

---

१९ चार आय सत्य—१ दु ख, २ दु खसमुदय ३ दु खनिरोध ४ दु खनिरोध मार्ग।

२० ये छ तीर्थिकाचार्य शाक्यमुनि बुद्ध के समकालीन थे। द्र० दीघनिकाय, सामञ्ञफल सुत्त।

२१ देखिये ऊपर प्रथम परिवर्त, पाद टिप्पणी २६।

२२ प्राचीन ग्रन्थों में महास्थविर सुभूति को "अरणविहारिन अग्गो" तथा "दक्खिणेय्यान अग्गो" कहा गया है।

२३ मार चार प्रकार के होते हैं—१ स्क धमार, २ क्लेशमार, ३ देवपुत्रमार, ४ मृत्युमार।

२४ क्लेश छ ह—१ राग २ प्रतिघ ३ मान ४ अविद्या ५ कुदृष्टि ६ विचिकित्सा।

सघ की शरण मे नही जाते हैं और यदि आप कभी भी परिनिर्वाण नही प्राप्त करते हैं तो इस भोजन को खाइये।'[२५]

"भगवन् इस प्रकार कहे जाने पर उसके इस निर्देश को सुनकर, मैं सोचने लगा 'मैं उससे क्या कहूँ क्या कहूँगा ? मुझे क्या करना चाहिये ?' सवत्र अन्धकार देखकर, उस भोजन पात्र को छोडकर, मैं उस घर से बाहर निकलने वाला ही था कि लिच्छवि विमलकीर्ति ने मुझसे यह कहा—

"भद त सुभूति, इन श दो से मत डरिये और इस पात्र को ले जाइये। भदन्त सुभूति, आप क्या समझते हैं यदि तथागत द्वारा कृत्रिम रुप से निर्मित (एक व्यक्ति) आपसे इस प्रकार कहे तो आप भयभीत हो जाएगे ?" मैंने उत्तर दिया "नही, कुलपुत्र।" तब उसने मुझसे कहा—' भद त सुभूति सभी धर्मों का स्वभाव माया से निर्मित वस्तुओ की तरह है, अतएव भयभीत मत हो जाइये। क्योकि इन सभी बचनो का स्वभाव वसा ही (मायावी) है।[२६] इसलिये ज्ञानी जन शब्दो व अक्षरो से सग (आसक्ति) नही रखते हैं और उनसे त्रस्त (भयभीत) नही होते हैं। क्योकि, वे सभी अक्षर (वचन, भाषा) अनक्षर (अवचन, अभाषा) हैं। इन सभी की सत्ता केवल विमोक्ष में है सभी धर्मों का लक्षण विमोक्ष है वे विमोक्षलक्षणा हैं।[२७]

---

२५ बौद्ध तन्त्रों व बौद्ध सिद्धों की रचनाओं में भी इसी प्रकार का विरोधाभास मिलता है। चीन व जापान में चान (ध्यान) अथवा जेन सम्प्रदाय के बौद्धाचार्यों की रचनाओं में में भी इस प्रकार की रहस्यमय विरोधपूर्ण एवं साकेतिक भाषा व पहेलियों का प्रयोग मिलता है। दूसरी ओर मध्यमक आम्नाय के आचार्यों ने और प्रज्ञापारमितासूत्रों ने भी समस्त वाङ्व्यापार को निरर्थक प्रपच घोषित किया है।

२६ तुलनीय **अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता**, पृ० २०–"मायानिर्मित सदृशा हि देवपुत्रा मम धार्मश्रवणिका द्रष्ट या। तत्कस्य हेतो ? तथा हि ते नैव श्रोष्यन्ति न च साक्षात्करिष्य ति।" "सवधर्मा अपि देवपुत्रा मायोपमा स्वप्नोपमा सम्यक्सम्बुद्धोऽपि मायोपम स्वप्नोपम निर्वाणमपि देवपुत्रा मायोपम स्वप्नोपममिति वदामि किं पुनर य धमम्।" (वही पृ० २०)। यह ध्यान देने योग्य बात है कि उक्त वाक्य स्थविर सुभूति ने देवताओं से कहा है। यही उपदेश हमारे सूत्र में विमलकीर्ति द्वारा स्थविर सुभूति को दिया गया है।

२७ **सत्यद्वयावतारसूत्र (प्रसन्नपदा,** पृ० १५९) में कहा गया है—
"यत्समा देवपुत्र परमार्थतस्तथता धर्मधातु अत्य ताजातिश्च तत्समानि परमाथत पञ्चा नन्तर्याणि यत्सम ससार तत्सम परमार्थत संक्लेश।"

"जब (विमलकीर्ति ने) य- उपदेश दिया तो उस समय दो सौ देवताओं ने सभी धर्मों (वस्तुओं) के प्रति पवित्र, निर्मल और विशुद्ध धमचक्षु प्राप्त किया और पाँच सौ देवताओ को आनुलोमिकी (धम) क्षान्ति [२८] का लाभ हुआ। मैं तो वाक्यहीन और उसकी बात का उत्तर देने मे असमथ हो गया था। यही कारण है, भगवन् कि मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय में पूछने के लिये जाने को उत्साहित नहीं हूँ।'

५ पूर्णमैत्रायणीपुत्र

तब भगवान् ने आयुष्मान् पूर्ण मत्रायणीपुत्र से कहा—' पूर्ण लिच्छवि विमलकिर्ति के रोग के विषय मे पूछने के लिए जाओ।

पूण ने भी उत्तर दिया—' भगवन् मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय में पूछने के लिए जाने को उत्साहित नही हूँ। क्योकि भगवन मुझे स्मरण है एक दिन मैं महावन मे एक स्थान पर बठकर कुछ आदिकर्मिक भिक्षओ (नवक भिक्षओ) को धर्मोपदेश कर रहा था। लिच्छवि विमलकीर्ति वहाँ आया और उसने मुझसे कहा— 'भदन्त पूण ध्यान पूवक इन भिक्षुओ के चित्तों को देखिये देखकर के धर्म का उपदेश कीजिये। महान रत्नों से जटित पात्र को अपवित्र (गन्दे) भोजन से मत भरिये। इन भिक्षुओ का अध्याशय कसा है, यह पहले जानिये वडूर्यमणिरत्न को काँच क मनके के समान मत समझिये।[२९]

शिक्षासमुच्चय पृ १३७-"सवधर्मा भगवन् बोधिस्वभावविरहिता बोद्धव्या। अन्तश आनन्तर्याण्यपि बोधि। तत्कस्य हेतो? अप्रकृतिका हि भगवन् बोधि अप्रकृतिकानि च पञ्चानन्तर्याणि।"

वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता, पृ ३२- 'बुद्धधर्मा इति सुभूते अबुद्धधर्माश्चैव ते तथागतेन भाषिता। तेनोच्यन्ते बुद्धधर्मा इति।

दु ख सुख, सत्-असत् बुद्ध बद्ध ससार निर्वाण, अहत्-पृथग्जन परमार्थ यवहार, पाप पुण्य निरय स्वर्ग मृत्यु अमृत गमन आगमन जीव निर्जीव, विद्या अविद्या इत्यादि ये सभी परस्पर विरुद्ध हैं, परस्पर सापेक्ष ई विकल्पज हैं और नि स्वभाव हैं। अत परस्पर समान हैं।

२८ आनुलोमिकाधमक्षान्ति वस्तुत अनुत्पत्तिकधर्मक्षान्ति का ही एक पक्ष है। 'धर्मों' की उत्पत्ति नहीं होती है इस तथ्य को समझ कर इसे स्वीकार करना अनुत्पत्तिकधर्मक्षान्ति है।

२९ विमलकीर्ति बोधिसत्वयान के पथिक एव उपदेशक हैं। वह पूर्ण से यह कहना चाहते हैं कि जो लोग बोधिसत्वयान की शिक्षा के योग्य हैं उनको श्रावकयान की शिक्षा नहीं देनी चाहिये बोधिसत्वयान यदि वैडूर्यमणि है तो श्रावकयान काच की गोली की तरह है।

"भदन्त पूर्ण, सत्त्वों की अध्यात्मिक शक्तियो (इन्द्रियों) का निर्णय किये बिना ही उनकी उन शक्तियो (इन्द्रियो) के एकागी होने का निष्कर्ष मत निकालिये। जो लोग घायल नहीं हैं उनको घायल मत कीजिये, अर्थात् जिनको व्रण नही लगे हैं उनमे व्रण उत्पन्न मत कीजिये। जो महामार्ग पर चलने के इच्छुक हैं उनको वीथिमजरी से जाने के लिये मत कहिये। अर्थात जो सत्त्व बोधिसत्त्वयान के पथिक हैं उनको श्रावकयान पर चलने की शिक्षा नही दीजिये। महासमुद्र के जल से गौ के खुर से बने पद चिह्न (गोखुरपद) को भरने का प्रयत्न मत कीजिये। सुमेरु पर्वत को सरसो के दाने (फल) मे रखने का प्रयत्न मत कीजिये। सूर्य की प्रभा को खद्योत (जुगनू) का उजाला मत समझिये। सम्यक सिंहनाद के प्रशसकों को शृगाल की आवाज मत सुनाइये।[३०]

"भदन्त पूर्ण, ये सभी भिक्षु पहले महायान की चर्या मे लगे हुये थे इन्होंने केवल अपना बोधिचित्त खो दिया है भदन्त पूर्ण, इन्हें श्रावकयान का उपदेश मत दीजिये। श्रावकयान तो अभूत है, श्रावकयान अ ततोगत्वा अप्रामाणिक मार्ग है। प्राणियो की शक्ति सामर्थ्य के क्रम के ज्ञान के विषय मे ये सभी श्रावकगण मेरे विचार से, जन्मान्धो की तरह हैं।

"उस समय लिच्छवि विमलकीर्ति ने ऐसी समाधि मे प्रवेश किया जिससे उन भिक्षुओ को विविध प्रकार के अपने पूर्व-जन्मो का स्मरण हुआ जिनमे उन्होने सम्यक सम्बोधि के लिये पाँच सौ बुद्धों की सेवा करके कुशलमूलावरोपण किया था। ज्योही उनको अपने बोधि चित्त का स्पष्ट ज्ञान हुआ, उन्होने उस सत्पुरुष (विमलकीर्ति) के चरणों मे अपने सिर झुकाकर हाथ जोड दिये (और इस प्रकार प्रणाम किया)। उनको उसने उसी प्रकार धर्मोपदेश किया जिससे वे सभी अनुत्तर सम्यक सम्बोधि की दिशा मे अविनिवर्त

---

३० बोधिसत्त्वयान (महायान, बुद्धयान, एकयान) तथा श्रावकयान व प्रत्येकबुद्धयान (हीनयान) के मध्य जो गम्भीर अन्तर है और बोधिसत्त्वयान की श्रावकयान की तुलना में जो श्रेष्ठता है उसका विस्तृत वर्णन सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र में मिलता है। प्रज्ञापारमितासूत्रों में इस विषय की दार्शनिक व्याख्यायें प्रस्तुत की गई हैं। रत्नकूटसूत्र के काश्यपपरिवर्त नामक भाग में बोधिसत्त्वों एव श्रावकों के सैद्धान्तिक एव व्यावहारिक मतभेदों की विषद व्याख्या है और श्रावकों की कटु आलोचना भी। परन्तु **विमलकीर्तिनिर्देश** में तो और भी कठोर व चुभने वाली भाषा में श्रावकयान की निन्दा पाई जाती है। यह भी कम तीखी बात नहीं है कि बोधिसत्त्वयान के इस सिद्धान्त की शिक्षा देने वाला आचार्य विमलकीर्ति एक 'उपासक गृहस्थ' है और उसके श्रोता उच्चकोटि के महाश्रावक महास्थविर 'भिक्षु' हैं।

नीय अवस्था (अववर्तिक भूमि पीछे की ओर वापिस न लौटने की स्थिति) पर पहुँच गये। भगवन्, तब मैंने इस प्रकार सोचा—

' ये श्रावकगण, जो दूसरो के चित्त और आशय का ज्ञान नहीं रखते हैं, किसी को भी धम का निर्देश नही कर सकते हैं। क्योकि, श्रावक सभी प्राणियो की इन्द्रियो की श्रेष्ठता और हीनता का ज्ञाता नही होता है, और वह तथागत, अर्हत्, सम्यक सम्बुद्ध की भाँति सदा समाहित भी नही होता है। भगवन् इसी कारण मे उस सत्पुरुष के रोग के विषय में पूछने के लिये जाने को उत्साहित नही हूँ।"

६ महाकात्यायन

तब भगवान् ने आयुष्मान् महाकात्यायन से कहा— कात्यायन, लिच्छवि विमल कीर्ति के रोग के विषय मे पूछने के लिये जाओ।'

कात्यायन ने उत्तर दिया– "भगवन्, मै उस सत्पुरुष के रोग के विषय मे पूछने के लिये जाने को उत्साहित नही हूँ। क्योकि भगवन् मुझे स्मरण है एक दिन भगवान् द्वारा भिक्षुओ को अववादकसूत्र[31] का उपदेश दिये जाने के पश्चात, मैं उस सूत्र के कुछ वचनो की व्याख्या करते हुये अनित्यता दुख, नरात्म्य और शान्ति[32] का अथ स्पष्ट कर रह था। तभी लिच्छवि विमलकीर्ति वहाँ आ पहुँचा और उसने मुझसे कहा—

"भदन्त महाकात्यान, प्रचारसप्रयुक्त (गतिशील), उत्पन्न होने वाली और भग होने वाली धमता की व्याख्या मत करिये। कुछ भी कभी उत्पन्न नही हुआ था, न उत्पन्न होता है और न उत्पन्न होगा। कुछ भी कभी निरुद्ध नहीं हुआ था, न निरुद्ध होता है, और न निरुद्ध होगा।[33] यही अनित्यता का अथ है। पचस्कन्धो की शून्यता के अधिगम

---

३१ 'अववादकसूत्र' सम्भवत 'कात्यायनाववादसूत्र' ही है। इसका प्रसग स्थविर महाकात्यायन से है। आचार्य नागार्जुन ने मूलमध्यमककारिका १५ ७ में और आचाय चन्द्रकीर्ति ने प्रसन्नपदा, पृ० ११७-११८ में 'कात्यायनाववादसूत्र' से बुद्धवचन उद्धत किये हैं।

३२ दुख, अनित्य एव अनात्म ये संस्कृत धर्मों के तीन प्रसिद्ध लक्षण ह। इनको धर्ममुद्राए कहा जाता है। निम्नलिखित बुद्धवचनामृत को धर्मोद्दान(धमका सार) कहा जाता है। वस्तुत यह बुद्धके द्वारा कहे गये महावाक्य हैं—

१ अनित्या सर्वसस्कारा। २ दुखा सवसस्कारा।

३ निरात्मान सवसस्कारा। ४ शान्त निर्वाणम्।

(धर्मसग्रह, ५५ द्र० धम्मपद, गाथा २७७–२७९)।

३३ मूलमध्यमककारिका,१८ ७ – 'अनुत्पन्नानिरुद्धा हि निर्वाणमिव धमता।'

(प्राप्ति) द्वारा अनुपपत्ति (अनुत्पाद) का अवबोध होना ही दुख का अथ है। जो आत्मा और अनात्मा की अभावता है, वही नरात्म्य का अथ है। जो स्व भाव और पर भाव से रहित है, वह ज्वलनशील नही है, जो ज्वलनशील नही है, वह शा त नही होता है। जो अप्रशा त है वही शान्ति का अर्थ है।[३४]

'इस प्रकार दिये गये उपदेश के फलस्वरूप उन भिक्षुओ के चित्त आस्रवो से और उपादान से विमुक्त हो गये। इसी कारण से, भगवन्, मे उस सत्पुरुष के रोग के विषय मे पूछने के लिये जाने को उत्साहित नही हूँ"

७ अनिरुद्ध

तब भगवान् ने आयुष्मान् अनिरुद्ध से कहा— 'अनिरुद्ध लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के विषय मे पूछने के लिए जाओ"।

अनिरुद्ध ने उत्तर दिया—' भगवन्, मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय मे पूछने के लिये जाने को उत्साहित नही हूँ। क्योकि, भगवन् मुझ स्मरण है एक दिन मैं चक्रमण (टहराने के लिये निर्मित ऊचे माग) मे टहल रहा था। जहाँ पर मैं था वहाँ शुभ व्यूह नामक महा ब्रह्मा ने दश सहस्र ब्रह्माओ के साथ आकर के उस स्थान को अपनी किरणो से प्रकाशित करके, मेरे चरणो मे अपना सिर झुकाकर प्रणाम किया और एक और को होकर मुझसे पूछा—भद त अनिरुद्ध, भगवान् ने आपको दिव्यचक्षु से सम्पन्न शिष्यो मे प्रमुख बताया है।[३५] आयुष्मान् अनिरुद्ध का दिव्यचक्षु कितनी दूर तक (कहाँ तक) देखता है? मैंने उत्तर दिया—मित्र, जिस प्रकार (साधारण) आँख वाले पुरुष को हाथ की हथेली मे रखा हुआ आमलक (आवला) दिखाई देता है उसी प्रकार मुझे भगवान् शाक्यमुनि का यह बुद्ध क्षेत्र, यह सम्पूण त्रिसाहस्र महासाहस्र लोकधातु, दिखाई देता है। जब मैंने ऐसा कहा तभी लिच्छवि विमलकीर्ति उस स्थान पर आ पहुँचा और मेरे चरणो मे अपना सिर झुकाकर अभिव दना करके उसने मुझसे कहा—भद त अनिरुद्ध, आपका दिव्यचक्षु अभिसस्कार लक्षण

---

३४ तुल० तथागतगुह्यसूत्र (प्रस न्नपदा, पृ० १५४)—"तद्यथापि नाम शा तमत अग्निरुपादानतो ज्वलति, अनुपादानत शाम्यति एवमेव आलम्बनतश्चित्तं ज्वलति अनालम्बनत शाम्यति।"

३५ द्र० अगुत्तरनिकाय, खण्ड १ पृ० २३—"अग्गो दिब्बचक्खुकान अनुरुद्धो"। चक्षु पाच प्रकार के होते हैं— १ मासचक्षु, २ दिव्यचक्षु, ३ प्रज्ञाचक्षु, ४ धमचक्षु, ५ बुद्धचक्षु,। दिव्यचक्षु पाच अभिज्ञाओं में से एक अभिज्ञा है।

वाला है अथवा अभिसस्कार लक्षण रहित है ? अर्थात आपका दिव्यचक्षु सस्कृत है अथवा असस्कृत। यदि वह अभिसस्कार सहित है तो वह तीर्थिको (बाह्य आचार्यों) की अभिज्ञा के ही समान है। यदि वह अभिसस्कार रहित है तो वह असस्कृत है, अनभिसस्कार है, और देखने मे असमर्थ है। तब स्थविर आप देखते कसे है ?

'ऐसा कहे जाने पर मैं चुप हो गया। और वह ब्रह्मा भी उस सत्पुरुष से यह उपदेश सुनकर आश्चर्यान्वित हुआ। उसको प्रणाम करके ब्रह्मा ने कहा—लोक म दिव्यचक्षु वाला कौन है। विमलकीर्ति ने उत्तर दिया—लोक मे भगवान् बुद्ध दिव्यचक्षु वाले हैं। वे सभी बुद्धक्षत्रो को समाधि—स्थान (समाहित अवस्था) को छोड बिना और (अभिसस्कार व अनभिसस्कार के) द्वत से प्रभावित हुये बिना देखते हैं।

'इस निर्देश को सुनकर दस हजार स्वजनो सहित ब्रह्मा ने अध्याशय द्वारा प्ररित होकर अनुत्तर सम्यक सम्बोधि का चित्त उत्पादित किया। वे ब्रह्मागण मुझको और उस सत्पुरुष को नमस्कार करके और अभिव दना करके वही अ तर्धान (लुप्त) हो गये। मैं तो प्रतिभानरहित (वाक्यहीन) हो गया। इसी कारण से भगवन्, मै उस सत्पुरुष के रोग के विषय मे पूछने के लिये जाने की उत्साहित नही हू।

८ उपालि

तब भगवान् ने आयुष्मान् उपालि से कहा- उपालि, लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के विषय में पूछने के लिये जाओ।'

उपालि ने उत्तर दिया- 'भगवन, मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय मे पूछने के लिये जाने को उत्साहित नही हूँ। क्योकि, भगवन् मुझे स्मरण है, एक दिन दो भिक्षु कोई अपराध कर बठ थे। लज्जावश भगवान् के सामने उपस्थित न होकर वे दोनों मेरे समीप आकर के मुझसे इस प्रकार बोले—भद त उपालि हम दोनो ने अपराध किया है। (हम आपत्ति ग्रस्त हो गये है) और हमे भगवान् बुद्ध के समीप जाने मे लज्जा आती है। आयुष्मान् उपालि, कृपा करके हम दानो का सशय समाप्त कीजिये और हमको अपराध (आपत्ति) से दूर ले जाइये)।

'भगवन्, जब मैं उन दो भिक्षुओ को धर्मोपदेश कर रहा था उस समय वह लिच्छवि विमलकीर्ति भी वहाँ आ पहुँचा और उसने मुझसे कहा-भद त उपालि, आपको इन दो भिक्षुओ के अपराधो को दृढ़ नही करना चाहिये, और न बढ़ाना ही चाहिये। इन दोनों को अस तुष्ट किये बिना ही इनका पश्चाताप दूर कीजिये। भद त उपालि, अपराध न भीतर

प्रतिष्ठित है, न बाहर, और न भीतर बाहर के मध्य मे वह देखा जा सकता है। क्योकि, भगवान् ने कहा है—चित्त के क्लेशो से प्राणी क्लिष्ट हैं। चित्त की विशुद्धि द्वारा वे विशुद्ध होते हैं।[३६]

"भदन्त उपालि यथार्थ मे चित्त न भीतर (अध्यात्म) है न बाहर है और न इन दोनो के मध्य मे ही है। जसा चित्त है वसा ही अपराध भी है। जसा अपराध है वैसे ही सभी धर्म (वस्तुयें) है, वे तथता का अतिक्रमण नही करते हैं।[३७]

"भदन्त उपालि, यह चित्तस्वभाव, जिससे कि आपका चित्तस्वभाव विमुक्तचित्त होता है, क्या वह किसी चित्तस्वभाव से सकलिष्ट (दूषित) हो जाता है। मैंने उत्तर दिया—नही। विमलकीर्ति ने कहा–भदन्त उपालि सभी प्राणियो के चित्त का स्वभाव भी ऐसा ही है।

"भदन्त उपालि, क्लेश (वस्तुत) सकल्प है। (चित्त का) स्वभाव निर्विकल्प और कल्पनारहित है। सक्लेश (वस्तुत) विपर्यास (भ्रष्ट ज्ञान, मोहयुक्त ज्ञान) है। (चित्त) का स्वभाव विपर्यास रहित है। (वस्तुत) आत्मा का समारोप (आत्मा की धारणा का आरोप) करना ही सक्लेश है। (चित्त का) स्वभाव आत्मा का अभाव (नरात्म्य) है।[३८]

---

३६ रत्नगोत्रविभाग-महायानोत्तरतन्त्रशास्त्र, पृ० ६७ में उद्धत निम्नलिखित वाक्य सम्भवत हमारे सूत्र से लिया गया है—"तत उच्यते। चित्तसक्लेशात् सत्त्वा सक्लिश्यन्ते चित्त य वदानाद्विशुध्यन्त इति।"

तुलनीय अंगुत्तरनिकाय, खण्ड १, पृ १० "पभस्सरमिद भिक्खवे चित्त।
त च खो आगन्तुकेहि उपक्किलेसेहि उपक्किलिट्ठ
त च खो आगन्तुकेहि उपक्किलेसेहि विप्पमुत्त।"

द्र० सयुत्तनिकाय, खण्ड १, पृ० ३७—"चित्तेन नीयति लोको चित्तेन परिकस्सति, चित्तस्स एक धम्मस्स सब्बेव वसमन्वगू॥"

पञ्चविंशति साहस्रिका, पृ १२१–१२२ "चित्त न रागेण सयुक्त न विसयुक्त न द्वेषेण न मोहेन न पर्युत्थानै नावरणै नानुशयै न सयोजनै न दृष्टिकृतै संयुक्त। इय चित्तस्य प्रभास्वरता।"

३७ बोधिचर्यावतार-पंजिका, पृष्ठ १८८—"सवधर्मा शून्या शून्यतालक्षण चित्तम्। सवधर्मा विविक्ता विविक्ततालक्षण चित्त" (भगवद्वचन)।

३८ तुल मूलमध्यमककारिका, १८ ५, २३ १।

भदन्त उपालि सभी धर्म न उत्पन्न होते हैं न नष्ट होते हैं और न प्रतिष्ठित होते हैं। वे माया मेघ, और विद्युत के समान हैं। सभी धर्म अनवस्थित हैं (अस्थित, अनित्य हैं), क्षणमात्र भी नहीं टिकते हैं। सभी धर्म स्वप्न मरीचिनिभा (मरीचि की चमक) और अभूतदर्शन (असत् के दर्शन) के समान है। सभी धर्म पानी में दिखाई देने वाली चन्द्रमा की परछाई की तरह और दर्पण पर दिखाई देने वाली प्रतिमा के समान हैं। वे मन के संकल्पों से उत्पन्न होते हैं।[३९] जो कोई इस प्रकार जानते हैं, उनको विनयधर[४] कहा जाता है, और जो कोई इस प्रकार संयमित होते हैं उनको सुसंयमित (सुदान्त) कहा जाता है।

"तब उन दो भिक्षुओं ने कहा—यह गृहपति सुप्रज्ञावन्त (भली प्रकार प्रज्ञासमन्वागत) है। भदन्त उपालि को भगवान् ने विनयधरों में प्रमुख कहा था, परन्तु वह विमलकीर्ति के समान सुप्रज्ञावन्त नहीं है। उन दोनों से मैंने कहा—भिक्षुओ, आप गृहपति के विषय में इस प्रकार का विचार मत बनाइये। क्योंकि तथागत को छोड़कर कोई भी ऐसा श्रावक अथवा बोधिसत्त्व नहीं है जो प्रतिभान (अविरत भाषण करने की कला) में इसका (विमलकीर्ति का) सामना कर सकता है, अथवा प्रज्ञा के आलोक की दृष्टि से इसके समान है।

"तब दोनों भिक्षुओं ने विचिकित्सा (सन्देह) से मुक्त होकर उसी क्षण अध्याशय द्वारा अनुत्तर-सम्यक सम्बोधि का चित्त उत्पन्न किया और उस सत्पुरुष को अभिवन्दित करके इस प्रकार कहा—सभी प्राणी भी इसी प्रकार प्रतिभान प्राप्त करें। इसी कारण से

---

३९ तुलनीय वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता, पृ ६९—

"गिरता हुआ तारा या अन्धकार,
टिमटिमाता दीप या माया-प्रसार,
ओस-बिन्दु या जल-पुञ्ज-व्यापार
स्वप्न-प्रिया या चमकनी बिजली सा,
जानो यह कल्पित-निर्मित संसार॥

लंकावतारसूत्र, २ १६४—

"आकाशं शशशृङ्गं च वन्ध्यायाः पुत्र एव च।
असन्तो ह्यभिलप्यन्ते तथा भावेषु कल्पना॥"

४ स्मरण रहे कि महास्थविर उपालि विनयधरों में शिरोमणि थे। उन्होंने ही प्रथम बौद्ध संगीति में विनयपिटक के मूल सूत्रों को कण्ठस्थ प्रस्तुत किया था।

भगवन् मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय मे पूछने के लिए जाने को उत्साहित नही हू।'

९ राहुल

तब भगवान् ने आयुष्मान् राहुल से कहा— 'राहुल, लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के विषय मे पूछने के लिए जाओ।'

राहुल ने उत्तर दिया—"भगवन्, मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय मे पूछने के लिए जाने को उत्साहित नही हूँ। क्योकि, भगवन मुझे स्मरण है, एकदिन अनेक लिच्छवि युवक जहाँ पर मैं था वहाँ आये और उन्होंने मुझसे कहा—भदन्त राहुल, आप भगवान् के पुत्र हैं। एक चक्रवर्ती राजा का राज्य छोडकर आपने प्रव्रज्या स्वीकार की है। आपने क्या उपलब्ध किया है प्रव्रज्या के गुण और लाभ क्या हैं? जब मैं उन्हें भली प्रकार से प्रव्रज्या के गुणो और लाभो के बारे मे समझा रहा था तो लिच्छवि विमलकीर्ति भी जहा मैं था वहां आ पहुँचा और मुझको प्रणाम करके उसने कहा—भदन्त राहुल, जिस प्रकार आप प्रव्रज्या के गुणो और लाभो का उपदेश कर रहे हैं उस प्रकार से उपदेश नही कीजिए। क्योकि प्रव्रज्या गुणरहित है और लाभरहित है। भदन्त राहुल जो सस्कृत कहा जाता है उसके गुण और लाभ होते हैं, परन्तु प्रव्रज्या तो असस्कृत है, और जो असस्कृत है उसमे न गुण है और न लाभ है।

"भदन्त राहुल, प्रव्रज्या अरूपिणी (निराकार, अभौतिक), रूपरहित, तथा आदि और अन्त की दृष्टियो से स्वतन्त्र है। यह निर्वाणपथ है। मनीषियो ने इसकी प्रशसा की है और पवित्र सन्तो ने इसको अपनाया है। यह सब प्रकार के मारो को पराजित करती है।[४१] यह पाँच प्रकार की गतियो से निस्तारा (छुटकारा) देती है[४२], पाच प्रकार के चक्षुओं का विशोधन करती है[४३] पाँच प्रकार के बलो की प्राप्ति करवाती है[४४], पाँच प्रकार की इन्द्रियो का आधार (आश्रय) है।[४५] प्रव्रज्या दूसरो के लिए दुख रहित है और पाप धर्मों (बुराइयो) के साथ मिश्रित नही है। यह दूसरे तीर्थिको का भली प्रकार दमन करती है और प्रज्ञप्ति (नामकरण स्वरूपनिणय) का अतिक्रमण करती है। प्रव्रज्या

४१ देखिये ऊपर इसी परिवर्तन की पादटिप्पणी २३।

४२ देखिये प्रथम परिवर्तकी पादटिप्पणी ९।

४३ देखिये ऊपर प्रथम परिवर्तकी पादटिप्पणी ३५।

४४ देखिये ऊपर प्रथम परिवर्तकी पादटिप्पणी २५(उ)।

४५ देखिये ऊपर प्रथम परिवर्त की टिप्पणी २५ (ई)।

कामरूपी कीचड मे कमल (पकज अथवा सेतु) है। आधारणरहित (विधारण करनेवाली) है। प्रव्रज्या में ममत्व का अभाव है और अहकार का भी अभाव है यह उपादान रहित (अनासक्त) है उपायास रहित (उपद्रवरहित) है और सक्षोभ का निराकरण करती है। यह स्वचित्त को विनीत करती है, परचित्त की रक्षा करती है, शमथ की सामग्री (ध्यान की सहगामिनी) है, और सब प्रकार से निर्दोष है, इसी कारण इसका नाम प्रव्रज्या है। जो कोई इस प्रकार से प्रव्रजित हुए हैं वे सही अर्थ मे प्रव्रजित हैं।

"युवको इस प्रकार के अच्छी तरह उपदिष्ट किये गये धम मे प्रव्रजित हो जाओ। बुद्ध का प्रगट होना अत्य त दुलभ है, क्षणसपदा (शुभ और सौभाग्यपूर्ण अवसर रूपी सपत्ति) भी अत्य त दुलभ है और पुन मनुष्य गति प्राप्त करना अत्यन्त दुलभ है।[४६]

'उन युवको ने कहा— गृहपति, जसा कि हमने सुना है, तथागत ने कहा है— 'माता पिता की आज्ञा के बिना किसी को प्रव्र जित नही होना चाहिये।' विमलकीर्ति ने उत्तर दिया—युवको अनुत्तर सम्यक सम्बोधि का चित्त उत्प न करते हुए आपको प्रयत्न पूवक अभ्यास करना चाहिये। इसी प्रकार आप लोग तत्त्वत (वास्तविक रूप से) प्रव्रजित होकर उपसम्पदा प्राप्त करेंगे।

'उस समय तीन हजार दो सौ लिच्छविकुमारो ने अनुत्तर सम्यक सम्बोधि का चित्त विकसित किया था। भगवन्, इसी कारण से मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय में पूछने के लिए जाने को उत्साहित नहीं हूँ।

---

४६ बुद्धदशन, धमश्रवण एव मनुष्य जीवन की दुर्लभता का वर्णन बौद्ध सूत्रों एव शास्त्रों में अनेक बार हुआ है।

द्र० ललितविस्तर प० ७४– 'कदाचित्कर्हिचिद्बहुभि कल्पकोटिनयुतैर्बुद्धा भगवन्तो लोके उत्पद्यन्ते।"

सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, प २७ गण्डव्यूहसूत्र, प ९ –

"दुर्लभा अष्टाक्षणविनिवृत्ति। दुर्लभो मानुष्य प्रतिलाभ।

दुलभा क्षणसंपद्विशुद्धि। दुर्लभो बुद्धोत्पाद

दुर्लभो बुद्धधर्मश्रवण दुर्लभा धर्मानुधर्मप्रतिपत्ति।"

तुलनीय बोधिचर्यावतार-पंजिका, पृ ४–५, शिक्षासमुच्चय, पृ ५।

१० आनन्द

तब भगवान् ने आयुष्मान् आनन्द से कहा—"आनन्द लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के विषय में पूछने के लिए जाओ।"

आनन्द ने उत्तर दिया—"भगवन् मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय मे पूछने के लिए जाने को उत्साहित नही हूँ। क्योकि, भगवन् मुझे स्मरण है, एक दिन जब भगवान् के शरीर मे एक रोग प्रगट हुआ तो उसको (शरीर को) दूध की आवश्यकता पड गई थी। मैं पात्र लेकर एक सम्भ्रान्त (महाशाल) ब्राह्मण परिवार के (महल) के द्वार के समीप चला गया था। लिच्छवि विमलकीर्ति भी उस स्थान पर आ पहुँचा, और मुझको प्रणाम करके उसने कहा—

'भदन्त आनन्द, आप प्रातःकाल के समय पात्र लेकर इस परिवार के (घर के) द्वार पर किस लिए स्थित हैं? मैंने उससे कहा—भगवान् के शरीर मे एक रोग प्रगट हुआ है। उस शरीर की चिकित्सा के प्रयोजन से (कुछ) दूध की खोज मे आया हूँ। विमलकीर्ति ने मुझसे कहा—भदन्त आनन्द, ऐसा मत कहिए। भदन्त आनन्द, तथागत की काय वज्र के समान ठोस है उसकी सारी अकुशलवासना का नाश हो चुका है? उसमे सारे कुशलधर्म (सद्गुण) उपस्थित हैं रोग ऐसे शरीर मे कैसे हो सकता है? ऐसे शरीर को आतक या बेचनी कैसे हो सकती है।

"भदन्त आनन्द भगवान् पर झूठा आरोप (दोष) मत लगाइये और चुप हो जाइये। इस प्रकार की बात दूसरो से मत कहिये अन्यथा अनेक बुद्ध क्षेत्रों से यहाँ आये हुए महान शक्तिशाली और तेजस्वी देवता और बोधिसत्त्व (इस बात को) सुनेंगे। भदन्त आनन्द जब सीमित कुशलमूलो से सम्पन्न चक्रवर्ती राजा भी निरोग होता है, तब अप्रमेय (असीमित) कुशलमूलों से सम्पन्न भगवान् को रोग कैसे हो सकता है? यह असम्भव है।

'भदन्त आनन्द हमे लज्जित मत कीजिये और चले जाइये, अन्यथा अन्य तीर्थिक, मीमासक, परिव्राजक, निर्ग्रन्थ (जिन) और आजीविक भी (इस बात को) सुनेंगे। वे सोचेंगे—'अहो (लज्जास्पद) है इन लोगों का शास्ता अपने ही रोग की चिकित्सा करने में भी असमर्थ हैं। दूसरे प्राणियो की रोग से रक्षा कैसे कर सकता है।' भदन्त आनन्द, छिप जाइये, अन्तर्धान हो जाइये कोई देख (सुन) लेगा।

भदन्त आनन्द, तथागत धर्मकाय है।[४७] यह (काय) आहार से पोषित होने वाली देह नही है। तथागतो की लोकोत्तर काय होती है जो लोक के सभी (लौकिक) गुणो (विशेषताओ) का अतिक्रमण कर चुकी होती हैं।

'तथागतकाय उपद्रवरहित है, क्योंकि वह आश्रवो से निवृत्त है। तथागतकाय असस्कृत है, क्योकि वह सस्कार रहित है। भदन्त आनन्द, इस प्रकार के शरीर मे भी याधि हो सकती है, ऐसा विश्वास करना अनुचित और अशोभनीय है।

'जब मैंने ये शब्द सुने, तब मुझे (सन्देह) हुआ—क्या मैंने भगवान् से मिथ्या सुना था, मिथ्या समझा था। ऐसा सोचता हुआ मैं बहुत लज्जित हो गया था। तब मैंने अन्तरिक्ष से एक स्वर सुना (अर्थात् मैंने आकाशवाणी सुनी)— आनन्द, जो गृहपति कहता

---

४७ धर्मकाय का सिद्धान्त बौद्धधर्मदर्शन का हृदय समझना चाहिए। निम्नलिखित उद्धरणों से धमकाय की गम्भारता एव परिनिष्पन्नता का कुछ परिचय मिलता है–

सयुत्तनिकाय, खण्ड २, प ३८० ३४१– यो खो वक्कलि धम्म पस्सति सो म पस्सति। यो म पस्सति सा धम्म पस्सति।"

वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता प ६६–

"रूप से मुझको जो देखते हैं, मेरे शब्दों का अनुगमन जो करते हैं।

मिथ्या प्रयास वे सब करत हं, ऐसे प्राणी मुझ नहीं देख सकते हैं॥

धर्म से बुद्ध को देखना चाहिए, धमकाय का अनुगमन करना चाहिए।

परन्तु धर्मता–ज्ञान की चेष्टा यथ हे, क्यों कि इसको जानना सम्भव नहीं हं।"

अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ० ४८– "धर्मकाया बुद्धा भगवन्त। मा खलु पुनरिम भिक्षव सत्काय काय मन्यध्वम्। धमकायपरिनिष्पत्तितो मा भिक्षवो द्रक्ष्यथ। एष च तथागत कायो भूतकोटिप्रभावितो द्रष्टव्या यदुत प्रज्ञापारमिता।" वही, पृ २५३— 'न हि तथागतो रूपकायतो दृष्टव्य। धर्मकायास्तथागता।"

मूलमध्यमककारिका २२ १५–

'प्रपञ्चयन्ति ये बुद्ध प्रपञ्चातातम ययम्।

ते प्रपञ्चहता सव न पश्यन्ति तथागतम्॥"

द्वाध्याशयपरिवर्त (रत्नगोत्रविभागमहायानोत्तरतन्त्रशास्त्र, पृ० २) में कहा है– "अनिदर्शनो ह्यानन्द तथागत स न शक्यश्चक्षुषा द्रष्टुम्।" श्रीमालासिंहनादसूत्र (रत्न गोत्रविभाग, प० ३) के अनुसार अनुत्तर सम्यक् सम्बोधि, निर्वाणधातु एव तथागतधमकाय एक दूसर के अधिवचन (पर्यायवाची) हैं। अनूनत्वापूर्णत्वनिर्देशपरिवर्त (रत्नगोत्रविभाग, पृ० १२) में कहा गया है– शिवोऽय धमकायोऽद्वयधर्माविकल्पधर्मा।' द्र वही, प ५६–

है वह तथ्य है। तथापि पाच कषायो[४८] (दोषो) के समय मे प्रगट होने के कारण, भगवान् करुणावश सामा य प्रकार का यवहार करके प्राणियो को शिक्षित करते हैं।[४९] अतएव, आनन्द, लज्जित हुए बिना दूध लेने के लिए जाओ।

भगवन्, लिच्छवि विमलकीर्ति द्वारा पूछ गये प्रश्न के मेरे उत्तर का उपदेशपरक समाधान इस प्रकार हुआ। भगवन् इसी कारण से मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय में पूछने के लिए जाने को उत्साहित नही हूँ।

इसी प्रकार पाँच सौ श्रावको ने लिच्छवि विमलकीर्ति के पास जाने के लिए अनुत्साहित होते हुए (अनिच्छा प्रगट करते हुए) भगवान् से 'अपनी भाषण कुशलता (स्वप्रतिभान) का प्रतिवेदन किया और प्रत्येक श्रावक ने लिच्छवि विमलकीर्ति के साथ हुए अपने वार्तालाप का सम्पूण वणन भगवान से कहा।[५०]

(ख) बोधिसत्त्व विमलकीर्ति के पास नहीं जाना चाहते हैं।

११ मैत्रेय

तब भगवान् ने बोधिसत्त्व मत्रेय से कहा— मत्रय, लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के विषय मे पूछने के लिए जाओ।

'सर्वाकारैरसरवैरचि त्यैरमलैर्गुणै
अभिन्नलक्षणो मोक्षो यो मोक्ष स तथागत इति ॥"

सुवर्णप्रभाससूत्र, प ९—
"धर्मकायो हि सम्बुद्धो धर्मधातुस्तथागत ।
ईदृशी भगवत्काय ईदृशी धर्मदेशना ॥"

४८ पाच कषाय— १ क्लेशकषाय २ दृष्टिकषाय, ३ सत्वकषाय ४ आयु कषाय, ५ कल्पकषाय।

४९ तुलनाय सुवणप्रभाससूत्र १ ३०–३१(पृ ९)
'न बुद्ध परिनिर्वाति न धर्म परिहीयते।
सत्वाना परिपाकाय परिनिर्वाण निदर्शयेत ॥
अचि त्यो भगवान्बुद्धो नित्यकायस्तथागत ।
देशेति विविधा व्यूहा सत्वाना हितकारणात् ॥"
द्र० सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, प० १९०–१९१—
'सत्वाना नानाचरिताना नानाभिप्रायाणा मज्ञाविकल्पचरिताना कुशलमूलसंजननार्थम् विविधान् धर्मपर्यायान विविधैरारम्बणै याहरति।"
'सत्वानह कुलपुत्रा अनेन पर्यायेण परिपाचयामि।"

५० विमलकीर्ति के चीनी अनुवादों में तृतीय परिवर्त यहा पर समाप्त हो जाता है।

मैत्रेय ने उत्तर दिया—"भगवन्, मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय मे पूछने के लिए जाने को उत्साहित नही हूँ। क्योंकि, भगवन, मुझे स्मरण है एक दिन मैं तुषित लोक के देवताओ के साथ, सतुषित नामक देवता[५१] और उसके साथी देवताओ के साथ बोधिसत्वों–महासत्वों की अववर्तिक भूमि के विषय को लेकर धर्मचर्चा कर रहा था। उस समय लिच्छवि विमलकीर्ति वहाँ आया और उसने मुझसे कहा—

'मैत्रेय भगवान् बुद्ध ने आपके विषय मे व्याकरण (भविष्यवाणी का प्रकाशन) किया है कि आपको अनुत्तर सम्यक सम्बोधि प्राप्त करने तक केवल एक बार जन्म लेना है।[५२] मैत्रेय इस व्याकरण का सम्बन्ध कौन से जन्म से है? क्या अतीत (भूतकाल) से है? क्या अनागत (भविष्यकाल) से है? अथवा प्रत्युत्पन्न (वर्तमान काल) से है? जो अतीत का जन्म है वह क्षीण हो चुका है जो अनागत का जन्म है वह अभी प्राप्त नही हुआ है वर्तमान जन्म (प्रत्युत्पन्न) नाम की कोई चीज का अस्तित्व नही है। (अर्थात् भूतकाल, वर्तमानकाल और भविष्यकाल की जो काल्पनिक धारणाए हैं वह व्यवहार वचन मात्र हैं)।[५३] जैसा कि भगवान् ने ठीक ही कहा है— भिक्षुओ एक क्षण मे तुम जन्मते हो बृद्ध होते हो, मरते हो और पुन जन्म लेते हो।[५४] (क्या वह व्याकरण अनुत्पाद की स्थिति से सम्बन्धित था)। अनुत्पाद की स्थिति मे नियाम मे प्रवेश होता है जो जन्मरहित और व्याकरणरहित है। (नियाम वह निश्चित अवस्था है जिसमें निर्वाण

---

५१ सन्तुसितो नाम देवपुत्तो (सन्तुषित नामक देवता) का उल्लेख दीघनिकाय, खण्ड १ पृ० १८७ में भी हुआ है।

५२ इस व्याकरण (भविष्यवाणी) का उल्लेख पालि सूत्रोंमें भी मिलता है। द्र० दीघनिकाय, खण्ड ३ प० ६०– मेत्तेय्यो नाम भगवा लोके उप्पज्जिस्सति अरहं सम्मासम्बुद्धो विज्जाचरणसम्पन्नो सुगतो लोकविदू अनुत्तरो पुरिसदम्मसारथि सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवा।' तुलनीय सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, प १८४– मैत्रेयो नाम बोधिसत्वो महासत्वो भगवत शाक्यमुनेरनन्तर व्याकृतोऽनुत्तरायां सम्यक्सबोधौ।"

५३ काल (समय) की धारणाओं की महायानी व्याख्या के लिए द्र० मूलमध्यमककारिका "कालपरीक्षा," पृ० १९३–१६७ तथा तत्त्वसग्रह, 'त्रैकाल्यवादपरीक्षा', कारिका १७८५–१८५५।

५४ सुत्तनिपातट्ठकथा में यह बुद्धवचन उद्धृत है—
"खन्देसु जायमानेसु जीयमानेसु च खणे खण त्व भिक्खु जायसे च मीयसे च"
"खन्देसु" के स्थान पर खन्धेसु पाठ होना चाहिये।

की प्राप्ति निश्चित और अटल है)। अनुत्पाद की अवस्था नियाम की अवस्था है जिसमे न ज म होता है और न याकरण। अतएव (इस याकरण का अथ) अनुत्पद्यमान अवस्था नही हो सकता। मत्रेय, आपने किस रूप मे (किस अथ मे) याकरण प्राप्त किया है? (अर्थात् आपके विषय मे किया गया व्याकरण किस स्थिति से सम्बद्ध है), ज म (जाति) की तथता से अथवा निरोध की तथता से? तथता उत्पाद और निरोध से रहित है, तथता न उत्प न होती है और न निरुद्ध होती है।[५५]

"मत्रेय, जो सभी प्राणियो की तथता है जो सभी धर्मों की तथता है, और सभी पवित्र स तो (अहतो) की तथता है वही आपकी तथता है। यदि इस प्रकार आपके लिए बुद्धत्व का व्याकरण किया जा सकता है तो सभी सत्वो (प्राणियो) के लिए भी इसी प्रकार का व्याकरण किया जा सकता है। क्योकि तथता द्वत से अप्रभावित है और नानात्व (विभि नता) से अप्रभावित है। इसलिए, मत्रेय, जब आपको सम्बोधि की प्राप्ति होगी तब सभी प्राणियो को उसी प्रकार की सम्बोधि प्राप्त होगी। क्योकि बोधि सभी प्राणियो का अनुगमन करती है (बोधि सभी प्राणियो से सम्बन्धित है)। मैत्रय, जब आप परिनिवृत होगे तब सभी प्राणी भी परिनिवृत्त होगे। क्योकि, यदि सभी प्राणी अपरिनिवृत्त हैं तो तथागत भी अपरिनिवृत्त हैं। वे सभी प्राणी सुपरिनिर्वृत्त हैं[५६] इसीलिए वे निर्वाणजातीय (निर्वाण प्राप्ति के स्वभाव वाले) दिखाई देते हैं। अतएव मत्रेय इन देवताओ को गुमराह मत कीजिये, धोखा मत दीजिए।

---

५५ तुलनीय अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ० २५३ तथा लकावतारसूत्र, १० १७४–
"अद्वया तथता शू या भूतकोटिश्च धर्मता।
निर्विकल्पश्च देशेमि ये ते निष्पन्नलक्षणा।"

५६ तुलनीय रत्नमेघसूत्र (प्रसन्नपदा, पृ० ९८)
"आदिशा ता ह्यनुत्पन्ना प्रकृत्यैव च निर्वृता।
धर्मास्ते विवृता नाथ धमचक्रप्रवर्तने॥"
बोधिचर्यावतार, ९ १५१–
"स्वप्नोपमास्तु गतयो विचार कदलीसमा।
निवृतानिर्वृताना च विशेषो नास्ति वस्तुत॥"
वैपुल्यसूत्र (अभिधर्मसमुच्चय, पृ० ८४)–
"नि स्वभावा सवधर्मा अनुत्पन्ना अनिरुद्धा आदिशा ता प्रकृतिपरिनिर्वृता।"
गौडपादकारिका २ ३२ "न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधक।
न मुमुक्षुन वै मुक्त इत्येषा परमाथता॥" द्र० वही, ४ ९१ ९३।

"बोधि मे न कोई प्रतिष्ठित होता है और न इससे कोई विवर्तित (वापिस) होता है। अतएव मत्रेय, इन देवताओ की बोधि विषयक काल्पनिक दृष्टि का उत्सजन कीजिये (बोधि विषयक सकल्पज-य धारणाओ का निराकरण कीजिये)। बोधि का अभिसम्बोध (पूण ज्ञान) न काय से होता है और न चित्त से होता। बोधि सव प्रकार के निमित्त व्यूह (लक्षण व्यवस्था) का उपशमन् है। बोधि सभी प्रकार के आलम्बनो (बाह्यार्थों) के आरोप से मुक्त है। बोधि सभी प्रकार की मनस्तरगो (मानसिक प्रयत्नो) के प्रचार से रहित है। बोधि सभी प्रकार के दृष्टिगत (ज्ञान) का विनाश है। बोधि सव प्रकार के परितक से रहित है। बोधि सर्व प्रकार की अस्थिरता चित्त की गति और चलनशीलता से मुक्त है। बोधि किसी प्रणिधान (व्रत, निश्चय) मे भी प्रवृत्त नही है। बोधि सव प्रकार के उद्ग्रहण से रहित विराग (अश्लेष, मुक्ति) है। बोधि धमधातु मे मिश्रित (आधृत) हैं। बोधि तथता का सक्षात्कार है। बोधि भूतकोटि मे अवस्थित है। बोधि मे न मन है और न धम है अतएव वह अद्वय है। बोधि आकाश की भाति सम है। बोधि असस्कृत है क्योकि वह न उत्पन्न होती है न -यय होती है और न स्थित है। इसमे अ यथात्व (परिवतन) का सवथा अभाव है।"[५७]

"बोधि सभी प्राणियो के चित्त, चर्या और अध्याशय का परिज्ञान है। बोधि (छ) आयतनो का द्वार नही है। बोधि सभी वासनाओं प्रतिसन्धियो (मृत्यु और पुनज म के मध्य की स्थितियों) और क्लेशो से सवथा मुक्त और असम्बद्ध है। बोधि स्थान और अस्थान से सवथा विसयुक्त होने कारण किसी वस्तु (विषय, पदार्थ) मे प्रतिष्ठित नही है किसी स्थान पर स्थित नहीं है। बोधि सम ततो (सव प्रकार से सभी ओर से) प्रादुर्भाविनी है तथता में भी अनुपस्थित है। बोधि केवल नाम है, यह नाम भी अचल है। बोधि आव्यूह (प्रयत्न, चेष्टा) और नियूह (त्याग विवेक) से रहित और निस्तरग है। बोधि निरुपायास (उपद्रवरहित) है स्वभावत परिशुद्धि है। प्रभास (प्रकाश) है इसका स्वभाव ही विशुद्धि है। बोधि न ग्राहक है और न ग्राह्य (न उद्ग्रहण करती है और न आलम्बन

---

५७ तुलनीय पञ्चविंशतिसाहस्रिका, पृ० १९८— "तथता अवितथा अ-यतथता धमता धर्मधातु धर्मस्थितिता धमनियामता भूतकोटि। इम उच्य-ते असस्कृता धर्मा।'

बोधिचर्यावतार पञ्जिका, पृ० १७१—"परम उत्तम अर्थ परमार्थ अकृत्रिम वस्तुरूपम् यदधिगमात् सर्वावृतिवासनानुसधिक्लेशप्रहाण भवति। सर्वधर्माणा नि स्वभावता शू-यता तथता भूतकोटिधमधातुरित्यादि पर्याया।"

वाली है)। बोधि सवधमसमता है और इसका अधिगम अभिन्न (अद्वयस्वरूप) है। बोधि अनुपम है इसलिये इसका उदाहरण व विश्लेषण नहीं हो सकता है। (अथवा बोधि की उपमा उदाहरण विश्लेषण से नही की जा सकती है)। बोधि का अवबोध अति कठिन है क्योकि यह अत्य त सूक्ष्म है।'[५८]

'बोधि आकाश के स्वभाव की होने के कारण सवत्रगा है (अर्थात सवव्यापक है)। बोधि का साक्षात्कार काय से अथवा चित्त से नही किया जा सकता है क्योकि, काय तृण (घास), काष्ठ, दीवार (कुड्य) पथ और प्रतिभास की चमक की तरह है। और चित्त अरूप, अदृश्य, निराधार (अनिश्रय) और ज्ञान रहित (अविज्ञप्तिक है।

"भगवन्, (विमलकीर्ति द्वारा) इस उपदेश के प्रकाशित होने पर उस परिषद मे से दो सौ देवताओ ने अनुत्पत्तिक धर्मक्षाति प्राप्त की थी। मैं तो प्रतिभान रहित हो गया था। इसी कारण से भगवन् मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय मे पूछने के लिये जाने को उत्साहित नही हूँ।"

१२ प्रभाव्यूह—

तब भगवान् ने लिच्छविकुमार प्रभाव्यूह से कहा–' प्रभाव्यूह लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के विषय में पूछने के लिये जाओ।'

प्रभा ग्रूह ने उत्तर दिया–' भगवन्, मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय में पूछने के लिये जाने को उत्साहित नहीं हूँ। क्योकि भगवन, मुझे स्मरण है एक दिन मैं महानगरी वशाली के बाहर जा रहा था और लिच्छवि विमलकीर्ति (वैशाली नगर मे) आ रहा था तो राह मे हमारी भेंट हुई थी। उसने मेरा अभिवादन किया और तब मैंने उससे कहा–गृहपति, कहाँ से आये हो ? उसने उत्तर दिया–मैं बोधिमण्ड से आया हूँ। मैंने पूछा–बोधिमण्डका क्या अथ है। तब उसने मुझसे कहा—कुलपुत्र, बोधिमण्ड अकृत्रिम होने के कारण आशयमण्ड है। मानवीय (धार्मिक) काय– यापार–चलाने का श्रोत होने के कारण यह योगमण्ड है। विशिष्ट अधिगम (साक्षात्कार) होने वे कारण यह अध्याशय है। समवि स्मरण होने के कारण यह बोधिचित्तमण्ड है। (समान रूप से विस्तृत हो जाने के कारण यह बोधिचित्त का सार है)।

---

५८ तुलनीय ललितविस्तर, पृ० २८९—"गम्भीर खल्वय मया धर्मोऽभिसम्बुद्ध सूक्ष्मो निपुणो दुरनुबोध अतर्कोऽतर्कावचर।"

विपाक (फल) की प्रतिकाक्षा (इच्छा) रहित होने के कारण यह दानमण्ड है (अर्थात् दान से होने वाले पुण्यफल की आशा से रहित होने के कारण यह दानमण्ड है)। सभी प्रणिधानो (प्रतिज्ञाओ) की पूणता के कारण यह शीलमण्ड है। सभी प्राणियो के प्रति प्रतिघ (द्वष, क्रोध) के अभाव के कारण यह क्षान्तिमण्ड है। अविनिवतनीय (अववर्तिक) होने के कारण यह वीयमण्ड है। चित्त की कमण्यता के कारण यह ध्यानमण्ड है। प्रत्यक्ष दशन (प्रत्यक्षदर्शी) होने के कारण यह प्रज्ञामण्ड है।[५९]

"सभी प्राणियो के प्रति समचित्त होने के कारण यह मत्रीमण्ड है। सभी प्रकार के उपक्रमों को सहन (सब प्रकार की हिंसा सहन) करने के कारण यह करुणामण्ड है। धर्मानन्द मे अभिरति और अधिमुक्ति के कारण यह मुदितामण्ड है। अनुनय (प्रम) और प्रतिघ से मुक्त होने के कारण यह उपेक्षामण्ड है।[६०]

"छ अभिज्ञाओ[६१] की प्राप्ति होने के कारण यह अभिज्ञामण्ड है। निर्विकल्प होने के कारण विमोक्षमण्ड है। प्राणियों का (पारमार्थिक) विकास करने के कारण यह उपायमण्ड[६२] है। सभी प्राणियो का सग्रह करने के कारण यह सग्रहवस्तुमण्ड[६३] है। प्रतिपत्ति (धमचर्या) के सार का व्यापार (कार्यान्वयन) करने के कारण यह श्रवणमण्ड है। योनिश प्रत्यवेक्षण (मौलिक और परिपूण विपश्यना, आमूल प्रतिवेध) करने के कारण यह निध्यप्तिमण्ड (ध्यानजनित प्रज्ञामण्ड) है। सस्कृत और असस्कृत (के द्वत) का प्रहाण करने के कारण यह बोधिपाक्षिकधममण्ड[६४] है। सम्पूर्ण लोक मे किसी का भी वचन न करने (किसी को भी धोखे मे न रखने) के कारण यह सत्यमण्ड है। अविद्या आस्रव के क्षय से जरामरण के क्षय तक सभी आस्रवो का क्षय कर देने के

---

५९ दान, शील, क्षान्ति, वीर्य, ध्यान एव प्रज्ञा—ये छ पारमितायें ह जिनके पूणत्व में बोधिसत्त्व बुद्धत्व का लाभ करता है।

६० करुणा, मैत्री, मुदिता एव उपेक्षा—ये चार अप्रमेय भावनायें हैं जि हें 'ब्रह्मविहार' कहा जाता है।

६१ देखिये ऊपर प्रथम परिवत पादटिप्पणी ३।

६२ द्र० सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र उपायकौशल्य परिवत।

६३ देखिये ऊपर प्रथम परिवर्त पादटिप्पणी २४।

६४ सैंतीस बोधिपाक्षिक धर्मों की सूची द्र० ऊपर प्रथम परिवर्त, पादटिप्पणी २५।

कारण यह प्रतीत्यसमुत्पादमण्ड[६५] है। यथाभूत (परमार्थस्वरूप) के अभिसम्बोध के कारण यह सर्वक्लेशप्रशममण्ड है।

"सभी प्राणियों की निःस्वाभावता के कारण यह सर्वसत्त्वमण्ड है। शून्यता के सम्यक ज्ञान के कारण यह सर्वधर्ममण्ड है। अचल होने के कारण यह सर्वमारप्रमर्दनमण्ड है। प्रवेश वियोग (कहीं भी प्रवेश करने से मुक्ति) के कारण यह त्रिधातुमण्ड[६६] है। अभय और असन्त्रास के कारण यह सिंहनाद करने वाला वीर्यमण्ड है। सर्वत्र अनिन्दित रहने के कारण यह बलों[६७], वैशारद्यों[६८] और आवेणिक बुद्धधर्मों[६९] का मण्ड है। क्लेशों के अशेष (सम्पूर्ण विनाश) के कारण यह त्रविद्यतामण्ड[७०] (त्रिविद्यामण्ड) है। सर्वज्ञ ज्ञान के समुदागम के कारण यह एक ही क्षण में सभी धर्मों (भूत भौतिक व चित्त चैतसिक वस्तुओं और असंस्कृत तत्त्वों) का सम्पूर्ण रूपेण साक्षात ज्ञान वाला मण्ड (स्थान, सार) है।

"कुलपुत्र, जब भी पारमिताओं[७१] से ओत प्रोत, प्राणियों के पारमार्थिक विकास के लिये समर्पित हुये, सद्धर्म धारण में जुटे हुये, और कुशलमूलों समेत ये बोधिसत्त्व गण पैर ऊपर उठाते हैं अथवा भूमि पर रखते हैं तो वे बोधिमण्ड से ही आते हैं, वे बुद्ध गुणों से आते हैं, बुद्ध गुणों में प्रतिष्ठित रहते हैं।

"भगवन्, विमलकीर्ति द्वारा इस प्रकार का उपदेश दिये जाने पर पाँच सौ देवताओं और मनुष्यों ने बोधिचित्तोत्पाद किया था। मैं तो प्रतिभान रहित हो गया था। इसी

---

६५ प्रतीत्यसमुत्पाद के १२ अंग('आस्रव') निम्नलिखित हैं—
१ अविद्या, २ संस्कार, ३ विज्ञान, ४ नामरूप, ५ षडायतन, ६ स्पर्श ७ वेदना, ८ तृष्णा, ९ उपादान, १० भव, ११ जाति, १२ जरामरण-शोकपरिदेवदुःखदौर्मनस्य-उपायास।

६६ देखिये ऊपर इसी परिवर्त, की पादटिप्पणी २।

६७ देखिये ऊपर प्रथम परिवर्त, पादटिप्पणी ६व१५।

६८ देखिये ऊपर प्रथम परिवर्त, पादटिप्पणी ७।

६९ देखिये ऊपर प्रथम परिवर्त, पादटिप्पणी ८।

७० तीन विद्याएँ १ पूर्वनिवासानुस्मृतिज्ञान २ च्युतिउत्पत्तिज्ञान, ३ आस्रवक्षयज्ञान अङ्गुत्तर०, खण्ड १, पृ० १५१-१५२ मज्झिम०, खण्ड १, पृ० ३० ३१।

७१ पारमिताएँ दस हैं—१ दान, २ शील ३ क्षान्ति, ४ वीर्य, ५ ध्यान, ६ प्रज्ञा, ७ उपायकौशल्य, ८ प्रणिधि, ९ बल, १० ज्ञान।

कारण से, भगवन् मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय मे पूछने के लिये जाने को उत्साहित नही हूँ।"

१३ जगतींधर

तब भगवान् ने बोधिसत्त्व जगतीधर से कहा—"जगतीधर लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के विषय में पूछने के लिये जाओ।'

जगतीधर ने कहा—'भगवन्, मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय में पूछने के लिये जाने को उत्साहित नही हूँ। क्योकि, भगवन् मुझे स्मरण है एक दिन जब मैं अपने घर मे स्थित था, तब पापी मार बारह हजार अप्सराओ के साथ इन्द्र के वेश मे वाद्य और सगीत (साज और अवाज) सहित मेरे समीप आ पहुचा। उसने अपने सिर से मेरे चरणो में प्रणाम किया। सपरिवार (साथी अप्सराओ सहित) मेरा सम्मान करके एक ओर को हो गया। उसको देवराज शक्र (इन्द्र) समझकर मैंने उससे कहा—कौशिक, आपका स्वागत है। सभी कामो (इच्छाओ) और विषय भोगो मे अप्रमत्त (जागरूक) रहो। काय जीवन और भोगो के सार का सदुपयोग करते हुये अनित्यता का बहुधा विचार करना चाहिये।

"तब मार ने मुझसे कहा—सत्पुरुष, मुझसे इन बारह हजार अप्सराओ (देव कन्याओ) को स्वीकार कर लिजिये ये आपकी सेवा करेंगी। मैंने उससे कहा—कौशिक अयोग्य वस्तु श्रमण (साधु) और शाक्यपुत्र (बुद्धपुत्र) को मत दीजिये। इन कन्याओ को रखना मेरे लिये उचित नही है। मैंने ऐसा कहा ही था कि लिच्छवि विमलकीर्ति वहाँ आ पहुँचा और उसने मुझसे कहा—कुलपुत्र यह इन्द्र (शक्र) है ऐसा मत समझिये। यह तो पापी मार है। आपकी विडम्बना करने के लिये (आपकी हसी उडाने के लिय) आया है। यह इन्द्र नही है।

तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने उस पापी मार से कहा—पापी मार, ये अप्सराए इस श्रमण शाक्यपुत्र (बोधिसत्त्व जगतीधर) के लिय उपयुक्त नही हैं। इन्हे मुझको दे दो।'

'तब पापी मार भयभीत और सविग्न (उद्विग्न) हो गया और उसने सोचा यह लिच्छवि विमलकीर्ति मुझ ठगने के लिये (मेरा भेद खोलने के लिये) आया है। वह अन्तर्धान होने की इच्छा से प्रयत्न करने लगा परन्तु असमर्थ रहा। उसने अपनी सभी

ऋद्धिविधियो[७२] का प्रयोग करके अन्तर्धान (लुप्त) होने की चेष्टा की परन्तु वह वसा करने मे असफल रहा।

तब अन्तरिक्ष (आकाश) से एक घोष निकला (आकाशवाणी हुई) पापी, इन अप्सराओ को इस सत्पुरुष को भेंट करो तभी तुम अपने स्थान को वापिस जा सकोगे। तब पापी मार तो और भी अधिक भयभीत हो गया, और उसने अपनी इच्छा के प्रतिकूल उन अप्सराओ को दे दिया।

'तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने उन अप्सराओ को ग्रहण किया और उनसे कहा—पापी मार ने तुम्हे मुझे दे दिया है, इसलिये तुम सभी को अनुत्तर सम्यक् सम्बोधि का चित्तोत्पाद करना चाहिये। उसने उन अप्सराओ को बोधि—प्राप्ति की दिशा म विकास के अनुकूल धम कथा का उपदेश दिया और उ होने शीघ्र ही बोधिचित्तोत्पाद किया। विमलकीर्ति ने उनसे पुन कहा—आपने अभी बोधिचित्त का उत्पादन किया है, अब से भविष्य मे आपको धम के आन द मे प्रसन्नतापूवक अधिमुक्ति करनी चाहिये, कामगुणो (विषयभोगो) के सुख मे अभिरुचि नही रखनी चाहिय। इस प्रकार उसने उ हे आज्ञा दी। उन्होने (अप्सराओ ने) पूछा—वह धमसमोदरति क्या है? (अर्थात् धम के आन द मे प्रसन्नता क्या है?)

'उसने (विमलकीर्ति ने) कहा—वह रति (प्रसन्नता) बुद्ध मे अभद्य (अख ण्ड) श्रद्धा है[७३], धमश्रवण की इच्छा मे प्रसन्नता रति है, सघ की सेवा मे प्रसन्नता रति

---

७२ ऋद्धि (पालि इद्धि) आठ प्रकार की असाधारण, अतिमानवाय शक्तियों को कहते हैं। द्र० दीघनिकाय, खण्ड १, प० ६८–६९—१ एक होकर बहुत हो जाना और बहुत होकर एक हो जाना, २ प्रकट होकर लुप्त हो जाना, ३ सरलता से निर्बाध होकर दीवार अथवा प्राचीर अथवा पर्वतसे पार हो जाना मानो हवा(आकाश) से गया हो, ४ पथ्वी में भीतर और बाहर(नीचे और ऊपर) होना मानो पानी के भीतर और बाहर हो रहा हो, ५ पानी में ऐसे चलना जैसे पृथ्वी पर चल रहा हो, ६ पलथी लगाकर (पद्मासनमें) आकाशमें चलना जैसे पखों पर पक्षी रहता है, ७ च द्रमा और सूर्य, जो कि इतने अधिक बडे और शक्तिशाली है, को भी हाथ से स्पश और अनुभव करना, ८ शरीर सहित ब्रह्मके लोक तक पहुच जाना। तुलनीय योगसूत्र, ३ ४५ पर यास भाष्य की सूची—

१ अणिमा, २ लघिमा, ३ प्राप्ति ४ प्राकाम्य, ५ महिमा, ६ ईशित्व, ७ वशित्व, ८ कामावसायिता। बौद्ध तान्त्रिक योग सिद्धि के लिए द्र० गुह्यसमाजतन्त्र, १८ १२६ १४५।

७३ तुलनीय सयुत्तनिकाय, खण्ड २, पृ० ५९—

है गुरु के सत्कार में मानरहित होना रति है धातुओं[७४] मे और विषयो मे स्थित न होना रति है। पंचस्कन्धो[७५] को घातक समझना रति है धातुओं[७६] को सर्प के विष के समान समझना रति है और आयतनों[७७] को शून्यग्राम समझ कर विवेक करना रति है। बोधिचित्त की सरक्षा मे सत्त्वो (प्राणियो) का हित करना रति है। दान द्वारा (अपनी सम्पत्ति व सुख का) विभाजन करने और परिपूर्ण शील का अभ्यास करने का नाम रति है। क्षान्ति मे क्षमण (क्षमा) और दम रति है वीर्य पूर्वक कल्याण का सम्पादन रति है, ध्यानपरिभोग (ध्यान का आनन्द लेने मे) और प्रज्ञा मे क्लेशो का अभाव

"बुद्धे अवेच्चप्पसादेन समन्नागतो होति धम्मे अवेच्चप्पसादेन समन्नागतो होति सघे अवेच्चप्पसादेन समन्नागतो होति।"

बहुधा श्रद्धा, विश्वास, प्रसाद, प्रीति समानार्थक रूप में प्रयुक्त होते हैं। धम्मपद, गाथा २०४ में कहा गया है, 'विस्सास परमा ञाति निब्बान परम सुख।"

दशधर्मसूत्र (शिक्षासमुच्चय, पृ० ६) में कहा गया है—

"श्रद्धा हि परम यान येन निर्यान्ति नायका।
तस्माच्छ्रद्धानुसारित्व भजेत मतिमान्नर॥
अश्राद्धस्य मनुष्यस्य शुक्लो धर्मो न रोहति।
बीजानामग्निदग्धानामकुरो हरितो यथा॥"

शिक्षासमुच्चयकारिका २—

"दु खा त कर्तुकामेन सुखान्त गन्तुमिच्छता।
श्रद्धामूल दृढीकृत्य बोधौ कार्यामतिर्दृढा॥"

द्र० भिक्षु प्रासादिक द्वारा तिब्बती से अग्रेजी में अनूदित सूत्रसमुच्चयका प्रथम भाग जर्नल आफ रिलीजियस स्टडीज" वॉल्यूम ७ अक १ (पटियाला) १९७९, जहाँ पर आचार्य नागार्जुन ने श्रद्धा की विस्तृत चर्चा की ह।

७४ यहाँ पर कामधातु रूपधातु व अरूपधातु से अभिप्राय है।

७५ पाँच स्कन्ध - १ रूप, २ वेदना, ३ सज्ञा, ४ सस्कार, ५ विज्ञान।

७६ अठारह धातु निम्नलिखित हैं—१ चक्षु धातु, २ श्रोत्र०, ३ घ्राण०, ४ जिह्वा०, ५ काय०, ६ मन०, ७ रूप०, ८ गन्ध०, ९ शब्द, १० रस०, ११ स्पर्श १२ धर्म०, १३ चक्षु विज्ञान धातु, १४ श्रोत्र विज्ञान, १५ घ्राण विज्ञान०, १६ जिह्वा विज्ञान०, १७ काय विज्ञान०, १८ मन विज्ञान०।

७७ बारह आयतन निम्नलिखित हैं—१ चक्षु, २ श्रोत्र, ३ घ्राण, ४ जिह्वा, ५ काय, ६ मन, ७ रूप, ८ गन्ध, ९ शब्द, १० रस, ११ स्पर्श, १२ धर्म।

रति है, बोधि का प्रसार करना रति है मार निग्रह करना (मार को परास्त करना) रति है, क्लेशो का वध करना और बुद्धक्षेत्र का विशोधन करना रति है। लक्षणो और अनुव्य ञ्जनो[७८] के विकास के लिये सभी कुशलमलो का सचय करना रति है। निर्भयतापूर्वक गम्भीरधर्मश्रवण करना धर्मसमोदरति है। विमोक्ष के तीनो मुखो (द्वारो)[७९] का प्रविचय (प्रतिवेध) करना और निर्वाण का अध्यालम्बन करना रति है। बोधिमण्ड का का अलकार होना रति है अकाल मे (अनुपयुक्त समय मे) निर्वाण प्राप्त न करने मे रति है जो समानभागीय हैं उनकी सेवा करना रति हैं जो असमानभागीय हैं (अपने से श्रेष्ठतर भाग्यवाले हैं) उनसे द्वेषण और शत्रुता न करना रति है। कल्याणमित्रो का साथ करना और पापी मित्रो के साथ न रहना रति है।[८०] धर्म के प्रति अधिमुक्ति (भक्ति) श्रद्धा और प्रामोद्य की अवस्था रति है। उपाय सग्रह रति है, अप्रमादपूर्वक बोधिपक्ष्यधर्मों का विकास करना रति है। इस प्रकार बोधिसत्त्व धर्मसमोद (धर्मानन्द) की अभिरति से ओत प्रोत होता है।

"तब पापी मार ने उन अप्सराओ से कहा—अब हमे अपने आवास को जाना चाहिये। उन्होने कहा—आपने हमे इस गृहपति को दे दिया है। अब हमे अभी से धर्म समोद, धर्म अभिरति और धर्म अधिमुक्ति का विकास करना है, काम विषयो की अभिरति और भक्ति नही करनी है। तब पापी मार ने लिच्छवि विमलकीर्ति से कहा—यदि यह सत्य है कि बोधिसत्त्व महासत्त्व सर्वस्वपरित्यागी है और चित्तग्राहक (केवल चित्त मे सर्वस्व परित्याग का विचार रखने वाला) नही है, तो गृहपति, इन अप्सराओ को (मेरे साथ) भेज दीजिये। विमलकीर्ति ने कहा—पापी मार, इन्हे दे दिया है, अत अब तुम सपरिवार जाओ। तुम सभी प्राणियो का धर्माशय (धार्मिक अभिलाषाओ वाला अध्याशय) परिपूर्ण

---

७८ महापुरुष के लक्षणों एवं अनुव्यञ्जनों की सूची के लिए द्र० धर्मसंग्रह ८३ ८४।

७९ तीन प्रकार के विमोक्ष—१ शून्यता २ अनिमित्त, ३ अप्रणिहित।

८० तुलनीय मंगलसुत्त २—

'असेवना च बालान पण्डितान च सेवना।
पूजा च पूजनीयान एत मगलमुत्तम॥"

धम्मपद, गाथा २०७—

"दुक्खो बालेहि सवासो अमित्तेनेव सब्बदा।
धीरो च सुखसवासो ञातीन व समागमो॥"

करने मे समथ हो जाओ। तब उन अप्सराओ ने विमलकिर्ति को प्रणाम करके उससे कहा—गहपति हमे मार के घर में किस प्रकार रहना चाहिये ?

"विमलकीर्ति ने कहा—बहनो अक्षयप्रदीप नाम का एक धममुख (धम का प्रवेश द्वार) है, उसका अभ्यास करो (उसमे प्रवेश करो)। वह क्या है? बहिनो, जिस प्रकार एक प्रदीप से सकडो—हजारो प्रदीप प्रज्वलित होते हैं फिर भी वह प्रदीप स्वय नही घटता है, उसी प्रकार, बहिनो, एक बोधिसत्त्व सैकडो हजारो प्राणियो को बोधि मे स्थापित करके भी स्वय उसके चित्त की स्मृति कम नही होती है। वस्तुत वह न केवल कम नही होती है अपितु और भी बढती है। इसी प्रकार जसे जसे आप सारे कुशलधर्मों (पुण्यकर्मों) को दूसरो को दिखाऐंगी और उन्हे बताऐंगी वसे ही बुद्धशासन के सभी कुशलधम प्रवर्धित होते रहेंगे। यही अक्षयप्रदीप नामक धममुख है। मार के लोक मे रहते हुये आप असख्य देवताओ और देवियो को बोधिचित्त का विकास करने के लिये प्रेरित कीजिये। इस प्रकार आप तथागत के प्रति कृतज्ञ रहेंगी और सभी प्राणियो की सहायक बनेंगी।

'तत्पश्चात् उन अप्सराओं ने लिच्छवि विमलकीर्ति के चरणो मे अपना सिर झुकाकर प्रणाम किया और मार के साथ चली गईं। भगवन्, मैंने लिच्छवि विमलकीर्ति के ऋद्धिबल (विकुर्वण) की इस प्रकार की विशिष्टताओं को देखा था। इसी कारण भगवन् मैं उस सत्पुरुष के रोग के बारे मे पूछने के लिय जाने को उत्साहित नही हूँ।'

१४ सुदत्त (अनाथपिण्डद)

तब भगवान् ने श्रेष्ठिपुत्र सुदत्त[८१] से कहा—' कुलपुत्र लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के विषय मे पूछने के लिये जाओ।' सुदत्त ने उत्तर दिया— 'भगवन्, मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय में पूछने के लिय जाने को उत्साहित नही हू। क्योकि भगवन् मुझे स्मरण है एक दिन मेरे पिता के निवेशन (निवास स्थान) मे एक महायज्ञ पूरा करने के लिये मैं सात

---

८१ सुदत्त का दूसरा अधिक परिचित नाम अनाथपिण्डद अथवा अनाथपिण्डिक है। अङ्गुत्तर निकाय, खण्ड १, पृ० २६ में उसको दाताओं में अग्रणी (अग्गो दायकान सुदत्तो अनाथ पिण्डिको) कहा गया है। उसने श्रावस्ती नगरमें राजकुमार जेत से स्वर्णमुद्राएँ बिछाकर जेतवनाराम खरीदकर बौद्ध सघ को और भगवान् बुद्ध को भेंट किया था।

दिनो तक सभी श्रमणो ब्राह्मणो दरिद्रो, दु खियो, कृपणो (असहायो), भिखारियो और विह्वल हुये लोगो को दान दे रहा था। उस महा दानयज्ञ के अंतिम और सातवें दिन लिच्छवि विमलकीर्ति उस महायज्ञ की भूमि पर आ पहुँचा। उसने मुझसे कहा—श्रेष्ठ पुत्र, इस प्रकार यज्ञ नही करना चाहिए जिस प्रकार आप कर रहे हैं। धमयज्ञ कीजिये।[८२] आमिषयज्ञ (भौतिक वस्तुओ के दान) से पर्याप्त लाभ हो गया है (अर्थात आमिष यज्ञ इतना ही पर्याप्त है)।

"मैंने उससे पूछा—धमयज्ञ कसे किया जाता है? उसने उत्तर दिया—धर्मयज्ञ उसे कहते हैं जिसके द्वारा प्राणियो का अनादि और अनन्त परिपाचन होता है। (अर्थात् बोधि प्राप्ति के माग पर प्राणियो की उन्नति का जिसमे न प्रारम्भ हो और न अ त, ऐसा धर्मयज्ञ)। वह क्या है? (ऐसा धमयज्ञ कौन सा है?) यह वह महामत्री है जिसका उपहार (परिणाम) बोधि है, यह वह महाकरुणा है जो सद्धमसग्रह सम्पन्न करती है, यह वह महामुदिता है जो सभी प्राणियो की प्रसन्नता की भावना उत्पन्न करती है, और यह वह महाउपेक्षा है जो ज्ञानसग्रह से सम्पन्न होती है।

"धर्मयज्ञ वह दानपरमिता है जो शान्ति एव दम मे परिपूर्ण होती है। यह वह शीलपारमिता है जो दु शील प्राणियों के परिपाचन मे पूणता को प्राप्त होती है। यह वह क्षान्तिपारमिता है जो धम नैरात्म्य मे पूणत्व प्राप्त करती है। यह वह वीयपारमिता है जो बोधि की दिशा मे प्रयत्न प्रारम्भ होने से सम्पन्न होती है। यह वह ध्यानपारमिता है जो काय चित्त के विवेक मे सम्पादित होती है। यह वह प्रज्ञापारमिता है जो सर्वज्ञ-ज्ञान में सम्पन्न होती है।

"धर्मयज्ञ वह शून्यताभावना है जिसकी पूणता सभी प्राणियो के परिपाचन में होती है। यह वह अनिमित्तभावना है जिसकी पूणता सभी सस्कृत (वस्तुओ) के परिशोधन मे होती है। यह वह अप्रणिहितभावना है जिसकी पूर्णता स्वेच्छा से पुनर्जन्म धारण करने मे होती है।

"धमयज्ञ वह बलपराक्रम है जिसकी पूर्णता सद्धम धारण करने मे होती है। यह वह जीवितेन्द्रिय (जीवनशक्ति) है जिसकी पूणता सग्रहवस्तुओ के सम्पादन मे होती

---

८२ तुलनीय धम्मपद, गाथा ३१४—

'सब्बदान धम्मदान जिनाति, सब्बरस धम्मरसो जिनाति।

सब्बरतिं धम्मरतिं जिनाति, तण्हक्खयो सब्ब दुक्खं जिनाति॥"

है। यह वह निर्मानता (अभिमान का अभाव) है जिसकी पूणता सभी प्राणियो का भत्य (सेवक) और शिष्य बनने मे होती है।[८३] यह काय, जीव एव अथ के वे लाभ है जिनकी पूणता असार से सार निकालने में होती है। यह वह स्मृति है जिसकी पूणता छ प्रकार की स्मृतियो में होती हैं।[८४] यह वह आशय है जिसकी पूणता सम्मोदनीय धम के द्वारा होती है। यह वह जीवनपरिशुद्धि है जिसको पूणता सम्यक प्रतिपत्ति मे होती है। यह वह आयपयपासन (अहतो का सत्कार) है जिसकी पूणता श्रद्धापूवक और प्रसन्नतापूर्वक रहने मे होती है। यह चित्त की वह गम्भीरता (चित्तनिष्पत्ति) है जिसकी पूर्णता साधारण व्यक्तियो (पृथग्जनो) के प्रति अद्वेष (अथवा प्रेम रखने) में होती है। यह वह अध्याशय है जिसकी पूणता प्रव्रज्या द्वारा होती है। यह वह श्रवण कौशल (ज्ञान कौशल्य) है जिसकी पूणता धमचर्या (बोधिचर्या प्रतिपत्ति) में होती है। यह वह अरण्यवास है जिसकी पूणता विशुद्ध-तत्त्व (अरण धर्म) के अवबोध मे होती है। यह वह एकान्त ध्यान है जिसकी पूणता बुद्धज्ञान की प्राप्ति में होती है। यह वह योगाचारभूमि है जिसकी पूणता सभी प्राणियों को क्लेश से मुक्त करने के योग में होती है।

"धमयज्ञ वह पुण्यसभार है जिसकी पूणता लक्षणों और अनुव्यजनो में होती है जो बुद्धक्षेत्र के अलकरण हैं, और उन सब उपायो मे होती है जिनसे सत्त्वो का परिपाचन होता है। यह वह ज्ञानसभार है जिसकी पूणता सभी प्राणियो को उनके चित्त और काय के अनुसार धर्मदेशना करने में होती है। यह वह प्रज्ञासभार है जिसकी पूणता उस एक नयज्ञान मे होती है जो सभी वस्तुओ के सम्बन्ध मे उपादेय और हेय के भेद से रहित है। यह वह कुशलमूलसभार है जिसकी पूणता सभी क्लेशो, आवरणों और पापो

८३ द्र० मेरी पुस्तक स्टडीज इन दि बुद्धिस्टिक कल्चर ऑफ इण्डिया (द्वितीय सस्करण) पृ ९१ ११६

बोधिचर्यावतार, ३ १८—
"दीपार्थिनामह दीप शय्या शय्यार्थिनामहम्।
दासार्थिनामह दासो भावेय सर्वदेहिनाम्॥"

८४ छ प्रकार की अनुस्मृतियाँ—१ बुद्धानुस्मृति, २ धर्मानुस्मृति, ३ सघानुस्मृति, ४ त्यागानुस्मृति ५, शीलानुस्मृति ६ देवानुस्मृति,। इनकी विस्तृत चर्चा के लिये देखिये विसुद्धिमग्ग, सातवा परिच्छेद।

(अकुशलधर्मों) के प्रहाण (परित्याग) में होती है। यह सभी बोधिपक्ष्य धर्मों का वह उत्पाद है जिसकी पूर्णता सभी कुशलधर्मों (पुण्यो) के सम्पन्न होने और सवज्ञ ज्ञान के अधिगम मे होती है। यह, कुलपुत्र, धमयज्ञ है। इस प्रकार के धमयज्ञ मे प्रतिष्ठित रहने वाला बोधिसत्त्व यज्ञदायक है (दानयज्ञ—कर्ता है) यज्ञ को भली भाँति करने वाला है और वह देवताओ सहित सारे लोक मे दक्षिणीय (दक्षिणा या दान देने योग्य) है।[८५]

"भगवन् इस प्रकार उस गृहपति द्वारा निर्देश दिये जाने पर उस ब्राह्मण परिषद में से दो सौ ब्राह्मणों ने अनुत्तर सम्यक सम्बोधि का चित्त उत्पन्न किया था। मैं भी श्रद्धा से आश्चर्यान्वित हुआ था मैंने उस सत्पुरुष के चरणो की व दना की, और एक लाख (स्वण मुद्राओं) के मूल्य का मुक्ताहार अपने कण्ठ से उतार कर भेंट किया। परन्तु उसने मुक्ताहार स्वीकार नहीं किया। तब मैंने उससे कहा—कृपा करके इस मुक्ताहार को स्वीकार कीजिये, और अपनी इच्छानुसार किसी को भी दे दीजिय। तब विमलकीर्ति ने उस मुक्ताहार को स्वीकार कर लिया और उसको दो भागों में विभाजित कर दिया। उसने मुक्ताहार का एक भाग उस यज्ञस्थान (दानशाला) में सभी के द्वारा निन्दित नगर के दरिद्रतम लोगो को दे दिया। दूसरा भाग उसने दुष्प्रसह तथागत को भेंट किया। तब उसने ऐसा प्रातिहार्य (चमत्कार) दिखाया जिससे उस परिषद् में उपस्थित सभी ने मरीचि नाम का लोकधातु और दुष्प्रसह नाम के तथागत को देखा। तथागत दुष्प्रसह के शीष मे वह मुक्ताहार मुक्ताहारो से निर्मित एक कूटागार (ऊपरी कक्ष) के रूप मे स्थित हो गया, उस मुक्ताहारकूटागार का आकार चतुस्र (चौकोर), चार स्तम्भों पर आधारित समभाग और सुविभक्त, दशनीय और विचित्र था। इस प्रकार का प्रातिहार्य दिखा कर विमलकीर्ति ने कहा— वह दायक जो नगर के दरिद्रतम लोगों को दान देता है और उन्हें तथागत के समान दक्षिणीय समझता है, वह दानपति जो बिना भेद भाव किये महाकरुणा से ओत प्रोत चित्त से दान देता है और विपाक (दान के पुण्यफल) की आकाक्षा नही रखता है वह धमयज्ञ परिनिष्पन्न करता है।

---

८५ प्राचीन बौद्ध धर्म ग्रन्थों में बहुधा श्रावकसघ को "आहुनेय्यो पाहुनेय्यो दक्खिणेय्यो" कहा गया है। वास्तविक 'महायज्ञ' के बौद्ध स्वरूप के वणन के लिये द्र० दीघनिकाय, खण्ड १ (कूटदन्तसुत्त), पृ० १०९ १२७।

तब नगर के वे दरिद्रजन उस प्रातिहार्य को देख कर और उस धर्मोपदेश को सुनकर इतने प्रभावित हुये कि उन्होने अनुत्तर सम्यक-सम्बोधि का चित्त उत्पन्न किया। भगवन इसी कारण से मैं उस सत्पुरुष के रोग के विषय मे पूछने के लिये जाने को उत्साहित नही हूँ।

इसी प्रकार, उन सभी बोधिसत्त्वों और महासत्त्वों ने भी उस सत्पुरुष के साथ हुय अपने वार्तालाप का वणन किया, जो नाना प्रकार के उपदेश विमलकीर्ति ने दिये थे उन्हें सुनाया। सभी ने उसके पास जाने मे अपना अनुत्साह प्रगट किया।

तृतीय परिवर्त समाप्त।

४ अस्वस्थ बोधिसत्त्व का सन्तोषण

तदुपरान्त भगवान् बुद्ध ने मञ्जुश्री कुमारभूत से कहा—"मञ्जुश्री, लिच्छवि विमलकीर्ति के रोग के विषय मे पूछने के लिए जाओ।

मञ्जुश्री ने कहा—' भगवन्, लिच्छवि विमलकीर्ति एक विलक्षण (दुरासद) यक्ति है। वह गम्भीरनय (गम्भीर धर्म) मे प्रतिभान सम्पन्न है और यत्यस्त (वक्र व पेचीदे) वाक्यो तथा पुष्कल (सुन्दर व सुस्पष्ट) वाक्यो की याख्या (निष्पादन) मे कुशल है। उसकी भाषणकला का प्रवाह अविरल है, सभी प्राणियो मे उसकी बुद्धि अप्रतिहत है। उसने बोधिसत्त्व के सभी काय कर लिये हैं। उसने सभी बोधिसत्त्वो और प्रत्येकबुद्धो क गुह्य रहस्यो का भलीभाति अभ्यास किया है। वह मार के सभी स्थानो का विनिवर्तन करने मे (दूर हटाने या पीछे की ओर भगा देने मे) कुशल है। वह महान अभिज्ञाओ से क्रीडा करता है। प्रज्ञा और उपाय मे वह निष्णात् है। वह अद्वय धमधातु के सम्पूण क्षत्र की चरमसीमा पर पहुँचा हुआ है। वह धमधातु की एक व्यवस्था (यूह) के अन्तगत धम के अनन्त आकार प्रकार के यूहो का उपदेश करने मे निपुण है। वह सभी प्राणियो की सामथ्य (इन्द्रिय) के अनुसार (बोधि की) प्राप्ति की उपाय यवस्था का जानकार और पण्डित है। वह उपायकौशल्य की पूणता प्राप्त कर चुका है। प्रश्नो (के उत्तर) का निणय करने की क्षमता उसको प्राप्त है। यद्यपि उसका सन्तोषपूवक सामना करने के लिए मेरे अस्त्र शस्त्र (वमसनाह) बहुत लघु और कम (परीत्त) हैं, और मैं असमथ हूँ तथापि बुद्ध की सहायता से (बुद्धाधिष्ठानेन) वहाँ जाकर, आपके आनुभाव से यथाशक्ति उसके साथ बोलने की इच्छा करता हूँ।'

तदनन्तर, उस परिषद मे उन बोधिसत्त्वो, महाश्रावको, इन्द्रो, ब्रह्माओ, लोकपालो और देवी देवताओ के मन मे यह विचार उठा—'जहाँ मञ्जुश्री कुमारभूत और उस सत्पुरुष दोनो का वार्तालाप होगा, वहाँ अवश्य ही महाधमकीर्तिकथा (महान धम और उसके गुणों की चर्चा) होगी।'

तब एक लाख बोधिसत्त्व,[1] पाँच सौ श्रावक बहुत से इन्द्र, ब्रह्मा और लोकपाल और अनेको शतसहस्र देवता धर्मश्रवणार्थ मञ्जुश्री कुमारभूत के पीछे चल दिये। मञ्जुश्री कुमारभूत उन सभी बोधिसत्त्वो महाश्रावको, शक्रो, ब्रह्माओ, लोकपालो और देवताओ से परिवृत और पुरस्कृत होकर महानगरी वैशाली में प्रविष्ट हुए।

तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने अपने मन म सोचा—"मञ्जुश्री कुमारभूत बहुत से अनुगामियो के साथ यहाँ आ रहे है इसलिए मेरा यह घर शून्य हो जाय।' शीघ्र ही उसका वह घर शू य (रिक्त) हो गया। घर का द्वारपाल भी नही रहा। उस घर में एक मात्र आसन वही था जिस पर अस्वस्थ विमलकीर्ति सोया हुआ था। उसके अतिरिक्त वहाँ कोई मच पीठिका या आसन कुछ भी नही दिखाई देता था।

तद तर मञ्जुश्री सपरिवार (अनुगामियो समेत) जहाँ विमलकीर्ति का आवास था वहाँ पहुचे। समीप जाकर, आवास मे प्रवेश किया और उस घर को शून्य देखा। वहाँ द्वारपाल भी नही था। जिस एकमात्र शय्या पर विमलकीर्ति पडा हुआ था उसके अतिरिक्त अ य कोई मञ्च पीठ (कुर्सी) अथवा आसन वहाँ पर नही था, तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने मञ्जुश्री कुमारभूत को देखा और कहा—

मञ्जुश्री, आपका स्वागत है, मञ्जुश्री आपका सुस्वागत है। बिना आए आप यहाँ हैं बिना देखे आप दिखाई देते हैं, बिना सुने आप सुनाई देते हैं।'

मञ्जुश्री ने कहा —' गृहपति आप ठीक कहते हैं। जो आता है, वह पुन नही आता है, जो जाता है वह भी पुन नही जाता है। क्योकि, आने पर भी आने वाला ज्ञात नही होता है जाने पर भी जानेवाला ज्ञात नहीं होता है, जिस कारण से जो दिखाई देता है वह भी दिखाई देने वाला नही है।[2]

---

१ ग्रन्थ के प्रारम्भ में कहा गया है कि उस परिषद् में ३२ बोधिसत्त्व उपस्थित थे। अन्य बोधिसत्त्व दूसरे बुद्धक्षेत्रों से आकर शामिल हो गये होंगे।

२ तुलनीय तथागत' (तथा + गत और तथा + आगत) के गमनागमन की चर्चा अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ० २५३—'न खलु कुलपुत्र तथागता कुतश्चिदागच्छन्ति वा गच्छन्ति वा। न च कुलपुत्र धर्मता आगच्छति वा गच्छति वा। एवमेव कुलपुत्र नास्ति तथागता नामागमन वा गमन वा।"
द्र० मूलमध्यमककारिका, 'गतागतपरीक्षा' तथा 'तथागतपरीक्षा'।

' सत्पुरुष, आपकी कसी दशा है ? आपकी दशा सहनीय है ? क्या यह यापनीय (जीवित रहने योग्य) है ? आपके (शारीरिक) धातु हलचल तो नही करते है ? क्या आपकी बीमारियाँ (दु ख वेदनाए) घट रही है अथवा बढ रही हैं ? भगवान् बुद्ध ने भी आपके विषय मे पूछा है—क्या आपको अल्पबाधा है, अल्प आतक है, अल्प आतुरता है, थोडी सी बीमारी है, आपका दु ख थोडा है, चलने फिरने मे सहायता मिलती है शरीर मे बल है, निर्दोष सुख है, और क्या आप सुख के स्पश मे रह रहे हो ? गृहपति, आपका यह रोग कसे उत्पन्न हुआ है ? कितने समय से उत्प न हुआ है ? किस पर आश्रित है ? कब इसका शमन हो सकता है ?'

विमलकीर्ति ने कहा—''मञ्जुश्री जब तक अविद्या और भवतृष्णा है, तब तक मेरा रोग भी है। जब तक सभी प्राणियो का रोग है, तब तक मेरा रोग भी है। जब सभी प्राणी वीतरोग (निरोग) हो जायेंगे तब मेरा रोग भी नहीं होगा। क्योकि, मञ्जुश्री, बोधिसत्त्व के लिए प्राणी ही ससार स्थान हैं और रोग भी ससार स्थान मे निहित है। जब सभी प्राणी वीतरोग होते हैं तो बोधिसत्त्व भी स्वस्थ होता है। उदाहरणार्थ मञ्जुश्री, जब किसी श्रेष्ठि (सेठ) का एकमात्र पुत्र अस्वस्थ होता है तो उसके दोनो माता पिता भी अपने पुत्र की बीमारी के कारण अस्वस्थ हो जाते हैं। जब तक वह एकमात्र पुत्र स्वास्थ्य लाभ नही करता है, तब तक वे दोनों माता पिता भी दु खी रहते हैं। मञ्जुश्री, इसी प्रकार बोधिसत्त्व को सभी प्राणी प्रिय होते हैं, मानो कि प्रत्येक प्राणी उसका एकमात्र पुत्र है। सभी प्राणियो के रोगी होने से वह भी रोगी हो जाता है, प्राणियों के स्वस्थ होने पर वह भी स्वस्थ हो जाता है। मञ्जुश्री, आप मुझसे पूछते हैं— आपका यह रोग कसे उत्पन्न हुआ।' बोधिसत्त्वो का रोग उनकी महाकरुणा से उत्पन्न होता है।'

मञ्जुश्री ने पूछा—''गृहपति, आपका घर शू य क्यो है ?

आपके पास कोई सेवक (परिवार) क्यो नहीं है ?''

विमलकीर्ति ने कहा—''मञ्जुश्री, सभी बुद्धक्षत्र भी शून्य हैं ?''

मञ्जुश्री— 'वे किसके कारण शू य हैं ?''

विमलकीर्ति—' वे शू यता के कारण शू य हैं ?

मञ्जुश्री—''शू यता में शून्य क्या है ?

विमलकीर्ति—''सकल्प शू यता के कारण शून्य हैं।''

मञ्जुश्री—"क्या शून्यता सकल्प समर्थ है ?

विमलकीर्ति—"वह परिकल्प शून्य है और शून्यता के कारण शून्यता निर्विकल्पा है।'[3]

मञ्जुश्री—'गृहपति शून्यता की खोज कहाँ करनी चाहिये ?"

विमलकीर्ति—'मञ्जुश्री, शून्यता की खोज बासठ दृष्टियो मे करनी चाहिए।'

मञ्जुश्री—'बासठ दृष्टियो की खोज कहाँ करनी चाहिये ?"

विमलकीर्ति—"उनकी खोज तथागत की मुक्ति में करनी चाहिये।'[4]

मञ्जुश्री—'तथागत की मुक्ति की खोज कहाँ करनी चाहिये ?

विमलकीर्ति—"इसकी खोज सभी प्राणियों की प्रथम चित्तचर्या में करनी चाहिये।

"मञ्जुश्री, आप पूछते हैं 'क्या आपका कोई सेवक नहीं है।' परन्तु सभी मार और सभी विरोधी मेरे सेवक है। क्योकि सभी मार ससार (जन्म मरण पुनर्जन्म) के प्रशसक (हिमायती) हैं और ससार बोधिसत्त्व का सेवक है। विरोधी (तीर्थिक आचार्य) दृष्टियों के प्रशसक और प्रचारक हैं और बोधिसत्त्व दृष्टियो से अप्रभावित (अडिग) रहता है। अतएव सभी मार और सभी प्रवादी (विरोधी) मेरे सेवक हैं।"

मञ्जुश्री ने पूछा—"गृहपति, आपका रोग कैसा है ?'

विमलकीर्ति ने उत्तर दिया—'यह अरूप (रूपरहित) और अनिदर्शन (अदृष्ट) है ?"

मञ्जुश्री—'क्या यह रोग शारीरिक है अथवा मानसिक है ?'

विमलकीर्ति—"यह कायिक (शारीरिक) नही है। क्योकि काय स्वयं विविक्त है यह मानसिक भी नही है क्योंकि चित्त (मन) मायास्वभाव है।"

---

३ तुलनीय अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ १७७ "सर्वकल्पविकल्प प्रहीणो हि तथागत।"

४ द्र० बासठ दृष्टियों का वर्णन दीघनिकाय, ब्रह्मजालसुत्त, विचारणीय मूलमध्यमककारिका, १३ ८—

"शून्यता सर्वदृष्टीनां प्रोक्ता निःसरणं जिनैः।
येषां तु शून्यता दृष्टिस्तानसाध्यान् बभाषिरे॥"

मञ्जुश्री एव विमलकीर्ति के मध्य हुई बातचीत' (धर्मचर्चा एव तत्त्वचिन्तन) वाला यह परिवर्त प्रसग (पैराडॉक्स) और विरोधाभास (कन्ट्राडिक्शन) की दृष्टि से अति रोचक एव महत्त्वपूर्ण है। इस परिवर्त में मध्यमक खण्डन पद्धति का पुष्ट रूप निखरता है।

मञ्जुश्री—"इन चार धातुओ—पृथिवी, अप तेज, और वायु[५] में से कौन सा धातु उपद्रव करता है ?

विमलकीर्ति—"मञ्जुश्री सभी प्राणियो के जो कोई भी धातु रुग्ण हैं उ ही के कारण मैं भी अस्वस्थ हूँ।'

मञ्जुश्री[६]—"गृहपति, एक बोधिसत्त्व द्वारा किसी अस्वस्थ बोधिसत्त्व का समोदन (स तोषण) किस प्रकार किया जाना चाहिए ?'

विमलकीर्ति—"उसकी काय की अनित्यता का उपदेश करके समोदन करना चाहिए न कि निर्वेद अथवा विराग का उपदेश करके, काय दु खमय है, ऐसा कहकर स तोषण करना चाहिए न कि निर्वाण का रस समझाकर, काय आत्माहीन है, परन्तु सत्वो का परिपाचन करना है, ऐसा कहकर स तोषण करना चाहिये, काय शान्त है, ऐसा कहकर, न कि उपशम की महिमा कहकर स तोषण करना चाहिए अपने दुश्चरित्रो (पाप कर्मों) का वर्णन करने के लिए कहना चाहिए पर तु उनकी सक्राति (स्थाना तर) के लिए नही सतोषण करना चाहिये। अपनी अस्वस्थता के कारण उसको दूसरे रोगी प्राणियो के प्रति करुणा बढानी है, अनादि काल से स्वय भोगे हुए नाना प्रकार के दु खो का स्मरण करके प्राणियो के हित के लिए काय करने की स्मृति का अभ्यास करना है। इस प्रकार से उस रोगी बोधिसत्त्व का उत्साह वधन करना चाहिए। उससे कहना चाहिए कि उसको कुशलमूलो का साक्षात्कार करना है, आदि विशुद्धि (पूणशुद्धि) और तृष्णा के अभाव के लिए नित्य प्रयत्न करना है। इस प्रकार उसे चाहिये कि वह ऐसा भषज्यराज (चिकित्सकों का राजा) बनने की चेष्टा करे जो सभी रोगो का अभाव कर सके (सभी रोगो की चिकित्सा कर सके)। इस प्रकार एक बोधिसत्त्व द्वारा किसी अस्वस्थ बोधिसत्त्व का समोदन (स तोषण) किया जाना चाहिए जिससे वह प्रसन्न हो सके।"

मञ्जुश्री—'कुलपुत्र, अस्वस्थ बोधिसत्त्व को अपने चित्त में सघन ध्यान किस प्रकार करना चाहिए ?'

---

५ विमलकीर्तिनिर्देश के तिब्बती अनुवाद में आकाश' नामक पाँचवें धातु का उल्लेख त्रुटिपूर्ण एव प्रक्षिप्त समझना चाहिये।

६ तिब्बती संस्करण व उसके सस्कृत रूपा तर में यह प्रश्नकर्त्ता विमलकीर्ति है जो कि असगत है। हमने हिन्दी अनुवाद में सूत्र के चीनी सस्करण के अनुसार सुधार और परिवर्तन किया है। अतएव इस प्रश्न का उत्तर विमलकीर्ति द्वारा दिया जा रहा है।

विमलकीर्ति—"अस्वस्थ बोधिसत्त्व को स्वचित्त मे सघन ध्यान इस प्रकार करना चाहिये—अनादि काल से चले आ रहे विपर्यास (भ्रांतिपूर्ण) कर्मों मे प्रवृत्त रहने के कारण व्याधि (बीमारी) उत्पन्न होती है। असत् सकल्पो से उत्पन्न क्लेशो के कारण आतुर (रोगी) नामक चीज् (धम) की उत्पत्ति होती है अत वास्तव मे कोई भी ऐसी अन्य चीज नही है (जिसके विषय में कहा जा सके कि वह रोगी हो गई है)। क्योंकि, यह शरीर (काय) चार महाभूतों से हुआ है इन धातुओ (महाभूतों) का कोई अधिपति (मालिक) अथवा जनक (कर्ता, पिता) नही है। इस आत्मारहित शरीर मे आत्म अभिनिवेश (काल्पनिक आत्मा के साथ मोह या आसक्ति) के अतिरिक्त परमाथत अस्वस्थ (रोगी) नाम की कोई वस्तु उपलब्ध नही है। अतएव यह सोचते हुए कि, यह आत्माभिनिवेश मिथ्या और असत है और मुझको रोग के मूल के ज्ञान मे विहार करना चाहिये, उस बोधिसत्त्व को आत्मा का विचार (आत्मसज्ञा) छोडकर 'धम का विचार (धमसज्ञा) म एक धम' हूँ, ऐसा विचार उत्पन्न करना चाहिये और इस प्रकार सोचना चाहिए यह शरीर अनेक धर्मों का सग्रह (सनिपात) है जब यह उत्पन्न होता है तो धर्म ही उत्पन्न होते हैं जब यह निरुद्ध होता है तो धम ही निरुद्ध होते हैं। इन धर्मों को न एक दूसरे का ज्ञान है और न इनमे एक दूसरे की वेदना ही है। जब वे उत्पन्न होते हैं तो मैं उत्पन्न हूँ ऐसा नही सोचते हैं जब वे निरुद्ध होते हैं तो मैं निरुद्ध हूँ' ऐसा भी नहीं सोचते हैं।[७]

धमसज्ञा का समुचित ज्ञान प्राप्त करने के लिए बोधिसत्त्व को इस प्रकार चिन्तन करना चाहिये—धर्मों की जो यह सज्ञा है अर्थात यह जो धमसज्ञा है वह भी विपर्यास (भ्रान्ति) है। विपर्यास एक महारोग (महामारी) है। मुझे उस महारोग से मुक्त होना है, इस व्याधि के प्रहाण के लिए प्रयत्न करना चाहिए।

"यह व्याधिवजन (रोगमुक्त होना) क्या है ? यह अहकार और ममकार (मैं और मेरा) का वजन (त्याग) है। अहकार ममकार का वजन क्या है ? यह द्वय (द्वत भावना)

---

७ द्र० महापरिनिर्वाणसूत्र (इ वाल्दश्मिट द्वारा सम्पादित) खण्ड १ पृ० ३९८—

'अनित्या वत सस्कारा उत्पादव्ययधर्मिण ।
उत्पद्य हि निरुध्यन्ते तेषा व्युपशमस्सुखम् ॥"

तुलनीय दीघनिकाय (महापरिनिब्बानसुत्त), खण्ड २, पृ० १२०—

"अनिच्चा वत सखारा उप्पादवयधम्मिनो ।
उप्पज्जित्वा निरुज्झन्ति तेस वूपसमो सुखो ॥"

से मुक्ति (विसयोग) है। द्वय से मुक्ति क्या है ? यह अध्यात्म और बहिर्धा (आ तरिक और बाह्य) व्यवहार (समुदाचार) का अभाव है। आ तरिक और बाह्य व्यवहार का अभाव क्या है ? यह समता से चलायमान न होना (अचल), अस्थिर न होना (स्वचल) और विचलित न होना (व्यचल) है।

"समता क्या है ? यह आत्मा से लेकर निर्वाण तक सभी (वस्तुओ) की समता है। क्योंकि, आत्मा और निर्वाण दोनो मे शू यता के कारण समता है (दोनो ही शू य है, सम हैं)। ये दोनो शू य कसे हैं ? नाम-यवहार (-यवहारमात्र के नाम अथवा शब्द) होने से यह दोनो शू य हैं, अतएव वे अपरिनिष्प न हैं (दोनो मे कोई एक भी परमाथ पर आधारित नही है)। इसी प्रकार इस समता दशन से रोग और शू यता मे अभिन्नता है। शून्यता का रोग के अतिरिक्त अ य कोई आकार नही है और रोग ही शू यता है।

"अस्वस्थ बोधिसत्त्व को यह जानना चाहिये कि वेदना (यथाथ मे) निर्वेदना है, इसलिए उसको वेदना के निरोध का साक्षात्कार नही करना चाहिये। यद्यपि बुद्ध गुणों की पूर्ण प्राप्ति के साथ (सुख और दु ख) दोनों प्रकार की वेदनाए परित्यक्त हो जाती हैं, परन्तु उसके पश्चात् दुर्गतियो में पडे हुए सारे सत्त्वो के लिए महाकरुणा की पूर्णाहुति का भी अभाव हो जाता है। अतएव बोधिसत्त्व को इस प्रकार से सारे प्राणियो का पूर्णरूपेण ध्यान करना चाहिये जिससे कि व्याधि का निराकरण (निवारण) हो सके।

"इन प्राणियो को न कोई चीज (धर्म) देनी है और न कोई चीज इनसे दूर करनी है। उनको धम का उपदेश देना चाहिए जिससे वे उस आधार का ज्ञान प्राप्त कर सकें जिससे रोग उत्प न होता है। वह आधार क्या है ? अध्यालम्बन (बाह्यार्थ को पकडना, बाह्य वस्तुओ को सत् समझना वह आधार है। बाह्याथ पर आधारित जब तक आलम्बन (आधार) है तब तक रोग का आधार भी है। किसका अध्यालम्बन होता है ? जीवन के त्रिधातुओं (तीनों लोको) का अध्यालम्बन होता है। (अर्थात् कामधातु, रूपधातु और अरूपधातु के धर्मों को यथाथ समझ कर उनका गृहण होता है। अध्यालम्बन के आधार का परिज्ञान क्या है ? यह अनालम्बन और अनुपलब्धि है (अर्थात् बाह्याथ का उद्गृहण नही करना है, क्योकि उसकी सत्ता है ही नही)। जो अनुपलब्धि है वही अनालम्बन है। अनुपलब्धि क्या है ? जो यह आत्मदशन (आत्मदृष्टि, आन्तरिक, ग्राहक को देखना) और परदर्शन (परदृष्टि, बाह्य-ग्राह्य को देखना) है वे दोनो ही दशन-दृष्टियाँ असत् है, अनुपलब्ध हैं। अतएव यह अनुपलब्धि कहलाते हैं।

"मञ्जुश्री, इस प्रकार अस्वस्थ (आतुर) बोधिसत्त्व को जरा (बुढ़ापा), व्याधि (रोग) मरण (मृत्यु) और जाति (जन्म) पर विजय प्राप्त करने के लिए स्वचित्त को पूर्णरूपेण समाधिस्थ करना चाहिए। मञ्जुश्री, बोधिसत्त्वों का रोग इस प्रकार का होता है। यदि ऐसा नही होता तो (उनका) सारा व्यवसाय (बोधिसत्त्वचर्या का प्रयत्न) निरर्थक हो जाता। उदाहरणार्थ जिस प्रकार कोई व्यक्ति विरोधियो को परास्त करने के कारण वीर कहा जाता है, इसी प्रकार, जरा, व्याधि, मरण और दुःख का शमन करने के कारण कोई व्यक्ति बोधिसत्त्व कहलाता है।

'अस्वस्थ बोधिसत्त्व को इस प्रकार समझना और विचार करना चाहिये—जिस प्रकार मेरा रोग अभूत और असत् है उसी प्रकार सभी प्राणियो का रोग भी अभूत और असत् है। इस प्रकार समझते हुए और ऐसा प्रक्षण करते हुए वह प्राणियो के लिए महाकरुणा उत्पन्न करता है और अनुनयदृष्टिकरुणा से भ्रष्ट भी नही होता है। (अनुनयदृष्टि का वही अर्थ है जो अनुशंसदर्शन का है भावकतापूर्ण करुणा जिसमे लाभ प्राप्ति की इच्छा निहित होती है वह अनुशंसदर्शनकरुणा कहलाती है, ऐसी करुणा से बोधिसत्त्व को पथ भ्रष्ट होने का डर रहता है)। वह ऐसी महाकरुणा उत्पन्न करता है जो प्राणियो में (आत्मा का) आरोप किये बिना ही उनके आगन्तुक क्लेशो का प्रहाण करने के लिए होती है। क्योकि लाभ दृष्टि से ओत प्रोत महाकरुणा द्वारा बोधिसत्त्व के नाना जन्म व्यर्थ मे बीत जाते हैं। परन्तु लाभ दृष्टि के अभ्युदय से रहित महाकरुणा द्वारा बोधिसत्त्व के नाना जन्म व्यर्थ मे व्यतीत नही होते हैं। वह दृष्टियो सहित जन्म नही लेता है, वह प्रवृत्तियो और दृष्टियो से रहित चित्त के साथ जन्म लेता रहता है। वह मुक्त की भाँति जन्म धारण करता है वह मुक्त की भाँति उत्पन्न होता है। मुक्त की भाँति जन्म लेता हुआ और मुक्त की भाँति उत्पन्न होता हुआ वह बन्धन मे पडे हुए सत्त्वो को ऐसे धर्म का उपदेश करने की शक्ति और सामर्थ्य रखता है जिससे उन सत्त्वों की बन्धन से मुक्ति होती है। जैसा कि भगवान् ने कहा है—'यह सम्भव नही है कि स्वयं बन्धन में रहते हुए कोई व्यक्ति दूसरो को बन्धन से मुक्त कर दे। परन्तु जो स्वयं मुक्त है वह दूसरो को बन्धन से मुक्त कर सकता है, यह सम्भव है।'[८] इसलिए बोधिसत्त्व को मुक्ति के लिए कार्य करना चाहिये न कि बन्धन के लिए।

"बन्धन क्या है ? और मुक्ति क्या है ? उपाय के बिना (उपायकौशल्य अथवा दूसरो को मुक्त करने के विविध उपायो मे कुशल हुए बिना) भव मुक्ति के प्रयत्न करना बोधि

---

८ तुलनीय अंगुत्तरनिकाय, खण्ड १, पृ० २७–२८ (असम्भव बातों की सूची)।

सत्त्व का बन्धन है। उपाय के द्वारा अथवा उपाय सहित ससार (भव) के जीवन यापार (प्रवृत्ति) मे अवतरित होना बोधिसत्त्व के लिए मुक्ति है। उपाय रहित होकर ध्यान, समाधि और समापत्ति का स्वाद लेना बोधिसत्त्व का बन्धन है। उपाय के साथ ध्यान और समाधि का स्वाद लेना उसकी मुक्ति है। उपाय रहित प्रज्ञा बन्धन है। उपाय मे निष्ठित प्रज्ञा मुक्ति है। प्रज्ञा रहित उपाय बन्धन है। प्रज्ञा मे निष्ठित उपाय मुक्ति है।[१]

"उपाय रहित प्रज्ञा बन्धन क्या (कसे) है? केवल शून्यता, अनिमित्त और अप्रणिहित का सघन ध्यान करना, लक्षणो व अनुव्यजनो के विकास मे बुद्धक्षेत्रो के अलकरण मे, और सत्त्वों के परिपाचन मे सघन ध्यान न देना, ये सब उपाय रहित प्रज्ञा के उदाहरण है, और यह उपाय रहित प्रज्ञा बन्धन है।

'उपायनिष्ठ (उपाय सहित) प्रज्ञा मुक्ति कसे है? लक्षणो, अनुव्यजनो, बुद्धक्षेत्र के अलकरणो और सत्त्वपरिपाचन के कार्यों का चित्त में सघन ध्यान करना और शून्यता, अनिमित्त व अप्रणिहित पर पूर्ण दक्षता का प्रयत्न करना ये सब उपायनिष्ठ प्रज्ञा के उदाहरण हैं, और यह उपायनिष्ठ प्रज्ञा मुक्ति है।

'प्रज्ञा रहित उपाय बन्धन कसे है? (बोधिसत्त्व द्वारा) बोधि परिणामना (बोधि को समर्पित किये) बिना ही सारे कुशलमूलो का सग्रह (व्यापार) करना, और सभी दृष्टियो, क्लेशो भोग्य वस्तुओ (पर्युत्थान), अनुशयो (पश्चातापो), अनुनयो और घृणाओ की पकड मे स्थित रहना, यह सब प्रज्ञा रहित उपाय है जो बन्धन है।

'प्रज्ञानिष्ठ उपाय मुक्ति कैसे है? (बोधिसत्त्व द्वारा) सभी दृष्टियो, क्लेशो, भोग्य वस्तुओ, अनुशयो, अनुनयो, और शत्रुताओ पर पूर्ण विजय प्राप्त करना और सारे कुशल मूलो के सग्रह को बोधि (सम्यक सम्बोधि) के निमित्त समर्पित करके, सवथा नाम रहित भावना करना, यह बोधिसत्त्व का प्रज्ञानिष्ठ उपाय हैं जो उसकी मुक्ति हैं।

---

१ तुलनीय कमलशीलकृत प्रथमभावनाक्रम पृ १९४—
'यथायविमलकीर्तिनिर्देशे "प्रज्ञारहित उपाय उपायरहिता च प्रज्ञा बोधिसत्वाना बन्धनम्" इत्युक्तम्।' विमलकीर्तिनिर्देश का उल्लेख पृ० १९५ व १९८ में भी लिया गया है। तृतीय भावनाक्रम, पृ १३, २२ व २७ में भी आचार्य ने इस सूत्र का उल्लेख किया है। पृ० २२ में लगभग वही बात कुछ भिन्न शब्दों में उद्धत है। प्रज्ञा तथा उपाय दोनों के समवाय एव सामञ्जस्य से सम्बद्ध विमलकीर्ति का यह कथन अवधूत अद्वयवज्रपाद विरचित अद्वयवज्र संग्रह, पृ० २ में भी उद्धृत किया गया हैं।

मञ्जुश्री अस्वस्थ बोधिसत्त्व को इन धर्मों के विषय मे इस प्रकार ध्यानपूर्वक सोचना चाहिये। शरीर मन और रोग को अनित्य, दुःख शून्य और नरात्म्य जानना उसकी प्रज्ञा है। शरीर के रोगो को जीतने मे अपना जन्म व्यर्थ न करना, ससार मे पुन जन्म लेने का क्रम न तोडना और प्राणियो के हित के लिए सतत प्रयोग और उद्योग करना उसका उपाय है। काय, चित्त और रोग एक साथ अथवा परम्परागत रूप से न तो नवीन हैं और न पुराने ही हैं ऐसा जानना उसकी प्रज्ञा है। काय, चित्त और रोग के उपशम अथवा निरोध का प्रयत्न न करना उसका उपाय है।

मञ्जुश्री, इस प्रकार अस्वस्थ बोधिसत्त्व को अपने चित्त को निध्यप्ति (सघन ध्यान) मे लगाना चाहिए। परन्तु उसको न निध्यप्ति मे और न अनिध्यप्ति मे विहार करना चाहिए। क्योकि निध्यप्ति मे लगा रहना पृथग्जनो (साधारण जनो) का गुण है अनिध्यप्ति मे विहार करना श्रावको का गुण है।[1] इसलिए बोधिसत्त्व को न तो निध्यप्ति में विहार करना है और न अनिध्यप्ति मे ही रहना है। उक्त दोनो मे ही न विहार करना (अप्रतिष्ठित रहना) बोधिसत्त्वगोचर (बोधिसत्त्व का विहार क्षेत्र) है।

"जो पृथग्जन का गोचर (क्षेत्र) नही हैं और जो सन्त (अर्हत्) का गोचर नही हैं, वह बोधिसत्त्व का गोचर हैं। जो ससार गोचर होते हुए भी क्लेश-गोचर नही हैं, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो निर्वाण ज्ञान गोचर होते हुए भी अत्यन्त परिनिर्वाण गोचर (महापरिनिर्वाण गोचर) नही हैं, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो चतुर्विधमार देशना गोचर होते हुए भी सर्वमारविषय अतिक्रमण गोचर (चतुर्विध मार के राज्य से निर्मुक्त होने का क्षेत्र) हैं, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो सर्वज्ञता के ज्ञान की खोज का गोचर होते हुए भी अकाल (अनुचित समय) मे ज्ञान प्राप्ति का गोचर नही है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो चार सत्यो का ज्ञान गोचर होते हुए भी अकाल में सत्यो का साक्षात्कार करने का गोचर नहीं है वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो अध्यात्म प्रत्यवेक्षण गोचर होते हुए भी (अन्तस्तल के गम्भीर प्रविचय का क्षेत्र होने पर भी, अर्थात् आत्मविश्लेषण द्वारा नरात्म्य का प्रविचय करने का क्षेत्र होने पर भी) स्वेच्छा से पुन ससार में अवतरित होने की अभिलाषा

---

१ चीनी अनुवाद के अनुसार निध्यप्ति में लगा रहना श्रावकों का धर्म और अनिध्यप्ति में विहार करना पृथग्जनों का धर्म है।

के परिग्रह का गोचर है[11] वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो अनुत्पाद प्रत्यवेक्षण गोचर होते हुए भी नियतप्राप्ति (निर्वाण प्राप्ति) मे प्रवेश करने का गोचर नही है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो प्रतीत्य समुत्पाद गोचर होते हुए भी किसी भी दृष्टि विषय का गोचर नहीं है, वह बोधिसत्त्वगोचर है। जो सभी प्राणियो के साथ ससग का गोचर (क्षेत्र) होते हुए भी क्लेश और अनुशय का गोचर नही है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो विवेक गोचर होते हुये भी काय और चित्त का क्षयस्थान-गोचर नही है, वह बोधिसत्त्व-गोचर है। जो त्रधातुक-गोचर होते हुए भी धमधातु को अलग करने का क्षेत्र (धमधातु व्यवच्छेदकरण गोचर) नही है वह बोधिसत्त्व गोचर है। (अर्थात् त्रधातुक-गोचर और धमधातु गोचर परस्पर अविच्छिन्न है और यही बोधिसत्त्व का विचार बिन्दु है)। जो शू यता गोचर होते हुए भी सभी गुणो की खोज का गोचर है, वह बोधिसत्त्व-गोचर है। जो अनिमित्तगोचर होते हुए भी सभी प्राणियो की मुक्ति पर आधारित व्यवसाय का गोचर है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो अप्रणिहित-गोचर होते हुए भी स्वेच्छा से (जानबूझ कर) ससार की गतियो मे प्रगट होने का गोचर है, वह बोधिसत्त्व गोचर है।

"जो अभिसस्कार (धार्मिक काय यापार) रहित गोचर होते हुये भी सभी कुशल मूलो को निर तर उत्पन्न करने का गोचर है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो छ पारमिताओ[12] का गोचर हैं, और जो सभी प्राणियो के मन और आचरण (चित्त चर्या) का पारायण गोचर है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो छ अभिज्ञाओ[12] का गोचर होते हुये भी क्षीणास्रव[12] गोचर नही हैं वह बोधिसत्त्व गोचर हैं। जो सद्धमस्थान-गोचर (सद्धम के अनुसार जीवन यापन करने का क्षेत्र) हैं और जिसमे कुमाग (अधर्माचरण) दिखाई नहीं देता है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो चार अप्रमेय गुणो (ब्रह्मविहारों)[12] का गोचर होते हुये भी ब्रह्मलोक में ज म प्राप्त न करने का गोचर है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो छ अनुस्मृतियो[12] का गोचर हैं परन्तु किसी भी आस्रव का गोचर नहीं हैं वह बोधिसत्त्व गोचर हैं। जो ध्यान समाधि, और समापत्ति[13] का गोचर है, पर तु जहाँ ध्यान समाधि

---

११ ति बती सस्करण व उसके सस्कृत अनुवाद में 'है' के स्थान पर नहीं है' (मा यिन पा, नास्ति) का होना त्रुटिपूण है। यह वाक्य सूत्र के कुमारजीव कृत चीनी अनुवाद में उपलब्ध नहीं है। हमने प्रसग के अनुसार सुधार किया है।

१२ इन सभी पारिभाषिक श दोंकी सूचियाँ ऊपर की टिप्पणियों में दी जा चुकी हैं।

१३ ध्यान, समाधि, योग, एकाग्रचित्त एव शमथ समानार्थक हैं। समापत्तिका अर्थ प्राप्ति है। ध्यान चार प्रकार का कहा गया है —

समापत्ति के बल पर (अरूपावचर मे) पुनर्जन्म नहीं होता है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो स्मृत्युपस्थान गोचर है, परन्तु जहाँ काय, वेदना, चित्त और धर्म का अतिरेक (अत्यधिक महत्त्व) नहीं हैं वह बोधिसत्त्व गोचर हैं। जो प्रहाण[१४] का गोचर है परन्तु जो कुशल और अकुशल के द्वयालम्बन का गोचर नहीं हैं वह बोधिसत्त्व गोचर है परन्तु जहाँ बिना प्रयत्न (अनाभोग से) ऋद्धिपाद वश मे हो जाते हैं वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो पञ्चेन्द्रिय गोचर है परन्तु जिसमे सभी सत्त्वो की इन्द्रियो के उत्तम मध्यम, व अधम होने का ज्ञान होता है, वह बोधिसत्त्व-गोचर है। जो पाँच प्रकार के बलो के साथ रहने का गोचर है परन्तु जिसमे तथागत के दश बलो की अभिरति होती है वह बोधिसत्त्व-गोचर है। जो सात बोध्यगो की परिनिष्पत्ति का गोचर है परन्तु जहाँ बुद्धि प्रविचय

---

१ सवितर्क सविचार विवेकज प्रातिसुख, २ अध्यात्मप्रमोदनात् प्रातिसुख, ३ उपेक्षास्मृति सप्रज यसुख, ४ उपेक्षास्मृतिपरिशुद्धिरदु खाशुखा वेदना।

चार प्रकार की समापत्तियाँ वस्तुत उपर्युक्त चार ध्यानोंके पश्चात् उत्तरोत्तर प्राप्त होने वाली ध्यानावस्थाएँ —

१ आकाशानन्त्यायतन, २ विज्ञानानन्त्यायतन, ३ आकिंचन्यायतन, ४ नैवसज्ञानासज्ञायतन। कभी कभी निरोध समापत्ति को शामिल करके ऊपर के चार ध्यानों सहित नौ समापत्तियाँ गिनाई जाती हैं।

ध्यानों व समाधियों की अनेक पेचेदी सूचियाँ भी बौद्ध शास्त्रोंमें मिलती हैं। द्र० **विसुद्धिमग्ग**, परिच्छेद १ ११ शूरगम, गगनगञ्ज, विमलप्रभ, एव सिंहविक्रीडित नामक भी चार समाधियाँ कही गयी हैं। **धर्मसग्रह** १३६।

एक अन्य सूची के अनुसार आलोकसमाधि, वृतासमाधि, एकादशप्रतिष्ठसमाधि तथा आनन्तर्य समाधि नामक चार समाधियाँ हैं **धर्मसग्रह**, १०१। उत्तरोत्तर प्रगति की दृष्टि से अनेक पालि ग्रन्थों में त्रिविध समाधि का उल्लेख मिलता है—परिकम्म समाधि, उपचार समाधि एव आपन्न समाधि।

लकावतारसूत्र, २ १५९ में चतुर्विध ध्यान इस प्रकार कहे गये हैं —

बालोपचारिक ध्यान, अर्थप्रविचय ध्यान, तथतालम्बन ध्यान एव ताथागत ध्यान।

बौद्ध ध्यान-योग की आधुनिक चर्चा के लिए द्र० एडवर्ड काज का ग्रन्थ **बुद्धिस्ट मेडीटेशन** तथा ञाणपोनिक थेर कृत **दि हार्ट ऑफ बुद्धिस्ट मेडीटेशन**।

१४ प्रहाण (सम्यक् प्रहाण, पालि पधान, बौद्ध सस्कृत प्रधान) के दो अर्थ हैं—१ छोडना २ प्रयत्न करना।

और ज्ञान का कौशल्य होता है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो अष्टाग माग के आश्रय का गोचर है पर तु जिसमे कुमाग दिखाई नही देता है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो शमथ और विपश्यना[१५] के आरम्भ और पूर्णत्व का गोचर है, पर तु जिसमे अत्य त उपशम के रूप मे पतन नही होता है वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो सभी धर्मों के अनुत्पन्न स्वभाव के ज्ञान का गोचर है पर तु जिसमे लक्षण अनु यजन और बुद्धकाय के विभूषणो की परिपू णता है वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो श्रावको व प्रत्येकबुद्धो के चरित्र दशन का गोचर है पर तु जिसमे बुद्ध धर्मो (सम्यक्सम्बुद्ध के गुणो) का निर तर विकास और व्यवहार होता है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। जो अत्य त विशुद्ध स्वभाव वाले सभी धर्मों का अनुगमन करने का गोचर (क्षेत्र) है पर तु सभी प्राणियो के साथ उनकी अधिमुक्ति के अनुसार यवहार (ईर्यापथ) प्रगट करने का भी गोचर है, वह बोधिसत्त्व गोचर है। सभी बुद्धक्षेत्र अत्य त विनाश और सृजन से रहित है और आकाश की भाँति अन त स्वभाव वाले हैं, इस प्रकार के साक्षात्कार (अधिगम) का जो गोचर है वही बुद्धक्षेत्र के गुणो के विविध प्रकार की व्यव स्थाओ के अनेक रूपो को प्रगट करने का भी गोचर है, और बोधिसत्त्व गोचर है। जो सद धर्मचक्र प्रवतन करने का और महापरिनिर्वाण प्रगट करने का गोचर है, वही बोधिसत्त्वचर्या का कभी भी त्याग न करने का गोचर है, यह बोधिसत्त्व का गोचर है।[१६]

विमलकीर्ति द्वारा इस प्रकार उपदेश करने पर मञ्जुश्री कुमारभूत के साथ आये हुये उन देवताओ में से आठ हजार (देवताओ) ने अनुत्तर सम्यक सम्बोधि का चित्तोत्पाद किया।

चतुर्थ परिवर्त समाप्त

---

१५ विपश्यना(पालि विपस्सना)अ तर्दृष्टि अथवा प्रतिवेधमयी प्रज्ञा।

१६ यह अन्तिम पंक्तियाँ शिक्षासमुच्चय, पृ० १४५ में भी उद्धत हैं। शूरंगमसमाधिसूत्र में इस विषय की विस्तृत चर्चा है।

८ अचिन्तनीय विमोक्ष का निर्देश

उस समय आयुष्मान् शारिपुत्र के मन मे यह विचार उठा 'इस घर मे तो आसन (कुर्सियाँ) भी नही हैं ये बोधिसत्त्व और महाश्रावक कहाँ बठते हैं ?"

तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने आयुष्मान् शारिपुत्र के मन मे उत्पन्न हुआ वह वितक (प्रश्न) जानकर, आयुष्मान् शारिपुत्र से कहा भद त शारिपुत्र क्या आप धर्म के लिये आए हैं अथवा आसन के लिये आए हैं ?'[1]

शारिपुत्र ने कहा—' मैं धम के लिये आया हूँ आसन के लिये नही आया हूँ।'

विमलकीर्ति ने कहा— भदन्त शारिपुत्र जो धम मे रुचि रखता है वह अपने शरीर में रुचि नही रखता है आसन की अभिलाषा रखने का प्रश्न ही कहाँ से आया ? भदन्त शारिपुत्र, जो धर्मकाम है (धम मे रुचि रखता है) वह रूप वेदना सज्ञा सस्कार और विज्ञान का इच्छक नही होता है। वह स्कन्धों, धातुओ और आयतनो का इच्छक नही होता है। जो धम का इच्छुक है वह कामधातु रूपधातु और अरूपधातु का इच्छुक नही है। जो धम का इच्छक है, वह बुद्ध के प्रति आसक्ति का इच्छक नही है, धम के प्रति आसक्ति का इच्छुक नही है और सघ के प्रति आसक्ति का इच्छुक नही है।

"भदन्त शारिपुत्र, जो धम का इच्छुक हैं, वह दु ख के परिज्ञान का इच्छुक नहीं ह दु ख की उत्पत्ति के प्रहाण का इच्छुक नही है दु ख निरोध का साक्षात्कार करने का इच्छुक नही है, और दु खनिरोधक माग का अभ्यास करने का इच्छुक नही हैं। क्योंकि, धम वास्तव मे अप्रपञ्च और अनक्षर है[2] (अर्थात धम प्रपञ्चातीत और शब्दातीत है)।

---

१ द्र सयुत्तनिकाय, खण्ड २ पृ २७४—'अत्तदीपा, भिक्खवे, विहरथ, अत्तसरणा अनञ्ञ सरणा, धम्मदीपा धम्मसरणा अनञ्ञसरणा।"

२ तुलनीय मूलमध्यमककारिका २५ २४—

'सर्वोपलम्भोपशम प्रपञ्चोपशमः शिव।
न क्वचित्कस्यचित्कश्चिद्धर्मो बुद्धेन देशित ॥"

प्रसन्नपदा, पृ २४६—

"अवाचोऽनक्षरा सवशून्या शान्तादिनिर्मला।
य एव जानति धर्मान् कुमारो बुद्ध सोच्यते ॥"

"जो व्यक्ति दुःख परिज्ञात करना चाहिये, दुःखसमुदय का प्रहाण करना चाहिये, दुःखनिरोध का साक्षात्कार करना चाहिये दुःखनिरोधमार्ग का अभ्यास करना चाहिये[3] इस प्रकार सोचता हुआ, यही सर्वाधिक करणीय है, ऐसा समझता है वह धर्मकाम नहीं है वह प्रपञ्चकाम है।

'भदन्त शारिपुत्र धर्म उपशान्त और प्रशान्त है। जो उत्पाद और विनाश के कार्य में लगा हुआ है, वह धर्मकाम नहीं है, विवेककाम नहीं है वह तो उत्पाद और विनाश का इच्छुक है। भदन्त शारिपुत्र, धर्म निर्मल (अरज) और पवित्र (विरज) है। यदि कोई किसी धर्म के साथ अनुनय (स्नेह) रखता है, भले ही वह धर्म निर्वाण है (यदि वह निर्वाण से भी अनुनय रखता है), तो वह धर्म का इच्छुक नहीं है, वह तो राग और मल का इच्छुक है (वह तो राग के मल का इच्छुक है)। धर्म कोई विषय (ग्राह्य वस्तु) नहीं है।[4] जो विषयगणना करता है (विषयों के पीछे चलता है) वह धर्मकाम नहीं है, वह विषयकाम है।

"धर्म अनाव्यूह (प्रयत्नरहित, स्वीकृतिरहित) और अनिर्व्यूह (प्रहाणरहित, अस्वीकृतिरहित) है। जो किसी धर्म (वस्तु) को ग्रहण करता है अथवा त्याग देता है, वह धर्मकाम नहीं है, वह ग्रहण और त्याग का इच्छुक (अभिग्रहण उत्सर्ग काम) है।

---

३ द्र० अध्याशयसंचोदनसूत्र (प्रसन्नपदा, पृ० २२५)—

"दुःखं परिज्ञातव्यम्, समुदयः प्रहातव्यः, निरोधः साक्षात्कर्तव्यः, मार्गो भावयितव्यः।"

संयुत्तनिकाय, खण्ड ४, पृ० ३६१–३६२—

"इदं दुक्खं अरियसच्चं परिञ्ञेय्यं ... इदं दुक्खसमुदयं अरियसच्चं पहातब्बं ... इदं दुक्खनिरोधं अरियसच्चं सच्छिकातब्बं ... इदं दुक्खनिरोधगामिनी पटिपदा अरियसच्चं भावेतब्बं।"

४ तुलनीय वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता, पृ० ३१—"योऽसौ तथागतेन धर्मोऽभिसम्बुद्धो देशितो वा, अग्राह्यः सोऽनभिलाप्यः। न स धर्मो नाधर्मः।" वही, पृ० ३६– "अचिन्त्योऽयं धर्मपर्यायः।" मज्झिमनिकाय, खण्ड १, पृ० ७—

"यो पि सो, भिक्खवे भिक्खु अरहं खीणासवो वुसितवा कतकरणीयो ओहितभारो अनुप्पत्तसदत्थो परिक्खीणभवसंयोजनो सम्मदञ्ञा विमुत्तो सो पि निब्बानं निब्बानतो अभिजानाति निब्बानं निब्बानतो अभिञ्ञाय निब्बानं न मञ्ञति, निब्बानस्मिं न मञ्ञति, निब्बानतो न मञ्ञति, निब्बानं मे ति न मञ्ञति, निब्बानं नाभिनन्दति। तं किस्स हेतु? परिञ्ञातं तस्सा ति वदामि।"

'धम अनालय हैं (आलयरहित अथवा अनासक्त है) । जो आलय मे मस्त हैं, आलयरत हैं वे धमकाम नही हैं वे आलयकाम हैं । धम अनिमित्त (निमित्तरहित, चिन्ह रहित) और शून्य है । जिनका विज्ञान निमित्तो का अनुगमन करता है, वे धमकाम नहीं हैं वे निमित्तकाम हैं । धम समाज (अथवा सहवास) नही है, जो किसी धम के साथ विहार करते हैं (धम का सहवास करते हैं) वे धमकाम नही हैं वे विहारकाम (सहवास के इच्छक) हैं । धम दष्ट श्रुत मत व विज्ञात नही है (अर्थात् धम दिखाई देने, सुनाई देने विचार बनाने व ज्ञात होने वाली चीज नही है) । जो लोग दृष्ट, श्रुत, मत व विज्ञात मे विचरण करते हैं वे दष्ट श्रुत मत विज्ञात के इच्छक हैं, वे धम के इच्छुक नही हैं ।[५]

'भदन्त शारिपुत्र धर्म न सस्कृत है और न असस्कृत है ।[६] जो सस्कृत मे विचरण करते हैं, वे धमकाम नही है, वे सस्कृतकाम हैं । भदन्त शारिपुत्र, यदि आप धम की इच्छा करते हैं तो आपको सभी धर्मों की अनिच्छा करनी चाहिये (अर्थात यदि आपकी रुचि धम मे है तो अन्य सभी चीजो के प्रति आपकी अरुचि होनी चाहिये) ।

विमलकीर्ति के इस प्रवचन का निर्देश होने पर पाँच सौ देवताओ ने धर्मों के प्रति विशुद्ध धर्मचक्षु प्राप्त किया था ।[७]

---

५ तुलनीय भगवद्वचन प्रसन्नपदा पृ० ११५ में सुरक्षित—
"अनक्षरस्य धर्मस्य श्रुति का देशना च का ।
श्रूयते देश्यते चापि समारोपादनक्षर ।"
मज्झिमनिकाय, खण्ड १, पृ० १८०–१८१ में भगवान् तथागत ने भी "दिट्ठ सुत मुत विञ्ञात पत्त" की दृष्टि की भर्त्सना की है । द्र० **बोधिचर्यावतार पजिका**, पृ० १७७—
य पुन परमार्थ सोऽनभिलाप्य अनाज्ञेय , अपरिज्ञेय , अविज्ञेय , अदेशित , अप्रकाशित , यावदक्रिय , अकरण , यावन्न लाभो नालाभो न सुख न दु ख न यशो नायशो न रूप नारूपम् ।"

६ यद्यपि अन्यत्र बौद्धागमों में निर्वाण (= धर्म = बुद्ध = तत्त्व) को असस्कृत कहा गया है तथापि प्रज्ञापारमितानय के अनुसार और मध्यमक पद्धति के अनुसार 'सस्कृत' एव 'असस्कृत' 'ससार' एव 'निर्वाण' परस्पर सापेक्ष हैं । अतएव धर्म (परमार्थ) न सस्कृत है और न असस्कृत द्र **बोधिचर्यावतार पजिका**, पृ० १७५—"सर्वप्रपञ्चविनिमु क्तस्वभाव परमार्थसत्यस्वम्, सर्वोपाधिशून्यत्वात् कल्पनासमतिक्रान्तस्वरूप च शब्दानामविषय ।"

७ तुलनीय **विनयपिटक, महावग्ग**, पृ १५—"अथ खो आयस्मतो च वप्पस्स आयस्मतो च भद्दियस्स भगवता धम्मिया कथाय ओवदियमानान अनुसासियमानान विरज वीतमल धम्मचक्खु उदपादि ।"

तत्पश्चात् लिच्छवि विमलकीर्ति ने मञ्जुश्री कुमारभूत से कहा—"मञ्जुश्री, आपने दसो दिशाओ के असख्य शत सहस्र बुद्धक्षेत्रो की यात्रा (बुद्धक्षेत्रचारिका) की है। कौन से बुद्धक्षेत्र मे आपने सवश्रेष्ठ, सवगुणसम्पन्न, सिहासन देखे थे ?

मञ्जुश्री कुमारभूत ने लिच्छवि विमलकीर्ति से कहा— 'कुलपुत्र यहा से पूव दिशा की ओर बत्तीस गगा नदियो के बालुकणो की सख्या के बराबर बुद्धक्षेत्रो की यात्रा करने के पश्चात् एक लोकधातु आता है जिसका नाम मेरुध्वज लोकधातु है। उस लोकधातु मे मेरुप्रदीपराज नामक तथागत रहते है और उस लोकधातु को धारण करते हैं। मेरुप्रदीप राज तथागत के शरीर की ऊचाई का प्रमाण चौरासी हजार योजन है। उनके सिंहासन की ऊचाई का प्रमाण अठसठ सौ हजार योजन है। उस लोकधातु मे रहने वाले बोधिसत्त्वो के शरीर की ऊचाई का प्रमाण बयालीस सौ हजार योजन है, और उनके बठने के सिंहासनो की ऊचाई का प्रमाण चौतीस सौ हजार योजन है। कुलपुत्र, मेरुप्रदीपराज तथागत के मेरुध्वज नामक उस लोकधातु मे सर्वोत्तम और सर्वगुणसम्पन्न सिंहासन हैं।"

तब उसी क्षण मे, उसी प्रकार के (सिंहासनो के) अभिप्राय की इच्छा से, लिच्छवि विमलकीर्ति ने ऐसी ऋद्धि विधि का प्रदर्शन किया जिससे भगवान् मेरुप्रदीपराज तथागत ने अपने मेरुध्वज लोकधातु से बत्तीस हजार (अथवा बत्तीस सौ हजार) सिंहासन इस लोकधातु मे भेज दिये। वे सिंहासन इतने ऊचे, इतने विशाल तथा इतने दशनीय थे कि वहाँ पर उपस्थित बोधिसत्त्वो, महाश्रावकों, शक्रो ब्रह्माओ, लोकपालो तथा देवपुत्रो ने ऐसे सिंहासन पहले कभी नही देखे थे। वे सिंहासन ऊपर आकाश से आकर लिच्छवि विमलकीर्ति के घर मे स्थापित हो गये। वे बत्तीस हजार विविध प्रकार के सिंहासन उपद्रव अथवा जमघट किये बिना वहाँ व्यवस्थित हो गये और वह घर भी आवश्यकतानुसार विशाल होता दिखाई दे रहा था। उन सिंहासनो के कारण महानगरी वशाली भी आवृत नहीं होने पाई जम्बुद्वीप (भारतवष का महाद्वीप) और चतुर्द्वीप लोकधातु भी आवृत नही होने पाए। वे सभी (घर, नगर, द्वीप व महाद्वीप) पूववत ही दिखायी दे रहे थे।

तत्पश्चात लिच्छवि विमलकीर्ति ने मञ्जश्री कुमारभूत से कहा—"मञ्जुश्री आप इन सभी बोधिसत्त्वो के साथ सिंहासनों के अनुरूप अपने शरीरो का विस्तार करके सिंहासनासीन हो जाइये।'

तत्पश्चात जो अभिज्ञा सम्पन्न बोधिसत्त्व थे उन्होंने अपनी अपनी काय का विस्तार बयालीस सौ हजार योजन की ऊचाई तक कर लिया और उन विशाल सिंहासनो मे विराजमान हो गये। पर तु जो आदिकर्मिक (प्रारम्भिक अवस्थाओ तक ही पहुँचे हुए) बोधिसत्त्व थे, वे उन सिंहासनो मे नही बठ सके। तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने उन बोधिसत्त्वो को ऐसा धर्मोपदेश दिया जिससे उनको पाँच अभिज्ञाओ की प्राप्ति हो गयी। अभिज्ञाए प्राप्त कर लेने पर ऋद्धि द्वारा उन्होने बयालीस सौ हजार योजन ऊचाई के अपने शरीरो का निर्माण किया और उन ऊचे सिंहासनो पर बठ गए।

परन्तु वे महाश्रावकगण उन ऊचे सिंहासनो पर बठने मे अभी भी असमर्थ थे। लिच्छवि विमलकीर्ति ने आयुष्मान शारिपुत्र से कहा—'भदन्त शारिपुत्र सिंहासन मे बठिये। शारिपुत्र ने कहा— कुलपुत्र, ये सिंहासन अत्यधिक ऊच है, मैं इनमे नही बठ सकता हूँ। विमलकीर्ति ने कहा— भदन्त शारिपुत्र उन भगवान् तथागत मेरुप्रदीप राज को प्रणाम कीजिये तब आप बठ सकेंगे। तब उन महाश्रावको ने भगवान् तथागत मेरुप्रदीपराज की अभिव दना की और सिंहासनो में बठ गय।

तत्पश्चात आयुष्मान् शारिपुत्र ने लिच्छवि विमलकीर्ति से कहा—"कुलपुत्र, आश्चय है कि इस प्रकार के ये कई हजार सिंहासन, जो अत्यधिक ऊचे हैं, इस छोटे से घर मे प्रविष्ट हो गय हैं (अर्थात् छोटे से मकान मे फिट हो गये हैं) और महानगरी वशाली इनसे ढकी नहीं गयी है जम्बुद्वीप के ग्राम, नगर निगम, राष्ट्र और राजधानियाँ तथा अन्य चतुमहाद्वीप लोकधातु भी कतई आवृत नही हुए हैं, देवताओ, नागों, यक्षो ग धर्वों, असुरो, गरुडो, किन्नरो और महोरगो के निवास स्थान भी बिना किसी बाधा के दिखाई देते हैं ये सभी जसे पहले थे उसी प्रकार दिखायी देते हैं।'

लिच्छवि विमलकीर्ति ने कहा— भद त शारिपुत्र, बुद्धो और बोधिसत्त्वो का एक विमोक्ष है जिसे अचिन्त्य (अचि तनीय) कहते हैं। उस अचिन्त्य विमोक्ष में विहार, करने वाला बोधिसत्त्व, पर्वतराज सुमेरु को जो कि इतना ऊचा और अत्यधिक विपुल (विशाल) है सरसों के एक दाने (बीज) के भीतर रख सकता है। ऐसा आश्चर्यमय काय वह सरसो के दाने को विशाल बनाये बिना और सुमेरु को घटाये बिना कर सकता है। और चातुमहाराजकायिक देवता (सुमेरु पवत के चतुर्दिक रहने वाले चतुर्महाराजाओ के देवलोको के निवासी) तथा त्रायस्त्रिंश लोक के देवता (पवतराज सुमेरु की चोटी पर निवास करने वाले देवता) यह भी नही जानते हैं कि हमे कहाँ रखा गया है। केवल वे

ही सत्त्व, जो ऋद्धि विधि द्वारा विनयशील (ऋद्धियुक्त विनय से सम्पन्न) होते हैं, यह जानते हैं और देखते हैं कि वह पर्वराज सुमेरु सरसो के भीतर रखा गया है। यही, भद त शारिपुत्र बोधिसत्त्वो का अचि तनीय विमोक्ष[८] के क्षेत्र मे प्रवेश है।

भद त शारिपुत्र, इतना ही नही, अचि त्यविमोक्ष में विहार करने वाला बोधि सत्त्व चारो महासमुद्रो के जल के स्कधो (ढरो) को अपनी त्वचा के एक रोमकूप (रोम अथवा लोम के छिद्र) मे डाल सकता है, और ऐसा करने पर भी मछली (मत्स्य), कच्छप, (कूम), शिशुमार (मकर), मेढक (मण्डूक), आदि अ य जल मे होने वाले प्राणियो की हिंसा नही होती है और नागो यक्षो ग धर्वों, असुरो को भी पता नही चलता है कि हम कहाँ डाल दिये गये हैं। यह सारी क्रिया उन सभी प्राणियो को बिना उपघात व सक्षोभ हुये दिखाई देती है।

'अचिन्त्य विमोक्ष मे विहार करने वाला बोधिसत्त्व इस त्रिसाहस्रमहासाहस्र लोक धातु को अपने दाहिने हाथ मे लेकर ऐसे घुमा सकता है (प्रवर्तित कर सकता है) जसे कि वह कुम्हार की चाक (कुम्हार का चक्र) हो, उसको गगानदी के बालुकणो के समान (असख्य) लोकधातुओ से दूर फेंक सकता है ऐसा होने पर भी उन लोकधातुओ मे रहने वाले प्राणी यह नही जानते हैं कि'हमे कहाँ से उठा दिया, हम कहाँ आ पहुँचे हैं। वह बोधिसत्त्व उसे पुन पकडकर अपने स्थान मे रख सकता है और यद्यपि यह सारी क्रिया दिखाई देती है, अपने स्थानो मे प्रतिष्ठित वे प्राणी अपने गमन और आगमन को नही जानते हैं।

भदन्त शारिपुत्र, इतना ही नही कुछ सत्त्व ऐसे हैं जिनके (धार्मिक) प्रशिक्षण और (अध्यात्मिक) विकास मे अप्रमय समय लगता है और कुछ सत्त्व ऐसे भी हैं जिनके

---

८ प्रोफेसर लामॉत का सुझाव है कि 'अचि त्यसूत्र' अथवा 'अचि त्यविमोक्षसूत्र' अवतसक कोटि के एक वैपुल्यसूत्र का नाम है। द्र० ल त्रेते दे ला ग्रन्द् वितु दे साजेसे दे नागार्जुन(महा प्रज्ञापारमिताशास्त्र), खण्ड १, पृ० ३११, गण्डव्यूहसूत्र पृ० ८२ ८९ में सम्भवत इस सूत्र का एक बडा अंश सुरक्षित है। गण्डव्यूहसूत्र, पृ० ८५ में, 'अशोकक्षेमध्वजविमोक्ष' को 'बोधिसत्त्वविमोक्ष' कहा गया है जिसका ज्ञान आशा उपासिका को प्राप्त था। सभी प्राणियों की बोधिसत्त्वचर्या को परिपूर्ण करने के लिये बोधिसत्त्व असाधारण, अप्रमेय एव अचिन्तनीय कार्य करने की सामर्थ्य अथवा स्वतन्त्रता प्राप्त करते हैं। यह उनका अचि त्यविमोक्ष कहलाता है।

प्रशिक्षण और विकास का समय सक्षिप्त किया जा सकता है। अचिन्त्य विमोक्ष विहारी बोधिसत्त्व, उन प्राणियो का प्रशिक्षण विकास करने के लिये जिनके प्रशिक्षण विकास मे अप्रमेय काल लगता है, एक सप्ताह को एक कल्प के समान (दीर्घ) दर्शा सकता है जिनके प्रशिक्षण विकास मे सक्षेप्य समय लगता है उनके प्रशिक्षण विकास के लिये वह बोधिसत्त्व एक कल्प को एक सप्ताह के समान (लघु) दर्शा सकता है। (इस प्रकार) जिन प्राणियो के प्रशिक्षण विकास मे अप्रमय समय लगता है उन्हें एक सप्ताह का व्यतीत होना एक कल्प का व्यतीत होना दिखाई देता है (अर्थात् एक सप्ताह के बीतने पर वे समझते है कि एक कल्प बीत गया है), और जिन प्राणियो के प्रशिक्षण विकास मे सक्षिप्त (अथवा सक्षेप्य) समय लगता है उन्हे एक कल्प के बीत जाने पर एक सप्ताह के बीत जाने का ज्ञान होता है (अर्थात् एक कल्प के व्यतीत हो जाने पर उनको एक सप्ताह के व्यतीत हो जाने का ज्ञान होता है)।

"इस प्रकार अचिन्त्य विमोक्ष विहारी बोधिसत्त्व एक ही बुद्धक्षेत्र में सभी बुद्धक्षेत्रो के गुणो के वैभवो (संग्रहो) को दिखा सकता है इसी तरह वह सभी सत्त्वो को अपने दाहिने हाथ की हथेली मे रखकर, चित्त की तीव्र गति से ऋद्धि विधि पूर्वक चलकर स्वय एक बुद्धक्षेत्र में रहते हुए भी उन्हें सभी बुद्धक्षेत्रों के दर्शन करवा सकता है। दसों दिशाओं में भगवान् बुद्ध को समर्पित किये गये पूजा के सभी साधनो को वह अपने एक रोमकूप मे प्रदर्शित कर सकता है और दसो दिशाओ मे जितने चन्द्रमा सूर्य और तारागणो के रूप है उन सब को वह अपने एक रोमकूप मे प्रदर्शित कर सकता है।

"दशो दिशाओ से वायुमण्डलों मे उठने वाले जो भी आँधी तूफान हैं उन सब को वह (बोधिसत्त्व) अपने मुख मे निगल सकता है। ऐसा करने पर भी उसकी देह नष्ट नही होती है, और उन सब बुद्धक्षेत्रो के तृण और वृक्ष (वनस्पतियाँ) प्रपतित नही होते हैं।

दसो दिशाओ के सभी बुद्धक्षेत्रो के लोगो का दहन करने वाली कल्पान्तकारिणी अग्निराशि को वह (बोधिसत्त्व) अपने उदर (पेट) म रखकर भी उसको जो कार्य करना है उसे करता है। नीचे की ओर बहती हुई गगा नदी के बालुकणो के समान बुद्धक्षेत्रो को पार करके, एक बुद्धक्षेत्र को ऊपर उठाकर वह गगा नदी के बालुकणो के समान बुद्धक्षेत्रो के ऊपर से होकर वह (बोधिसत्त्व) उस बुद्धक्षेत्र को ऊपर स्थापित कर सकता है। जिस प्रकार से महाबली पुरुष द्वारा सूची (सुई) की नोक (अग्र भाग) से एक बदरपत्र (बेर के

पत्त) को ऊपर उठाया जाता है उसी प्रकार से वह बुद्धक्षेत्र को ऊपर उठाकर रख सकता है ।

' इसी प्रकार अचिन्तनीय विमोक्ष मे विहार करने वाला बोधिसत्त्व सभी सत्त्वो का रूप धारण करता है वह चक्रवर्ती राजा का रूप धारण करता है, इसी प्रकार लोक पाल, इन्द्र, ब्रह्मा श्रावक प्रत्येकबुद्ध बोधिसत्त्व का, सभी प्राणियो का और बुद्ध का भी रूप धारण करता है ।[१]

'वह बोधिसत्त्व दसो दिशाओ के सभी प्राणियो के उत्तम, मध्यम, और हीन शब्दो से विभूषित (प्रसिद्ध) होता है । जो कोई भी शब्द सुनाई देते हैं या प्रगट होते हैं उन सब को वह बुद्ध के शब्द के स्वर मे परिवर्तित करके उन्हें बुद्ध, धर्म, व सघ के शब्दों मे रूपान्तरित कर देता है। इस प्रकार रूपान्तरित शब्दो और स्वरो से अनित्यता दुःख शून्य व नैरात्म्य शब्दो के स्वर निकालता है । दसो दिशाओ मे भगवान बुद्ध जिस प्रकार का भी उपदेश देते हैं उन्ही उपदेशो का उच्चारण वह सभी शब्दो—स्वरो से प्रगट करवाता है ।

''भदन्त शारिपुत्र, यह अचिन्तनीय विमोक्ष मे विहार करने वाले बोधि सत्त्व के विषय क्षेत्र का परिचय (प्रवेश) है जो मैंने आपको केवल सक्षिप्त रूप मे दर्शाया है ।

''भदन्त शारिपुत्र, अचिन्तनीय विमोक्ष मे विहार करने वाले बोधिसत्त्व के विषय प्रवेश का यदि तत्त्वत विस्तार पूर्वक वर्णन किया जाय तो एक कल्प से अधिक अथवा उससे भी अधिक समय लग जाता (अथवा लगेगा) ।'

तब स्थविर महाकाश्यप ने बोधिसत्त्व के अचिन्त्य विमोक्ष का उपदेश सुनकर, आश्चर्यान्वित और चकित होकर, स्थविर शारिपुत्र से कहा— आयुष्मान शारिपुत्र जिस प्रकार जन्म से अन्धे पुरुष के सामने सभी प्रकार की वस्तुऐं और क्रियाऐं दिखा देने पर भी वह जन्मान्ध पुरुष एक भी वस्तु नही देखता है, उसी प्रकार आयुष्मान शारिपुत्र, जब यह अचिन्तनीय विमोक्ष का द्वार दिखाया जाता है उस समय सभी श्रावकगण

---

१ अभिज्ञाओं के प्रयोग द्वारा अर्हतों व महाश्रावकों द्वारा भी कुछ असाधारण चमत्कारपूर्ण कार्य करने की सूचनाएँ पालि ग्रन्थोंमें उपलब्ध हैं ।

शूरंगमसमाधिसूत्र में भी कुछ तुलनीय सूचनाएँ मिलती हैं । द्र० भिक्षु प्रासादिक द्वारा अनूदित **एक्सेर्प्ट्स फ्रॉम दि शूरंगमसमाधिसूत्र**, पृ० १० **सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र** में तथागत शाक्यमुनि के अचिन्तनीय उपायकौशल्य का विशद वर्णन मिलता है ।

और प्रत्येकबुद्धगण जन्मान्ध पुरुष की तरह चक्षहीन होते हैं, और अचिन्त्य विमोक्ष का एक भी द्वार वे नही देखते हैं। इस अचिन्त्य विमोक्ष के निर्देश को सुनने के पश्चात विचारशील व बुद्धिमान् व्यक्तियो में कौन एसा है जो अनुत्तर सम्यक सम्बोधि का चित्तोत्पाद नही करता है ?

हम लोग, जिनकी शक्तिया (इन्द्रियाँ) दुबल (प्रणष्ट) हो गई है जले (भुने) हुए और सडे हुये बीज के समान हैं [1] यदि हम इस महायान के भाजन (स्वीकार करनेवाले) नही होते हैं तो अब और क्या कर सकते हैं? इस धर्मोपदेश को सुनकर हम सभी श्रावको और प्रत्येकबुद्धो को आतस्वर से क्रन्दन करते हुए (जोर की आवाज से रोते हुये) सम्पूण त्रिसाह्स महासाहस्र लोकधातु को (अपने रुदन के) शब्द से स्तब्ध कर देना चाहिये । (कदाचित् तात्पय यह है कि अभी तक बोधिसत्त्वचर्या न अपनाने का रो करके प्रायश्चित्त करना चाहिये) । सभी बोधिसत्त्वो को इस अचिन्त्य विमोक्ष के विषय मे सुनकर उसी प्रकार प्रसन्न होना चाहिये जिस प्रकार एक युवक राजपुत्र मुकुट लेकर प्रसन्नता के साथ राज्याभिषेक स्वीकार करता है और इस अचिन्त्य विमोक्ष के लिए अपनी अधिमुक्ति को और भी प्रबल करना चाहिये ।[11] जिसकी इस अचिन्तनीय विमोक्ष मे अधिमुक्ति और निष्ठा है उसके लिए सभी मार भी क्या कर सकते हैं ? ”

स्थविर महाकाश्यप द्वारा इस प्रकार उपदेश दिये जाने पर बत्तीस हजार देवताओ ने अनुत्तर-सम्यक सम्बोधि का चित्तोत्पाद किया था ।

तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने स्थविर महाकाश्यप से कहा—“भदन्त महाकाश्यप दशो दिशाओ के अपरिमित लोकधातुओ में जो कोई भी मार हैं और मार का काय करते हैं वे सभी अचिन्तनीय विमोक्ष मे विहार करनेवाले बोधिसत्त्व ही हैं जो उपायकौशल्य

---

१ तुलनीय अङ्गुत्तरनिकाय, खण्ड १ पृ० १२५ १२६—

“सेय्यथापि भिक्खवे, बीजानि अखण्डानि अपूतीनि अवातापनहतानि
सारादानि सुखसयितानि सुखेत्ते सुपरिकम्मकताय भूमिया निक्खित्तानि ।”

थेरगाथा, गाथा ३६३—

“उपारम्भचित्तो दुम्मेधो सुणाति जिनसासन ।
न विरूहति सद्धम्मे खेत्ते बीज व पूतिक ।”

११ महाश्रावक शारिपुत्र द्वारा श्रावकयान की हीनता एव बोधिसत्त्वयान की महानता की स्वीकृति के लिये देखिये सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० ४४ ।

के द्वारा सत्त्वों के परिपाचन (बोधि प्राप्ति की दिशा मे प्रगति) के लिए मार के कार्यों का नाटक कर रहे हैं।

"भद त महाकाश्यप, दसो दिशाओ के अपरिमित लोकधातुओ के बोधिसत्त्वो के पास जो भिखारी (याचक) माँगने के लिये आते हैं और हाथ, पर कान, नाक, रक्त, स्नायु अस्थि, मज्जा, चक्षु शरीर का पहला भाग (पूवकाय), शीष, अग प्रत्यग राज्य (सिंहासन), राष्ट्र, प्रदेश भार्या, पुत्र, क या दास, दासी, अश्व हाथी, रथ, वाहन, सुवण, चाँदी मणि मोती, शङ्ख, स्फटिक, शिला, प्रवाल, वडय, अमूल्य मणि रत्न, आहार, पेय (पान), रस, वस्त्र माँगते हैं वे सभी याचक भी वास्तव मे अचि तनीय विमोक्ष मे विहार करनेवाले बोधिसत्त्व हैं जो उपायकौशल्य द्वारा इन बोधिसत्त्वो (देनेवाले बोधिसत्त्वो)का (परीक्षण करके) अध्याशय दृढ़ और परिपक्व करते हैं। क्योकि, भद त महाकाश्यप, अध्याशय की दृढता दिखाने के लिये ही बोधिसत्त्वगण कठोर (कटुक) तपस्याए करते हैं। साधारण लोग (पृथग्जन) विना अवसर दिये बोधि सत्त्वों से माँगने की शक्ति (अनुभाव) नही रखते हैं। अवसर दिये विना साधारण लोग बोधिसत्त्वो को न मार सकते हैं और न उनसे कोई चीज माँग सकते हैं।

भावाथ यह है कि सभी प्राणियो के हित, सुख, व परम कल्याण के लिये ज म ज मा तरो से प्रयत्न करते हुये अचि तनीय और विचारातीत विमुक्ति मे प्रविष्ट ये बोधि सत्त्वगण दाता के रूप मे याचको के हाथ लूटे जाते हैं और मारे भी जात हैं, याचक भी तो बोधिसत्त्व हैं जो दाताओ के अध्याशय की परीक्षा करते हैं और उनकी बोधिचर्या को दृढ व पुष्ट करते हैं। दाता तो बोधिसत्व हैं ही इसीलिये वे याचको को अवसर देते रहते हैं कि उ हें मारें पीटें और माँग माँग कर उ हें दरिद्र बना डालें। दाता बोधिसत्त्व स्वेच्छा से याचक बोधिसत्त्व को ऐसा करने का अवकाश (अवसर) देकर अपना दृढ़ाध्याशय और भी दृढ करते हैं। अ यथा जनसाधारण मे इतनी हिम्मत और शक्ति है ही कहाँ कि वे बोधिसत्त्व से कुछ ले सकें या बोधिसत्त्वों के सामने कोई माँग रख सकें। असख्य याचक बोधिसत्त्वो और असख्य दाता बोधिसत्त्वो का यह अनादि काल से चला आ रहा अन त देना लेना अचि तनीय विमोक्ष मे विहार करने का एक पहलू मात्र है।

"भद त महाकाश्यप, जिस प्रकार एक खद्योत (जुगनू) के द्वारा सूयमण्डल के प्रकाश मे आक्रमण नही किया जा सकता है, ठीक उसी प्रकार भद त महाकाश्यप, विशेष अवसर प्रदान किये बिना जनसाधारण बोधिसत्त्व के निकट पहुँच भी नही सकते हैं, बोधि

सत्त्व पर आक्रमण तो कर ही नही सकते। भद त महाकाश्यप जिस प्रकार नागराज (हाथियो का राजा) कुजरमातग (श्रेष्ठतम हाथी) पर एक गदभ (गदहा) प्रहार करने मे असमथ होता है ठीक उसी प्रकार, भद त महाकाश्यप, जो स्वय बोधिसत्त्व नही है वह बोधिसत्त्व पर प्रहार (सबाधा) नही कर सकता है। पर तु जो स्वय बोधिसत्त्व है वह दूसरे बोधिसत्त्व को परेशान (सबाध) कर सकता है, और इस प्रकार एक बोधिसत्त्व द्वारा की गई परेशानी या आघात को दूसरा बोधिसत्त्व ही सहन कर सकता है।

'भद त महाकाश्यप, यह अचि तनीय विमोक्ष म विहार करनेवाले बोधिसत्त्वों के उपायकौशल्य के ज्ञान के बल का परिचय है।'

पचम परिवर्त समाप्त।

६ देवी

मजुश्री कुमारभूत ने लिच्छवि विमलकीर्ति से कहा— सत्पुरुष को सभी सत्वो को किस प्रकार देखना चाहिये ?

विमलकीर्ति ने कहा—' मजुश्री बोधिसत्त्व को सभी प्राणियो को उसी प्रकार देखना चाहिए जिस प्रकार एक विज्ञ परुष (ज्ञानी व्यक्ति) जल मे चन्द्रमा की परछाई को देखता है, अथवा जिस प्रकार एक मायाकार (जादूगर) माया से निर्मित मनुष्य को देखता है। मजुश्री, बोधिसत्त्व को सभी प्राणियो को दपण मे मुख की तरह देखना चाहिये, मगतृष्णा के जल की तरह देखना चाहिये, आकाश मे मेघराशि की तरह, फेनपिण्ड के प्रारम्भिक क्षण की तरह पानी के बुदबुदे के उदय व्यय (उत्पन्न होने व नष्ट होने) की तरह, केले के तने के सार (भीतरी खोखलेपन) की तरह, विद्युत् की चमक की तरह [1] पाँचवें धातु के समान[2], सातवें आयतन के समान [3] अरूपधातु मे रूप दशन के समान, जले हुये बीज से निकले हुये अकुर की भाँति, मण्डूक (मेढक) के रोम से बनी चादर (अथवा मण्डूक के केशो के ढक्कन) के समान, मरने के इच्छुक व्यक्ति की खल कूद मे रति के समान स्रोतापन्न साधु की सत्कायदृष्टि की भाति, सकृदागामी के तीसरे जन्म

---

१ पुद्गल-नैरात्म्य अथवा पुद्गल शून्यता का सिद्धान्त बौद्ध दशन का सुविदित सिद्धान्त है। महायान सूत्रों व शास्त्रों में पुद्गल शून्यता के समान धर्म शून्यता की भी प्रबल व्याख्या मिलती है। **प्रज्ञापारमिता हृदयसूत्र** में पुद्गल (पञ्चस्कन्ध) की और सभी धर्मों (वस्तुओं, भावनाओं, विचारों, घटनाओं) की शून्यता अथवा नि स्वभावता के उपदेश का सुन्दर साराश मिलता है। इस लघु सूत्र का हिन्दी अनुवाद हमारे **वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता** के सस्करण की भूमिका (पृ० १९ २०) में द्रष्टव्य है। तुलनीय **ललितविस्तर,** १३, ९७–९८ **प्रसन्नपदा,** पृ० १३, २४०

२ पाँचवाँ धातु आकाश है।

३ यहाँ से असम्भव बातों की सूची प्रारम्भ होती है। सातवाँ आयतन है ही नहीं, अरूप में रूप ही नहीं तो दशन किसके जले भुने बीज में अकुर नहीं निकलता, मण्डूक के रोम ही नहीं होते, इत्यादि।

के समान अनागामी की गर्भ में अवक्रान्ति (पुनर्जन्म) के समान, अर्हत् मे राग द्वेष और मोह होने के समान, क्षान्तिलाभी बोधिसत्त्व में मात्सर्य (ईर्ष्या), दुःशीलता (दुश्चरित्रता), व्यापाद (शत्रुता) और विहिंसा चित्त (हिंसक विचार) होने के समान, तथागत मे वासना होने के समान, जन्मान्ध द्वारा रूप-दर्शन के समान, निरोध समापत्ति प्राप्त सन्त द्वारा आनापान (श्वास प्रश्वास) करने के समान, आकाश मे पक्षी के मार्ग (पद) के समान, षण्डक के लाङ्गुलारोहण (नपुंसक पुरुष की लिंगेन्द्रिय के खडे होने) के समान, बाँझ (वन्ध्या) स्त्री को पुत्र प्राप्ति के समान, जागृत होने पर स्वप्न मे देखे हुये दृश्य को देखने के समान, सकल्प रहित मनीषी मे क्लेश होने के समान, अकारण ही अग्नि उत्पन्न होने के समान (अथवा विना इंधन के अग्नि जलने के समान), परिनिर्वाण प्राप्त सन्त की प्रतिसन्धि (पुनर्जन्म) के समान, बोधिसत्त्व को सारे प्राणी पहचानने चाहिये। मञ्जुश्री, इस प्रकार परमार्थत नैरात्म्य के प्रबोधन से बोधिसत्त्व को सभी सत्त्वो को देखना चाहिये। (अर्थात् जो बोधिसत्त्व नैरात्म्य की परमार्थता का ज्ञाता है वह सभी सत्त्वो की पृथक सत्ता को उपर्युक्त असम्भव दृष्टान्तो के समान मानता है)

मञ्जुश्री ने पूछा— 'कुलपुत्र, यदि बोधिसत्त्व सभी प्राणियो को इस प्रकार से (असत) समझता है (प्रत्यवेक्षण करता है) तो वह सभी प्राणियो के लिये महामैत्री (महान् प्रेमपूर्ण मित्रता की भावना) कैसे विकसित करता है ?'[४]

विमलकीर्ति ने उत्तर दिया— मञ्जुश्री, जब बोधिसत्त्व इस प्रकार से सभी प्राणियो को समझता है तो वह सोचता है, इस प्रकार धर्म को जानकर इन सभी प्राणियो को (धर्म का) उपदेश करता हूँ। इस प्रकार से वह सभी प्राणियो के लिये मैत्री उत्पन्न करता है जो (सभी प्राणियो की) सम्यक शरण है।

उपादानरहित (भौतिक आधार अथवा आसक्ति रहित) होने के कारण बोधिसत्त्व का मैत्री उपशान्त मैत्री है क्लेशो के अभाव के कारण उसकी मैत्री ज्वररहित (अताप) मैत्री है, तीनो कालो मे समतापूर्ण होने के कारण वह (सर्व उपमता मैत्री है (अर्थात् सर्वत्र उपमा के समान होने के कारण यथाभूत मैत्री है) दोषो के उत्थान के अभाव के कारण वह अविरोध मैत्री है आन्तरिक और बाहरी के बीच भेदरहित होने के कारण वह अद्वय मैत्री है सुनिष्ठित होने के कारण वह अक्षोभ्य मैत्री है। बोधिसत्त्व जो

४ तुलनीय मेत्तसुत्त—"मेत्त सब्बलोकस्मि मानस भावये अपरिमाण", सुत्तनिपात, गाथा १४९।

मत्री उत्पन्न करता है वह अभद्य है और उसका अभिप्राय (आशय) वज्र की तरह है इसलिये उसकी मत्री दृढ मत्री है स्वभाव से विशुद्ध होने के कारण वह विशुद्ध मत्री है, आशय की समता के कारण वह समता मैत्री है शत्रु (अरि) के हनन के कारण वह अर्हत् मत्री (अर्ह मत्री)[५] है (राग, द्वेष मोह अर्हत्व के शत्रु हैं) । प्राणियो का निरतर (अनाच्छेद्य) परिपाचन करने के कारण वह बोधिसत्त्व मत्री है । इतना ही नही, तथता साक्षात्कार करने के कारण वह तथागत मत्री है, प्राणियों को उनकी (अविद्या रूपी) निद्रा से जगाने के कारण वह बुद्ध मत्री है, स्वय अभिसम्बोधि प्राप्त करने के कारण[६] स्वयम्भू मैत्री है, एकरस (तुल्यरस) होने के कारण वह बोधि मत्री है अनुनय (प्रेम) और (शत्रुता) के प्रहाण (छोड देने) के कारण वह अनारोप मत्री है, महायान को व्यक्त करने के कारण वह महामत्री है, शू यता और नराात्म्य का प्रत्यवेक्षण करने के कारण वह परिखेद मत्री है (अक्षुण्ण मत्री है), आचाय मुष्टि अभाव के कारण वह धमदान मत्री है,[७] (आचाय मुष्टि उन आचार्यों के उपदेश करने के ढग को कहते हैं जो अपनी मुट्ठी में कुछ ज्ञान (सूचनाएँ) छिपा कर रखते थे और सबको समानरूप से ज्ञानदान नही करते थे) । दु शील (दुश्चरित्र) प्राणियों को सुधारने के कारण वह शील मत्री है अपनी

---

५ तुलनीय आलोकव्याख्या पृ० २७३—"हतारित्वात् अर्हन्त ।"
सुमंगलविलासिनी, खण्ड १, (नालन्दा १९७४) पृ० १६६—
अरीन अरान च हतत्ता पच्चयादीन अरहत्ता ।"
द्र० वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता पृ० ९३–९४ ।

६ तुलनीय महावग्ग, पृ० ११ 'सय अभिञ्ञाय,"
सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, १ ६७ "स्वय स्वयम्भुव"

७ तुलनीय दीघनिकाय, खण्ड २, प० ८०—
"नत्थान द, तथागतस्स धम्मेसु आचरियमुट्ठि"
ललितविस्तर, पृ० १३०—"बोधिसत्त्वो आचार्यमुष्टिविगतो ।" द्र काश्यपपरिवर्त, पृ० २ 'आचार्यमुष्टि' की परम्परा वैदिक परम्परा के आचार्यों की विशेषता थी । 'उप निषद्' शब्द का अर्थ 'गुप्त', 'गोपनीय', (गुरु के) निकट बैठकर (सीखने की विद्या) इस तथ्य का सूचक है कि वैदिक-उपनिषदिक धम दर्शन कुछ इने गिने लोगों के लिए था । जनसाधारण के लिए वैदिक ब्रह्मविद्या के द्वार बन्द थे । इसके प्रतिकूल बौद्धधर्म,दर्शन का प्रकाशन 'बहुजनहिताय बहुजनसुखाय लोकानुकम्पाय" हुआ था । देखिये महावग्ग, पृ० २३ ललितविस्तर, पृ० २९३ ।

व दूसरो की रक्षा करने के कारण वह क्षाति मत्री है सभी सत्वो (की मुक्ति प्राप्ति) का भार (उत्तरदायित्व) वहन करने के कारण वह वीय मत्री है अनास्वाद के कारण (किसी भी वस्तु के स्वाद मे लिप्त न होने के कारण) वह ध्यान मैत्री है, उचित समय मे प्राप्ति (आसाधन) करवाने के कारण वह प्रज्ञा मत्री है (उचितकाल मे बोधि प्राप्ति का कारण होने से प्रज्ञा मत्री है), सवत्र द्वार दिखाने के कारण (सवत्र मुक्ति का माग खोलने के कारण) वह उपाय मत्री है परिशुद्ध अभिप्राय के कारण वह औपचारिक मिथ्याचार (कुहन) से रहित मत्री है पश्चाताप रहित होने के कारण वह निश्चल मत्री है, नगण (काम वासना) से रहित होने के कारण वह अध्याशय मत्री है अकृत्रिम होने के कारण वह मायाविमत्री (छल कपट रहित मत्री) है बुद्ध के सुख मे प्राणियो को प्रतिष्ठापित करने के कारण वह सुख मत्री है। मजुश्री बोधिसत्त्व की मत्री इस प्रकार की है।

मजुश्री ने पूछा—"बोधिसत्त्व की महाकरुणा क्या है?"

विमलकीर्ति ने उत्तर दिया—'अपने सभी सचित कुशलमूलो का सभी प्राणियों के लिये उत्सजन (त्याग) कर देना।"

मजुश्री—"बोधिसत्त्व की महामुदिता क्या है?"

विमलकीर्ति—"दान देकर प्रसन्नचित्त होना और प्रायश्चित्त न करना।'

मजुश्री—"बोधिसत्त्व की उपेक्षा क्या है?"

विमलकीर्ति—"दोनो का (अपना और दूसरो का) हितोपाजन करना।"

मजुश्री—"ससार से भयभीत (यक्ति) को किसका सहारा लेना चाहिये (अथवा, किस पर निभर करना चाहिये)? [८]

विमलकीर्ति— मजुश्री ससार से भयभीत, बोधिसत्त्व को बुद्ध माहात्म्य (बुद्ध गुणो की महानता) पर निभर करना चाहिये।"

मजुश्री— बुद्ध के माहात्म्य पर निभर करने (स्थित रहने) के इच्छुक (बोधिसत्त्व) को कहाँ स्थित रहना चाहिये?

विमलकीर्ति— बुद्ध माहात्म्य मे स्थित रहने के इच्छुक "यक्ति को सव सत्त्व समता में स्थित रहना चाहिये।"

---

८ यह प्रसिद्ध प्रश्नोत्तर अशत शिक्षासमुच्चय, प० ८० ८१ में उद्धृत है।

मजुश्री— 'सब सत्त्व समता मे स्थित रहने के इच्छुक व्यक्ति को कहाँ स्थित रहना चाहिये ?''

विमलकीर्ति—''सब सत्त्व समता मे स्थित रहने के इच्छुक (बोधिसत्त्व) को सभी प्राणियो के विमोक्ष के लिये स्थित रहना चाहिये ।''

मजुश्री—''सभी प्राणियो के प्रमोक्ष (निर्वाण) के लिये काय करने के इच्छुक (बोधिसत्त्व) को क्या करना चाहिये ?''

विमलकीर्ति—''सभी प्राणियो के प्रमोक्ष के लिये काय करने के इच्छुक (बोधि सत्त्व) को उन्हें क्लेशो से मुक्त करना चाहिये ।''

मजुश्री— 'क्लेशों का प्रहाण करने के इच्छुक को कसे प्रयोग (प्रयत्न) करना चाहिए ?'

विमलकीर्ति—''क्लेशो का प्रहाण करने के इच्छुक को मौलिक (योनिश) प्रयत्न करना चाहिये ।''

मजुश्री—''किस प्रकार प्रयत्न करने से वह मौलिक प्रयत्नशील (योनिश प्रयुक्त) होता है ?''

विमलकीर्ति—''अनुत्पाद और अनिरोध का अभ्यास करना योनिश प्रयोग (मौलिक अथवा आमूल प्रयत्न) करना है ।''

मजुश्री—''अनुत्पन्न (अनुदय) क्या है, और अनिरोध क्या है ?'

विमलकीर्ति—''अकुशल (अपुण्य) अनुदय है, और कुशल (पुण्य) अनिरोध है ।'

मजुश्री—''कुशल और अकुशल का मूल क्या है ?''

विमलकीर्ति— 'सत्कायदृष्टि (शाश्वत आत्मा का विचार) कुशल और अकुशल का मूल है ।''

मजुश्री—''सत्कायदृष्टि का मूल क्या है ?'

विमलकीर्ति— 'सत्कायदृष्टि का मूल राग है ।'

मजुश्री—''राग का मूल क्या है ?''

विमलकीर्ति—''राग का मूल अभूतपरिकल्प है (असत की सत् के रूप मे कल्पना करना राग का मूल है) ।''[१]

मजुश्री—"अभूतपरिकल्प का मूल क्या है?"

विमलकीर्ति—"अभूतपरिकल्प का मूल विपर्यासग्रस्त विचार (सज्ञा) है।'

मजुश्री— 'विपर्यासग्रस्त विचार का मूल क्या है?"

विमलकीर्ति— विपर्यासग्रस्त विचार का मूल केवल निराधारता (अप्रतिष्ठान) है।'

मजुश्री—"निराधारता का मूल क्या है?

विमलकीर्ति—"मजुश्री जो निराधार (बेबुनियाद) है उसका मूल कुछ भी नही है। (न तस्य किंचि मूलम्)। अतएव सभी वस्तुए निराधारता पर आधारित हैं (अप्रष्ठिानमूलप्रतिष्ठिता सवधर्मा)"[१०]

उस घर मे एक स्थान पर एक देवी रहती थी जो बोधिसत्त्वो महासत्त्वो की इस धमदेशना को सुनकर प्रसन्नता से गद्गद् चित्त होकर मूर्तरूप मे वहाँ पर प्रकट हुई। उसने बोधिसत्त्वो-महासत्त्वो तथा महाश्रावको के ऊपर दवी पुष्पो की वर्षा की। जो पुष्प बोधिसत्त्वो के शरीरो मे विकीर्ण हुये थे वे भूमि पर गिर गये। परन्तु जो पुष्प महाश्रावको के शरीरो पर विकीण हुये थे वे वही पर चिपक (जुड) गये और भूमि पर नही गिरे। महाश्रावको ने ऋद्धि विधि का प्रयोग करके प्रातिहाय (चमत्कार) द्वारा पुष्पो को अपने शरीरों से गिरा देने का प्रयत्न किया, फिर भी वे पुष्प नही गिरे। तब उस देवी ने आयुष्मान् शारिपुत्र से कहा—"भदन्त शारिपुत्र, आप इन पुष्पो को क्यो हिला रहे हैं?"

शारिपुत्र ने उत्तर दिया—"देवि, ये पुष्प (मेरे लिये) उपयुक्त नही है, इसीलिये मैं इन्हें हटा रहा हूँ।'[११]

देवी ने कहा— 'भदन्त शारिपुत्र, ऐसा मत कहिये। क्योकि ये पुष्प वास्तव मे उपयुक्त हैं। क्योकि ये पुष्प निर्विकल्प हैं निर्विकल्पो मे स्थविर शारिपुत्र कल्पना और विकल्प सहित हैं। भदन्त शारिपुत्र, इस प्रकार अच्छी तरह उपदिष्ट धम-विनय मे जो लोग प्रव्रजित हुये हैं उनके लिये कल्पना करना और विकल्प मे पडना उचित नहीं है। कल्पना और विकल्पना से जो मुक्त और निर्विकल्प है वही ठीक (उपयुक्त) है।[१२]

---

१० ऊपर के प्रश्नोत्तर **शिक्षासमुच्चय,** प० १४ में उद्धत हैं।

११ ध्यान रहे कि भिक्षुओं के दस शिक्षापदों में आठवाँ शिक्षापद इस प्रकार है—"माला गन्ध विलेपन धारण मण्डन विभूसनट्ठाना वेरमणिसिक्खापद समादियामि।"

१२ तुलनीय **अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता,** प० १७७—

"भदन्त शारिपुत्र, देखिये ये पुष्प बोधिसत्त्वो महासत्त्वो के शरीरो से नही चिपकते (जुडते) हैं, इसका कारण यह है कि उन्होने कल्प और विकल्प का प्रहाण (परित्याग) कर दिया है। उदाहरणार्थ, भयभीत मनुष्यो पर अमानुषी जीव (हानिकारक भूत प्रेत) हावी (प्रभावकारी) होते हैं (परन्तु निर्भीक मनुष्यो पर नही)। इसी प्रकार ससार से भयभीत मनुष्य रूप, शब्द, गन्ध, रस एव स्प्रष्टव्य वस्तुओ के प्रभाव के अधीन होते हैं। जो सभी प्रकार के क्लेशो और सस्कारो से रहित हैं उनका रूप शब्द, गन्ध, रस एव स्प्रष्टव्य वस्तुए क्या कर सकती हैं ? जिनकी वासना छूटी नही है (जिनकी वासना का प्रहाण नही हुआ है) उनसे पुष्प भी चिपक (जुड) जाते हैं। जिनकी वासना प्रहीण (नष्ट) हो गई है उनके शरीर मे पुष्प नही चिपकते। अतएव, जिन्होने सभी वासनाओ को छोड दिया है, उनके शरीर मे पुष्प आसक्त नही होते।'

तब आयुष्मान् शारिपुत्र ने देवी से कहा— 'देवि, आप इस घर मे कितने समय से रहती हैं ?"

देवी ने उत्तर दिया— "मैं यहाँ पर उतने ही समय से रहती हूँ जितने समय से स्थविर विमोक्ष मे रहते हैं।"

शारिपुत्र—"आप इस घर मे थोडे समय से ही रहती हैं।"

देवी—"स्थविर को विमोक्ष मे रहते हुये कितना समय हो गया है ?'

इस (प्रश्न) पर स्थविर चुप हो गये।

देवी—"स्थविर, आप तो 'महाप्रज्ञावन्तों मे अग्रणी' हैं,[१३] मौन क्यो हैं ? अब इस प्रश्न का उत्तर क्यो नही दे रहे हैं ?"

"सर्वकल्पविकल्पप्रहीणो हि तथागत ।"

वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता, पृ ३५ —

"सर्वसंज्ञापगता हि बुद्धा भगवन्त ।"

तथागतगुह्यसूत्र (प्रसन्नपदा, पृ० २३६) —

"तथागतो न कल्पयति न विकल्पयति। सर्वकल्पविकल्पजालवासनाप्रपञ्चविगतो हि शान्तमते तथागत ।"

१३ तुलनीय अङ्गुत्तरनिकाय, खण्ड १, पृ० २३—

"एतदग्ग, भिक्खवे, मम सावकान भिक्खून महापञ्ञान यदिद सारिपुत्तो।"

थेरगाथा, गाथा १ १४—" पञ्ञापारमित्त पत्तो महाबुद्धि महामति।"

शारिपुत्र—"देवि, विमोक्ष अनभिलाप्य है (चर्चा का विषय नही है), उसके विषय मे क्या कहा जाय मैं नही जानता हूँ।"[१४]

देवी—"स्थविर ने जो अक्षर (शब्द) कहे हैं, वे सभी विमोक्ष लक्षण हैं। (उनका स्वभाव विमोक्ष है)। क्योकि, जो विमोक्ष है वह न अन्तगत है, न बहिर्धा (बाहर) है और न इन दोनो मे अनुपलब्ध ही है। इसी प्रकार अक्षर (शब्द) न भीतर है, न बाहर है, और न भीतर व बाहर दोनो से अन्यत्र ही उपलब्ध हैं। अतएव, भदन्त शारिपुत्र, अक्षरो को त्यागकर के विमोक्ष की ओर सकेत मत कीजिये। (अक्षरो व शब्दो का बहिष्कार करके विमोक्ष का प्रतिवेदन न कीजिये)। क्योकि, उत्तम विमोक्ष सभी धर्मो की समता है।[१५]'

शारिपुत्र ने कहा—'देवि, राग द्वेष मोह की अनुपस्थिति क्या विमोक्ष नही है?'[१६]

देवी ने कहा—'राग द्वेष मोह की अनुपस्थिति विमोक्ष है, यह अभिमानियो का उपदेश है। जो अभिमान रहित हैं उनके लिये तो राग, द्वेप और मोह की स्वभावता विमोक्ष है"।

शारिपुत्र—"साधु, देवि, आपने क्या प्राप्त किया है, क्या साक्षात्कार किया है, जिससे आप ऐसी प्रतिभानवती हैं?

---

१४ तुलनीय सुत्तनिपात, गाथा १ ७६ (नालन्दा सस्करण, पृ० ४३०)—
अत्थंगतस्स न पमाणमत्थि
येन न वज्जु त तस्स नत्थि।
सब्बेसु धम्मेसु समूहतेसु
समूहता वादपथा पि सब्बे।"

१५ तुलनीय भगवद्वचन प्रसन्नपदा, प० १४८—
"शून्यमाध्यात्मिक पश्य पश्य शून्य बहिर्गतम्।
न विद्यते सोऽपि कश्चिद्यो भावयति शून्यताम्।"
द्र० सद्धर्म पुण्डरीकसूत्र, पृ० ९१-
'सवधर्मसमतावबोधाद्धि, काश्यप, निर्वाणम्।"

१६ तुलनीय सयुत्तनिकाय, खण्ड २, प० २६२—
"यो, भिक्खवे, रागक्खयो दोसक्खयो मोहक्खयो। अय वुच्चति, भिक्खवे, परिञ्ञा।"
पालि परिञ्ञा = सस्कृत परिज्ञा = पर्णज्ञान = बोधि = मोक्ष = निर्वाण

देवी—'भदन्त शारिपुत्र, मैने कुछ भी प्राप्त नही किया है, कुछ भी साक्षात्कार नही किया है। अतएव मेरा प्रतिभान ऐसा है। जो यह सोचते हैं, हमने प्राप्त कर लिया है, साक्षात्कार कर लिया है, उनको इस भलीभाँति उपदिष्ट धर्म—विनय मे अतिमानिक (अत्यन्त अभिमानी) कहा जाता है।

शारिपुत्र— देवि क्या आप श्रावकयानी हैं अथवा प्रत्येकबुद्धयानी हैं, अथवा महायानी हैं ?" (आप श्रावकयान को मानती हैं, या प्रत्येकबुद्धयान को, या महायान को ?)।

देवी—' जब श्रावकयान का उपदेश करती हू तब मैं श्रावकयानी हूँ, जब द्वादशाग प्रतीत्यसमुत्पाद के प्रवेश का उपदेश करती हूँ तब मैं प्रत्येकबुद्धयानी हूँ, महाकरुणा का परित्याग कभी भी नही करती हूँ इसलिये मैं महायानी हूँ।[17]

'तथापि, भदन्त शारिपुत्र, जिस प्रकार चम्पक वन (चम्पक के पुष्पो के उद्यान) मे प्रविष्ट होकर एरण्ड (रेंडी) की गन्ध नही सूघी जा सकती है, चम्पक वन मे केवल चम्पक की ही गन्ध (सुगन्ध) सूघी जाती है उसी प्रकार, भदन्त शारिपुत्र, भगवान् बुद्ध के धर्म के गुणों की सुगन्ध से परिपूर्ण इस घर मे रहने वाले को श्रावको और प्रत्यकबुद्धो की गन्ध (महक) का अनुभव नही होता है।[18]

---

१७ सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० ५२ ५३ में श्रावकयान, प्रत्यकबुद्धयान एव महायान (बोधिसत्त्वयान) की उपमा क्रमश अज रथ, मृग रथ, एव गो रथ से की गई है। यानों की त्रिविध योजना महाकारुणिक तथागत का सत्त्वपरिमोचनार्थ किया गया उपायकौशल्य मात्र है। वस्तुत यान एक ही है क्योंकि बोधि एक है। ऐसा भी इस सूत्र में उपदिष्ट है। द्र० वही, पृ० २७—एकमेवाहं शारिपुत्र यानमारभ्य सत्त्वाना धर्म देशयामि यदिद बुद्धयान। न किंचिच्छारिपुत्र द्वितीय वा तृतीय वा यान सविद्यते।"
आचार्य नागार्जुन अथवा राहुलभद्र द्वारा विरचित प्रज्ञापारमितास्तुति, श्लोक १६ में कहा गया है—

"बुद्धै प्रत्येकबुद्धैश्च श्रावकैश्च निषेविता।
मार्गस्त्वमेका मोक्षस्य नास्त्य य इति निश्चय ॥"

महायान को एकयान, बुद्धयान, बोधिसत्त्वयान तथा पारमितानय भी कहा जाता है।

१८ तुलनीय सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, २ ५४ ५५—
'एक हि यान द्वितीय न विद्यते ततीय हि नैवास्ति कदाचि लोके।

"भद त शारिपुत्र, जो इन्द्र, ब्रह्मा, लोकपाल, नाग यक्ष ग धव, असुर गरुड, किन्नर और महोरग गण इस घर मे रहते है, वे भी इस सत्पुरुष (विमलकीर्ति) का धर्मोपदेश सन कर, बुद्ध के धम के गुणो की सुग ध से प्रेरित होकर बोधिचित्तोत्पाद मे अग्रसर होते हैं।

भद त शारिपुत्र, इस घर मे मैंने बारह वर्षो से महामत्री और महाकरुणा से ओतप्रोत और बुद्ध के अचि तनीय गुणो से परिपूण धमचर्चा के अतिरिक्त कभी भी श्रावको तथा प्रत्येकबुद्धो से सम्ब धित कथा नही सुनी है। भद त शारिपुत्र इस घर मे आठ प्रकार की आश्चयजनक और अनोखी घटनायें सदा ही प्रकट होता हैं। कौन सी आठ घटनाए ?

'इस घर मे सुवणवण की प्रभा (स्वर्ण के रग को ज्योति) सदव विद्यमान रहती है जिसके फलस्वरूप रात्रि और दिन का अ तर करना कठिन है। इस घर मे च द्रमा और सूय न पहचाने जाते हैं और न दिखाई देते हैं। यह प्रथम आश्चयजनक और अनोखा गुण इस घर का है।

'भद त शारिपुत्र, जो इस घर मे प्रवेश करते हैं, उनके सभी क्लेश इस घर में प्रविष्ट होने के साथ ही, उनको सताना छोड देते हैं (इस घर मे प्रवेश करने के क्षण से ही लोग अपने क्लेशो की बाधा से मुक्त हो जाते हैं)। यह इस घर का दूसरा आश्चय जनक और अनोखा गुण है।[१९]

"भद त शारिपुत्र इन्द्र, ब्रह्मा, लोकपाल, तथा सभी बुद्धक्षेत्रो से आये हुये बोधि सत्त्व सदा ही इस घर में रहते हैं (अर्थात् ये देवतागण और बोधिसत्त्वगण इस घर को कभी भी खाली नहीं रखते हैं)। यह इस घर का तीसरा आश्चयजनक और अनोखा गुण है।

भद त शारिपुत्र इस घर मे नित्यप्रति लगातार धर्मविघोष, छ पारमिताओ से सम्बद्ध कथा तथा अववर्तिक धमचक्र की कथा (पीछे की ओर, उलटे न चलने वाले, धम चक्र की चर्चा) होती है। यह इस घर का चौथा आश्चयमय और अनोखा गुण है।

अन्यमुपाया पुरुषोत्तमाना यद्यानननानात्वुपदशयन्ति ॥
बौद्धस्य ज्ञानस्य प्रकाशनार्थं लोके समुत्पद्यति लोकनाथ ।
एक हि काय द्वितीय न विद्यते न हीनयानेन नयन्ति बुद्धा ॥"
द्र० लकावतारसूत्र, २ २०१-२०३ तथा शिक्षासमुच्चय पृ ५६।

१९ यह दूसरा आश्चर्य शिक्षासमुच्चय, पृ० १४३ में उद्धृत है।

'भद त शारिपुत्र, इस घर मे सदा ही दवी एव मानुषी दु दुभियाँ बजती हैं, सगीत तथा वाद्य हमेशा सुनाई पडता है। उन दु दुभियो (ढोलो और ढोलको) से सभी कालो मे बुद्ध के धर्म की अप्रमेय (अन त) विधियो का उदघोष उत्पन्न होता है। वह इस घर का पाँचवा आश्चयजनक और अनोखा गुण है।

' भद त शारिपुत्र, इस घर म सव प्रकार के रत्नो से सम्पूण चार अक्षय निधियाँ विद्यमान रहती हैं।[20] महानिधियो का यह कुण्ड (भण्डार) कभी भी घटता नही है, यद्यपि सभी दरिद्र और यसन ग्रस्त यक्ति इनमे से इच्छानुसार ले जाते है। यह इस घर का छठा आश्चयमय और अनोखा गुण है।

' भद त शारिपुत्र, इस सत्पुरुष की इच्छा से, दसो दिशाओ से अपरिमित तथागत तथागत शाक्यमुनि, अमिताभ, अक्षोभ्य, रत्नश्री, रत्नर्चिष, रत्नच द्र, रत्न यूह, दुष्प्रसह, सर्वार्थसिद्ध, महारत्न (रत्नबहुल), सिहप्रसिद्ध (सिहकीर्ति), सिहस्वर आदि–इस घर मे आते हैं, और **तथागतगुह्य**, नामक **धर्ममुखप्रवेश**[21] का उपदेश करके चले जाते हैं। यह इस घर का सातवाँ आश्चयमय एव अनोखा गुण है।

भद त शारिपुत्र, इस घर मे सभी देवताओ के आवासो के वभव तथा सभी बुद्ध क्षेत्रो के गुणो के अलकरण प्रभासित (प्रकाशित) होते हैं। यह इस घर का आठवाँ आश्चयमय और अनोखा गुण है।

---

२० चार प्रकार की अक्षय निधियों (महानिधियों) की रक्षा करने वाले चक्रवर्ती राजाओं का उल्लेख अनेक बौद्ध ग्र थों में हुआ है। द्र० **दिव्यावदान**, पृ० ३७—

'चत्वारो महाराजाश्चतुर्महानिधिस्था —

पिंगलश्च कलिंगेषु मिथिलाया च पाण्डुक ।

एलापत्रश्च गा धारे शखो वाराणसीपुरे ॥"

२१ "**तथागतगुह्यनामधर्ममुखप्रवेश**" सम्भवत उस महायान सूत्र को कहा गया है जिसका दूसरा नाम **तथागतगुह्यसूत्र** अथवा **तथागताचि त्यगुह्यनिर्देश** है। द्र० मेरा लेख "दि तथागतगुह्यसूत्र एण्ड दि गुह्यसमाज तन्त्र", जर्नल ऑफ दि ओरियन्टल इ स्टीच्यूट वॉल्यूम १६, न० २ (१९६५)। **तथागतगुह्यसूत्र** से नौ उद्धरण **शिक्षासमुच्चय** में (पृ० ८, ७२, ८९, १३ , १४६, १६८, १९१,) तीन उद्धरण **प्रसन्नपदा** में (पृ० १५३, १५४, २३६) तथा दो उद्धरण **बोधिचर्यावतार प जिका** में (पृ० ६३ व २३१) मिलते हैं। इन उद्धृत अशों से ज्ञात होता है कि यह एक अत्य त महत्वपूर्ण महायान वैपुल्यसूत्र था।

'भद त शारिपुत्र, इस घर मे उक्त आठ आश्चयमय एव अनोखी बातें (विशेष ताए) दिखाई देती है इस प्रकार की अचि तनीय विशेषताओ के देखते हुये कौन श्रावक धम की इच्छा करेगा ? (कौन श्रावकयान मे श्रद्धा रखेगा ?)

शारिपुत्र ने कहा— 'दवि, आपके स्त्रीत्व (स्त्री भाव) को परिवतित करने मे क्या विरोध है ? (आप अपने स्त्रीरूप को क्यो नही परिवतित करती हैं ?)[२२]

देवी ने कहा—"मैंने बारह वर्षों से अपने स्वभाव को ढूढने (खोजने) का प्रयत्न किया है, वह अभी तक मुझे नही उपलब्ध हुआ है। भन्त शारिपुत्र, यदि एक मायाकार (जादूगर) माया करके एक स्त्री का निर्माण करता है तो क्या आप उस (मायाज य स्त्री) से यह कहेगे "आपके स्त्रीत्व को परिवतित करने मे क्या विरोध है ?"

शारिपुत्र—"इस (उदाहरण की स्थिति) मे तो कुछ भी निमित नही होता है (वह मायाज य स्त्री तो परिनिष्प न नही हैं, असत् है)।'

देवी—"भदन्त शारिपुत्र इसी प्रकार जब सभी धम उपरिनिष्पन्न (असत) हैं एव मायोत्पन्न स्वभाव के हैं तो क्या आप यह सोचेंगे 'आपके स्त्रीत्व को परिवर्तित करने मे क्या विरोध है ?' (देवी के कथन का भावाथ यह है—जिसका स्वभाव माया द्वारा निर्मित वस्तु की भाँति मायोपम है उसके बारे मे यह पूछना कि 'वह अपना स्त्रीभाव परि वर्तित क्यो नही करती' क्या उचित है ? परमाथत न स्त्री की सत्ता और न पुरुष की सत्ता है, कौन किसमें परिवर्तित हो सकता है)।

तत्पश्चात् देवी ने अपने ऋद्धिबल (अधिष्ठान) के प्रभाव से (अधिष्ठित) ऐसा चमत्कार दिखाया जिससे स्थविर शारिपुत्र उस देवी के रूप मे प्रकट हो गये और स्वय देवी स्थविर शारिपुत्र के रूप मे प्रकट हो गई।

---

२२ बौद्धग्रथों में इन्द्रिय परिवर्तन होने के उदाहरण मिलते हैं। सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० १६१ में सागर नागराज की लडकी के विषय में कहा गया है—

सर्वलोकप्रत्यक्षं स्थविरस्य च शारिपुत्रस्य प्रत्यक्ष तत् स्त्रीन्द्रियमन्तर्हित पुरुषेन्द्रिय च प्रादुर्भूत बोधिसत्त्वभूत चात्मान सन्दर्शयति।"

बौद्ध परम्परा के इतिहास में कुछ लोग ऐसे थे जिनका विश्वास था कि स्त्रियाँ बुद्ध, अर्हत ब्रह्मा शक्र, महाराज, चक्रवर्ती व अवैवर्तिक बोधिसत्व का स्थान पुरुषों की अपेक्षा अत्यन्त अधिक कठिनाई से प्राप्त करती हैं।

तब शारिपुत्र के रूप मे रूपान्तरित देवी ने देवी के रूप मे रूपान्तरित शारिपुत्र से पूछा— "भदन्त शारिपुत्र, आपके स्त्रीत्व को परिवर्तित करने में क्या विरोध है ?"

देवी रूप को प्राप्त हुये शारिपुत्र ने कहा—' मेरा पुरुष रूप अन्तर्निहित हो गया है, और स्त्री रूप प्राप्त हो गया है, इसमे जो विकार (परिवतन करने की चीज) है वह मुझे ज्ञात नहीं है।"

देवी ने कहा—"यदि स्थविर अपने स्त्रीरूप को पुन परिवर्तित करने मे समथ है तो सभी स्त्रियाँ अपने स्त्रीभाव (स्त्रीत्व) को परिवर्तित कर सकती हैं। जिस प्रकार स्थविर स्त्री के रूप में दिखाई देते हैं उसी प्रकार सभी स्त्रियाँ भी स्त्री के रूप मे दिखाई देती है। वास्तव मे वे स्त्रियाँ नहीहै फिर भी वे स्त्रियो के रूप मे दिखाई देती है। इसी अथ को ध्यान मे रखकर भगवान् ने कहा है—'सभी धर्मों में स्त्री और पुरुष का अभाव है।'

तत्पश्चात देवी ने अपने ऋद्धिबल (अधिष्ठान) को छोड दिया और आयुष्मान शारिपुत्र पुन अपने स्वरूप को प्राप्त हो गये और देवी ने भी पुन अपना स्वरूप प्राप्त कर लिया। तब शारिपुत्र से कहा—"भदन्त शारिपुत्र आप की स्त्री पुत्तली कहाँ है ?"

शारिपुत्र—"उसको (पुत्तली को) न मैंने बनाया था और न परिवर्तित (विकृत) ही किया।"

देवी—"इसी प्रकार, सभी धम भी न बनाये गये है और न विकृत (परिवर्तित) ही किये गये हैं। सभी धम न कृत (निर्मित) हैं और न विकृत (परिवतित) है, यही बुद्ध की शिक्षा है।" [२३]

शारिपुत्र—"देवि यहाँ मृत्यु होने के पश्चात् आप का पुनर्जन्म कहाँ होगा ?

देवी—"जहाँ तथागत के निर्माण (काय) प्रकट होंगे, वहाँ मैं भी उत्पन्न होऊँगी।"

शारिपुत्र—"तथागत की निर्माणकायों की उत्पत्ति तथा च्युति नही होती है।'

देवी—' सभी धम भी इसी प्रकार, उत्पत्तिरहित और च्युतिरहित हैं" [२४]

द० सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० १९१, अगुत्तरनिकाय, खण्ड १, पृ० २९, दीघनिकाय, खण्ड २, पृ० १०९ में स्थविरों का स्त्रियों के प्रति दृष्टिकोण स्पष्ट होता है।

२३ तुलनीय महायानकरतलरत्नशास्त्र पृ० ९९–"सर्वधर्माणा प्रपञ्चानुत्थान द्वयनिमित्तविविक्तता इय प्रज्ञापारमिता।"

२४ तुलनीय मूलमध्यमककारिका १८ ७–"अनुत्पन्नानिरुद्धा हि निर्वाणमिव धमता।"

शारिपुत्र—' कितने समय मे (कब) आप बोधि लाभ (बोधि की अभिसम्बोधि प्राप्त) करेंगी ? '

देवी—"जब स्थविर पृथग्जनधर्मसम्पन्न (साधारण व्यक्तियो के गुणो से भरपूर) हो जाएँगे तब मैं बोधि प्राप्त करूगी ।

शारिपुत्र— 'देवि, एक बार पुन मैं साधारण यक्तियो के गुणो वाला हो जाऊ, यह तो असम्भव है ।"

देवी— 'भदन्त शारिपुत्र, इसी प्रकार यह भी असम्भव है कि मैं बोधि प्राप्त कर लू ? क्योकि, बोधि असम्भव है । चूंकि यह असम्भव मे (प्रतिष्ठित) है इसलिये कोई भी इसको प्राप्त नही करता है ।'

स्थविर शारिपुत्र ने फिर कहा— 'परन्तु तथागत ने तो कहा है कि 'गगानदी के बालूकणों के समान असख्य तथागत हैं जि होने अभिसम्बोधि प्राप्त की है, अभिसम्बोधि प्राप्त कर रहे हैं, और अभिसम्बोधि प्राप्त करेंगे ।'

देवी ने कहा—"भद त शारिपुत्र, 'अतीत, भविष्य एव प्रत्युत्पन्न बुद्धो'—यह जो कथन है वह कुछ अक्षरो (शब्दो) की गणना से बना हुआ एक सकेत मात्र है । बुद्ध न अतीत हैं न अनागत हैं, और न प्रत्युत्प न (वतमान) है । बुद्धो की बोधि कालत्रय (तीनो कालो भूत, वतमान भविष्य) का अतिक्रमण करती है (बोधि त्रिकालातीत, तीनो कालो से परे, अकाल है) । स्थविर (आप यह बताइये) क्या आप अर्हत्त्व लाभी हैं ? (क्या आपने अर्हत्त्व प्राप्त कर लिया है ?)'

शारिपुत्र—' अप्राप्ति के कारण लाभी हूँ (अर्थात् मैंने अर्हत्व लाभ कर लिया है क्योंकि कुछ लाभ या प्राप्ति नही होती है ।)

आचार्य च द्रकीर्ति द्वारा उद्धृत (प्रसन्नपदा पृ० १८६), निम्नलिखित बुद्धवचन इस प्रसंग में विचारणीय है—

'जायते च्यवते चापि न च जातिन च च्युति ।
यस्य विजानत एष समाधिर्नास्य दुर्लभ ।।"

देवी—"इसी प्रकार अभिसम्बोधि के अभाव के कारण अभिसम्बोधि है" (अर्थात् अभिसम्बोधि है क्योंकि अभिसम्बोधि की प्राप्ति नहीं होती है)।[२५]

तत्पश्चात् लिच्छवि विमलकीर्ति ने आयुष्मान् स्थविर शारिपुत्र से कहा—

"भदन्त शारिपुत्र, इस देवी ने पहले ही बयानबे करोड खरब (द्विनवति कोटि नियुतानि) बुद्धो की सेवा उपासना की है। यह देवी अभिज्ञाओ के साथ खेलती है। इसने सारी प्रतिज्ञाए पूरी कर ली है यह क्षान्तिलाभिनी है और अववर्तिक भूमि प्राप्त कर चुकी है। प्राणियों के परिपाचन के लिये अपने प्रणिधान (दृढ निश्चय पूर्वक की गई प्रतिज्ञा) के कारण स्वेच्छानुसार यह देवी जहाँ चाहे जाती है और रहती है।'

षष्ठ परिवर्त समाप्त।

---

२५ तुलनीय वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता, पृ० ३१—

"नास्ति स कश्चिद्धर्मो यस्तथागतेन अनुत्तरा सम्यक् सम्बोधिरित्यभिसम्बुद्ध, नास्ति धर्मो यस्तथागतेन देशित।"

वही, पृ ३२—"बुद्धधर्मा बुद्धधर्मा इति सुभूते अबुद्धधर्माश्चैव ते तथागतेन भाषिता। तेनोच्यन्ते बुद्धधर्मा इति।"

७ तथागत का गोत्र

मजुश्री कुमारभूत ने लिच्छवि विमलकीर्ति से पूछा—"कुलपुत्र बोधिसत्त्व किस प्रकार बुद्ध गुणो की प्राप्ति के माग का अनुगमन करता है ?

विमलकीर्ति ने उत्तर दिया—"मजुश्री, जब बोधिसत्त्व अगति (अमाग) से जाता है तो वह बुद्ध गुणो की प्राप्ति के माग का अनुगमन करता है।'

मजुश्री ने पुन पूछा—"बोधिसत्त्व का अगतिगमन (अमाग से जाना) क्या है ?"

विमलकीर्ति ने उत्तर दिया—'पाँच आन तय अपराधो को भी यदि बोधिसत्त्व कभी करता है तो उसमे -यापाद (शत्रुता) हिंसा अथवा प्रद्वेष (घृणा) नही होते हैं। यदि वह नरकगामी भी होता है तो भी सभी क्लेशो से मुक्त रहता है। यदि वह तियग्गति गामी (पशु गति को प्राप्त) होता है तो भी वह मूखता और अविद्या (अ धकार) रहित होता है। यदि वह असुरगतिगामी होता है तो भी वह मान मद और दप से मुक्त होता है। यदि वह यमलोकगतिगामी होता है तो भी वह सभी प्रकार के पुण्य एव ज्ञान का भण्डार उत्पन्न करता है। वह निश्चल गति और अरूपगति को प्राप्त होता है, पर तु उन गतियो मे नीचे नहीं उतरता है।

"वह रागगतिगामी (काम के माग का पथिक) होने पर भी सभी प्रकार की इच्छाओ और सम्भोगो से रहित (वीतराग) रहता है। द्वेषगतिगामी हो जाने पर भी वह सभी प्राणियो के प्रति क्रोधरहित रहता है। मोहगतिगामी होने पर भी वह सभी चीजो के प्रति प्रज्ञा और स्मृतिपूण चित्त रखता है।

"मात्सयगतिगामी (ईर्ष्या के मार्ग पर चलने वाला) होने पर भी वह अपनी देह और अपने जीवन से निरपेक्ष होता है तथा अपनी सभी आन्तरिक एव बाह्य वस्तुओ को छोड देता है। दु शीलगतिगामी होने पर भी वह अल्प अपराध से भयभीत रहता है अतएव सभी प्रकार के धूतगुणो[1] अथवा तपस्याओ का अनुगमन करता है। शत्रुता

---

१ धूतगुण अथवा धुतग तरह प्रकार की तपस्याएँ, व्रत अथवा योगाभ्यास हैं जो प्राचीन भारत में कुछ बौद्ध भिक्षुओं में प्रचलित थे।

(१) पांसुकूलिक, फेंके हुए पुराने कपडे के टुकडों से बने वस्त्र पहनने वाला।

और क्रोध के माग का अनुगामी होने पर भी वह पूरी तरह शत्रुतारहित और मित्रतापूवक रहता है। आलस्य के मार्ग पर चलता हुआ भी वह निरंतर प्रयत्नपूवक सभी कुशलमूलो की प्राप्ति मे लगा रहता है। इंद्रियो के यभिचार के मार्ग पर चलने पर भी वह स्वभाव मे स्थित और अमोघ (अटल) ध्यान मे रहता है। दुष्प्रज्ञ गतिगामी (झूठे ज्ञान के माग पर चलने वाला) होने पर भी वह प्रज्ञापारमिता की गति (अवस्था) को प्राप्त होने के कारण सभी लौकिक और पारलौकिक (लोकोत्तर) शास्त्रो (विद्याओ) का पण्डित होता है।

'कुहना[२] (वाणी का मिथ्याचार) एव लपना[३] (अपने विषय मे बढा चढ़ा कर बात करना, डींग हाँकना आदि इस तरह) का यवहार करते हुये भी वह रहस्यमय भाषाओं[४] (गूढ़ार्थों) का जानकार होता है और उपायकौशल्य के प्रयोग मे पारगत

---

(२) त्रैचीवरिक, केवल तीन चीवर (वस्त्र) पहनने वाला।

(३) पैण्डपातिक, माँग कर प्राप्त किये गये भिक्षान्न पर निर्भर रहने वाला।

(४) सपदानचारिक, दर दर से भिक्षान्न माँग कर भोजन करने वाला।

(५) एकासनिक, एक ही आसन में बैठकर भोजन करने वाला।

(६) पत्तपिण्डिक, एक ही पात्र से भोजन करने वाला।

(७) खलुपश्चाद्भक्तिक, पहले मनाही करने के बाद फिर अतिरिक्त भोजन करने वाला।

(८) आरण्यक, वन में निवास करने वाला।

(९) वृक्षमूलिक, वृक्ष के मूल में रहने वाला।

(१०) अभ्यवकाशिक (अभ्रावकाशिक), खुले आकाश के नीचे रहने वाला।

(११) श्मशानिक, श्मशान (मुर्दाघाट) में रहने वाला।

(१२) यथासस्तरिक, जहाँ पर रात हो जाय वहीं विस्तर फैलाकर सोने वाला।

(१३) नैषद्यिक, बैठे हुए सोने वाला, रात को भी बैठे हुए सो जाने वाला।

२ कुहन कुहना एक प्रकार का मिथ्याजीव है। भिक्षु जब उपासकों से दान लेने की इच्छा से वाक्चातुर्य दिखाता है तो उसका यह आचरण कुहन कहलाता है। ऐसा व्यक्ति कुहक कहलाता है।

३ लपन/लपना भी एक प्रकार का मिथ्याजीव है। भिक्षु जब अपने धामक गुणों का बढ़-चढ़ कर इस उद्देश्य से वणन करता है कि उसको उपासक खूब दान भेंट चढाएँ तो उसका यह आचरण लपना कहा जाता है। ऐसा यक्ति 'लपक कहलाता है।

४ सध्याभाषा/सधाभाषा ऐसी रहस्यमयभाषा जिसका यक्त अर्थ गुप्त (निहित) अर्थ से भिन्न

होता है। मान (अभिमान) का मार्ग दर्शाता हुआ भी वह सभी लोगो के (चलने के) लिये पुल (सेतु) एव पर रखने का ऊचा स्थान (वेदिका) होता है। क्लेश गतिगामी होते हुये भी वह अत्यन्त सक्लेशरहित एव स्वभाव से ही परिशुद्ध है।

"मार के मार्ग पर चलने पर भी वह सभी बुद्ध गुणो के बारे मे मार की शिक्षा का अनुसरण नही करता है। श्रावको के मार्ग पर चलने पर भी वह प्राणियो को ऐसा धर्म-श्रवण करवाता है जो उन्होने पहले नही सुना था (अर्थात् श्रावकयान मे रहते हुये भी वह लोगो को महायान का उपदेश सुनाता है)। प्रत्येकबुद्धो के मार्ग का अनुगामी होते हुये भी वह सभी प्राणियो के परिपाचन के लिये महाकरुणा से प्रेरित होता है। दरिद्रगतिगामी होता हुआ भी वह अपने हाथ मे धन का अक्षय रत्न (अर्थात् बोधिचित्त)[५] रखता है। अपगुओ (हतेन्द्रिय लोगो) के मार्ग का अनुगामी होते हुये भी वह सुन्दर और (महापुरुष) के लक्षणो से अलकृत होता है। हीनकुलीनगतिगामी (हीन कुल मे उत्पन्न हुये लोगो के मार्ग पर चलने वाला) होने पर भी वह अपने पुण्य एव ज्ञान के सचय के कारण तथागत के वश में उत्पन्न होता है। दुर्बल, कुरूप एव मन्द लोगो के मार्ग पर चलने पर भी वह दर्शनीय और नारायण[६] (शक्तिशाली) के समान (बलिष्ठ) शरीर वाला होता है।

'सभी सत्वो की, रोगी और दुखी लोगो की, चर्या वाला दिखाई देने पर भी वास्तव मे वह मृत्यु एव भय का अतिक्रमण करके उन पर पूर्ण विजय प्राप्त करता

हो। उपायकौशल्य की भाषा जिसका प्रयोग बुद्ध एव बोधिसत्व करते हैं और अथवा गुह्य योग साधन की भाषा जिसका प्रयोग बौद्ध सिद्धों ने किया था।

५ महायानसूत्रों व शास्त्रों में 'बोधिचित्त' को अक्षयनिधि, कल्पवृक्ष एव चिन्तामणि कहा गया है। सभी प्राणियों के कल्याण के लिये बुद्धत्व प्राप्त करने का दृढ निश्चय व विचार 'बोधिचित्त' कहलाता है।

६ नारायण' शब्द वैदिक उत्पत्ति का न होकर सिन्धुघाटी की प्राचीन भाषा की देन है। सम्भवत यह शब्द मेसोपोटामियाँ से भारत में आया था। इसका मूल अर्थ था 'जल में रहने वाला देवता' (नारा = जल)। कालान्तर में सस्कृत वैष्णव साहित्य में यह 'विष्णु' के नाम के रूप में अपनाया गया। विष्णु को भी शेषशायी के रूप में जल में विहार करने वाला देवता माने जाने लगा। बौद्ध ग्रन्थों में नारायण' अथवा 'महानारायण' एक काल्पनिक व अत्यन्त बलशाली पुरुष की शक्ति का प्रतीक है। विश्वास किया जाता हैं कि भगवान् बुद्ध का शारीरिक बल सैकड़ों नारायणों के बल से भी अधिक था।

है। धनी लोगों (अथवा धन) के माग पर चलता हुआ भी वह धनसग्रह की प्रवृत्ति से मुक्त होता है और बहुधा अनित्यता के विचार का गूढ मनन करता है। यद्यपि बोधिसत्व अन्तपुर के अनेक रसो मे रसिक दिखाई देता है परन्तु वह विवेकचारी (एकान्तवासी) तथा कामरूपी कदम (कीचड) से उत्तीण (पार गया हुआ) होता है। धातुओ और आयतनो की अवस्था (गति) मे रहने पर भी (अथवा चीनी अनुवादो के अनुसार मूक और असगत प्राणियो के मध्य रहता हुआ भी) वह धारणी प्राप्त (मन्त्रो की शक्ति से सम्पन्न) एव विविध प्रकार के प्रतिभान (भाषण कौशल) से विभूषित होता है। तीर्थिको (अन्य धर्मों व दशनो के आचार्यों व अनुयायियो) के माग का अनुगमन करने पर भी वह तीर्थिक नही होता है। लोक के सभी मार्गों पर चलने पर भी (सवलोकगतिगामी होने पर भी) वह सभी गतियो (जीवन की योनियो) को उलट देता है। निर्वाणगतिगामी (निर्वाण के माग पर चलता हुआ) होने पर भी वह ससार की यवस्था (ससार के प्राणियो क कल्याण का प्रब ध) नही छोडता है।

'मजुश्री, इस (उपयुक्त) प्रकार से बोधिसत्त्व अमाग (अगति) से चलता हुआ भी बुद्ध के गुणो की प्राप्ति के माग पर चलता है।

तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने मजुश्री से पूछा—"मजुश्री तथागतो का गोत्र क्या है?"

मजुश्री ने कहा— कुलपुत्र सत्काय (अहकार) तथागतो का गोत्र है। तथागतो का गोत्र अविद्या, भव एव तृष्णा है, राग, द्वेष, मोह और चतुर्विध विपर्यास[७] है पाच नीवरण (बाधाए) छ आयतन, सात प्रकार की विज्ञान की

---

७ विपर्यास (पालि विपरियास, विपल्लास) अज्ञान पर आधारित गवेषणा या धारणा है। चतुर्विध विपर्यास द्र० **अङ्गुत्तरनिकाय,** खण्ड २, पृ ५४–५५ तथा **शिक्षासमुच्चय,** पृ १०९। १ अनित्य को नित्य समझना, अनात्मा को आत्मा समझना, ३ अशुभ (अशुचि) को शुभ (शुचि) समझना, ४ दुख को सुख समझना।

८ नीवरण का अर्थ रुकावट या बाधा है, पाँच नीवरणों की सूची द्र **दीघनिकाय,** खण्ड १, पृ० ९३–

१ कामच्छन्द (कामगुणों की इच्छा), २ व्यापाद (द्विष्ट विचार), ३ स्त्यानमिद्ध (प्रमाद व निद्रा, बेहोशी व सुस्ती), ४ औद्धत्य कौकृत्य (उद्धत व्यवहार एव पश्चात्ताप, दिल्लगी पूर्णता एव चिन्ता), ५ विचिकित्सा (सन्देह, विश्वासहीनता)।

स्थितियाँ,[९] मिथ्या[१०] माग के आठ अग, नौ प्रकार की आघात वस्तुएँ[११] एव दस प्रकार के अकुशल कम पथ[१२] हैं। कुलपुत्र तथागतो का गोत्र इस प्रकार का है। सक्षप मे कुलपुत्र, बासठ दृष्टियाँ तथागतो का गोत्र है।

विमलकीर्ति ने पूछा—"किस बात (कौन सी चीज) को ध्यान मे रखकर आप ऐसा कहते हैं?'

---

९ विज्ञान की सात स्थितियों (सत्त विञ्ञाणट्ठितियो) के लिए द्र० दीघनिकाय, खण्ड ३, पृ० १९४–१९५ अङ्गुत्तरनिकाय, खण्ड ३ पृ १८४।

(१) नाना प्रकार के मनुष्य, देवता व नारकीय प्राणी जिस स्थिति में हैं वह विज्ञान की पहली स्थिति है।

(२) नाना प्रकार के ब्रह्मकायिक देवता विज्ञान की दूसरी स्थिति में हैं।

(३) एक समान शरीर पर-तु विविध सज्ञा वाले आभास्वर देवता विज्ञान की तीसरी स्थिति में हैं।

(४) एक समान शरीर व सज्ञा वाले शुभप्रकाश देवता विज्ञान की चौथी स्थिति में हैं।

(५) जो प्राणा आकाशान-त्यायतन में विहार करते हैं वे विज्ञान की पाँचवीं स्थिति मे हैं।

(६) जो प्राणी विज्ञानान त्यायतन में विहार करते हैं वे विज्ञान की छठी स्थिति में हैं।

(७) जो प्राणी आकिंच यायतन में विहार करते हैं वे विज्ञान की सातवीं स्थिति में हैं।
यह सभी सातों स्थितियाँ ससार में ज-म लने वाले प्राणियों के विज्ञान की हं जो निर्वाण से सवथा दूर हैं।

१० अष्टांगमाग के ठीक प्रतिकूल मिथ्या मागागों से अभिप्राय है।

११ नौ प्रकार की आघात वस्तुएँ (पालि 'नव आघात पटिविनया') दीघनिकाय, खण्ड ३, पृ १०३ में इस प्रकार गिनाई गई हैं—

(१) उसने मुझे हानि पहुँचाई, (२) वह मुझे हानि पहुँचा रहा है (३) वह मुझे हानि पहुँचायेगा ( ) जो मेरा प्रिय है उसको हानि पहुँचाई (५) उसको हानि पहुँचा रहा हैं उसको हानि पहुँचायेगा (७) जो मेरा अप्रिय है उसको उसने लाभ पहुँचाया (८) उसको लाभ पहुँचा रहा है (९) उसको लाभ पहुँचायेगा। इस प्रकार की नौ बातों को सोचकर कलह व द्वेष में उलझना आघात वस्तुओं का आचरण करना है।

१२ दस कुशलकर्मपथों के ठीक प्रतिकूल दस अकुशलकर्मपथ हैं।

मजुश्री ने उत्तर दिया —"कुलपुत्र, असस्कृत दशन मे अवतरित (स्थित) रहने से अनुत्तर सम्यक सम्बोधि का चित्तोत्पादन नही हो सकता है। क्लेशो के घर (भण्डार) मे सस्कृत वस्तओ के बीच मे सत्य के दर्शन किये बिना अनुत्तर सम्यक सम्बोधि का चित्त उत्पन्न किया जा सकता है।

"कुलपुत्र, उत्पल (नील कमल), पद्म (रक्तकमल) कुमुद तथा पुण्डरीक (श्वेतकमल) जैसे सुगन्धियुक्त कुसुम जागल (सूखीभूमि) में उत्पन्न नही होते हैं, परन्तु पक (कीचड) और (तालाबो के) किनारे में उत्पन्न होते हैं। इसी प्रकार असस्कृत नियत-प्राप्ति वाले प्राणियो (जिन्हें असस्कृत, अर्थात् निर्वाण का प्राप्ति निश्चित रूप से होनी है ऐसे प्राणियो मे) बुद्ध गुणो की उत्पत्ति नही होती है। क्लेश रूपी पक के (तालाब के) किनारे के समान प्राणियों मे बुद्ध गुण उत्पन्न होते हैं। जिस प्रकार आकाश मे बीज नही उगते हैं अपितु भूमि पर उगते हैं उसी प्रकार असस्कृत की प्राप्ति मे नियत (स्थित) प्राणियो मे बुद्ध गुणो का विकास नही होता है सुमेरु के समान सत्कायदृष्टि (का पर्वत) पदा करके जो बोधिचित्तोत्पाद करते हैं उनमे बुद्ध गुणो का उत्पादन और विकास होता है।[13]

"कुलपुत्र, इन अनेक प्रकार के उदाहरणो को ध्यान मे रखते हुये सभी क्लेशो को तथागत का गोत्र (मार्ग) समझना चाहिये। उदाहरणार्थ, कुलपुत्र, महासमुद्र मे प्रवेश किये बिना अमूल्य रत्न प्राप्त करना सम्भव नहीं है, इसी प्रकार क्लेशो के सागर मे प्रवेश किये बिना ही सर्वज्ञता की प्राप्ति असम्भव है।"

तब स्थविर महाकाश्यप ने मजुश्री कुमारभूत का साधुकार करते हुये कहा—"साधु, साधु, मजुश्री। यह वचन सुभाषित है, यह सत्य है। तथागत का गोत्र क्लेश है। हम जैसे (श्रावको जैसे) लोग कसे बोधिचित्तोत्पाद कर सकते हैं? (अथवा कैसे बुद्ध गुणो का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं?) पाँच आनन्तय अपराधो के सयोग से ही बोधि चित्तोत्पाद हो सकता है और बुद्ध गुणो का ज्ञान प्राप्त हो सकता है। उदाहरणार्थ, जिस प्रकार विकलेन्द्रिय (इन्द्रियों से रहित अथवा सदोष

---

१३ यह अन्तिम वाक्य शिक्षासमुच्चय पृ० ७ में उद्धृत है।

तुलनीय रत्नकूटसूत्र (प्रसन्नपदा, पृ० १०८)—" वर खलु काश्यप सुमेरुमात्रा पुद्गलदृष्टिराश्रिता, न त्वेव अभावाभिनिवेशिकस्य शून्यतादृष्टि.।"

इन्द्रियो वाले) पुरुषों मे पाच कामगुणो[१४] (इच्छा के विषयो) का कोई प्रभाव नही होता है (कामगुण निगुण हो जाते हैं क्योकि विकलेन्द्रिय पुरुष उनका उपभोग नही कर सकता है) इसी प्रकार जिन श्रावको ने सभी सयोजन छोड दिये हैं उन पर सभी बुद्ध गुणो का कोई प्रभाव नही हो सकता है, वे श्रावकगण बुद्ध गुणो को अपनाने मे असमथ होते हैं।

"अतएव मजुश्री, पृथग्जन (साधारण व्यक्ति) तथागत के प्रति कृतज्ञ है परन्तु श्रावकगण अकृतज्ञ हैं। क्योकि पृथग्जन बुद्ध गुणो के विषय मे सुनकर त्रिरत्न (बुद्ध, धर्म, एव सघ) की गोत्र परम्परा को लगातार (अनुच्छिन्न) सुरक्षित रखने के लिये अनुत्तर सम्यक सम्बोधि का चित्त उत्पन्न करते हैं, परन्तु श्रावकगण जीवनभर बुद्ध के गुणो बलो एव वशारद्यो के विषय मे सुनने के पश्चात् भी अनुत्तर–सम्यक–सम्बोधि का चित्तोत्पाद करने में असमथ हैं।"

तत्पश्चात् उस परिषद् मे शामिल हुये वहाँ पर बठे हुये बोधिसत्त्व सवरूपसन्दशन ने लिच्छवि विमलकीर्ति से कहा–"गृहपति आपके माता और पिता, पुत्र, पत्नी, दास, दासी, मजदूर (काय करने वाले) और सेवक कहाँ हैं ? आपके मित्र, सगे सम्बन्धी एव नातेदार कहाँ हैं ? आपके परिचारक (नौकर), घोडे हाथी, रथ, वाहन एव अगरक्षक (पैदल सिपाही) कहाँ हैं ?"

लिच्छवि विमलकीर्ति ने बोधिसत्त्व सर्वरूपसन्दर्शन से निम्नलिखित गाथाओ में कहा —

---

१४ कामगुण = कामना, वासना अथवा इच्छारूपी रस्सी के ताने या धागे। जो तत्त्व काम के स्वरूप के अग हैं उन्हें काम गुण कहा जाता है। इनकी सख्या पाँच है। द्र० मज्झिम निकाय, खण्ड १, पृ० ११८–११९—

(१) चक्षुविज्ञान द्वारा ज्ञात रूप जो दिखाई देनेवाले, इष्ट प्रिय, सुखदायी, सुन्दर, काम से ओत प्रोत हैं और आपक हैं।

(२) श्रोत्रविज्ञान द्वारा ज्ञात शब्द आकर्षक हैं।

(३) घ्राणविज्ञान द्वारा ज्ञात गन्धयुक्त पदार्थ आकर्षक हैं।

(४) जिह्वाविज्ञान द्वारा ज्ञात रस आकर्षक हैं।

(५) कायविज्ञान द्वारा ज्ञात स्प्रष्टव्य वस्तुएँ आकर्षक हैं।

(१) विशुद्ध बोधिसत्त्वो की माँ है प्रज्ञापारमिता ।
पिता उपायकौशल्य इन्ही से उत्पन्न होते हैं लोकनेता ॥[१५]

(२) धर्मप्रीति उनकी पत्नी, लडकियाँ करुणा और मैत्री ।
धर्म एव सत्य हैं दो पुत्र, शून्यतार्थचिन्तन उनका घर ॥

(३) सारे क्लेश उनके शिष्य हैं इच्छानुसार सनियन्त्रित ।
बोधि के अग उनके मित्र हैं महाबोधि के सम्बधक ॥

(४) षट पारमितायें[१६] है उनकी सहेलियाँ, रहती सदा सहायक ।
सग्रहवस्तुयें हैं उनके नारीभवन, धर्मोपदेश उनका सगीत ॥

(५) विभूतियो का उनका उद्यान, जिसमे खिलते बोधि अग फूल ।
धर्ममहाधन के वृक्ष हैं इसमे विमुक्ति-ज्ञान के उत्तम फल ॥

(६) अष्ट विमोक्ष उनकी पुष्करिणी भरपूर, समाधि-जल ।
विशुद्धि-पद्मो से ढकी, जो नहाते इसमे हो जाते शुचि-निमल है ॥

(७) अभिज्ञाएँ हैं उनके वाहक, अनुत्तरमहायान उनका रथ ।
बोधिचित्त है उनका सारथि अष्टविध शान्ति उनका पथ ॥

(८) लक्षण और अनुव्यजन हैं बोधिसत्त्वो के आभूषण ।
कुशल आशय और लज्जा हैं उनके वस्त्र परिधान ।

(९) उनका धन है सद्धर्म[१७], इसका उपदेश उनका व्यापार ।
पवित्र प्रतिपत्ति उनका महालाभ, बोधि प्राप्ति उनका परिणाम ॥

---

१५ तुलनीय प्रज्ञापारमिता स्तुति, ६-७—
सर्वेषामपि वीराणां परार्थनियतात्मनाम् ।
पाधिका जनयित्री च माता त्वमसि वत्सला ॥
यद्बुद्धा लोकगुरव पुत्रास्तव कृपालव ।
तेन त्वमपि कल्याणि सर्वसत्त्वपितामही ॥

१६ छ परिमिताएँ—दान, शील क्षान्ति, वीर्य, ध्यान, प्रज्ञा ।

१७ सद्धर्मरूपी श्रेष्ठ धन सप्तविध माना गया है । द्र दीघनिकाय, खण्ड ३, पृ० १२६—
१ सद्धा (श्रद्धा), २ सील (शील), ३ हिरि (ही, सरलता), ४ ओतप्प (अपत्राप्य लज्जा),
५ सुत (श्रुत, ज्ञान), ६ चाग (त्याग), ७ पञ्ञा (प्रज्ञा) ।

(१०) चार ध्यान उनके शयनासन, शुद्धाजीव से हुए सुविस्तृत ।
ज्ञान है उनका प्रबोधन, वे सदा धमश्रवण मे दत्तचित्त ।।

(११) अमृत का वे भोजन करते निर्वाण रस का पान ।
शील उनका ग"ध विलेपन, शुद्ध अभिप्राय उनका स्नान ।।

(१२) क्लेश शत्रुओ का करके विनाश, हो गये वे अजेय वीर ।
मारचतुष्टय के विजेता, उत्तुग फहराते बोधिमण्डचीर[१८] ।।

(१३) स्वेच्छा से ज म दर्शाते, बोधिसत्त्व ज म और उत्पत्ति से परे ।
सभी बुद्धक्षेत्रो मे प्रभासित होते बोधिसत्त्व सूय से खरे ।।

(१४) कोटि कोटि बुद्धो की पूजा करते, सवविधि अचन और सम्मान ।
हमे बुद्धो की सेवा करनी चाहिये ऐसा कभी होता नही उनको भान ।।

(१५) सभी प्राणियो के हित के लिये, बुद्धक्षत्रो का वे करते भ्रमण ।
बुद्धक्षेत्रो को आकाशवत समझते, सत्त्वो को करत असत्त्व रूप मे स्मरण ।।

(१६ सभी[१] प्राणियो के रूप, शब्द स्वर और विविध यवहार ।
क्षण भर में दर्शा देते ये बोधिसत्त्व का वशारद्य ।।

(१७) मार कार्यों के ज्ञाता होने पर भी वे मार के साथ रह सकते हैं ।
उपायकौशल्य में निपुण ये बोधिसत्त्व सभी कार्यों को दर्शाते हैं ।।

(१८) प्राणियो के विकास के लिये वे मायावी क्रीडा करते हैं ।
अपने को वृद्ध और रोगी ही नही अपितु मृत भी दिखात हैं ।।

(१९) कल्पा"त मे होने वाले अग्निदाह से वे वसु धरा को जलते दिखाते हैं ।
नित्यता की धारणा वाले मनुष्य को अनित्यता दिखाने के लिये ।।

(२०) एक ही राष्ट म शत सहस्र प्राणियो का निम त्रण पाते हैं ।
पर सभी के घरा मे भोजन करते और बोधि को समर्पित करते हैं ।।

(२१) बोधिसत्त्व सभी प्रकार की म"त्रविद्याओ और विविध शिल्पस्थानो मे ।

---

१८ तुलनीय अङ्गुत्तर निकाय, खण्ड २, पृ० ५४—"धम्मो हि इसिन धजो ।"
धर्म ही ऋषि की ध्वजा है । चीर—ध्वजा, झण्डा ।

१ इस अनुवाद की १६ व १८ से ४१ तक की गाथाएँ मूलरूप में **शिक्षासमुच्चय**, पृ० १७२–१७४में उद्धृत हैं । अनूदित गाथाओं में क्रमसख्या अनुवादक ने डाल दी है । तिब्बती सस्करण व सस्कृतानुवाद में गाथाओं की क्रमसख्या नही है ।

सर्वत्र पूर्णता प्राप्त करते है और सभी प्राणियों को सुख देते हैं ।।

(२२) लोक मे प्रचलित सभी धार्मिक सम्प्रदायो मे प्रव्रजित होकर ।
नाना प्रकार की दृष्टियो से बधे हुये प्राणियो का परिपाचन करते हैं ।।

(२३) बोधिसत्व चन्द्रमा सूर्य अथवा इन्द्र, ब्रह्मा, प्रजापति हो सकते हैं ।
वे जल, अग्नि पृथिवी अथवा वायु का रूप धारण कर सकते हैं ।

(२४) रोगो से भरे अन्तरकल्पो मे ये बोधिसत्व उत्तम औषधि हो जाते हैं ।
जिससे वे सारे प्राणी निरोग, सुखी और मुक्त हो जाते हैं ।

(२५) अकाल और दुर्भिक्ष से पीडित अन्तरकल्पो मे वे भोजन पान हो जाते हैं ।
प्राणियो की भूख प्यास मिटा कर वे धर्म का उपदेश करते हैं ।।

(२६) शस्त्र (युद्ध) से ग्रस्त अन्तरकल्प मे वे मैत्री का ध्यान करते हैं ।
सकडों करोड प्राणियों को अहिंसा और अव्यापाद मे अग्रसर करते हैं ।।

(२७) महासग्राम के मध्य मे वे दोनो पक्षो के प्रति निष्पक्ष रहते है ।
क्योकि महाबलशाली बोधिसत्त्व सन्धि एव समझौते में आनन्द लेते है ।।

(२८) अचिन्त्य बुद्धक्षेत्रो मे जो कोई भी नरक हैं वहाँ स्वय ।
जानबूझ कर बोधिसत्त्व प्राणियो के हित के लिये जाते हैं ।।

(२९) जो कोई भी पशु योनियाँ हैं उन सभी मे वे प्रकट होते हैं ।
और सर्वत्र धर्म का उपदेश करने के कारण वे नायक कहलाते हैं ।।

(३०) विषयी लोगो मे वे कामभोगो को और ध्यानियो में ध्यान को प्रकट करते हैं ।
मार को परास्त करके पुन मार को वे प्रकट नही होने देते हैं ।।

(३१) अग्नि के मध्य जिस प्रकार कमल की सत्ता को असिद्ध करते हैं ।
उसी प्रकार वे कामभोगो और ध्यान की असत्ता को सिद्ध करते हैं ।

(३२) पुरुषो को आकर्षित करने को गणिकाओ का रूप धारण करते है ।
राग अकुर द्वारा लुभाकर उन्हे फिर बुद्धज्ञान मे स्थापित करते हैं ।।

(३३) प्राणियो के हित के लिये वे सदा ग्रामप्रमुख होते हैं ।
सार्थवाह पुरोहित, प्रधानमन्त्री, और मन्त्री भी हो जाते हैं ।

(३४) दरिद्र प्राणियो के लिये वे अक्षय निधि बन जाते हैं ।
उनके दान को पा करके प्राणी बोधिचित्तोत्पाद करते हैं ।।

(३५) अभिमानी और कठोर प्राणियो के लिये वे महावीर होते है ।
सभी प्राणियो का मान मर्दन करके उ हे बोधि के पथ पर लगाते ह ॥

(३६) भयभीत और त्रस्त प्राणियो के मध्य वे सदा अग्र स्थित रहते ह ।
उ हे भयरहित बनाकर बोधि के लिये उनका परिपाचन करते ह ॥

(३७) पाँच अभिज्ञाओ से सम्प न वे पवित्र चर्या वाले ऋषि होते हैं ।
प्राणियो को शील, क्षा ति, मृदुता और सयम मे अग्रसर करते हैं ॥

(३८) ये विशारद बोधिसत्त्व सभी प्राणियो को आदरणीय देखते हैं ।
उनके सेवक व दास हो जाते हैं अथवा उनकी शिष्य रूप मे सेवा करत हैं ॥[20]

(३९) महान उपायकौशल्य से सुशिक्षित वे सभी क्रियाए दर्शाते है ॥
जिस जिस क्रिया से प्राणी धर्म में अनुरक्त हो उसी को करते है ॥

(४०) बोधिसत्त्वो के सिद्धा त हैं अनन्त, अनन्त उनके काय प्रभाव क्षेत्र ।
अन त ज्ञान से सम्पन्न वे, अन त प्राणियो को मुक्त करते हैं ।

(४१) बोधिसत्त्व गुणो के वणन का बुद्धो द्वारा भी अ त नही होता है ।
एक करोड कल्पो अथवा सकडो करोड कल्पो तक भी उनका वणन नही होता है ॥

(४२) अज्ञानी और अधम प्राणियों के अतिरिक्त ।
कौन ज्ञानी इस धर्मश्रवण पर नही करेगा उत्तम बोधिचित्त ?

सप्तम परिवर्त समाप्त ।

---

२० तुलनीय बोधिचर्यावतार, ३ १८ ।

८ अद्वयधर्म का प्रवेशद्वार[1]

लिच्छवि विमलकीर्ति ने उन बोधिसत्त्वो से कहा— 'सत्पुरुषो ! बोधिसत्त्वो द्वारा अद्वयधर्म के द्वार मे प्रवेश कैसे होता है ? कृपया स्पष्ट कीजिये ।'

१ वहाँ पर उपस्थित धर्मविकुर्वाण नामक बोधिसत्त्व ने कहा— कुलपुत्र, उत्पाद और भग (विनाश) दो (द्वय) हैं, परन्तु जो अनुत्पन्न और जन्मरहित है उसमे कोई विनाश नहीं है वह नष्ट नही हो सकता है। अनुत्पत्तिक धर्म क्षान्ति की प्राप्ति अद्वय प्रवेश है।''

२ बोधिसत्त्व श्रीगुप्त ने कहा— ' मैं' और 'मेरा' द्वय हैं। आत्मा के आरोप के अभाव मे ममत्व (अपनत्व) नहीं होता है। इस प्रकार समारोप का अभाव अद्वय प्रवेश है।'

३ बोधिसत्त्व श्रीकूट ने कहा— ' सक्लेश (दोष) एव व्यवदान (शुद्धि) ये द्वय हैं। सक्लेश का पूर्ण ज्ञान होने पर व्यवदान का अभिमान नहीं होता है। सब प्रकार के मान के उन्मूलन का मार्ग अद्वय प्रवेश है।'

---

१ द्वैतवाद का निराकरण एव अद्वयपरमार्थ का स्पष्टीकरण इस परिवर्त का मुख्य विषय है। इस विषय को समुचित रूप से समझने के लिये पाठकों को निम्नलिखित बौद्ध शास्त्रों का गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करना चाहिये—
नागार्जुनकृत-मूलमध्यमककारिका, चन्द्रकीर्ति विरचित प्रसन्नपदा मध्यमकवृत्ति, आर्यदेव रचित चतुःशतक तथा चन्द्रकीर्ति रचित चतुःशतकवृत्ति मैत्रेयनाथ विरचित मध्यान्त विभागशास्त्र; शान्तिदेव विरचित बोधिचर्यावतार का नवां परिच्छेद, प्रज्ञाकरमति की पंजिका के साथ वज्रच्छेदिकाप्रज्ञापारमितासूत्र, समाधिराजसूत्र, काश्यपपरिवर्त तथा लङ्कावतारसूत्र। एतद्विषयक आधुनिक चर्चा एव पश्चिमी विद्वानों के ग्रन्थों की सूचना के लिये द्रष्टव्य मेरा लेख ट्रुथ, ए बुद्धिस्ट पर्सपेक्टिव (सत्य, एक बौद्ध दृष्टि) जर्नल ऑफ रिलीजियस स्टडीज, वॉल्यूम ४ न० १ (पटियाला पजाबी यूनिवर्सिटी, १९७२), पृ० ६५ ७६ ।

४ बोधिसत्त्व भद्रज्योति ने कहा—' 'चल एवं 'म यना' (चित्त की स्थिरता) ये द्वय हैं। जो अचल है उसमे म-यना नहीं है। उसका मनसिकार नही होता है, वह अधिकार से परे है। मानसिक अधिकार की अनुपस्थिति अद्वय प्रवेश है।'

५ बोधिसत्त्व सुबाहु ने कहा-' ोधिचित्त' एवं 'श्रावकचित्त' ये द्वय है। जब दोनो को मायाचित्त के समान देखा जाता है तब न बोधिचित्त होता है और न श्रावकचित्त होता है। इस प्रकार जो चित्त की समलक्षणता है वही अद्वय प्रवेश है।'

६ बोधिसत्व अनिमिष ने कहा-'' आदान एवं 'अनादान' ये द्वय हैं। जो अनुपा दान है वह अनुपलब्ध है। जो अनुपलब्ध है उसकी न तो कल्पना की जा सकती है और न उसका अपकर्षण (विरोध) ही हो सकता है। इस प्रकार सभी धर्मों की क्रिया और आचार का अभाव अद्वय प्रवेश है।'

७ बोधिसत्त्व सुनेत्र ने कहा- 'लक्षण वशिष्टय एवं लक्षणहीनता' यह द्वय है। जो कल्पना न करना और सकल्प न करना है वही लक्षण वशिष्टय और लक्षणहीनता का अभाव है। जो लक्षण विशेष और विलक्षणता (लक्षणहीनता) की समलक्षणता है वह अद्वय प्रवेश है।'

८ बोधिसत्त्व तिष्य ने कहा—'' 'कुशल एवं 'अकुशल' ये द्वय हैं। जो कुशल और अकुशल का सम्पादन न करना है और जो निमित्त और अनिमित्त के अद्वय का ज्ञान है वह अद्वय प्रवेश है।"

९ बोधिसत्त्व सिंह ने कहा—' सावद्य (पाप) एवं 'अनवद्य (पुण्य) ये द्वय हैं। प्रभद करने वाले ज्ञान रूपी वज्र[२] से न ब धन मे पडना और न मुक्त होना अद्वय प्रवेश है।'

१० बोधिसत्त्व सिंहमति ने कहा-'' यह सास्रव है यह अनास्रव है ऐसा कहना द्वय है।[३] जिसने समताधम प्राप्त कर लिया है जो सास्रव और अनास्रव की सज्ञा नही

---

२ पालि ग्रन्थों में प्रज्ञा (पञ्ञा) की उपमा खड्ग या शस्त्र से दी गइ है। मिलिन्दप्रश्न (मिलिन्दपञ्हो), पृ ६४, ८ में कहा गया है—
"जो कुछ काटा जा सकता है प्रज्ञा से ही काटा जा सकता है और कोई ऐसी वस्तु नहीं है जो प्रज्ञा को काटे।"

३ तुलनीय अभिधर्मकोशकारिका १ ४ "सास्रवाऽनास्रवा धर्मा।"

रखता है पर तु जो सज्ञारहित भी नही है, जो समता मे न समता प्राप्त करता है और न सज्ञाग्रथि वाला ही है, इस प्रकार की अवस्था में आ पहुचना अद्वय प्रवेश है।'

११ बोधिसत्त्व सुखाधिमुक्त ने कहा—'' 'यह सुख है' यह सुख नही है यह द्वय है। जो सुविशुद्धज्ञान के द्वारा सभी प्रकार की गणित (सख्या) से मुक्त है जिसकी बुद्धि आकाश की भांति अलिप्त है[४], वह अद्वय प्रवेश करता है।''

१२ बोधिसत्त्व नारायण ने कहा— 'यह लौकिक हैं, 'यह लोकोत्तर है यह द्वय है। लोक की जो स्वभावशू यता है उसमें कुछ भी अतिक्रमण करना अथवा प्रवेश करना नही होता है, न अधिगति होती है और न अनधिगति ही होती है (अर्थात् न प्रगति होती है और न अप्रगति ही होती है)। जिसका न अतिक्रमण होता है और न जिसमे प्रवेश होता है, जहाँ न प्रगति है और न अवरोध है, वह अद्वय प्रवेश है।'

१३ बोधिसत्त्व विनयमति ने कहा—' 'ससार एव 'निर्वाण —यह द्वय है। जिसने ससार के स्वभाव को देख (जान) लिया है, उसके लिये न ससार है और न निर्वाण है। इस प्रकार का ज्ञान अद्वय प्रवेश है।'[५]

१४ बोधिसत्त्व प्रत्यक्षदर्शन ने कहा—' 'क्षय' एव 'अक्षय'—यह द्वय है। जो क्षय है वह सुक्षीण है (अर्थात् जो क्षय है उसका पूर्णरूपेण क्षय हो चुका है।)। जो सुक्षीण है उसका कुछ भी क्षय नही होता है, इसी कारण वह अक्षय कहलाता है। जो अक्षय है वह क्षणिक है जो क्षणिक है उसका क्षय नही है। इस तथ्य को इस प्रकार समझना अद्वय धम का अवगाहन करना है।

१५ बोधिसत्त्व समन्तगुप्त ने कहा—''आत्मा' और 'नरात्म्य'—यह द्वय है।[६] जब आत्मा की ही सत्ता नही है तो नरात्म्य किसका करना है? इस प्रकार इन दोनों (आत्मा व अनात्मा) के अद्वय स्वभाव का दशन करने से अद्वय प्रवेश होता है।'

---

४ तुलनीय प्रज्ञापारमितास्तुति २-
"आकाशमिव निर्लेपां निष्प्रपञ्चां निरक्षराम्।"

५ तुलनीय मूलमध्यमककारिका, २५ १९-२० हेवज्रतन्त्र, १ १ ३२
(पृ० ३८) "पश्चात्तस्य समाख्यात विशुद्ध ज्ञानरूपिणम्।
ससारव्यवदानेन नास्ति भेदो मनागपि॥"

६ तुलनीय मूलमध्यमककारिका, १८ ६—

१६ बोधिसत्त्व विद्युद्देव ने कहा—'विद्या एव 'अविद्या'—यह द्वय हैं। जो स्वभाव अविद्या का है वही विद्या का भी है, और सज्ञापथ (विचारमाग) से परे है। इस (तथ्य) का अभिसमय (साक्षात्कार) अद्वय प्रवेश है।"

१७ बोधिसत्त्व प्रियदशन ने कहा—"रूप शून्य है, रूप के नाश होने से वह शून्य नही होता है अपितु रूप का स्वभाव ही शून्य है। इसी प्रकार वेदना, सज्ञा, सस्कार, और विज्ञान भी शून्य है। एक ओर शून्यता की बात करना और दूसरी ओर रूप वेदना, सज्ञा सस्कार व विज्ञान की बात करना यह द्वय है।[७] (अर्थात शून्यता और स्कन्धो की बात करना द्वयग्रस्त होना है)। विज्ञान स्वय शून्य है। विज्ञान के नाश होने के कारण विज्ञान शून्य नही है अपितु स्वभाव से ही विज्ञान शून्य है। जो इन पाँच उपादान स्कन्धो को इस प्रकार स्वभावत शून्य जानता है, इस प्रकार के ज्ञान से ज्ञाता है, वह अद्वय प्रवेश करता है।

१६ बोधिसत्त्व प्रभाकेतु ने कहा—'चार (महा) धातु अन्य हैं और आकाश धातु अन्य है, ऐसा कहना द्वय है।[८] चार (महा) धातु ही आकाश स्वभाव है। पूर्वान्त (भूतकाल का प्रारम्भ बिन्दु) भी आकाश स्वभाव है। अपरान्त (भविष्य काल का अन्त बिन्दु भी आकाश स्वभाव है। इसी प्रकार प्रत्युत्पन्न (वर्तमान काल) भी आकाश

"आत्मेत्यपि प्रज्ञपितमनात्मेत्यपि देशितम्।
बुद्धैर्नात्मा न चानात्मा कश्चिदित्यपि देशितम् ॥"
रत्नावली, २ ३—
"नैवमात्मा न चानात्मा यथाभूत्येन लभ्यते।
आत्मानात्मकृते दृष्टी ववारास्मा महामुनि ॥"

७ तुलनीय **हेवज्रतन्त्र**, १ ८ ३५ (खण्ड २, पृ० २८)—
'न रागो न विरागश्च मध्यम नोपलभ्यते।
नात्र प्रज्ञा न चोपाय सम्यक्तत्त्वावबोधत ॥"
द्र० **प्रज्ञापारमिताहृदयसूत्र** में पचस्कन्धों की शून्यता का स्पष्टीकरण
मूलमध्यमककारिका, स्कन्धपरीक्षा।

८ अभिधर्म परम्परा में पृथिवी, जल, तेज व वायु को महाभूत अथवा महाधातु और आकाश को असस्कृत धर्म माना गया है। हमारे सूत्र में इस मान्यता का खण्डन है।
द्र० **मूलमध्यमककारिका**, धातुपरीक्षा।

स्वभाव है। (अर्थात् जो स्वभाव आकाश का है वही चार महाधातुओ और तीन कालो का भी है) । जो ज्ञान इस प्रकार धातुओ में प्रवेश करता है वह अद्वय प्रवेश है।'

१९ बोधिसत्त्व अग्रमति ने कहा—'चक्षु एव रूप—यह द्वय है। चक्षु को भली भाँति जानकर रूप के प्रति लोभ, द्वेष, एव मोह न होने का नाम 'शान्ति' है। इसी प्रकार श्रोत्र एव 'शब्द' 'घ्राण' एव गध' 'जिह्वा' एव 'रस', 'काय' एव 'स्प्रष्टव्य' 'मन एव 'धर्म'—यह सब द्वय हैं। परन्तु मन को भली भाँति जान कर धर्मों के प्रति लोभ, द्वेष एव मान न रखने का नाम 'शान्ति है। इस प्रकार का शान्तिविहार (शान्ति मे विचरण) अद्वय प्रवेश है।[९]'

२० बोधिसत्त्व अक्षयमति[१] ने कहा—''सर्वज्ञता की प्राप्ति के लिये दान (पारमिता) की परिणामना करना द्वय है। दान का स्वभाव ही सर्वज्ञता है[११] और सर्वज्ञता का स्वभाव ही परिणामना (समर्पण) है। इसी प्रकार शील, क्षान्ति, वीर्य, ध्यान एव प्रज्ञा का सर्वज्ञता के लिये समर्पण करना भी द्वत है। सर्वज्ञता (वास्तव मे) शील, क्षान्ति, वीर्य, ध्यान एव प्रज्ञा का स्वभाव है। परिणामना भी सर्वज्ञता स्वभाव है। इस अद्वितीय पथ (एकनय) मे प्रवेश करना अद्वय प्रवेश है।'

२१ बोधिसत्त्व गम्भीरमति ने कहा—''शून्यता अन्य है, अनिमित्तता अन्य है और अप्रणिहितता अन्य है, ऐसा समझना द्वय है। जो शून्य है उसमें कोई भी निमित्त (चिह्न) नहीं है जो अनिमित्त है वह अप्रणिहित (इच्छारहित) है। जो अप्रणिहित है उसमें चित्त मन, अथवा विज्ञान का सचार नही होता। सभी विमोक्ष द्वारो को एक विमोक्ष द्वार समझना अद्वय प्रवेश है।'

२२ बोधिसत्त्व शान्तेन्द्रिय ने कहा—''बुद्ध, धर्म एव सघ, यह कहना द्वय है। बुद्ध का स्वभाव धर्म है[१२] धर्म का स्वभाव सघ है। ये सभी असंस्कृत हैं। असस्कृत आकाश

---

९ शान्ति निर्वाण का ही दूसरा नाम है। ''शान्त निर्वाणम्।''

१ अक्षयमति अति प्रसिद्ध बोधिसत्त्व है। अक्षयमतिनिर्देशसूत्र से लगभग २४ उद्धरण शिक्षासमुच्चय तथा ६ बोधिचर्यावतार पंजिका में सुरक्षित है। इस सूत्र का उल्लेख सूत्रसमुच्चय में भी हुआ है।

११ तुलनीय रत्नमेघसूत्र (शिक्षासमुच्चय, पृ २२) ''दान हि बोधिसत्त्वस्य बोधि।''

१२ तुलनीय शालिस्तम्बसूत्र (महायानसूत्रसंग्रह, भाग १, पृ० १०)—
''यो धर्मं पश्यति, स बुद्धं पश्यति।''

के समान है । सभी धर्मों का नय (व्यवहार) आकाश के समान है । इस तथ्य का अनु गमन करना अद्वय प्रवेश ह ।

२३ बोधिसत्त्व अप्रतिहतेक्षण ने कहा—"सत्काय और 'सत्कायनिरोध' यह द्वय ह । सत्काय ही निरोध है । क्योकि अनुत्पन्न होने के कारण वास्तव मे सत्काय दृष्टि असत् हैं, अतएव इस प्रकार की (असत्) दष्टियाँ सत्काय अथवा 'सत्कायनिरोध की कल्पना नही करती हैं, जो अकल्पित है वह निर्विकल्प है । कल्पना की सर्वथा अनुपस्थिति से निरोध स्वभाव होता है (अर्थात् कल्पना का न होना ही निरोध है । जो असम्भव (न होना) और अविनाश है वह अद्वय प्रवेश है । "[13]

२४ बोधिसत्त्व सुविनीत ने कहा—"जिसे काय, वाक एव चित्त का सवर कहते हैं वह द्वय है ।[14] क्योकि इन धर्मों का स्वभाव अनभिसस्कार (निष्क्रिय) है । शरीर (काय) का जो निष्क्रिय स्वभाव (लक्षण) है वही निष्क्रिय स्वभाव वाक् का और वही निष्क्रिय स्वभाव चित्त का भी है । जो सभी वस्तुओ (धर्मों का निष्क्रिय स्वभाव है उसको जानना चाहिये और समझना चाहिये । क्योकि जो यह अनभिसस्कार ज्ञान (निष्क्रिय स्वभाव का ज्ञान) है वही अद्वय प्रवेश है ।"

वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता, भूमिका, पृ० १७—
"धर्मतो बुद्धा द्रष्ट या धर्मकाया हि नायका ।"
प्रज्ञापारमितापिण्डार्थं, श्लोक ।
"प्रज्ञापारमिता ज्ञानमद्वय सा तथागत ।"

१३ तुलनीय मूलमध्यमककारिका, मगलश्लोक ।
"अनिरोधमनुत्पादमनुच्छेदमशाश्वतम् ।
अनेकार्थमनानार्थमनागममनिर्गमम् ॥"

चतु शतक, १२ १३—
"अद्वितीय शिवद्वार कुदृष्टीना भयङ्करम् ।
विषय सवबुद्धानामिति नैरात्म्यमुच्यते ॥"

१४ द्र० धम्मपद, गाथा ३६१—
"कायेन संवरो साधु, साधु वाचाय सवरो ।
मनसा सवरो साधु, साधु सब्बत्थ संवरो ॥"

२५ बोधिसत्त्व पुण्यक्षत्र ने कहा— 'पुण्य काय , 'अपुण्य काय' एव अनिञ्ज्य काय' (न पुण्य और न अपुण्य कार्य) का करना द्वय है।[१५] जो पुण्य, अपुण्य, एव अनिञ्ज्य कार्यो का न करना है वह अद्वय है। पुण्य, अपुण्य एव अनिञ्ज्य कार्यो का स्वभाव (स्वलक्षण) शून्यता है। इसमे (शून्यता मे) पुण्य, अपुण्य, अथवा अनिञ्ज्य नही होते हैं। इसमे क्रिया (अभिसस्करणता) भी नही होती है, इस प्रकार के कार्यो को प्रकट न करना अद्वय प्रवेश है।

२६ बोधिसत्त्व पद्म व्यूह ने कहा—' जो आत्म पर्युत्थान से (आत्मवाद के विकास से) उत्पन्न होता है वह द्वय है।[१६] परन्तु आत्म विश्लेषण से प्राप्त ज्ञान से द्वत भावना उत्पन्न नही होती है। इस प्रकार जो अद्वयस्थान (अद्वयावस्था) में विज्ञप्ति रहित होकर विचरण करता है वह विज्ञप्तिरहित होता है, विज्ञप्तिरहितावस्था ही अद्वय प्रवेश है।"

२७ बोधिसत्त्व श्रीगर्भ ने कहा—"उपलम्भ (बाह्यार्थ) का प्रभद द्वय है। जो अनुपलम्भ है (बाह्यार्थ की विविधता से रहित) है, वह अद्वय है। अतएव जिसमे न उपादान (पकडना, ग्राह) है और न उत्सर्ग (छोडना) है वह अद्वय प्रवेश है।'

२८ बोधिसत्त्व चन्द्रोत्तर ने कहा—' 'अन्धकार' एव 'आलोक' यह द्वय है। अन्धकार एव आलोक का अभाव अद्वय है। क्योकि, निरोध समापत्ति के समय न तो अन्धकार है और न आलोक है। यही बात सभी वस्तुओ के विषय में भी ठीक है। (अर्थात् सभी धर्मों का लक्षण या स्वभाव भी ठीक ऐसा ही है)। इस प्रकार की समता मे प्रवेश अद्वय प्रवेश है।

---

१५ धम्मपद, गाथा १८३–
"सब्बपापस्स अकरणं, कुसलस्स उपसम्पदा।
सचित्तपरियोदपन एत बुद्धान सासन॥"

१६ वेदान्त परम्परा में इसके प्रतिकूल आत्मपर्युत्थान, आत्मदर्शन एव आत्मध्यान की महिमा मिलती है। आश्चर्य है कि आत्मवाद को भी 'अद्वैत-दर्शन' कहा जाता है। वस्तुत आत्मा शब्द ही द्वैत का बोधक है। अतएव आत्मवाद में अद्वय या अद्वैत की गवेषणा करना खपुष्प तोडने अथवा वन्ध्यादुहिता का नृत्य देखने की इच्छा के समान समझना चाहिये। आत्मा शब्द अहकार का बोधक है और अहकार मोक्ष का शत्रु है। आत्मवाद में मोक्ष अनुपलब्ध है और मोक्ष में आत्मा का अस्तित्व नहीं है।

२९ बोधिसत्त्व रत्नमुद्राहस्त ने कहा—'निर्वाण के प्रति अभिरति एव ससार के प्रति अरति, यह द्वय है। जो न निर्वाण मे अभिरति रखते हैं और न ससार से विरत रहते हैं वे अद्वय विहार करते हैं। क्योकि, जब बन्धन है तब नि सरण भी है, परन्तु जब लेशमात्र भी ब धन नही है तो मोक्ष की गवेषणा कसी ? जो भिक्षु न बन्धन मे है और न मुक्त (नि सरण प्राप्त) है उसको न रति होती है और न अरति, इस प्रकार वह अद्वय प्रवेश करता है।"[१७]

३० बोधिसत्त्व रत्नकूटराज ने कहा— माग' एव कुमाग'—यह द्वय है। जो मार्ग पर आरूढ है वह माग एव कुमाग से परे हैं। जो (बोधिसत्त्व) इस प्रकार के अनाचार स्थान (निर्लिप्तावस्था) मे विचरण करता है वह माग सज्ञा अथवा कुमार्ग सज्ञा से रहित होता है। सज्ञा का समुचित ज्ञान होने के कारण उसकी मति द्वय मे प्रवेश नही करती है। यही अद्वय प्रवेश है।

३१ बोधिसत्त्व सत्यरत ने कहा— 'सत्य एव मषा यह द्वय है।[१८] जब सत्य दशन द्वारा कोई सत्यता भी दिखाई नही देती है तो मिथ्यादृष्टि कहाँ से दिखाई दे सकती है ? क्योकि मास चक्ष से नही देखा जाता है अपितु प्रज्ञा चक्षु द्वारा देखा जाता है। (प्रज्ञा चक्षु द्वारा) वहाँ दिखाई देता है जहा न दशन (दिखाई देना) और न विदशन (न दिखाई देना) है। जहा न तो दशन है और न विदशन है, वह अद्वय प्रवेश है।[१९]

---

१७ तुलनीय मूलमध्यमककारिका, १६ ५—
"न बध्यन्ते न मुच्यन्ते उदय ययधर्मिण ।
संस्कारा पूववत्सत्त्वो बध्यते न न मुच्यते ॥"
वही, १६ १०—
"न निर्वाणसमारोपो न ससारापकषणम् ।
यत्र कस्तत्र ससारो निर्वाण किं विकल्प्यते ॥"

१८ तुलनीय वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता, पृ ३६—
'अपि तु खलु पुन सुभूते, यस्तथागतेन धर्मोऽभिसबुद्धो देशितो निध्यात, न तत्र सत्य न मषा ।"

१९ तुलनीय महायानविंशिका, श्लोक १—
"न ज्ञानाच्छून्यता नाम काचिदन्या हि विद्यते ।"

इस प्रकार उन बोधिसत्त्वो ने अपने अपने निर्देश (उपदेश) देने के पश्चात् मजुश्री कुमारभूत से कहा—"मजुश्री, बोधिसत्त्व का अद्वय प्रवेश क्या है?" मजुश्री ने कहा—"सत्पुरुषो, यद्यपि आप सभी ने अच्छी याख्याए प्रस्तुत की हैं परन्तु आपके सारे कथन स्वय द्वयवादी हैं। यह जो एक भी उपदेश को न लेना (एक भी याख्या न करना) है, जो अनभिलाप्य है, अकथ्य है नही कहा गया है, जिसकी घाषणा नहीं हो सकती है, जिसका निर्देशन नही हो सकता है जो प्रज्ञप्तिरहित है—वह अद्वय प्रवेश है।"[२]

तब मजुश्री कुमारभूत ने लिच्छवि विमलकीर्ति से कहा—'कुलपुत्र, हम सभी ने अपने अपने निर्देश की याख्या कर दी है। आप भी अद्वयधर्म के प्रवेश द्वार के निर्देश के लिये अपना मत स्पष्ट कीजिये।"

इस प्रश्न को सुनकर लिच्छवि विमलकीर्ति ने मौन धारण कर लिया और कुछ भी नही कहा (विमलकीर्तिस्तूष्णीभूतोऽभूत)।[२१]

---

२० तुलनीय अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ० २१—
"अत्र न कश्चिद्धर्मं सूच्यते, न कश्चिद्धर्मं परिदीप्यते, न कश्चिद्धर्मं प्रज्ञप्यते।"
मूलमध्यमककारिका, २५ २४—
"सर्वोपलम्भोपशम प्रपञ्चोपशम शिव।
न क्वचित्कस्यचित्कश्चिद्धर्मो बुद्धेन देशित॥"
तथागतगुह्यसूत्र में कहा गया है कि संबोधि की प्राप्ति की रात्रि से लेकर महापरिनिर्वाण प्राप्ति की रात्रि तक भगवान् तथागत ने एक भी शब्द का या एक अक्षर का भी उच्चारण नहीं किया था। विविध अधिमुक्ति वाले प्राणियों ने स्वय ही तथागत वाणी का अपनी सामर्थ्य के अनुसार उच्चारण किया था।

२१ तुलनीय प्रसन्नपदा, पृ० १९ "केनैतदुक्तमस्ति वा नास्ति वेति। परमार्थो ह्यार्याणां तूष्णींभाव। तत कुतस्तत्र प्रपञ्चसभवो यदुपपत्तिरनुपपत्तिर्वा स्यात्?"
तथागतगुह्यसूत्र (प्रसन्नपदा, पृ २३६)—
"तथागतो न कल्पयति न विकल्पयति। सर्वकल्पविकल्पजालवासनाप्रपचविगतो हि शान्तमते तथागत।"
आधुनिक चर्चा के लिये द्र० गदजिन एम० नगाओ का लेख "दि साइलेन्स ऑफ दि बुद्ध एण्ड इट्स माध्यमिक इण्टरप्रेटेशन "स्टडीज इन इण्डोलॉजी एण्ड बुद्धालॉजी, क्योटो, १९५५, पृ० १३७-१५१।

तब मजुश्री कुमारभूत ने लिच्छवि विमलकीर्ति का साधुकार करते हुए कहा—"साधु, साधु, कुलपुत्र। यही वास्तव मे बोधिसत्त्वो का अद्वय प्रवेश है। इसमे अक्षर, वचन एव विज्ञप्ति का प्रचार नहीं होता है।'

इस उपदेश के दिये जाने पर पाँच हजार बोधिसत्त्वो ने अद्वय धम के द्वार मे प्रवेश करके अनुत्पत्तिक धमक्षाति का लाभ प्राप्त किया।

अष्टम परिवर्त समाप्त।

९ निर्मित बोधिसत्त्व द्वारा भोजन का आदान

उस समय आयुष्मान् शारिपुत्र ने सोचा "यदि ये महान् बोधिसत्त्व मध्याह्न से पहले यहाँ से उठते नही हैं तो भोजन कहाँ करेंगे ?"

लिच्छवि विमलकीर्ति ने आयुष्मान् शारिपुत्र के चित्त में उत्पन्न विचार को अपने चित्त (ज्ञान) से जान लिया और आयुष्मान् शारिपुत्र से कहा—"भदन्त शारिपुत्र तथागत ने जिन आठ विमोक्षो का उपदेश किया है उन विमोक्षो को ध्यान मे रखिये और आमिष (भौतिक) वस्तुओ के मिश्रण से मुक्त चित्त से धर्म का श्रवण कीजिये। भदन्त शारिपुत्र, मुहूर्त की प्रतीक्षा कीजिये। आप ऐसा भोजन करेंगे जैसा पहले कभी नही किया था।"

तत्पश्चात लिच्छवि विमलकीर्ति ने ऐसी समाधि लगाई और ऐसी ऋद्धि का प्रदर्शन किया जिससे कि उन बोधिसत्त्वो और उन महाश्रावको को सर्वगन्धसुगन्धा नामक वह लोकधातु[1] दिखाई दिया जो यहाँ से ऊर्ध्वदिशा मे बयालीस गंगा नदियो के बालु कणो के बराबर बुद्धक्षेत्रो को पार करने के पश्चात स्थित है। इस बुद्धक्षेत्र मे सुगन्धकूट नामक तथागत रहते हैं, जो इसे धारण करते हैं और इसका पोषण करते हैं। इस लोकधातु के वृक्षो से एक सुगन्ध उत्पन्न होती है जो उस लोकधातु के दसो दिशाओ के सभी बुद्धक्षेत्रो की मानवीय एवं दैवी सुगन्ध से भी विशिष्टतर (श्रेष्ठतर) है। उस लोकधातु में 'श्रावक' एवं 'प्रत्येकबुद्ध' शब्द भी नहीं होते हैं।[2] तथागत सुगन्धकूट केवल बोधिसत्त्वो के गण (संघ) की सभा मे धर्म का उपदेश करते हैं। उस लोकधातु मे सभी कूटागार (उत्तुंग शिखर वाले निवास कक्ष) सभी चंक्रमण (भ्रमण करने के मार्ग स्थल) उद्यान, तथा भवन (विमान), धूपमय (सुगन्धित) हैं अर्थात् सुगन्ध से निर्मित हैं। वहाँ के बोधिसत्त्वो द्वारा खाये जाने वाले अन्न (भोजन) की सुगन्ध से असंख्य लोकधातु प्रभावित होते हैं।

---

१ द्र० प्रसन्नपदा, पृ० १४३ जहाँ पर विमलकीर्तिनिर्देश का तुलनीय अंश उद्धृत किया गया है।

२ तात्पर्य यह है कि श्रावकयान व प्रत्येकबुद्धयान के अनुयायी तथागत सुगन्धकूट के बुद्धक्षेत्र में होते ही नहीं। वहाँ केवल बुद्धयान के मानने वाले बोधिसत्त्व रहते हैं।

उस समय भगवान् सुगधकूट तथागत अपने बोधिसत्त्वो के साथ भोजन करने के लिये बठे थे। वहाँ पर गध-यूहृतपण नामक महायान का अनुगमन करने वाला एक देवता भगवान् की और उनके बोधिसत्त्वो की सेवा उपासना मे जुटा हुआ था। विमलकीर्ति के निवास पर एकत्रित सम्पूण परिषद् ने उस लोकधातु को, जहाँ तथागत सुगधकूट उन बोधिसत्वो के साथ भोजन के लिये बठ हुये थे स्पष्ट रूप से देखा।

लिच्छवि विमलकीर्ति ने अपने घर पर एकत्रित सभी बोधिसत्त्वो को सम्बोधित करते हुये कहा—'सत्पुरुषो आप लोगो के मध्य कौन ऐसा है जो उस बुद्धक्षेत्र से आहार लाने के लिये तयार (उत्साहित) है? (परन्तु) मजुश्री के अधिष्ठान (अतिमानवीय शक्ति के प्रभाव) के कारण कोई भी जाने को तयार नही हुआ।[3] तब लिच्छवि विमल कीर्ति ने मजुश्री कुमारभूत से कहा— मजुश्री इस प्रकार का आपका यह परिवार क्या लज्जास्पद नही है? मजुश्री ने उत्तर दिया—"कुलपुत्र क्या तथागत ने यह नहीं कहा है कि 'अशिक्षितो (अशक्षो) को हीनमना नहीं समझना चाहिये।?'[4]

तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने अपनी शय्या से उठे बिना ही उन बोधिसत्त्वो के सम्मुख एक ऐसे (कृत्रिम) बोधिसत्त्व का निर्माण किया जिसकी देह सुवणवण की और लक्षणो एव अनुयजनो से अलकृत थी। निर्मित बोधिसत्त्व के इस प्रतिरूप के वर्ण की आभा से वह सारी परिषद् प्रकाशहीन सी हो गयी और उसी के रूप के प्रभास की तरह हो गयी।

लिच्छवि विमलकीर्ति ने उस निर्मित बोधिसत्त्व से कहा—" कुलपुत्र ऊध्व दिशा मे जाओ बयालीस गगा नदियो के बालुकणो के समान (असख्य) बुद्ध क्षेत्रो को पार करने के पश्चात् सवग धसुगन्धा नामक एक लोकधातु है। वहाँ तथागत सुगधकूट भोजन करने के लिये बठे मिलेंगे। वहाँ पहुच कर तथागत सुगधकूट के चरणो मे सिर झुकाकर प्रणाम करने के पश्चात् इस प्रकार निवेदन करना— भगवन् लिच्छवि विमलकीर्ति आपके

---

३ विमलकीर्ति के घर में उपस्थित सभी बोधिसत्त्वों म मजुश्री सर्वश्रेष्ठ बोधिसत्त्व थे जो प्रज्ञा मूर्ति एव असाधारण ऋद्धियुक्त थे।

४ अशैक्ष (असेख) वे भिक्षु हैं जो अभी अर्हत् पथ पर शिक्षा प्राप्त करने में लगे हैं और जिन्होंने अभी पूर्णता प्राप्त नहीं की है। अशैक्ष भी माननीय व दक्षिणेय है। द्र अंगुत्तर निकाय, खण्ड १, पृ ६ —
"द्वे, खो, गहपति, लोके दक्खिणेय्या-सेखो च असेखो च।"

चरणो मे शतसहस्र बार सिर झुकाकर प्रणाम करता है, और आपके स्वास्थ्य के बारे मे पूछता है—भगवन् को अल्पबाधा तो नही है, अल्प आतक (असुविधा) व थोड़ी बेचनी तो नही है, आप शक्तिपूर्ण, सुखी, निर्दोष, और सुख के स्पश मे विहार कर रहे हैं ? और यह भी प्रार्थना करता है कि भगवन् अपने भोजन का अवशिष्ट भाग मुझे दे दें। इस अवशिष्ट भोजन से विमलकीर्ति सहालोक[५] मे बुद्ध काय करेगा। जो प्राणी हीन अधिमुक्ति वाले हैं वे उदार अधिमुक्ति से प्ररित हो जाएगे, एव तथागत के लक्षण (बुद्धगुण) भी बढ़ेंगे।"

उस निर्मित बोधिसत्व ने लिच्छवि विमलकीर्ति से 'बहुत अच्छा' कहा और उसकी आज्ञा का पालन किया। उन बोधिसत्वो के सामने उस (निर्मित) बोधिसत्व ने ऊपर की ओर मुख किया और सीधे चल दिया, उन बोधिसत्वो ने उसे जाते हुो नही देखा। सवग धसुग धा नामक लोकधातु मे पहुँच कर उसने तथागत सग धकूट के चरण में सिर झकाकर प्रणाम किया और इस प्रकार कहा—

"भगवन् बोधिसत्व विमलकीर्ति भगवान् के चरणो मे सिर झुकाकर प्रणाम करता है और इस प्रकार भगवान् का अभिवादन करता है—'भगवान् को अल्पबाधा तो नही है, अल्प आतक (असुविधा) व थोडी बेचैनी तो नही है ? आप शक्तिपूण, सुखी, निर्दोष और सुख के स्पश मे विहार कर रहे हैं ?' वह भगवान् के चरणो मे शतसहस्र बार सिर झुका कर प्रणाम करके यह याचना करता है—' भगवन् अपने भोजन का अवशिष्ट भाग मुझे दे दें। इससे मैं (विमलकीर्ति) सहालोक मे बुद्ध काय करुगा। जो हीन अधिमुक्ति वाले प्राणी हैं वे बुद्ध की भाँति उदार अधिमुक्ति से प्रेरित हो जाएगे और तथागत के लक्षण (बुद्ध गुण) भी बढेंगे।'

भगवान् सुगन्धकूट तथागत के बुद्धक्षेत्र के बोधिसत्वो ने आश्चयचकित होकर भगवान् सुग धकूट तथागत से पूछा—' भगवन्, इस प्रकार का महासत्त्व कहा से आया है ? वह सहा नामक लोकधातु कहाँ है ? हीन अधिमुक्ति के प्राणी का क्या अथ है ? इस प्रकार उन बोधिसत्त्वों ने तथागत से पूछा।

तब भगवान् सग धकूट तथागत ने उन बोधिसत्वो से कहा—"कुलपुत्रो, यहाँ से नीचे की ओर बयालीस गगानदियो के बालुकणो के बराबर बुद्ध क्षेत्रो को पार करने के

---

५ सहालोक अथवा सहालोकधातु हमारे विश्व का नाम है जिसमें हम सब प्राणी रहते हैं।

पश्चात् सहा नामक एक लोकधातु स्थित है। वहा शाक्यमुनि नामक तथागत उस पच कषायो वाले बुद्धक्षेत्र मे हीन अधिमुक्ति वाले प्राणियो को धम का उपदेश करते हैं। वहाँ अचि तनीय विमोक्ष में विहार करने वाला बोधिसत्त्व विमलकीर्ति बोधिसत्त्वो को धम का उपदेश करता है। उसने मेरे नाम की कीर्ति के लिये, तथा उन बोधिसत्त्वो के कुशलमूलो को सुतप्त (परिशुद्ध) करने के लिये, इस निर्मित बोधिसत्त्व को प्रेषित किया है।'

तब उन बोधिसत्त्वो ने कहा– भगवन् उस बोधिसत्त्व का बडा माहात्म्य है, उसके द्वारा निर्मित बोधिसत्त्व मे भी इस प्रकार की ऋद्धि, बल एव वशारद्य (निभयता) है।" तथागत सुग धकूट ने कहा— 'उस बोधिसत्त्व का ऐसा माहात्म्य है कि वह दसों दिशाओ के बुद्धक्षत्रो में निर्माणकायो को भजता है, वे निर्माणकाय उन सभी बुद्धक्षत्रो में सभी प्राणियो के कार्यों के लिये और बुद्ध के काय के द्वारा उपस्थित रहते हैं।

तत्पश्चात् सुगन्धकूट तथागत ने सभी सुग धो से युक्त एक पात्र में सभी प्रकार की सुग धो से सुगधित भोजन डाल दिया। उस पात्र को उन्होने उस निर्माण काय बोधिसत्त्व को दे दिया। उस समय उस लोकधातु के नब्बे लाख (नवति शत सहस्राणि) बोधिसत्त्व उस निर्माणकाय बोधिसत्त्व के साथ जाने के इच्छक हो गये थे।

उन्होने कहा– भगवन् हम भी उस सहा लोकधातु को, उन भगवान् शाक्यमुनि के दशनाथ, उनकी वन्दना करने के लिये उनकी सेवा करने के लिये, तथा विमलकीर्ति एव उन बोधिसत्त्वों के दशन करने के लिये जाते है।' भगवान् ने कहा—" कुलपुत्रो, यदि तुम इसे उपयुक्त समय समझते हो तो जाओ।

'कुलपुत्रो, निश्चय ही वे प्राणी (सहालोक के सत्त्व) उन्मत्त एव प्रमत्त हो जाएगे अतएव अपनी सुगन्ध से रहित होकर जाओ। उस सहालोकधातु के वे प्राणी मूर्छित हो जाते हैं अतएव अपने (सुन्दर) स्वरूप को पीछे छोड जाओ। उस लोकधातु मे हीन सज्ञा उत्पन्न होने से प्रतिघसज्ञा (घृणा की भावना) को उत्पन्न नही करना। क्योकि, कुलपुत्रो बुद्धक्षत्र आकाशक्षत्र की तरह है। प्राणियो के परिपाचनाथ बुद्ध भगवन्त (एक साथ ही) सम्पूण बुद्धगोचरो को नही दिखाते हैं।'

तत्पश्चात वह निर्माणकाय बोधिसत्त्व इस सवसुगन्धवासित भोजन को लेकर, नब्बे सौ हजार (नब्बे लाख) बोधिसत्त्वो के साथ भगवान् बुद्ध के अनुभाव से एव विमलकीर्ति के अधिष्ठान से, उस सवग धसुगन्धा लोकधातु से अन्तर्धान होकर एक क्षण के लव-मात्र मुहूत के भीतर ही लिच्छवि विमलकीर्ति के घर मे जा पहुँचा।

लिच्छवि विमलकीर्ति ने जसे सिंहासन पहले से वहाँ पर थे वसे ही नब्बे लाख सिंहासन और निर्मित कर दिये। उन सिंहासनो पर वे बोधिसत्त्व बैठ गये। तत्पश्चात उस निर्माणकाय बोधिसत्त्व ने भोजन से परिपूर्ण भाजन विमलकीर्ति को दे दिया।

उस भोजन की सुगध सम्पूर्ण महानगरी वशाली मे प्रविष्ट हो गई और (एक) सहस्र लोकधातु मे वह स्वादिष्ट सुगध प्रसारित हो गई। वशाली के जो ब्राह्मण व गृहपति थे और लिच्छवि गणराज्य के प्रधान लिच्छवि चद्रछत्र थे उन सब ने जब वह सुगध सूघी (नाक द्वारा ग्रहण की) तो वे आश्चर्यान्वित और चकित हो गये, इस प्रकार प्रसन्नचित्त और प्रसन्नकाय हुये चौरासी हजार लिच्छवि गण विमलकीर्ति के घर मे आ पहुँचे।

वे लिच्छवि गण उस घर मे विस्तृत, ऊचे एव विशाल सिंहासनो पर सभी बोधिसत्त्वो को बठे हुये देख कर प्रसन्न हुये और उन्होने अधिमुक्ति (बोधि का आशय) उत्पन्न किया। उन सभी ने वहाँ पर बठे महाश्रावकों तथा महाबोधिसत्त्वो की अभिनन्दना की और एक ओर को बठ गये। पृथिवी के देवता, कामावचर (कामलोक) के देवता, तथा रूपावचर (रूपलोक) के देवता भी उस सुगध से आकृष्ट (अथवा प्रेरित) होकर विमलकीर्ति के घर मे आ गये।

तत्पश्चात् लिच्छवि विमलकीर्ति ने स्थविर शारिपुत्र एव उन महाश्रावको से कहा–'भदन्तगण, तथागत का भोज्य, महाकरुणा से सुवासित यह अमृत (भोजन) खाइये। (परन्तु) प्रादेशिकचित्तता (सकीर्ण, श्रावकयानी विचार) से अपने को मुक्त रखिये अन्यथा आप इस भोजन दान का भोग करने मे असमर्थ रहेगे।''

तब कुछ श्रावकों ने सोचा—''इस थोडे से भोजन को यह इतनी विशाल परिषद् कसे खा सकती है?'' तभी उस निर्माणकाय बोधिसत्त्व ने श्रावको से कहा—'आयुष्मानो, अपने पुण्य एव प्रज्ञा की तुलना तथागत के पुण्य एव प्रज्ञा के साथ मत कीजिये। क्योकि समझ लीजिये कि चार महासमुद्र भले ही क्षीण हो सकते हैं परन्तु यह भोजन कभी भी (जरा सा भी) क्षीण (समाप्त) नही हो सकता है। इसी प्रकार यदि सभी प्राणी एक कल्प तक इस भोजन की सुमेरु पवत के समान मात्रा खाते रहे तब भी यह कम नही होगा। क्योकि, अक्षय शील अक्षय प्रज्ञा, एव अक्षय समाधि से निसृत तथागत के भोजन के पात्र मे बचा हुआ यह भोजन कभी भी क्षय को प्राप्त नही हो सकता है।''

यथार्थ मे उस भोजन से सम्पूर्ण परिषद् तृप्त हो गई, फिर भी वह भोजन समाप्त नही हुआ। उस भोजन को जिन बोधिसत्त्वो, श्रावको, इन्द्रो, ब्रह्माओ, लोकपालो एव अन्य प्राणियो ने खाया था, उनके शरीरों मे ऐसा सुख उत्पन्न (प्रकट) हुआ जैसा सुख सर्वसुखमण्डित नामक लोकधातु के बोधिसत्त्वो को प्राप्त है। उनके सारे रोमकूपो से ऐसी सुगन्ध उत्पन्न हुई जैसी कि सर्वसुगन्धा नामक लोकधातु के वृक्षो से निकलती है।[६]

तत्पश्चात लिच्छवि विमलकीर्ति ने जानबूझ कर उन बोधिसत्त्वो से कहा जो भगवान सुगन्धकूट तथागत के बुद्धक्षेत्र से आये हुये थे—"कुलपुत्रो, तथागत सुगन्धकूट की धर्मदेशना किस प्रकार की है? उन बोधिसत्त्वों ने कहा—"तथागत शब्द और भाषा द्वारा धर्म का उपदेश नही करते हैं।[७] उनकी सुगन्ध द्वारा ही बोधिसत्त्व विनीत हो जाते हैं। जो सुगन्ध वृक्ष वहाँ हैं जिनके मूल मे बोधिसत्त्व बैठते हैं, उनकी सुगन्ध जिस प्रकार की होती है उसी प्रकार के बोधिसत्त्व होते हैं (अथवा उन वृक्षो से उसी प्रकार की सुगन्ध निकलती है जिस प्रकार वे बोधिसत्त्व हैं)। जिस क्षण से बोधिसत्त्व उस सुगन्ध को सूँघते हैं उसी क्षण से वे 'सर्वबोधिसत्त्वगुणाकर समाधि प्राप्त कर लेते हैं। उस समाधि की प्राप्ति के समय से ही उनमे बोधिसत्त्व के गुण उत्पन्न हो जाते है।

उन बोधिसत्त्वो ने तब लिच्छवि विमलकीर्ति से पूछा—' भगवान् शाक्यमुनि किस प्रकार यहाँ धर्म की देशना करते हैं?

विमलकीर्ति ने कहा—' सत्पुरुषो, यहाँ के ये प्राणी दुर्विनेय हैं (इन्हें धर्मानुशासन में रखना कठिन है)। ऐसे खटुक[८] (कुटिल स्वभाव के) एव दुर्विनेय प्राणियो को वह

---

६ अक्षयभोजन के वर्णन का यह अंश शिक्षासमुच्चय, पृ० १४४ में द्रष्टव्य है।

७ तुलनीय तथागतगुह्यसूत्र (बोधिचर्यावतार पंजिका, पृ० १९९) में उद्धृत—
"यस्यां रात्रौ तथागतोऽभिसंबुद्धो यस्यां च परिनिर्वृत्त, अत्रान्तरे तथागतेन एकमप्यक्षरं नोदाहृतम्। तत्कस्य हेतो? नित्य समाहितो भगवान्। ये च अक्षरस्वररुतवैनेया सत्वा ते तथागतमुखात् कर्णाकोशात् उष्णीषात् ध्वनिं निश्चरन्त शृण्वन्तीत्यादि।" इसी सूत्र का लगभग इसी आशय का परन्तु अधिक विस्तृत गद्यांश प्रसन्नपदा, पृ० २३६ में उद्धृत है।

८ खटुक, कटुक, खडुक, खटक एक ही शब्द के विभिन्न रूप हैं। पालि ग्रन्थों में अस्स खडुक दुर्विनेय एव नटखट या पाजी घोडे के लिये प्रयुक्त हुआ है। काश्यपपरिवर्त में खटुक शब्द का बहुत्र प्रयोग हुआ है। अन्यत्र भी यह शब्द बहुधा प्रयुक्त हुआ है।

ऐसे उपदेश देते हैं जो दुर्विनेय एव खटुक प्राणियो के लिये उपयुक्त होते हैं। किस प्रकार वह खटुक एव दुर्विनेय प्राणियो को विनीत (अनुशासित) करते हैं? खटुक दुर्विनेय प्राणियो को अनुशासित करने वाले उपदेश कौन से है? ये इस प्रकार हैं—

"ये नरयिक (नरक मे रहने वाले प्राणी) हैं, यह तियग्योनि है, यह यमलोक है, ये अक्षण (प्रतिकूल समय) है ये इन्द्रियहीन प्राणी हैं।

'यह कायदुश्चरित (शारीरिक दुराचार या पाप) है, यह कायदुश्चरित का विपाक (कमफल) है। यह वाग्दुश्चरित (वाणी का दुराचार) है यह वाग्दुश्चरित का विपाक है। यह मानसिक दुराचार है यह मानसिक दुराचार का विपाक है।

"यह प्राणातिपात (हिंसा) है यह अदत्तादान (चोरी) है यह काम विषयक मिथ्याचार (अब्रह्मचय) है यह मृषावाद (असत्य भाषण) है, यह पशुन्यवाद (चुगल खोरी) ह, यह पारुष्यवाद (वचनो की क्रूरता या कठोरता) है, यह सभिन्नप्रलाप (व्यथ की बात चीत) ह, यह अभिध्या (लोभ) ह, यह व्यापाद (द्वष) ह, यह मिथ्या दृष्टि ह ये इनके विपाक हैं।

'यह मात्सय (ईर्ष्या) ह यह मात्सय का फल है, यह दुःशीलता ह, यह दुःशीलता का फल ह, (यह क्रोध ह,) यह क्रोध का फल है, यह कौसीद्य (आलस्य) है, यह कौसीद्य का फल ह (यह दुष्प्रज्ञता है) यह दुष्प्रज्ञता का फल ह।

"यह शिक्षापदो का अतिक्रमण ह, यह प्रातिमोक्ष है, यह करना चाहिये, यह नही करना चाहिये इसका अभ्यास करना चाहिये, इसका प्रहाण करना चाहिये, यह आवरण ह, यह अनावरण ह यह आपत्ति (अपराध) ह, यह आपत्ति से ऊपर उठना है, यह मार्ग है, यह कुमाग है यह कुशल (अपुण्य) है, यह अकुशल (पण्य) ह यह दोषपूण ह यह निर्दोष है यह सास्रव (अशुद्ध) ह, यह अनास्रव (विशुद्ध) ह, यह लौकिक ह, यह लोकोत्तर है, यह सस्कृत है यह असस्कृत ह यह सक्लेश (अपवित्रता) ह, यह व्यवदान (पवित्रता) ह; यह ससार ह, यह निर्वाण ह।

इस प्रकार इन विविध उपायो से धम की देशना करके शाक्यमुनि तथागत उन प्राणियों के चित्त को प्रशिक्षित (प्रतिष्ठापित) करते है जो खटुक अश्व (अविनम्र घोडे)

'कुहका खटुका कुशीला' (सत्वा)। जो कुटिल, दुर्दान्त, मूढ, शठ एव अस्पष्ट है जिन्हें धर्मपथ पर ले जाना कठिन है, उन्हें खटुक सत्त्व अथवा कटुक प्राणी कहा गया है।

की तरह हैं।[१] जिस प्रकार दुष्ट घोडे या जगली हाथी मम स्थान पर चोट मारने से विनीत होते हैं, उसी प्रकार दुष्ट एव दुर्विनेय (खटुक स्वभाव के) प्राणी भी सभी प्रकार के दु खो को दर्शाने वाले उपदेशो से विनीत एव अनुशासित होत हैं।"

उन बोधिसत्त्वो ने कहा —"इस प्रकार भगवान् बुद्ध शाक्यमुनि का माहात्म्य स्थापित है। हीन दरिद्र एव खटुक प्राणियो को अनुशासित करना आश्चय (का काय) है। जो बोधिसत्त्व इस प्रकार के औदारिक (कठोर) बुद्धक्षेत्र मे स्थिति है, उनकी महाकरुणा (वास्तव मे) अचि तनीय है।"

लिच्छवि विमलकीर्ति ने कहा—"ठीक ऐसा ही है सत्पुरुषो, जैसा आप कहते हैं वैसा ही है। जो बोधिसत्त्व यहाँ उत्पन्न होते हैं उनकी महाकरुणा सुदृढ होती है। वे इस लोकधातु मे एक ही ज म मे प्राणियो का बहुत सा हित सम्पादन करते हैं। उस सवग घ सुग धा लोकधातु में एक सौ हजार कल्पों मे भी प्राणियो का इतना (अधिक) हित सम्पन्न नहीं हो सकता है। क्योकि, सत्पुरुषो इस सहा लोकधातु मे दस प्रकार के कुशल धर्मों का सग्रह किया जा सकता है। ये कुशलधम अ य किसी बुद्धक्षेत्र में नही होत हैं। कौन से दस (कुशलधम) ? ये (दस कुशलधम) इस प्रकार हैं—

"१ दान द्वारा दरिद्रो को आकर्षित करना २ शील द्वारा दु शील जनो को आकर्षित करना ३ क्षान्ति द्वारा कटुक (कठोर) जनो को आकर्षित करना ४ वीय द्वारा आलसी जनो को आकर्षित करना ५ ध्यान द्वारा विक्षिप्त चित्त वाले जनों को आकर्षित करना, ६ प्रज्ञा द्वारा मूख जनो को आकर्षित करना, ७ अष्ट अक्षणों से पीडित लोगो को उन अक्षणो का अतिक्रमण करने की शिक्षा देना, ८ प्रादेशिक-यान (श्रावकयान) के अनुयायियो को बोधिसत्त्वयान (महायान) का उपदेश करना, ९ कुशल

---

१ सभी साधारण मनुष्यों का चित्त चचल एव दुन्मनीय होता है पर तु खटुक प्राणियों का चित्त और भी अधिक अस्थिर एव कठोर होता है। एक आधुनिक योगी ने गाया है—

"चचल मन भटकत है, भटकत है भटकावत है।

ज्यों मरकट तरु ऊपर डार डार पर लटकत है।"

तुलनीय सयुत्तनिकाय, खण्ड २, पृ० ८१ पर चित्त अथवा मन का चित्र "सेय्यथापि, भिक्खवे, मक्कटो अरञ्ञे पवने चरमानो साख गण्हति, न मुञ्चित्वा अञ्ञ गण्हति। एवमेव खो भिक्खवे, यमिद वुच्चति चित्त इति पि, मनो इति पि विञ्ञाणं इति पि ।"

मूलावरोपण द्वारा उन लोगो का सग्रह करना जिन्होने कुशलमूलो का उत्पादन नही किया है तथा १० चार सग्रह वस्तुओ द्वारा निरतर प्राणियो का परिपाचन करना। ये दस प्रकार परिग्रहणीय कुशलधम अन्य किसी बुद्धक्षेत्र मे विद्यमान नही ह।'

बोधिसत्त्वो ने फिर पूछा— "इस सहा लोकधातु से च्युत होकर, बिना किसी हानि एव उपद्रव से ग्रस्त हुये परिशुद्ध बुद्धक्षेत्र मे जाने के लिये बोधिसत्त्व को कितने गुणो से सम्पन्न होना चाहिये ?"

विमलकीर्ति ने कहा— 'इस सहा लोकधातु से च्युत होकर, किसी हानि एव उपद्रव से ग्रस्त हुए बिना परिशुद्ध बुद्धक्षेत्र मे जाने के लिये बोधिसत्त्वो को आठ गुणो से सम्पन्न होना चाहिए। कौन से आठ ? बोधिसत्त्व को ध्यानपूवक सोचना चाहिये कि—१ सभी प्राणी मेरे अनुग्राह्य हैं, मुझे स्वय अपना हित सोचे बिना सभी प्राणियो का हित सम्पादन करना चाहिये २ सभी प्राणियो के सभी दुखो को मुझे सहन करना चाहिये और मैंने जितने भी कुशलमूल प्राप्त किये हैं उन सब को सभी प्राणियो के लिय दे देना चाहिये[१०]। ३ किसी भी प्राणी के लिये मुझे बाधक नहीं होना चाहिये। ४ सभी बोधिसत्त्वो मे मुझे प्रसन्न रहना चाहिये मानो कि वे शास्ता ह। ५ श्रवण किये हुए और श्रवण न किये हुये उपदेशो को सुनकर मुझे उनका प्रतिक्षेप नही करना चाहिये (अर्थात् उन्हें छोडना नही चाहिये)। ६ मुझे दूसरो के लाभ को देखकर होने वाली ईर्ष्या से मुक्त होना चाहिये और स्वय अपने लाभ पर गव न करने वाला और अपने चित्त को ठीक से समझने वाला होना चाहिये। ७ मुझको स्वय अपने पतनो (दोषो) का ध्यान रखना चाहिये और दूसरो की उनके दोषो के लिये ताडना नही करनी चाहिये।[११] तथा ८ प्रमाद रहित होकर प्रसन्नतापूर्वक मुझे सभी गुणो का स्वागत करना चाहिय। जो बोधिसत्त्व उपयुक्त

---

१० प्रथमभावनाक्रम, पृ० १०३—"सकलजगतो हिताय बुद्धो भवेयम्।"
बोधिचर्यावतार, ३ ६—
"एव सवमिद कृत्वा य मयासादित शुभम्।
तेन स्यां सर्वसत्त्वाना सवदु खप्रशान्तिकृत्॥"

११ तुलनीय धम्मपद, गाथा ५०—
"न परेस विलोमानि न परेस कताकत।
अत्तनो व अवेक्खेय्य, कतानि अकतानि च॥"

आठ गुणो (धर्मों) से सम्पन्न ह, वे इस सहा लोकधातु से च्युत होने के पश्चात् बिना हानि व उपद्रव के परिशुद्ध बुद्धक्षेत्र को जाते हैं।"

लिच्छवि विमलकीर्ति द्वारा तथा मजुश्री कुमारभूत द्वारा वहाँ पर एकत्रित परिषद् को इस प्रकार धर्मोपदेश करने के समय एक लाख (शतसहस्र) प्राणियो ने अनुत्तर सम्यकसम्बोधि का चित्त उत्पन्न किया और दस हजार बोधिसत्त्वो ने अनुत्पत्तिक धम क्षान्ति प्राप्त की।

नवम परिवर्त समाप्त।

१०. क्षयाक्षय का असाधारण उपदेश

उस समय आम्रपाली के उद्यान मे, जहाँ भगवान धर्मोपदेश कर रहे थे, वहाँ का वह मण्डलाकार क्षेत्र, विस्तृत एव विशाल हो गया था और वहाँ की परिषद् सुवणवण की सी प्रकट हो गई थी।

तब आयुष्मान् आनन्द ने भगवन्त से पूछा—"भगवन्, यहाँ का यह आम्रपाली वन (उद्यान) विस्तृत एव विशाल हो गया है, और सम्पूण परिषद् भी सुवणवण की दिखाई देती है ये किस के (कौन सी घटना के) पूव निमित्त ह ?"

भगवान् ने कहा—" आनन्द, ये पूव निमित्त लिच्छवि विमलकीर्ति तथा मजुश्री कुमारभूत के बहुत बडे परिवार (अनुचरो के समूह) से परिवृत एव पुरस्कृत होकर तथागत के समीप आगमन के सूचक है।"

उस समय लिच्छवि विमलकीर्ति ने मजुश्री कुमारभूत से कहा—"मजुश्री, ये महा सत्त्व भी तथागत के दशन करना और उनको प्रणाम करना चाहते हैं, अतएव हम सभी तथागत के समीप चलेगे।"

मजश्री ने कहा—'कुलपुत्र, यदि यह उचित समय समझते हो तो जाओ।"

तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने ऐसा ऋद्धिकाय (चमत्कार प्रदशन) किया कि सिंहा सनो से परिपूण उस परिषद् को अपने दाहिने हाथ मे रख कर वह जहाँ भगवान् (शाक्य मुनि बुद्ध) थे वहाँ जा पहुँचा। वहाँ पहुँच कर उसने उस सम्पूण परिषद् को भूमि पर प्रतिष्ठापित कर दिया। तब उसने भगवान् के चरणों में सिर झुकाकर प्रणाम किया और उनकी सात बार प्रदक्षिणा करके एक ओर को हो गया। सुग धकूट तथागत के बुद्धक्षत्र से आए हुये उन बोधिसत्त्वो ने भी सिंहासनो से उतर कर, भगवान् के चरणो मे अपने सिर झुका कर उनकी अभिवन्दना की और भगवान् को हाथ जोड कर नमस्कार करते हुये एक ओर को खड़े हो गये। उन अ य सभी बोधिसत्त्वो, महासत्त्वो, तथा महाश्रावको ने भी अपने सिंहासनो से उतर कर, भगवान् के चरणो मे सिर झुका कर उनकी अभि

वन्दना की और एक ओर को हो गये। इसी प्रकार (वहाँ पर उपस्थित) सभी इन्द्रो, ब्रह्माओ, लोकपालों व देवताओ ने भी भगवान् के चरणो मे अपने सिर झुका कर उनकी अभिवन्दना की और एक ओर को हो गये।

तब भगवान् ने उन बोधिसत्त्वो को अपने धार्मिक वचनो से प्रसन्न करके कहा— 'कुलपुत्रो, अपने अपने सिंहासनो पर बठ जाओ'' । भगवान् के ऐसा कहने पर वे सिंहासनो पर बठ गये।

भगवान् ने शारिपुत्र से कहा— 'शारिपुत्र, आपने बोधिसत्त्वो व श्रेष्ठसत्त्वो द्वारा (ऋद्धियो का) विकुवण (चमत्कार प्रदशन) देखा ?

शारिपुत्र ने उत्तर दिया—''भगवन्, अवश्य देखा है ?''

भगवान् ने फिर पूछा— ' तो आपने उनके विषय मे कसी धारणा बनाई है ?''

शारिपुत्र ने उत्तर दिया— 'भगवन, मैंने अवश्य ही उनके विषय मे अचिन्तनीय धारणा बनाई है। उनके काय मुझ अचिन्तनीय दिखाई दिये यहाँ तक कि उनके विषय मे विचार करना, उनकी माप करना एव उनकी गणना करना (मेरी) शक्ति से बाहर है।''

तब आयुष्मान आनन्द ने भगवान् से पूछा—'' भगवन इस प्रकार की यह सुगन्ध किसकी है जसी कि मैंने पहले कभी सूघी ही नहीं थी ?''

भगवान् ने उत्तर दिया— 'आनन्द, इन बोधिसत्त्वो के शरीर के सभी रोमकूपो से इस प्रकार की सुगन्ध निःसृत होती है। [1]

शारिपुत्र ने भी कहा— आयुष्मान् आनन्द, हमारी देह के सभी रोमकूपों से भी इस प्रकार की सुगन्ध निश्चरित होती है।

आनन्द ने पुन पूछा— यह सुगन्ध कहाँ से आई है ?''

शारिपुत्र ने उत्तर दिया—' लिच्छवि विमलकीर्ति ने सुगन्धकूट तथागत के सवगन्धसुगन्धा लोकधातु नामक बुद्धक्षत्र से कुछ भोजन प्राप्त किया था। इस भोजन को खा कर के सभी के शरीरो से इस प्रकार की सुगन्ध निश्चरित होती है।'

---

१ बोधिसत्त्वों का घ्राणन्द्रिय की असाधारण परिशुद्धि और उनके द्वारा त्रिसाहस्रमहासाहस्र लोकधातुओं की विविध प्रकार की दुर्गन्धियों एव सुगन्धियों के अनुभव की चर्चा के लिये द्र० सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ २१३

तब आयुष्मान् आनन्द ने लिच्छवि विमलकीर्ति से कहा—"यह सुगन्ध कितने समय तक रहेगी ?"

विमलकीर्ति ने उत्तर दिया—"जब तक अन्न पच नही जाता है।"

आनन्द ने पुन पूछा—"कितने समय मे यह अन्न पच जायेगा ?।'

विमलकीर्ति ने उत्तर दिया—" यह अन्न सात दिन और सात रात मे पचेगा। तब भी एक सप्ताह तक इस भोजन की सुगन्ध प्रकट होती रहेगी, परन्तु भोजन न पचने के इस समय में कोई भी पीडा नही होगी।

"भदन्त आनन्द, यदि ऐसे भिक्षु, जो (बोधिसत्त्व की अन्तिम गति प्राप्त करने की) निश्चायक स्थिति मे नहीं पहुँचे हैं, इस भोजन को खाते हैं तो वे इसे तब पचा सकेंगे जब वे उस नियाम स्थिति (बुद्धत्व की प्राप्ति की निश्चयात्मक अवस्था) मे पहुँच जाएगे।[2] यदि नियाम स्थिति पर पहुँचे हुये व्यक्ति इस भोजन को खाते हैं तो वे तब तक उसे नहीं पचा सकते हैं जब तक उनके चित्त पूर्ण रूप से मुक्त नही हो जाते हैं। यदि बोधिचित्त उत्पन्न किये बिना ही कोई प्राणी इस भोजन को खाते हैं तो वे इसे तब पचा सकते हैं जब बोधिचित्तोत्पाद कर लेंगे। यदि बोधिचित्तोत्पाद किये हुये प्राणी इस भोजन को खाते हैं तो वे इसे तब पचा सकेंगे जब क्षान्ति प्राप्त कर लेंगे।[3] यदि क्षान्ति प्राप्त किये हुये प्राणी इस भोजन को खाते हैं तो उनके द्वारा यह भोजन तब पचाया जा सकेगा जब वे बुद्धत्व की प्राप्ति से केवल एक जन्म से दूर रह जाएगे, (एक जातिप्रतिबद्ध वे बोधिसत्त्व हैं जिन्हे बुद्ध होने के लिये केवल एक और जन्म लेना है)।[4]

'भदन्त आनन्द, जिस प्रकार 'सरस' नामक औषधि पेट मे पहुँच कर तब तक नही पचती है जब तक सभी विष समाप्त नही कर दिये जाते हैं, (पेट में उपस्थित अन्य सभी विषो की समाप्ति होने पर ही वह औषधि पचती है)।[5] इसी प्रकार, भदन्त आनन्द,

---

२ यह वाक्य शिक्षासमुच्चय, पृ० १४४ में उद्धृत है।

३ यह वाक्य भी शिक्षासमुच्चय, पृ० १४४ में उद्धृत हैं।

४ 'एकजातिप्रतिबद्ध' बोधिसत्त्व और 'सकृदागामिन्' श्रावक के मध्य समता होते हुये भी बहुत बड़ा अन्तर है। अनुत्तर-सम्यक्-सम्बोधि एवं श्रावक-सम्बोधि की प्राप्ति के मार्गों में भेद होने के कारण बोधिसत्व का अन्तिम जन्म श्रावक के अन्तिम जन्म से भिन्न समझना चाहिये।

५ तुलनीय रत्नकूटसूत्र (प्रसन्नपदा, पृ० १०८-१०९)—

जब तक क्लेशरूपी समस्त विष समाप्त नही हो जाते हैं तब तक वह भोजन नही पचता है। (जब क्लेश विष नष्ट हो जाते हैं उसके पश्चात् ही वह भोजन पचता है।"

तब आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से कहा—'भगवान्, यह भोजन ही बुद्ध कार्य करता है।"

भगवान ने कहा—"ऐसा ही है, आनन्द ऐसा ही है, जैसा तुम कहते हो। आनन्द, (१) कुछ बुद्धक्षेत्र हैं जिनमे बोधिसत्त्व बुद्ध काय करत हैं, (२) कुछ बुद्धक्षेत्र हैं जहाँ प्रभा (प्रकाश) के माध्यम से बुद्ध काय होता है (३) कुछ बुद्धक्षेत्र हैं जहाँ बोधिवक्ष के माध्यम से बुद्ध काय होता है (४) कुछ बुद्धक्षेत्र हैं जहाँ तथागत के लक्षणो (महा पुरुष लक्षणो) एव रूप के दशन द्वारा बुद्ध काय होता है, (५) कुछ बुद्धक्षेत्र हैं जहा चीवर (भिक्ष के कषाय वस्त्र) के माध्यम से बुद्ध काय होता है (६) कुछ बुद्धक्षेत्र है जहाँ भोजन के माध्यम से बुद्ध काय होता है (७) कुछ बुद्धक्षेत्र हैं जहाँ जल के माध्यम से बुद्ध काय होता है (८) कुछ बुद्धक्षेत्र हैं जहाँ उद्यान के माध्यम से बुद्ध काय होता है, (९) कुछ बुद्धक्षेत्र हैं जहाँ विमान (महल) के माध्यम से बुद्ध काय होता है (१०) कुछ बुद्धक्षेत्र हैं जहाँ कूटागार (उत्तुग शिखर युक्त कक्ष) द्वारा बुद्ध काय होता है, (११) कुछ बुद्धक्षेत्र ऐसे भी हैं आनन्द, जहाँ निर्मितरूप (निर्माणकाय) के माध्यम से बद्‍ध काय होता है, (१२) आनन्द, कुछ बुद्‍धक्षेत्र हैं जहाँ आकाश के माध्यम से बुद्ध काय होता है। इसी प्रकार (१३) आकाश के अ तरिक्ष (वायुमण्डल) से बुद्ध कार्य होता है। (क्योकि आनन्द), इन विविध उपायो से शिक्षित करने योग्य प्राणी अनुशासित (विनीत)होते हैं।

'इसी प्रकार, आनन्द (कुछ बुद्धक्षत्र हैं जहाँ) प्राणियो को अक्षरो, परिभाषाओ एव उदाहरणों यथा स्वप्न, प्रतिबिम्ब उदक चन्द्र, प्रतिश्रुति (प्रतिध्वनि), माया (भ्रम), मृगमरीचि की शिक्षा देकर बुद्ध काय सम्पन्न होता है। कुछ बुद्ध क्षेत्र ऐसे भी हैं जहाँ अक्षर (शब्द) के ज्ञान द्वारा बुद्ध काय होता है।[९] आनन्द, ऐसे भी बुद्धक्षत्र हैं जो पूणरूपेण

'तद्यथा काश्यप, ग्लान पुरुष स्यात्। तस्मै वैद्यो भैषज्य दद्यात्। तस्य तद्भैषज्य सर्वदोषानुच्चार्य स्वय कोष्ठगत न निःसरेत्। तत्किं मन्यसे काश्यप, अपि तु स पुरुषस्तु ग्लान्यान्मुक्तो भवेत्? नो हीद भगवन्। गाढतर तस्य पुरुषस्य ग्लान्य भवेत्।"

९ तुलनीय दशभूमिकसूत्र, पृ० ५२—

परिशुद्ध हैं, जहाँ प्राणियो के लिये बुद्धकाय वाणी के बिना (अवचनेन), मौन रहकर (अनभिलापन), स्पष्ट उपदेश के बिना (अनिदशनेन), तथा उच्चारण किये बिना (अनुदाहारेण) भी होता है।[७]

आनन्द, बुद्धो भगवन्तो के इर्यापथ (व्यवहार), उपभोग (खान पान), एव परिभोग (उपयोग की वस्तुओ) मे कुछ भी ऐसा नही है जो प्राणियो को अनुशासित नही करता है और जिससे बुद्ध काय नही सम्पन्न नही होता है। आन द, ये जो चतुर्विध मार हैं और चौरासी लाख (चतुरशीतिशतसहस्र) प्रकार के क्लेश द्वार हैं, जिनसे प्राणी सक्लिष्ट (पीडित) होते हैं, इ न सभी के द्वारा भी बुद्ध भगव त बुद्ध काय करत हैं।

यही वह धममुख है, आन द, जिसको सभी बुद्ध गुणो का प्रवेश द्वार कहते हैं। जो बोधिसत्त्व इस धममुख (धमद्वार) मे प्रविष्ट होते हैं वे सभी उत्तम गुणों के ऐश्वय से परिपूण बुद्धक्षेत्रो में जाकर न प्रसन्न होते हैं और न गव का अनुभव करते हैं, इसी प्रकार यदि वे सव प्रकार के उत्तम गुणों के ऐश्वय से रहित बुद्ध क्षेत्रो मे जाते हैं तो भी उदासीनता अथवा श्रेष्ठता की भावना नही रखत है। सभी परिस्थितियो मे वे तथागतो के प्रति समान आदश की भावना उत्पन्न करते हैं। यह (वास्तव) मे आश्चयमय है कि भगवन्त बुद्ध, जि होने सवधमसमता प्राप्त कर रखी है, प्राणियो के परिपाचन (बोधि प्राप्ति की दिशा मे विकास) के लिये नाना प्रकार के बुद्धक्षेत्रो को प्रकट कहते है।

"आन द जिस प्रकार यद्यपि विविध बुद्धक्षत्रो के विविध प्रकार के अन्यो य गुण होते हैं, फिर भी क्रियामाग की दृष्टि से (व्यवहार रूप मे) सभी विस्तृत बुद्धक्षेत्र आकाश की भाँति एक दूसरे से अभिन्न हैं, इसी प्रकार, आन द, यद्यपि तथागतो का रूप काय विविध प्रकार का होता है, फिर भी सभी तथागतो का असग (स्वत त्र) ज्ञान अभिन्न (एक समान) होता है।[८]

"स धर्मासने निषण्ण आकाक्षन् एकघोषोदाहारेण सर्वपर्षद नानाघोषरुतविमात्रतया सज्ञा पयति।" द्र० वही, ५३।

७ तुलनीय लकावतारसूत्र, पृ० ४३—

"न च महामते सवबुद्धक्षेत्रेषु प्रसिद्धोऽभिलाप। अभिलापो महामते कृतक।"

८ द्र० (१) सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र पृ० ९१—'निर्वाण एक है, न दो है, न तीन।'

(२) दशभूमिकसूत्र पृ ५३—'जैसा एक तथागत, वैसे ही सभी तथागत हैं।'

"आनन्द, परिनिष्पन्नता की दृष्टि से सभी बुद्धो मे समानता है, सभी बुद्धों का रूप, वर्ण, तेज, शरीर, उनके (महापुरुष) लक्षण उनकी कुलीनता, उनका शील, उनकी समाधि, प्रज्ञा, विमुक्ति, विमुक्तिज्ञानदर्शन, उनके बल, वैशारद्य, आवेणिक बुद्धधर्म, उनकी महामैत्री महाकरुणा उनका हित-अभिप्राय, ईर्यापथ, उनकी चर्या, उनका मार्ग, उनकी आयु का प्रमाण, उनकी धर्म देशना, उनका सत्त्व परिपाचन, उनका सत्त्व विमोचन एव उनका बुद्धक्षेत्र परिशोधन ये सभी समान होते है । इसलिये वे तथागत 'सम्यक् सबुद्ध' कहलाते हैं 'तथागत' एव 'बुद्ध' कहलाते है ।

"आनन्द, यदि तुम्हारा जीवन काल (आयुप्रमाण) एक कल्प भर तक (दीर्घ) हो तो भी तुम्हारे लिये इन तीन शब्दो (सम्यक्सम्बुद्ध तथागत एव बुद्ध) का विस्तृत अर्थ और वचन विभाजन (वाक्य विन्यास विश्लेषण) करना कठिन होगा, इनका (गम्भीर) अर्थ समझना सरल कार्य नही है ।[8b] आनन्द यदि इस त्रिसाहस्रमहासाहस्र लोकधातु में रहने वाले सभी प्राणी तुम्हारी तरह ही बहुश्रुतो (विद्वानो) और स्मृति एव धारणी मे निपुण व्यक्तियो मे श्रेष्ठता प्राप्त कर के, आनन्द, यदि वे सभी तुम्हारे ही प्रतिरूप हो करके भी कल्प भर तक इस कार्य मे जुटे रहे, तो भी, आनन्द, वे इन तीन शब्दो— सम्यक्सम्बुद्ध, तथागत एव बुद्ध—का नियत अर्थ समझने मे असमर्थ रहेगे । इस प्रकार, आनन्द, बुद्ध की बोधि अपरिमित (अप्रमाण) है तथागतो की प्रज्ञा एव प्रतिभान (भाषण कुशलता) अचिन्तनीय है ।"[9]

---

(३) सुत्तनिपात, गाथा ८८४—"सत्य एक ही है, दूसरा नहीं ।"

(४) रत्नगोत्रविभाग महायानोत्तरतन्त्रशास्त्र १ ८७—
"परमार्थत बुद्धत्व ही निर्वाण है जो अद्वय है ।"

(५) प्रज्ञापारमितापिण्डार्थ, श्लोक १—"प्रज्ञापारमिता अद्वयज्ञान है और वही तथागत है ।"

(६) रत्नावली, १ ५७—"यथाभूतपरिज्ञान से अद्वयमोक्ष होता है ।

(७) चतुःशतक, १२ १३—"जो सभी बुद्धों का विषय (गोचर) है, जिसको नैरात्म्य कहते हैं और जो मिथ्यादृष्टि वाले लोगों को भयावह लगता है, वही अद्वितीय शिवद्वार है ।"

८b द० दीघनिकाय, खण्ड २, पृ ८१ जहाँ पर आयुष्मान् आनन्द ने तथागत के स्पष्ट सकेत भरे वाक्यों को न समझने के कारण महापरिनिर्वाण स्थगित करने व कल्पभर जीवित रहने की उनसे प्रार्थना नहीं की थी ।

९ तुलनीय अंगुत्तर निकाय, खण्ड २, पृ ८४—

तब आयुष्मान आनन्द ने "भगवान् से कहा—भगवन्, आज से आगे को मैं अपने आप को बहुश्रुतो (विद्वानो) मे अग्रणी नही समझूँगा ।"

भगवान् ने कहा—"आनन्द, दैन्य उत्पन्न न करो (हीन भावना का विकास न करो) । क्योंकि, श्रावको को ध्यान मे रखकर, न कि बोधिसत्त्वो को ध्यान मे रखकर, मैंने तुमको 'बहुश्रुतो मे अग्रणी' घोषित किया था । आनन्द, बोधिसत्त्वो को देखना तो छोड दो वे तो पण्डितो के द्वारा भी अप्रमेय एव अग्राह्य हैं । आनन्द, सभी समुद्रों की गहराई को मापा (नापा) जा सकता है, परन्तु बोधिसत्त्वो की प्रज्ञा, उनके ज्ञान, उनकी स्मृति, उनकी धारणी, उनका प्रतिभान, एव उनकी गम्भीरता की माप करना असम्भव है ।

"आनन्द बोधिसत्वो की चर्या के प्रति तुम्हे उपेक्षा (समत्व भावना) करनी चाहिये । क्योंकि आनन्द, लिच्छवि विमलकीर्ति ने एक पूर्वाह्न के समय मे ये जो अनेक प्रकार के चमत्कारपूर्ण कृत्य कर दिखाये हैं, उन्हे सारे ऋद्धिप्राप्त श्रावक एव प्रत्येकबुद्ध एक लाख करोड (शतसहस्रकोटि) कल्पो तक सभी प्रकार की ऋद्धि विषयक एव काय निर्माण (रूपान्तर) से सम्बन्धित प्रातिहार्यों के द्वारा भी नही दिखा सकते है ।'

तब तथागत सुगन्धकूट के बुद्धक्षेत्र से आये हुये उन सभी बोधिसत्त्वो ने हाथ जोड कर तथागत शाक्यमुनि को नमस्कार करके उनसे यह वचन कहे—"भगवन्, इस बुद्धक्षेत्र में हमने जो हीन सज्ञा उत्पन्न की थी (इस बुद्धक्षेत्र के विषय मे हीन विचार प्रारम्भ

"बुद्धान बुद्धविसयो अचिन्तेय्यो, न चिन्तेतब्बो, य चिन्तेन्तो उम्मादस्स विघातस्स भागी अस्स ।"

महावंस १७ ५६ तथा थेरापदान (बुद्ध अपदान), गाथा ८२—
"एव अचिन्तिया बुद्धा बुद्धधम्मा अचिन्तिया ।" वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता, पृ० ३७
"अचिन्त्योऽय धर्मपर्यायस्तथागतेन भाषित ।"

प्रसन्नपदा, पृ० १८६ में एक सूत्र से निम्नलिखित पक्तियाँ उद्धृत की गई हैं—
"सुखिता सद ते नरलोके ये अचिन्तिय ज्ञातिमि धर्मा ।" तथा
"चित्तवितर्कण सर्वि प्रपञ्चा सूक्ष्म अचिन्तिय बुध्यथ धर्मान् ।"

१० चुल्लवग्ग पृ० ४०९ में कहा गया है कि भदन्त आनन्द ने प्रथम बौद्ध सगीति में सुत्तपिटक का कण्ठस्थ पाठ सुनाया था । अट्ठकथाओं के अनुसार आनन्द ने ८४ ० धर्मस्कन्धों का श्रवण किया था ।

किया था), उसे हम छोडना चाहते हैं। क्योकि भगवन् बुद्ध भगव तो के विषयक्षत्र एव उनके विविध उपायकौशल्य अचि त्य हैं। प्राणियो के परिपाचन के लिये वे इच्छानुसार क्षेत्र यूहों (काय क्षेत्र की यवस्थाओ को) प्रकट करते हैं (अर्थात् जिस प्रकार की प्राणियो की इच्छाए होती हैं उसी प्रकार के क्षेत्रो को प्रकट करते हैं)। भगवन्, हम को भी कोई ऐसा असाधारण धम उपदेश (धम-यौतक[११]) दीजिये जिससे हम सवग धसुग धा लोकधातु में जाकर (आप) भगवान् को स्मरण करें।

इस प्रकार प्राथना किये जाने पर भगवान् ने उन बोधिसत्त्वो स कहा—"कुलपुत्रो, बोधिसत्त्वो का एक विमोक्ष है जिस क्षयाक्षय (क्षय अक्षय) विमोक्ष कहते हैं। आप को इस क्षयाक्षय विमोक्ष मे प्रशिक्षित होना चाहिये। यह क्या है ? 'क्षय' का अथ सस्कृत है (सस्कृत वस्तुओ का नाम क्षय है), 'अक्षय का अथ असस्कृत है (असस्कृत वस्तुओ का नाम अक्षय है)। बोधिसत्त्व को न तो सस्कृत का विनाश करना चाहिये और न असस्कृत मे स्थित रहना चाहिये।[१२]

"सस्कृत के अक्षय (विनाश न करने) का अथ है महामत्री का विनाश न करना, महाकरुणा का त्याग न करना, अध्याशय (बोधि का दृढ़ अभिप्राय) द्वारा उत्पन्न सवज्ञ चित्त (सवज्ञता प्राप्त करने के विचार) को विस्मृत (लुप्त) न होने देना, प्राणियो के परिपाचन के काय में न थकना, सग्रहवस्तुओ का परित्याग न करना, सद्धम के परि

---

११ धर्मयौतक का अथ है धर्मदान, सिद्धा त रूपी भट, धर्मोपदेश की भेंट। धर्मशास्त्रों व स्मृतियों में क या को उसके विवाह के समय प्रदान किया जाने वाला सामान (सम्पत्ति, धन) 'यौतक' कहा गया है। **विमलकीर्तिनिर्देश** से ज्ञात होता है कि 'यौतक' असाधारण शिक्षा, उपदेश अथवा सिद्धा त के लिये प्रयुक्त हुआ है। 'क्षय' एव 'अक्षय' से परे परमार्थ की देशना वस्तुत असाधारण है। आचार्य नागार्जु न ने भी **रत्नावली** १ ६२ में 'धमयौतक' शब्द का प्रयोग 'अस्ति' एव 'नास्ति' के विचारों का अतिक्रमण करने वाले भगवान् बुद्ध के गम्भीर शासनामृत की देशना के लिये किया है।
सर्वग धसुग धा लोकधातु के बोधि सत्त्व अपने साथ हमारे इस सहालोक से तथागत भगवान् शाक्यमुनि से स्मृतिचिन्ह के रूप में धर्मयौतक माग रहे हैं।

१२ तुलनीय **मूलमध्यमककारिका**, २५ ३—"निर्वाण उसे कहते हैं जिसका प्रहाण नहीं होता है, जो प्राप्त नहीं किया जाता है, जो उच्छिन्न नहीं होता है, जो शाश्वत भी नहीं है, जिसका न निरोध होता है और न उत्पाद।'

ग्रह के लिये शरीर एव जीवन का त्याग करना,[13] (अवरोपित) कुशलमूलो मे सन्तुष्टि अनुभव न करना, परिणामना (बोधि की प्राप्ति के लिय समपण) के कौशल्य की व्यव स्था करना, धम की खोज में आलस्य न करना, धम की देशना में आचाय मुष्टि (शिक्षा देने में ज्ञान को छिपा कर रखने व भेद भाव रखने) का प्रयोग न करना, तथागत के दशन करने तथा उनकी पूजा करने के लिये प्रयत्न करना, स्वेच्छा से (जान बूझकर) पुन उत्पन्न होने (पुनज मधारण करने) मे भय न करना (निभय होना), सम्पत्ति मे गर्वान्वित न होना और विपत्ति (अवनति) मे हीन न होना, अशिक्षितो से घृणा न करना एव शिक्षितो का इस प्रकार आदर करना मानो वे शास्ता हो, बहुत से क्लेशो वाले व्यक्तियो के चित्त को ध्यान के लिये प्रेरित करना, विवेक (एकान्त) पसन्द करना परन्तु उसमे अनासक्त रहना, अपने सुख के प्रति आसक्ति न रखना परन्तु दूसरो के सुख के प्रति आसक्ति रखना, ध्यान, समाधि एव समापत्तियो के प्रति ऐसी धारणा रखना मानो कि वे अवीचि (नरक) हैं, ससार के विषय में ऐसा विचार रखना मानो कि वह निर्याण का उद्यान है, याचकों को कल्याणमित्र समझना, अपने सवस्व परित्याग को सवज्ञता की पूणता का माध्यम समझना, दु शील यक्तियो को अपना गोप्ता (रक्षक) समझना, पार मिताओं को माता पिता समझना, बोधिपाक्षिक धर्मों को स्वामी की सेवा की भाँति समझना,[14] सभी कुशलमूलो के सचय में अन्तुष्ट रहना, सभी बुद्धक्षेत्रो के गुणो का अपने

---

१३ तुलनीय **बोधिसत्वप्रातिमोक्ष (बोधिचर्यावतार पजिका, पृ० ४१)**—

"बोधिसत्व चित्तशूर होता है (चित्त का शौर्य दिखाता है), वह अपने हाथ का परित्याग (दान) करने वाला, पैर का परित्याग करने वाला, नाक, सिर और अग प्रत्यंग का परित्याग करने वाला, सवस्व का परित्याग करने वाला होता है।" **नारायणपरिपृच्छा सूत्र (बोधिचर्यावतार पंजिका, पृ० ४१ ४२)** में कहा गया है—"मेरा यह आत्मभाव भी सभी प्राणियों के लिए योछावर है, अन्य बाह्य वस्तुओं का तो कहना ही क्या।"

१४ अथवा 'बोधिपाक्षिक धर्मों को स्वामी का सेवक समझना।'

बोधिसत्त्वचर्या अनन्त है, क्योंकि अनन्त प्राणी अनन्त दुखों से पीड़ित हैं, और बोधिसत्व का बुद्धकार्य तबतक समाप्त नहीं होता जबतक सभी प्राणी विमुक्त और सुखी नहीं हो जाते। अतएव कुशलकर्मों के सम्पादन में वह सन्तुष्ट नहीं रह सकता है। ससार में रहकर ही बोधि सत्त्वचर्या एव धार्मिक वृद्धि हो सकती है। निर्वाण में न बोधि है, न सत्त्व हैं, और न चर्या ही है।

क्षेत्र में निष्पादन करना, (महापुरुष) लक्षणों एव अनु यजनो की परिपूणता के लिये मुक्तरूप से पवित्र यज्ञ एव त्याग करना, सब प्रकार के पापो को न करके शरीर, वाणी एव चित्त को अलकृत करना[१५] शरीर, वाणी एव चित्त की परिशुद्धि मे असख्य कल्पो तक ससार में रहना,[१६] अपरिमित बुद्ध गुणो के श्रवण मे चित्त के पराक्रम द्वारा उत्साह कम न करना, क्लेश रूपी शत्रु का निग्रह करने के लिय प्रज्ञा रूपी तीक्ष्ण शस्त्र धारण करना, सभी प्राणियो के भार को उठाने के लिये स्कन्धो, धातुओं एव आयतनो का ज्ञान प्राप्त करना, मार की सेना को मारने के लिये वीय से देदीप्यमान (प्रज्वलित,) रहना अभि मान रहित होने के लिये ज्ञान की खोज में रहना धर्म को सीखने एव ग्रहण करने के लिये कम इच्छाए रखना और सन्तोष करना, सभी लोगो को स तुष्ट एव प्रस न करने के लिये लोक के सभी धर्मों (वस्तुओ) मे असम्भेद (समान भाव) रखना, सभी लोगो के साथ सामञ्जस्य स्थापित करने के लिए सभी प्रकार के इर्यापथ (व्यवहार) को बनाये रखना, सभी क्रियाओ के सप्रकाशन (सम्पादन) करने के लिये अभिज्ञाओ को प्राप्त करना, समस्त ज्ञान को धारण करने के लिए धारणी, स्मृति एव विविध ज्ञान प्राप्त करना सभी प्राणियों के सशयो का नाश करने के लिये प्राणियो की (आध्यात्मिक) शक्ति (इन्द्रिय) की आदि एव अन्त (इन्द्रिय वर-अवर) कोटि का ज्ञान होना, धम की देशना करने के लिये अप्रतिहत (अजेय) अधिष्ठान का प्रयोग करना, प्रतिभान की प्राप्ति के सुलाभ द्वारा अप्रतिहत प्रतिभान प्राप्त करना, कुशलकमपथो की परिशुद्धि करते हुये दैवी एव मानवीय उपलब्धियो का आस्वादन करना, चार अप्रमेय गुणो (ब्रह्मविहारो) की अभिवृद्धि करके पवित्रमाग को प्रतिष्ठापित करना, धमदेशना के लिये प्राथना करना (धमदेशना का)

---

१५ तुलनीय धम्मपद, गाथा १८३—

"सभी पापों को न करना, कुशल (पुण्य) कार्यों से सम्पन्न होना, एव अपने चित्त की परि शुद्धि करना-यही बुद्धों की शिक्षा है।"

१६ तुलनीय तत्त्वसग्रह, कारिका ५—

"अनल्पकल्पासख्येसात्मीभूतमहादय ।" अर्थात् सम्यक् सबुद्ध होने से पूव तथागत शाक्यमुनि ने अपनी बोधिसत्त्वचर्या के काल में बडे लम्बे असख्य कल्पों तक महाकरुणा का मूर्तरूप होकर ससार में रहकर परार्थ प्रयत्न किया था। सात्मीभूतमहादया, महाकरुणा ही उनकी आत्मा हो गयी थी। परात्मपरिवतन एव परात्मसमता के माध्यम से बोधिसत्त्वों की बोधि चर्या सम्पन्न होती है।

अनुमोदन करना, साधुकार करना और इस प्रकार बुद्ध स्वर प्राप्त करना, काय, वाक एव चित्त के सवर द्वारा विशेष आध्यात्मिक उन्नति करके तथा किसी भी वस्तु के साथ आसक्ति न रखकर बुद्ध के ईर्यापथ को प्राप्त करना, प्राणियो को महायान मे प्रवेश करवाने के लिये बोधिसत्त्व सघ का सग्रह करना और सभी गुणो की रक्षा के लिये सवदा अप्रमत्त एव जागरूक रहना। कुलपुत्रो ! जो बोधिसत्त्व इस प्रकार धर्माभियुक्त (धम सम्पादन मे जुटा हुआ) है, वह बोधिसत्त्व सस्कृत को समाप्त नही करता है।

"असस्कृत मे स्थित न रहना क्या है ? शू यता मे मुक्ति की खोज करना, पर तु शू यता का साक्षात्कार न करना, अनिमित्त मे मुक्ति की खोज करना, पर तु अनिमित्त का साक्षात्कार न करना, अप्रणिहित मे मुक्ति की खोज करना, पर तु अप्रणिहित का साक्षात्कार न करना, अनभिसस्कार (कर्मों का सग्रह न करना) अर्थात् कमसग्रहहीनता में मुक्ति की खोज करना, परन्तु अनभिसस्कार का साक्षात्कार न करना। (दूसरे शब्दो मे, असस्कृत में स्थित न रहने का अथ यह है कि बोधिसत्त्व शून्यता, अनिमित्त, अप्रणिहित, एव अनभिसस्कार का अभ्यास करता है परन्तु उनका साक्षात्कार नही करता है और इस प्रकार अपनी बोधिचर्या को समाप्त नही होने देता)।

"अनित्यता का पूरा ज्ञान रखना, पर तु कुशलमूलो से असन्तुष्ट रहना, दु ख का पूरा ज्ञान रखना, परन्तु जानबूझकर (स्वेच्छा पूवक) पुन जन्म लेना, न रात्म्य का पूरा ज्ञान रखना पर तु आत्मपरित्याग न करना।[१७]

"शान्ति का पूरा ज्ञान रखना, पर तु उपशम का उत्थान न करना, विवेक (एका त वास) का पूरा ज्ञान रखना पर तु कायिक एव मानसिक प्रयत्नो को न छोड़ना, अनालय (गृहहीनता) का पूरा ज्ञान रखना, पर तु वस्तुओ (धार्मिक कार्यों) के आलय का त्याग न करना अनुत्पाद का पूरा ज्ञान रखना, परन्तु प्राणियो के भार को धारण करना, अनास्रव का पूरा ज्ञान रखना, पर तु ससार प्रब ध का अनुसरण करना,

---

१७ अनित्य, दु ख, एव अनात्म इन तीन लक्षणों से सभी सस्कृत धर्म (= हेतु प्रत्ययों के संयोग से निर्मित प्राणी, पदार्थ, वस्तुएँ, घटनाएँ, विचार) लक्षित है। सम्पूर्ण चराचर एव दृष्टिगत जगत में कुछ भी ऐसा नहीं है जो लक्षणत्रय के आघात से मुक्त है। इन तीन लक्षणों का सम्यक् ज्ञान मुक्तिप्रापक है। द्र० धम्मपद, गाथा २७७ २७९ "सभी सस्कार अनित्य हैं, सभी सस्कार दु ख है सभी धर्म अनात्म है जो इस प्रकार देखता है और जानता है वह दु ख से ऊब जाता है, यही विशुद्धि का मार्ग है।"

अप्रचार (स्थिरता) का पूरा ज्ञान रखना, परन्तु प्राणियों के परिपाचन के लिये प्रचार (गतिशीलता) उत्पन्न करना, नरात्म्य का पूरा ज्ञान रखना, परन्तु प्राणियों के प्रति महाकरुणा का त्याग न करना, अप्ररोहण (अजाति) का पूरा ज्ञान रखना, परन्तु श्रावको की नियति (अन्तिम गति) में पतित न होना।

"सभी वस्तुओं (धर्मों) की तुच्छता, रिक्तता, नि सारता, अस्वामिकता (निभरता) व अनिकेतता का पूण ज्ञान रखना, परन्तु महान् (अतुच्छ) पुण्यो मे, ठोस (अरिक्त) ज्ञान मे, परिपूर्ण सकल्पो मे, स्वयम्भू (स्वय उत्पन्न, अपने आप प्राप्त होने वाले) ज्ञान के अभिषेक में, स्वयम्भू ज्ञान की प्राप्ति के सतत प्रयत्न मे, तथा बुद्धगोत्र के नीतार्थ (स्पष्ट) अर्थ मे प्रतिष्ठित रहना। कुलपुत्रो! इस प्रकार के धम मे अधिमुक्त (जुटा हुआ) बोधिसत्त्व न असस्कृत में स्थित (तिष्ठ) रहता है और न सस्कृत का व्यय करता है।

"कुलपुत्रो! पुण्यसभार की प्राप्ति के लिये भी बोधिसत्त्व असंस्कृत मे स्थित नही रहता है, और ज्ञानसभार की प्राप्ति के लिये भी सस्कृत का विनाश (व्यय) नही करता है। महामैत्री से परिपूर्ण होने से असस्कृत में स्थित नही रहता है, और महा करुणा से परिपूर्ण होने वे वह सस्कृत का विनाश नहीं करता है।

"प्राणियो के परिपाचन के लिये वह असस्कृत मे स्थित नहीं रहता है और बुद्ध गुणो मे अधिमुक्ति के कारण वह सस्कृत का विनाश नही करता है। बुद्धत्व के लक्षणो की परिपूर्णता के लिये वह असस्कृत में स्थित नही रहता है, और सवज्ञ ज्ञान की परिपूर्णता के लिये वह सस्कृत का विनाश नही करता है। उपायकौशल्य के कारण वह असस्कृत मे स्थित नही रहता है, और सुनिश्चित प्रज्ञा के कारण वह सस्कृत का विनाश नही करता है। बुद्धक्षेत्र की परिशुद्धि के लिये वह असस्कृत मे स्थित नही रहता है बुद्ध के अधिष्ठान के कारण वह सस्कृत का विनाश नही करता है। प्राणियो के हित का अनुभव करने के कारण वह असस्कृत में स्थित रहता है, और धर्म के अथ का सप्रकाशन करने के लिये वह सस्कृत का विनाश नहीं करता है।

"कुशलमूलों के सचय के लिये वह (बोधिसत्त्व) असस्कृत मे स्थित नही रहता है, और कुशलमूलो की वृद्धि की वासना (स्वाभाविक इच्छा) के कारण वह असस्कृत को समाप्त नहीं करता है। प्रणिधान की परिपूणता प्राप्त करने के लिये वह असस्कृत में स्थित

नहीं रहता है, और अप्रणिहित (इच्छारहित) होने के कारण वह सस्कृत को समाप्त नहीं करता है। आशय की परिशुद्धि होने के कारण (परिशुद्ध आशय होने के कारण) वह असस्कृत में स्थित नही रहता है, और अध्याशय (उच्चकोटि का अभिप्राय) शुद्ध होने के कारण वह सस्कृत को समाप्त नही करता है। पाँच अभिज्ञाओ से क्रीडा करने के कारण वह असस्कृत में स्थित नही रहता है, और बुद्धज्ञान की छ अभिज्ञाओं के लिये वह सस्कृत को समाप्त नहीं करता है।

"पारमिताओ के सचय की परिपूर्णता के लिये वह असस्कृत मे स्थित नही रहता है, और काल (सभी सत्त्वों द्वारा बोधि प्राप्ति तक का समय) पूरा करने के लिये वह सस्कृत को समाप्त नहीं करता है। धर्म रूपी धन के सग्रह के लिये वह असस्कृत में स्थित नही रहता है और प्रादेशिक धम (श्रावकयान की शिक्षा) के प्रति अनिच्छा के कारण वह संस्कृत को समाप्त नहीं करता है। धम भैषज्य (धर्म रूपी औषधियों) के सग्रह के लिये वह असस्कृत में स्थित नहीं रहता है और (रुग्ण प्राणियो की चिकित्सा के लिये) औषधियों का यथायोग्य प्रयोग करने के लिये वह सस्कृत को समाप्त नही करता है।

"अपनी प्रतिज्ञाओं को परिपक्व करने के लिये वह असंस्कृत मे स्थित नहीं रहता है और प्रतिज्ञाओं की हानि होने के पश्चात् उस हानि को पूरा करने के लिये वह सस्कृत को समाप्त नही करता है। धर्मौषधि (धर्म रूपी औषधि) की व्यवस्था करने के लिये वह असस्कृत मे स्थित नहीं रहता है, और इस प्रकार की मृदु (मधुर) धर्म औषधि के प्रयोग के लिये वह सस्कृत को समाप्त नही करता है। क्लेश रूपी सभी रोगो को पूर्ण रूपेण जानने के कारण वह असंस्कृत में स्थित नहीं रहता है और सभी रोगो का शमन करने के लिये वह सस्कृत का क्षय नहीं चाहता है। कुलपुत्रो, इस प्रकार बोधिसत्त्व सस्कृत का विनाश नही करता है और असस्कृत मे स्थित नहीं रहता है। यही बोधि सत्त्वो का क्षय अक्षय (क्षयाक्षय) नामक विमोक्ष कहलाता है। इस क्षयाक्षय विमोक्ष के लिये सत्पुरुषो ! आप को प्रयत्न करना चाहिये।"

तब वे बोधिसत्त्व गण, इस उपदेश को सुनकर सन्तुष्ट हुये एव प्रसन्न हुये, और खुशी से गद्गद हो गये। प्रमुदित होकर और प्रीतिसौमनस्य (श्रद्धा एव प्रीति से परिपूर्ण चित्त) को प्राप्त होने के कारण भगवान् बुद्ध शाक्यमुनि की पूजा करने के लिये, (वहाँ

पर उपस्थित सहालोक के) उन सभी बोधिसत्त्वो एव इस धमपर्याय (धर्मोपदेश) की पूजा करने के लिये, उन बोधिसत्त्वो ने इस सम्पूण त्रिसाहस्र महासाहस्र लोकधातु को सभी प्रकार के अनेको सुगन्धित चूर्णों, सुगन्धियो, धूपों एव पुष्पो से घुटनों की ऊचाई तक आच्छादित कर दिया । इस प्रकार तथागत की परिषद् को पुष्पों से आच्छादित करके, भगवान् के चरणो मे सिर झुका कर, उनकी वन्दना करके, भगवान् की तीन बार प्रदक्षिणा करके, उन्होने प्रीतिवाक्यो (उदानों) का उच्चारण किया । तत्पश्चात् वे बुद्धक्षेत्र से अन्तर्निहित (अन्तर्धान) होकर एक क्षण के लव मुहूर्त मे ही सवगन्धसुगन्धा लोकधातु में जा पहुँचे ।

दशम परिवर्त समाप्त ।

११. अभिरति लोकधातु एवं तथागत अक्षोभ्य के दर्शन

भगवान बुद्ध ने लिच्छवि विमलकीर्ति से कहा—"कुलपुत्र, जब आप तथागत को देखना चाहते हैं तब तथागत को किस प्रकार देखते हैं ?"

लिच्छवि विमलकीर्ति ने कहा—"भगवन्, जब मैं तथागत को देखने की कामना करता हूँ, तब मैं निश्चय ही तथागत को देखे विना उन्हें देखता हूँ (अर्थात् तथागत के दर्शन तथागत को देखे विना करता हूँ)। मैं तथागत को पूर्वान्त (भूतकाल) में अनुत्पन्न होने वाला, अपरान्त (भविष्य काल) में न जाने वाला एव प्रत्युत्पन्न (वर्तमान काल) मे अप्रतिष्ठित रहने वाला देखता हूँ। (ऐसा किस कारण ?)

"क्योकि, तथागत रूपतथतास्वभाव होते हुये भी रूपरहित हैं (अर्थात् रूपतथता के स्वभाव एव तथागत की तथता के स्वभाव में समानता (नि स्वभावता) है परन्तु तथागत रूप (भौतिक आकार) में नही हैं, वह रूपातीत हैं)। तथागत वेदनातथतास्वभाव हैं परन्तु वेदनारहित हैं। तथागत सज्ञातथतास्वभाव हैं परन्तु सज्ञारहित हैं। तथागत सस्कारतथता स्वभाव हैं परन्तु सस्कार रहित हैं। तथागत विज्ञानतथतास्वभाव हैं परन्तु विज्ञानरहित हैं। (अर्थात् परमार्थ स्वरूप तथागत पच-स्कन्धो से रहित हैं)। चार धातुओ मे अप्रतिष्ठित तथागत आकाशधातु के समान हैं, षडायतनो से अनुत्पन्न तथागत चक्षु, श्रोत्र, घ्राण, जिह्वा, काय एव मन के कार्यक्षेत्र से बाहर (समतिक्रान्त) हैं। तथागत त्रिधातुक ससार से सीमित नही हैं।[1] वह त्रिविध मल से रहित

---

१ तुलनीय आगमिक एव शास्त्रीय सूचनायें—

(क) सयुत्तनिकाय, खण्ड २, पृ० ३४१—"यो खो, वक्कलि, धम्मं पस्सति सो म पस्सति यो म पस्सति सो धम्म पस्सति।"

(ख) अंगुत्तरनिकाय, खण्ड २, पृ० ७५ "ये च रूपे पमाणिंसु, ये च घोसेन अन्वगू। छन्दराग वसूपेता, नाभिजानन्ति ते जना॥"

(ग) मज्झिमनिकाय खण्ड २ पृ० १८१-१८२—

"रूपसखाविमुत्तो खो, वच्छ, तथागतो गम्भीरो अप्पमेय्यो दुप्परियोगाल्हो-सेय्यथापि महासमुद्दो वेदनासखाविमुत्तो

सञ्ञासखाविमुत्तो सखारसखाविमुत्तो विञ्ञाणसखाविमुत्तो । ।"

(घ) **समाधिराजसूत्र**, २२ ३१ तथा २२ ३८—

"निमित्तापगता बुद्धा धर्मकायप्रभाविता ।
गम्भीराश्चाप्रमेयाश्च तेन बुद्धा अचिन्तिया ॥"
"अप्रमाण यथाकाश मातु शक्य न केनचित् ।
तथैव कायु बुद्धस्य आकाशसमसादृश ॥"

(ङ) **पञ्चविंशतिसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता**, पृ० १४६—

"अत्यन्तविशुद्धितामुपादाय अर्हन्त नोपलभते । प्रत्येकबुद्ध नोपलभते । बोधिसत्त्व नोपलभते । बुद्ध नोपलभते ।"

(च) **अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता**, पृ० ४८

"धर्मकाया बुद्धा भगवन्त । मा खलु पुनरिम भिक्षव सत्काय काय मन्यध्वम् । धर्मकाय परिनिष्पत्तितो मा भिक्षवो द्रक्ष्यथ । एष च तथागतकायो भूतकोटिप्रभावितो द्रष्टव्यो यदुत प्रज्ञापारमिता ।"

(छ) **वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता**, पृ ४१

"ये मा रूपेण चाद्राक्षुर्ये मा घोषेन चान्वगु ।
मिथ्याप्रहाणप्रसृता न मा द्रक्ष्यन्ति ते जना ॥
धर्मतो बुद्धा द्रष्टव्या धर्मकाया हि नायका ।
धर्मता च न विज्ञेया न सा शक्या विजानितुम् ॥"

(ज) **थेरगाथा**, गाथा ४६९

"ये म रूपेन पामिंसु ये च घोसेन अन्वगू ।
छन्दरागवसूपेता न म जानन्ति ते जना ॥"

यह गाथा **अगुत्तरनिकाय** में भी है, द्र० ऊपर (ख) ।

(झ) **दिव्यावदान**, पृ० ११ १२—

"दृष्टो मयोपाध्यायानुभावेन स भगवान् धर्मकायेन, नो तु रूपकायेन । दुर्लभदर्शना हि वत्स तथागता अर्हन्त सम्यक्सबुद्धा तद्यथा औदुम्बरपुष्पम् ।"

(ञ) **मूलमध्यमककारिका**, तथागतपरीक्षापरिवर्त ।

(ट) **बोधिचर्यावतार पंजिका**, पृ० २००

"बोधि बुद्धत्वम् एकानेकस्वभावविविक्तमनुत्पन्नानिरुद्धमनुच्छेदमशाश्वत सर्व प्रपञ्च विनिर्मुक्तमाकाशप्रतिसम धर्मकायाख्य परमार्थतत्त्वमुच्यते ।"

हैं[२] वह त्रिविध विमोक्ष प्राप्त कर चुके है,[३] उन्हें त्रिविध विद्या[४] प्राप्त हैं, तथागत ने अप्रतिलब्ध (जो प्राप्त नही किया जा सकता है उसे) सप्रतिलब्ध (भली भाँति प्राप्त) किया है।

"तथागत ने सभी वस्तुओ (धर्मों) के प्रति अश्लेष (अनासक्ति) भावना की पराकाष्ठा प्राप्त की हैं वह भूतकोटि रहित हैं, तथता में सुप्रतिष्ठित है, और अन्योन्यता (पारस्परिकता) से रहित हैं। तथागत न तो हेतुओं (कारणो) से उत्पन्न हैं और न प्रत्ययो (परिस्थितियों) से बधे हु[५] वह लक्षणो से रहित है और असलक्षण है (अर्थात् लक्षण युक्त नहीं हैं,) वह न एक लक्षण वाले हैं और न भिन्न लक्षणो वाले हैं,[६] वह अकल्पित, असकल्पित एव अविकल्पित हैं।[७] तथागत न पार (उस ओर का किनारा) हैं, न अपार (इस ओर का किनारा) है, और न मध्य ही हैं, तथागत यहाँ, अथवा वहाँ अथवा किसी अन्य स्थान पर नही हैं।[८] विज्ञान से तथागत को ज्ञात नहीं किया जा सकता है, वह विज्ञान स्थान नही हैं, तथागत न तम (अन्धकार) और न आलोक (उजाला) हैं।

---

२ राग, द्वेष, एव मोह ये तीन मल हैं।

३ शून्यता, अप्रणिहित एव अनिमित्त ये तीन प्रकार के विमोक्ष हैं।

४ पूर्वनिवासानुस्मृतिज्ञान, च्युति-उत्पत्तिज्ञान तथा आस्रवक्षयज्ञान ये तीन प्रकार की विद्याएँ हैं।

५ तुलनीय **मूलमध्यमककारिका**, १८ ९—
"अपरप्रत्यय शान्त प्रपञ्चैरप्रपञ्चितम्।
निर्विकल्पमनानार्थमेतत्तत्त्वस्य लक्षणम् ॥"

६ तुलनीय **अष्टादशसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता** पृ० १५१—
"इय प्रज्ञापारमिता अरूपिण्यनिदर्शना अप्रतिघा एकलक्षणा यदुतालक्षणा।"

७ तुलनीय **तथागतगुह्यसूत्र** (**प्रसन्नपदा**, पृ० २३६)
अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता पृ० १७७।

८ द्र० **धम्मपद**, गाथा १७९—
"यस्स जित नावजीयति,
जितं यस्स नो याति कोचि लोके।
त बुद्धमनन्तगोचर,
अपद केन पदेन नेस्सथ ॥"

तथागत नामरहित और निमित्तरहित है, वह न दुबल है न बलवान् है वह न किसी देश मे स्थित है और न किसी दिशा (पक्ष) मे स्थित है। तथागत शुभ (कुशल) एव अशुभ (अकुशल) से रहित है (अर्थात वह पुण्य एव पाप की सीमा के बाहर है) तथागत सस्कृत एव असस्कृत से रहित है तथागत के बारे में कोई चर्चा करना अथवा तथागत का कोई अथ बताना सम्भव नही है।[१] तथागत न दान है और न लोभ (मात्सय) है, न शील है और न दु शील है न क्षान्ति है और न द्वेष है न वीय (पराक्रम) है और न आलस्य है न ध्यान है और न औद्धत्य (अशान्ति) है न प्रज्ञा है और न मूखता है इन श दो द्वारा तथागत के विषय में अभिलाप नहीं किया जा सकता है। वह अनभिलाप्य है।

"तथागत न सत्य है और न मृषा (झूठ) है, वह न अवधारण (सीमित) है, और न अनवधारण (असीमित) है, वह न जगद् विधि (सासारिकता) है और न जगत अविधि (असांसारिकता) है तथागत सभी सिद्धा तो (वादो) एव यवहारो (चर्चाओ) का पूण रूपेण अ त है (अर्थात तथागत मे विचारो एव कार्यों का समूल नाश हो जाता है)। तथागत न तो (पुण्य) क्षत्र की सत्ता है और न (पुण्य) क्षेत्र का अभाव है, वह न दक्षिणीय (दान दक्षिणा देने योग्य) है और न दान दक्षिणा को पवित्र न करने वाला ही है; वह न ग्राहित य (ग्राह्य वस्तु) है, न स्पृष्टव्य (स्पशनीय वस्तु) है और न निमित्त ही है। तथागत असस्कृत (निर्वाण) है, सख्या रहित है, समतासम (समता के समान) ह, धमता के समान और असमान ह, वह अतुल्यवीय (पराक्रम प्रयत्न मे अतुल

---

१ यथोक्त सूत्र (प्रसन्नपदा, पृ० १५९)

"परमार्थसत्य कतमत् ? यत्र ज्ञानस्याप्यप्रचार , क पुनर्वादोऽक्षराणामिति।"

बोधिचर्यावतार पंजिका पृ० १७५

बुद्धे सर्वज्ञानानाम् समतिक्रान्तसर्वज्ञानविषयत्वादगोचर अविषय। कल्पनासमतिक्रा त स्वरूप च शब्दानामविषय ।

वही, पृ० १७७ पितापुत्रसमागमसूत्र—

"य पुन परमार्थं, सोऽनभिलाप्य , अनाज्ञेय अपरिज्ञेय , अविज्ञेय अदेशित अप्रकाशित , यावदक्रिय अकरण , यावन्न लाभो नालाभो न सुख न दु ख न यशो नायशो न रूप नारूपमित्यादि।"

नीय) ह, वह तुलना की परिधि के बाहर है (तुलनासमतिक्रान्त ह), तथागत न आता ह, और न समतिक्रण करता ह ।[१०]

"तथागत न दिखाई देता ह, न सुनाई पडता है, न ज्ञात (मत) होता ह, और न पहचाना जाता है, वह सब प्रकार के ग्रथो (उलझनो) से मुक्त ह[११] (अर्थात् तथागत सारी ग्रथियो (गाठो) से रहित ह) । तथागत ने सवज्ञ ज्ञान की समता प्राप्त कर ली है,[१२] तथागत ने सभी धर्मों (वस्तुओ) के प्रति ऐसी समता प्राप्त कर ली है जिसमे किसी चीज के प्रति विशेष अथवा अविशेष भाव नहीं है,[१३] तथागत सवत्र निरवद्य (अनिन्दनीय) है, सवस्वरहित (अकिचन) है, दोषरहित है ।[१४] कल्पनारहित है । विकल्परहित है । तथागत अकृत है, अनुत्पन्न है, अजात (अजन्मा) है, अभूत है, असम्भूत है[१५] अभावी है, अनभावी है, (न उत्पन्न है, न अनुत्पन्न है), निभय है, अनालय है, शोक

---

१० तुलनीय अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ० २५३
"ये च तथागतस्यागमन च गमनं च कल्पयन्ति, सर्वे ते
बालजातीया दुष्प्रज्ञजातीया इति वक्तव्या ।
नास्ति तथागतानामागमन वा गमन वा ॥"

११ द्र० धम्मपद, गाथा ९०—"विसोकस्स", "विप्पमुत्तस्स" "सब्बगन्थप्पहीनस्स"

१२ अभिसमयालकार-वृत्ति, पृ० ३७—
"बुद्ध एव सर्वाकारज्ञता सर्वाकारज्ञतैव बुद्ध ।
बोधिरेव सर्वाकारज्ञता सर्वाकारज्ञतैव बोधि ॥"

१३ तुलनीय अष्टादशसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ० ५५
"तद्यथापि नाम भगवस्तथागतस्य अर्हत सम्यक्सबुद्धस्य न कश्चित् प्रियो वा अप्रियो वा सविद्यते, एवमेव भगव प्रज्ञापारमिताया न कश्चित् प्रियो वा अप्रियो वा सविद्यते ।"

१४ शतपञ्चाशत्कस्तोत्र, श्लोक १—
सवदा सर्वथा सर्वे यस्य दोषा न सन्ति हि । सर्वे सर्वाभिसारेण यत्र चावस्थिता गुणा ॥

१५ तुलनीय उदान ८ २ ६ (खुद्दक० खण्ड १, पृ० १६२ ६३) "अत्थि, भिक्खवे, अजात अभूत अकत असखत ।'
चतु शतकवृत्ति, पृ० ५६
"अस्तिभिक्षवस्तदजातमभूतमसस्कृतम् ।"

रहित है, आन दरहित है तरगरहित है, और सवप्रकार के वाणी व्यापार व उपदेश से अवक्तव्य (अकथनीय) है।[१९]

"भगवन्, तथागतकाय इस प्रकार है, उसे इसी प्रकार से देखना चाहिये। जो इस प्रकार देखता है, वह सम्यक प्रकार से देखता है। जो अ यथा देखता है, वह मिथ्या देखता है।'

तब आयुष्मान् शारिपुत्र ने भगवान् से पूछा—"भगवन्, यह कुलपुत्र विमलकीर्ति कौन से बुद्धक्षेत्र से च्युत होकर (मरने के पश्चात्) इस बुद्धक्षत्र मे (पुन जन्म लेकर) आया है।"

भगवान् बुद्ध ने कहा—"शारिपुत्र, इस सत्पुरुष से ही पूछो कि वह कहाँ से च्युत होकर यहाँ आया है।'

तब आयुष्मान् शारिपुत्र ने लिच्छवि विमलकीर्ति से पूछा— 'कुलपत्र, आप कहा मरने के पश्चात् यहाँ आये ?"

विमलकीर्ति ने उत्तर दिया—"स्थविर ने जो धम साक्षात्कार किया है, क्या उसमें कोई चीज है जो मरती है और उत्पन्न होती है ?"

शारिपुत्र ने कहा—' इस धम मे कोई ऐसी चीज नही है जो मरती है और उत्पन्न होती है।"

विमलकीर्ति—"भद त शारिपुत्र, इसी प्रकार सभी चीजें (सभी धम) जब च्युति एव उत्पत्ति रहित हैं, तो आप ऐसा क्यो पूछते हैं 'तुम कहाँ से मरने के पश्चात् यहा आये हो' ? भदन्त शारिपुत्र, यदि मायाकार (मायावी जादूगर) द्वारा निर्मित किसी स्त्री अथवा पुरुष से यह पूछा जाय कि वह (स्त्री अथवा पुरुष) कहाँ मरने के पश्चात् यहाँ उत्पन्न है, तो इस प्रश्न का उत्तर क्या होगा ?"

शारिपुत्र—"वह मायाकार द्वारा निर्मित (निर्माणकाय) भी च्युति एव उत्पत्ति रहित है, इसलिये इस (प्रश्न) का क्या उत्तर होगा ?" (अर्थात् इस प्रश्न का उत्तर निरर्थक होगा)।

---

१९ अष्टादशसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ० १७९—

"यत्र नैव भावो नाभाव स तादृशोऽभिसमय यत्रैते प्रपञ्चा न सविद्यन्ते अप्रपञ्च्यो निष्प्रपञ्चोऽभिसमय ।"

विमलकीर्ति—"भदन्त शारिपुत्र, क्या तथागत ने यह घोषणा नही की है कि 'सभी धर्म निर्माणस्वभाव है' ?"[१७]

शारिपुत्र—"हाँ, कुलपुत्र, यह ठीक है।"

विमलकीर्ति—"भदन्त शारिपुत्र, चूंकि सभी धर्म निर्माणस्वभाव के हैं (माया से उत्पन्न वस्तु की तरह उनका स्वभाव है), तो आप ऐसा क्यो पूछते हैं, 'तुम कहाँ मरने के पश्चात् यहाँ उत्पन्न हुये ?' भदन्त शारिपुत्र, च्युति (मृत्यु) का लक्षण अभिसस्कार (क्रिया व्यापार) को जारी रखना है। अतएव यद्यपि बोधिसत्त्व मरता है तो भी वह कुशलमूलो के अभिसस्कार को समाप्त नही करता है। वह यद्यपि जन्म लेता है, तथापि वह अकुशलकार्यों (पापो) की परम्परा को पुन नही पनपने देता है।"

तब भगवान् ने आयुष्मान् शारिपुत्र से कहा—"शारिपुत्र, यह सत्पुरुष तथागत अक्षोभ्य के पास से अभिरति लोकधातु से यहाँ आया है।"

शारिपुत्र ने कहा—"आश्चर्य है, भगवन्, कि यह सत्पुरुष उस विशुद्ध बुद्धक्षेत्र (अभिरति लोकधातु) से आकर मृत्यु की बहुलता से प्रदूषित इस बुद्धक्षेत्र (इस सहा लोक) में प्रसन्न है।"

लिच्छवि विमलकीर्ति ने कहा—"शारिपुत्र, आप क्या समझते हैं ? क्या सूर्य का प्रकाश अन्धकार के साथ होता है ?"

शारिपुत्र ने कहा—"बिलकुल ही नहीं, कुलपुत्र।"

विमलकीर्ति—"तो वे दोनों एक साथ नही होते हैं ?"

---

१७. तुलनीय अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ० २०—
"मायोपमास्ते देवपुत्रा सत्त्वा । स्वप्नोपमास्ते देवपुत्रा सत्त्वा ।
इति हि माया च सत्त्वाश्च अद्वयमेतदद्वैधीकारम् ।
सर्वधर्मा अपि देवपुत्रा मायोपमा स्वप्नोपमा ।"
अष्टादशसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ० १४३
"भगवान् आह एवमेव सुभूते तथागतेन
निर्मितोपमा सर्वधर्मा ज्ञाता गणिता अज्ञाननिर्मिता
ज्ञात्वा न कश्चित् सत्त्व उपलब्धो नापि विनीत ।"
पंचविंशतिसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, पृ० ४-५
"मायामरीच्युदकचन्द्रस्वप्नप्रतिश्रुत्काप्रतिभासप्रतिबिम्बनिर्माणोपमधर्माधिमुक्तै ।"

शारिपुत्र—"कुलपुत्र वे दोनो एक साथ नही होते हैं।

ज्यो ही सूयमण्डल उदित होता है, सर्व अधकार नष्ट हो जाते हैं।"

विमलकीर्ति—"जम्बूदीप मे सूय क्यों उदित होता है?

शारिपुत्र—"आलोक करने के लिये और अन्धकार नष्ट करन के लिये।'

विमलकीर्ति—'इसी प्रकार भदन्त शारिपुत्र, बोधिसत्त्व स्वेच्छा से (जानबूझ कर) अशुद्ध बुद्धक्षेत्रों में जम लेता है केवल प्राणियो की परिशुद्धि करने के लिये, ज्ञान का आलोक करन के लिये, और महान् अधकार का नाश करने के लिये। बोधिसत्त्व क्लेशो के साथ नही रहता है वह सभी प्राणियों के क्लेशान्धकार का विनाश करता है।'

उस समय उस सारी परिषद् (के सदस्यो के मन) में ऐसी इच्छा (भावना) हुई कि हमें भी उस अभिरति लोकधातु, तथागत अक्षोभ्य उनके बोधिसत्वो एव महा श्रावको का दशन करना चाहिये।

भगवान् बुद्ध ने उस सम्पूण परिषद् के (सदस्यो के) विचारो को स्वय जानते हुये, लिच्छवि विमलकीर्ति से कहा—"कुलपुत्र, यह परिषद् अभिरति लोकधातु को एव तथागत अक्षोभ्य को देखना चाहती है। अतएव, इस परिषद् को उनका दर्शन करवा दो।"

लिच्छवि विमलकीर्ति ने सोचा—'इस सिंहासन से उठे बिना ही मैं उस अभिरति लोकधातु को वहाँ के लाखो (शतसहस्राणि) बोधिसत्त्वो को, चक्रवाड पर्वत की गिरि माला से घिरे हुये भवनो को उस लोकधातु के देवताओ, नागों, यक्षों, गन्धर्वों एव असुरों को, वहाँ की नदियो, तडागों उत्सों (फव्वारो) जलधाराओ, समुद्रों, परिखाओ को, वहाँ के सुमेरु पवत अन्य पवतो एव हर्मिकाओं को, वहाँ के चन्द्र, सूय एवं तारागणो को, देवताओं, नागो यक्षो व गन्धर्वों के निवास स्थानों को वहाँ के ब्रह्मा के सपरिवार भवनों को, वहाँ के ग्राम नगर निगम, जनपद, राष्ट्र नर, नारी एव मकानो को, वहाँ के बोधिसत्त्वो एव श्रावको की परिषद् को, अक्षोभ्य तथागत के बोधिवृक्ष को भी, समुद्र के समान विशाल परिषद् के मध्य विराजमान होकर धर्मोपदेश करते हुये तथागत अक्षोभ्य को और उन कमल पुष्पो को जो दसो दिशाओ मे प्राणियो के लिये बुद्ध कार्य करते हैं— इन सब को मैं ले आता हू। जो रत्नमय तीन सीढ़ियाँ जम्बूद्वीप से त्रायस्त्रिंश भवन (स्वर्ग) तक जाती हैं, जिन सीढ़ियों मे चढ़कर त्रायस्त्रिंश निवासी देवतागण तथागत अक्षोभ्य के दशन करने के लिये, उनकी वन्दना करने के लिये, उनकी उपासना करने के

लिये एव उनसे धम श्रवण करने के लिये जम्बुद्वीप मे आते हैं, और जिन सीढियो से होकर जम्बूद्वीप के मनुष्य त्रायस्त्रिश वासी देवताओ के दशन करने के लिये त्रायस्त्रिश भवन मे चढ़ते हैं[१८], उनको भी—इस सम्पूण अभिरति लोकधातु को, इसके अप्रमेय पुण्यसचय सहित जल में स्थित इसके आधार (स्क'ध) से लेकर अकनिष्ठ भवन तक, कुम्भकार की चाक की भाँति सम्पूण को भद करके, दाहिने हाथ से पुष्पमाला की भाँति पकड कर, इस सहालोकधातु में लाकर रख दूगा, यहाँ रख कर इस परिषद् को दिखा दूँगा।'

तब लिच्छवि विमलकीर्ति ने ऐसी समाधि लगाई और इस प्रकार का ऋद्धि प्रद शन का काय किया जिससे उसने उस सम्पूण अभिरति लोकधातु को भेद करके (अथवा सक्षिप्त करके) दाहिने हाथ मे पकड कर के, इस सहालोकधातु में रख दिया।

उस अभिरति लोकधातु में श्रावक, बोधिसत्त्व, देवता एव मनुष्य दिव्यचक्षु नामक अभिज्ञा वाले थे वे क्र दन करने लगे (जोर से चीखने लगे)—"भगवन्, हम ले जाए जा रहे हैं (हमें भगा कर ले जाया जा रहा है), सुगत, हमें भगा कर ले जाया जा रहा है। सुगत, हमारी रक्षा कीजिये (हमें बचाइये)।" ऐसी प्राथना करने लगे।

उ हे विनीत अनुशासित करने के लिये भगवान् ने उनसे कहा—"बोधिसत्त्व विमलकीर्ति द्वारा आप ले जाये जा रहे हैं, यह तो मेरा क्षेत्र नहीं है।"

वहाँ (उस लोकधातु मे) जो अ'य देवता, मनुष्य आदि थे, उ'हे न ज्ञात हुआ और न दिखाई दिया कि वे कही (कहाँ) ले जाये जा रहे हैं।

यद्यपि अभिरति लोकधातु को इस सहा लोकधातु मे रख दिया गया था, तब भी सहालोकधातु न बढ़ा और न घटा, उस पर न दबाव पडा और न उसको कोई बाधा

---

१८ सकाश्य (संकिसा अथवा प्राचीन कपिथ) फरुखाबाद जनपद में एक स्थान का नाम है। परम्परा के अनुसार शाक्यमुनि बुद्ध जेतवनविहार (श्रावस्ती) से त्रायस्त्रिंश नामक देवलोक में जाकर अपनी माता महामाया देवी को तीन महीने तक धर्मोपदेश करने के पश्चात् सकाश्य में प्रकट हुये थे। भगवान् के उतरने के लिए इन्द्र (शक्र) ने तीन सीढियाँ स्वर्ण, माणिक्य एव रजत से निर्मित की थीं। सातवीं शती में चीनी बौद्ध भिक्षु एव शास्त्रकार ह्वान्-च्वांग ने सकाश्य में जाकर उस पवित्र स्थल को देखा था। द्र० टॉमस वाटर्स, ऑन युवान् च्वांग्स ट्रेवेल्स इन इण्डिया, खण्ड १, पृ० ३३४।

हुई। वह अभिरति लोकधातु भी आकार मे छोटा नही हुआ। दोनो ही लोकधातु पहले की तरह ही अब भी दिखाई देते थे।

तब भगवान् बुद्ध शाक्यमुनि ने उस सम्पूण परिषद को सम्बोधित करते हुये कहा— मित्रो अभिरति लोकधातु को तथागत अक्षोभ्य को उनके बुद्धक्षेत्र के श्रावको एव बोधिसत्त्वो के ऐश्वय को देखो।

उन सब ने कहा—' अवश्य ही देख रहे हैं, भगवन्।

भगवान् बुद्ध ने कहा—' जो बोधिसत्त्व इस प्रकार के बुद्धक्षेत्र का परिग्रहण करना चाहता है, उसको तथागत अक्षोभ्य के बोधिसत्त्वो की सब प्रकार की चर्या मे अपने को प्रशिक्षित करना चाहिये।

इस प्रकार विमलकीर्ति द्वारा अभिरति लोकधातु के तथा तथागत अक्षोभ्य के सन्दशन के ऋद्धिपूण काय के समय इस सहा लोकधातु क एक लाख चालीस हजार प्राणियो ने (देवताओ मनुष्यो, एव अन्य प्राणियो ने) [१८अ] अनुत्तर सम्यक सम्बोधि का चित्तोत्पादन किया। उन सभी ने उस अभिरति लोकधातु मे जन्म लेने के लिये प्रणिधान किया (निश्चित धारणा बनाई)। भगवान् ने भी उन सभी की भविष्य मे अभिरति लोकधातु मे उत्पन्न होने की भविष्यवाणी की।

लिच्छवि विमलकीर्ति ने इस सहा लोकधातु के उन सभी प्राणियो का परिपाचन करके जो इस प्रकार से परिपाचनीय थे, उस अभिरति लोकधातु को यथास्थान पुन प्रतिष्ठापित कर दिया।

तब भगवान ने आयुष्मान् शारिपुत्र से कहा—"शारिपुत्र तुमने उस अभिरति लोकधातु को और तथागत अक्षोभ्य को देखा ?

शारिपुत्र ने उत्तर दिया— जी हाँ भगवन्, मैंने उन्हें देखा। सभी प्राणी इसी प्रकार के बुद्ध क्षेत्र के गुणो के ऐश्वय मे रहे। सभी प्राणी कुलपुत्र लिच्छवि विमलकीर्ति की तरह की ऋद्धियो से सम्पन्न हो जावें। ऐसे (विमलकीर्ति जसे) सत्पुरुष को देखकर के हम कितने भाग्यशाली (महान् लाभो से लाभान्वित हुये है। जो प्राणी वतमान समय मे अथवा

---

१८ अ चतुदश अयुत = चौदह अयुत। एक अयुत = १००००। चौदह अयुत = एक लाख चालीस हजार।

तथागत के परिनिर्वाण के पश्चात् इस धर्मोपदेश को सुनेंगे, वे भी महान् लाभों को प्राप्त करेंगे, वे भी बडे भाग्यशाली प्राणी होगे । उन लोगो को होने वाले लाभो का तो कहना ही क्या है जो इस धमपर्याय को सुनकर इसपर दृढ़तापूवक विश्वास करते हैं, निभर करते हैं, इसे हृदयगम करते हैं, इसे धारण करते हैं, इसकी वाचना करते हैं श्रद्धापूवक इसका अर्थ समझते हैं, इसकी शिक्षा देते हैं, इसका पाठ करते है दूसरों के लिए इसको प्रकाशित करते है और ध्यानपूवक इसकी शिक्षा का अधिगम करने मे जुट जाते है ।[१९]"

"जो (प्राणी) इस धर्मोपदेश को भलीभाति सुनते समझते हैं उन्हें धम रूपी रत्नो की निधि प्राप्त होती है । जो इस धर्मोपदेश (धमपर्याय) का स्वाध्याय करते हैं, वे तथागत के साथी बनते हैं । जो इस सिद्धान्त (धम) के विशेषज्ञो (अधिमुक्तो) का सत्कार करते है और उनकी सेवा करते हैं वे ही धम के रक्षक होते है । जो इस धमपर्याय (इस सूत्र) को भली प्रकार लिखते हैं स्मरण रखते हैं, इसका सम्मान करते हैं, उनके घरो मे तथागत विहार करते हैं । जो इस धमपर्याय का अनुमोदन करते हैं, वे सभी पुण्यो की रक्षा करते है । जो (प्राणी) इस धमपर्याय से एक चतुष्पाद गाथा (श्लोक) का भी दूसरो के लिये उपदेश करते है, वे एक महाधमयज्ञ करते हैं ।[२०] जो प्राणी इस धमपर्याय (अर्थात् **विमलकीर्तिनिर्देशसूत्र**) के लिये अपनी क्षान्ति, इच्छा, बुद्धि, अवबोधन, दशन एव दृढ विश्वास लगाते ह, उनका भी उसी प्रकार का (उज्ज्वल) भविष्य होता है (अर्थात् उनके द्वारा सम्यक् सम्बोधि की प्राप्ति की भविष्य वाणी निश्चित रूप से हो सकती है ।)

एकादश परिवर्त समाप्त ।

---

१९ तुलनीय **वज्रच्छेदिका प्रज्ञापारमिता**, पृ० ३६ व ५८

सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र, पृ० २५ व १७२—

धर्मपर्याय श्रोष्यन्ति श्रद्धास्यन्ति, पत्तीयिष्यन्ति धारयिष्यन्ति पर्यवाप्स्यन्ति लिखिष्यन्ति लिखापयिष्यन्ति, पुस्तकगत च कृत्वा सत्करिष्यन्ति गुरुकरिष्यन्ति मानयिष्यन्ति पूजयिष्यन्ति ।"

२० तुलनीय **सद्धर्मपुण्डरीकसूत्र**, पृ० २३—

"य कुलपुत्रो वा कुलदुहिता वा अस्मात्
सद्धर्मपुण्डरीकाद् धर्मपर्यायाद् तश एकामपि चतुष्पदीगाथा
धारयेत वा वाचयेत, पयवाप्नुयात्, प्रतिपत्त्या च सपादयेत्, अत स
कुलपुत्रो वा कुलदुहिता वा तदोनिदान बहुतर पुण्य प्रसवेत् ।"

१२ पूर्वयोग एवं सद्धर्म परीन्दना[1]

तब शक्र देवेन्द्र ने भगवान् से कहा—'भगवन् प्राचीन काल मे मने तथागत से और मजुश्री कुमारभूत से अनेक शत सहस्र धमपर्याय (धर्मोपदेश) सुने हैं। परन्तु ऐसा असाधारण धमपर्याय जो अचिन्तनीय चमत्कारपूण कार्य की विधि मे प्रवेश करने का निर्देश है[2], इससे पहले मने कभी नही सुना है।[3]

भगवन् जो प्राणी इस धमपर्याय को सुनकर इसको स्वीकार करते हैं, धारण करते हैं इसका वाचन करते हैं, इमका अथ हृदयगम करते ह वे निश्चित रूप से इसके उपयुक्त धमभाजन बनेंगे। उन लोगो का तो कहना ही क्या जो भावनासमेत इसके अथ को अधिगम (प्राप्त) करते ह। वे तो सव प्रकार की दुगति के माग का उच्छद कर डालेंगे, और उनके लिये सब प्रकार की सुगति का माग प्रशस्त हो जायगा। वे सभी बुद्धो को प्रत्यक्ष देखेंगे (अथवा सभी बुद्ध उनकी देख भाल करेंगे), वे अपने सभी पर प्रवादियो (विरोधी विचारो वाले यक्तियो) पर विजय प्राप्त करेंगे सभी प्रकार के मार उनसे पराजित हो जाएगे, वे बोधिसत्त्व के पवित्र मार्ग का अनुगमन करेंगे, वे बोधि मण्ड मे अपना स्थान प्राप्त करके तथागत गोचर में प्रवेश करेंगे।

"भगवन जो कुलपुत्र एव कुलपुत्रियाँ इम धमपर्याय को धारण करेंगी, मैं अपने अनुगामियो सहित उनका सत्कार व उनकी सेवा करूगा। उन ग्रामो, नगरो, निगमो, जनपदो, राष्टों एव राजधानियो मे जहाँ भी इस धर्मोपदेश का आचरण होगा, इसका उपदेश एव प्रकाशन होगा, मैं सपरिवार धमश्रवण करने के लिये जाऊँगा। श्रद्धारहित कुलपुत्रो मे मैं श्रद्धा उत्पन्न करूगा और जो श्रद्धालु एव धार्मिक ह उनकी सहायता एव रक्षा करूँगा।"

---

१ परीन्दना का अर्थ है (सद्धम को अनुग्रहपूवक) प्रदान करना।
द्र० वज्रच्छेदिका (शब्दकोश), पृ० ९६, परीन्दन = देना, अर्पण करना, सौंपना।

२ अचिन्त्यविकुर्वणनयनिर्देश। चीनी बौद्ध स्रोतों से ज्ञात होता है कि अचिन्त्यविकुर्वणभूत नयसूत्र नामक एक महायानसूत्र कभी विद्यमान था।

३ शक्र-देवेन्द्र को इन्द्र, देवराज व कौशिक भी कहा जाता है।

शक्र के ऐसा कहने पर भगवान ने शक्र देवेन्द्र से कहा—"साधु, देवेन्द्र, साधु। आपके सुवचनों से तथागत भी प्रसन्न हू। देवेन्द्र, भूत, वतमान तथा भविष्य के बुद्धो की जो बोधि है वह इस धमपर्याय मे निर्दिष्ट है। अतएव देवेन्द्र, जो कुलपुत्रियाँ एव कुलपुत्र इस धमपर्याय को ग्रहण करते हैं, पुस्तक के रूप मे लिखते ह, इसका पाठ करते ह और इसको भली भाँति समझते हैं, वे वस्तुत भत, वतमान एव भविष्य कालो मे उत्पन्न भगवन्तों बुद्धो की पूजा करते हैं।

'कल्पना करो (उदाहरण स्वरूप मान लो) देवेन्द्र, कि यह सम्पूण त्रिसाहस्र महासाहस्र लोकधातु तथागतो से उसी प्रकार परिपूण है जिस प्रकार कि यह इक्षु (गन्ने) के वनो, नड के वनो, बाँस के वनो तिल के वनो एव खदिर के बनो से परिपूण है, एक कुलपुत्र अथवा कुलपुत्री एक कल्प तक अथवा एक कल्प से भी अधिक समय तक उन तथागतों का सम्मान करती है, उन्हे गुरु (आदरणीय) मानती है, उनका सत्कार करती है पूजा करती है, और सुख सुविधा के सभी साधनो से उनकी सेवा करती है। उन सभी तथागतो के परिनिर्वाण हो जाने के पश्चात् प्रत्येक तथागत के पवित्र एव सुरक्षित शारीरिक धातु शेष की पूजा करने के लिये निर्मित ऐसे स्तूपो की पूजा करती है जो सवप्रकार के रत्नो से जटित हैं, जो विस्तार में इतने बडे हैं जितना कि चार महाद्वीपो वाला एक लोकधातु (विश्व) है, ऊंचाई मे इतने हैं कि ब्रह्मलोक तक ऊपर पहुँचते हैं, और छत्रो, पताकाओ, यष्टियों (स्तम्भो) एव दीपको से सुशोभित है। उन सभी तथागतो के लिये अलग अलग निर्मित इन स्तूपो को सव प्रकार के पुष्पों, गन्धो, ध्वजाओ, पताकाओ के प्रदान व दुन्दुभियो तथा तूरियो के स्वर के साथ पूजा करने मे एक कल्प अथवा एक कल्प से अधिक समय लगाती है।

"इस प्रकार का काय किये जाने पर, देवेन्द्र, आप क्या मानते हैं (क्या समझते हैं)? क्या वह कुलपुत्र अथवा कुलपुत्री इस काय के परिणामस्वरूप महान् पुण्य उत्पन्न करेगी?"

शक्र देवेन्द्र ने उत्तर दिया—"बहुत पुण्य, भगवन् बहुत पुण्य, सुगत। यदि कोई व्यक्ति सकडो हजारो करोडो कल्पो तक उसके पुण्य की सीमा की माप करता रहे तो भी वह सफल नहीं होगा।'

